बैशाख कृष्ण पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 24 अप्रैल 2024
वर्ष 34, अंक 87, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

सैन्य खर्च में भारत विश्व का चौथा सबसे बड़ा देश 16

सिकंदर में नजर आएंगी कियारा आडवाणी 15

एक नजर

भारत को मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति करेगा रूस

नयी दिल्ली। रूस नयी समयसीमा के तहत अगले साल तक भारत को सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली एस-400 ट्रायम्फ की शेष दो रेजिमेंट की आपूर्ति करेगा। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रूस 5 .5 अरब अमेरिकी डॉलर के सौदे के तहत भारत को लंबी दूरी की मिसाइल प्रणालियों की तीन इकाइयों की आपूर्ति पहले ही कर चुका है।

गाजा युद्ध के मुद्दे पर घर में घिरे बाइडन

वाशिंगटन। गाजा में जारी युद्ध को लेकर अब अमेरिकी सरकार पर भी दबाव बढ़ रहा है और राष्ट्रपति जो बाइडन घर में ही घिरते जा रहे हैं। दरअसल गाजा युद्ध के मुद्दे पर अमेरिका के कई विश्वविद्यालयों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ये विरोध प्रदर्शन व्यापक पैमाने पर हो रहे हैं और हालात ये हैं कि अमेरिका के कई विश्वविद्यालयों में अकादमिक सत्र बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है और हजारों छात्रों के साथ ही अध्यापक और अन्य स्टाफ भी फिलिस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शनों में शामिल हैं।

बर्ड फ्लू के प्रकोप की खबरों के बीच हाई अलर्ट

मंगलुरु। केरल के कुछ जिलों में एवियन फ्लू का मामला सामने आने बाद मंगलुरु समेत कर्नाटक के सीमावर्ती इलाकों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। कर्नाटक पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि फिलहाल कोई भी कदम उठाने से पहले केरल की स्थिति पर नजर रखी जा रही है। केरल के हमारे समकक्षों ने हमें आश्वासन दिया है कि अलप्पुझा जिले में एवियन फ्लू पर काबू पा लिया गया है।

यूजीसी : भ्रामक संक्षेपणों के खिलाफ चेतावनी

नई दिल्ली। यूजीसी ने मान्यता प्राप्त डिग्री नामों के समान संक्षिप्ताक्षर वाले फर्जी ऑनलाइन कार्यक्रमों के खिलाफ जनता को चेतावनी दी है। विशेष रूप से '10-डेज एमबीए' पाठ्यक्रम का उल्लेख करते हुए यह बात कही। यूजीसी के सचिव मनीष जोशी ने कहा कुछ व्यक्ति या संगठन उच्च शिक्षा प्रणाली के मान्यता प्राप्त डिग्री कार्यक्रमों के समान संक्षिप्त रूपों के साथ ऑनलाइन कार्यक्रम और पाठ्यक्रम पेश कर रहे हैं। ऐसा ही एक कार्यक्रम जिसकी ओर आयोग का ध्यान आकर्षित किया गया है वह है '10 डेज एमबीए'।

दूषित जल के शोधन को 12 जिलों में सुविधा नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनजीटी ने अधिकारियों को सुधारात्मक उपाय के दिए निर्देश

उत्तर प्रदेश के 22 जिलों में गंगा और उसकी सहायक नदियों में दूषित जल के शोधन में व्यापक अंतर है, जबकि 12 जिलों में कोई शोधन सुविधा मौजूद नहीं है।

एनजीटी यह टिप्पणी करते हुए संबंधित अधिकारियों से शीघ्रतापूर्वक सुधारात्मक उपाय करने को कहा। एनजीटी ने गंगा और उसकी सहायक नदियों में प्रदूषण कम करने के मामले पर सुनवाई की। इससे पहले उसने उत्तर प्रदेश, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और उत्तराखंड से नदी के प्रदूषण पर विशेष जानकारी मांगी थी। एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने कहा कि उत्तर प्रदेश द्वारा एक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी, जिसमें 23 जिलों की जानकारी दी गई थी। इनमें बागपत, बुलन्दशहर, बलिया, मथुरा, सहारनपुर, ललितपुर, गोंडा, हमीरपुर, हाथरस, मऊ, अलीगढ, बरेली, एटा, जालौन, कासगंज, अंबेडकर नगर, शाहजहांपुर, रायबरेली, प्रतापगढ़, अमेठी, हरदोई, गाजीपुर और अयोध्या शामिल है। पीठ में न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल और न्यायमूर्ति अरुण कुमार त्यागी और विशेषज्ञ सदस्य अफरोज अहमद भी शामिल हैं।

चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में मंगलवार को आईपीएल के मैच में एलएसजी के बल्लेबाज मार्कस स्टोइनिस का बल्ला जमकर गरजा। स्टोइनिस की विस्फोटक बल्लेबाज़ी के कारण एलएसजी ने सीएसके को 6 विकेट से हरा दिया। - एजेंसी

नूडल्स के पैकेट में छुपाए थे साढ़े छह करोड़ के हीरे और सोना

मुंबई, एजेंसी

- अंत: वस्त्र में छुपाया था 321 ग्राम सोना चार लोग गिरफ्तार

सीमा शुल्क विभाग ने मुंबई हवाई अड्डे पर नूडल्स के पैकेट में छिपाए गए हीरे और यात्रियों के शरीर के अंगों और उनके सामान में छिपाया गया सोना जब्त किया है, जिनकी कुल कीमत 6.46 करोड़ रुपये है। एयरपोर्ट जांच अधिकारी ने बताया कि चार यात्रियों के पास से 4.44 करोड़ रुपये मूल्य का 6.815 किलोग्राम से अधिक सोना और 2.02 करोड़ रुपये के हीरे जब्त कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों द्वारा मुंबई से बैंकॉक की ओर जा रहे एक भारतीय नागरिक की तलाशी लेने पर उसके ट्रॉली बैग के अंदर नूडल्स के पैकेट में छिपाए गये हीरे बरामद हुए थे। वह हीरे की तस्करी करने के प्रयास में था। यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि इसी तरह कोलंबो से मुंबई की यात्रा कर रहे एक विदेशी नागरिक को मुंबई हवाई अड्डे पर रोका गया। उसने अपने अंतः वस्त्र में कुल 321 ग्राम सोना छुपाया हुआ था। इसी तरह दस भारतीय नागरिकों को भी रोका गया था और उनके पास से कुल 6.199 किलोग्राम सोना बरामद किया गया, जिसकी कुल कीमत 4.04 करोड़ रुपये थी। उन्होंने सोने को अपने अंगों के भीतर और सामान में छुपाया हुआ था।

एनएमसी को प्रतिवादी और सभी राज्यों के लाइसेंसिंग अधिकारियों को सह-प्रतिवादी बनाने के आदेश

भ्रामक विज्ञापनों पर सुप्रीम कोर्ट और सख्त

नई दिल्ली, एजेंसी

पतंजलि आयुर्वेद मामले में अपनी सुनवाई का दायरा बढ़ाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एफएमसीजी कंपनियों के भ्रामक विज्ञापनों पर कड़ा रुख अपनाया। कोर्ट ने कहा कि जनता को धोखा देने की अनुमति नहीं दी जा सकती। केंद्र के तीन मंत्रालयों से जनता के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाले झूठे विज्ञापनों को रोकने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में जवाब तलब किया।

पीठ ने अदालत को प्रभावी सहायता के लिए मामले में राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) को प्रतिवादी बनाने का आदेश दिया। इसके साथ ही सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लाइसेंसिंग अधिकारियों को भी मामले में सह-प्रतिवादी के रूप में शामिल करने के निर्देश दिये। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता इंडियन मेडिकल एसोसिएशन को भी फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा- एलोपैथी के डॉक्टर भी मरीजों को महंगी और अनावश्यक दवाएं लिखते हैं। सवाल आईएमए पर भी उठता है। आप भी अपना रुख साफ करें।

तीन मंत्रालयों से जवाब मांगा

> यह एक जनहित याचिका है और उपभोक्ताओं के व्यापक हित में जनता को पता होना चाहिए कि वह किस रास्ते पर जा रही है और उसे कैसे तथा क्यों गुमराह किया जा सकता है तथा अधिकारी इसे रोकने के लिए कैसे काम कर रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि औषधि एवं जादुई उपचार (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के कार्यान्वयन और संबंधित नियमों की भी बारीकी से पड़ताल की जरूरत है। यह मुद्दा केवल पतंजलि तक ही सीमित नहीं है, बल्कि दैनिक उपभोग के सामान बनाने वाली (एफएमसीजी) सभी कंपनियों तक फैला हुआ है, जो भ्रामक विज्ञापन जारी कर रही हैं और जनता को धोखा दे रही हैं। इस तरह की कंपनियां खासकर शिशुओं, स्कूल जाने वाले बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही हैं जो झूठे विज्ञापनों के प्रभाव में आकर पर उत्पादों का इस्तेमाल कर रहे हैं। पीठ ने कहा, हमें यह स्पष्ट करना चाहिए कि हम यहां किसी विशेष पार्टी या किसी विशेष एजेंसी या किसी विशेष प्राधिकारी के लिए बंदूक चलाने के लिए नहीं आए हैं। यह एक जनहित याचिका है और उपभोक्ताओं के व्यापक हित में जनता को पता होना चाहिए कि वह किस रास्ते पर जा रही है और उसे कैसे तथा क्यों गुमराह किया जा सकता है तथा अधिकारी इसे रोकने के लिए कैसे काम कर रहे हैं।

- एफएमसीजी कंपनियां उपभोक्ताओं के साथ कर रही हैं धोखा
- जनता को धोखा देने की अनुमति किसी को नहीं दी जा सकती

67 अखबारों में माफी प्रकाशित करायी : रामदेव कोर्ट ने कहा- दाखिल करो

सुनवाई के दौरान बाबा रामदेव और बालकृष्ण ने न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ को बताया कि उन्होंने भ्रामक विज्ञापनों पर 67 समाचार पत्रों में बिना शर्त सार्वजनिक माफी मांगी है और वे अपनी गलतियों के लिए बिना शर्त माफी मांगते हुए अतिरिक्त विज्ञापन भी जारी करना चाहते हैं। अदालत ने जब यह पूछा कि प्रतिवादियों ने सार्वजनिक माफी प्रकाशित करने से पहले पूरे एक सप्ताह तक इंतजार क्यों किया, पेश अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा, इसकी भाषा बदलनी पड़ी। अदालत ने रोहतगी से पूछा, क्या यह उसी आकार का विज्ञापन है जो आप आम तौर पर अखबारों में जारी करते हैं? अधिवक्ता ने कहा, इसकी कीमत लाखों रुपये है। पीठ ने कहा कि अखबारों में प्रकाशित सार्वजनिक माफी रिकॉर्ड पर नहीं है और यह दो दिन के भीतर दाखिल की जाए। इसने मामले में अगली सुनवाई के लिए 30 अप्रैल की तारीख निर्धारित की।

अदालत ने केंद्रीय उपभोक्ता मामले, सूचना एवं प्रसारण और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालयों से यह बताने को कहा कि उन्होंने उपभोक्ता कानूनों के दुरुपयोग को रोकने के लिए क्या कार्रवाई की है। इसने आयुष मंत्रालय द्वारा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लाइसेंसिंग अधिकारियों तथा आयुष के दवा नियंत्रकों को अगस्त 2023 में जारी किए गए उस पत्र पर केंद्र से स्पष्टीकरण भी मांगा जिसमें उनसे औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन नियम 1945 के नियम 170 के तहत कोई कार्रवाई न करने को कहा गया था। पीठ ने पतंजलि विज्ञापन मामले में याचिकाकर्ता आईएमए से भी अपना घर व्यवस्थित करने को कहा।

कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ सरकारी बैंक नहीं जारी कर सकते एलओसी

मुंबई, एजेंसी

- अदालत ने उक्त धारा की वैधता को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनाया फैसला

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पास कर्ज नहीं चुकाने वालों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी करने का कानूनी अधिकार नहीं है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार अपने एक आदेश में यह बात कही। अदालत के फैसले के बाद सरकारी बैंकों की ओर से चूककर्ताओं के खिलाफ जारी किए गए सभी एलओसी रद हो जाएंगे।

न्यायमूर्ति गौतम पटेल और न्यायमूर्ति माधव जामदार की खंडपीठ ने केंद्र सरकार के कार्यालय ज्ञापन के उस धारा को भी असंवैधानिक करार दिया, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के चेयरपर्सन को कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ एलओसी जारी करने का अधिकार दिया गया था। केंद्र सरकार की ओर से पेश हुए वकील आदित्य ठक्कर ने अदालत से अपने आदेश पर रोक लगाने की मांग की, लेकिन पीठ ने इनकार कर दिया। अदालत ने उक्त धारा की वैधता को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाया। पीठ ने कहा कि आव्रजन ब्यूरो ऐसे एलओसी (चूककर्ताओं के खिलाफ बैंकों द्वारा जारी) पर कार्रवाई नहीं करेगा। अदालत ने यह भी कहा कि उसका फैसला किसी भी चूककर्ता के खिलाफ न्यायाधिकरण या आपराधिक अदालत के आदेशों को प्रभावित नहीं करेगा, जिसमें उन्हें विदेश यात्रा करने से रोका गया हो। केंद्र ने 2018 में कार्यालय ज्ञापन में संशोधन कर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को भारत के आर्थिक हित में एलओसी जारी करने का अधिकार दिया था। इसके तहत अगर किसी व्यक्ति का विदेश जाना देश के आर्थिक हित के लिए हानिकारक हो सकता है, तो उसे ऐसा करने से रोका जा सकता है। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि भारत के आर्थिक हित वाक्यांश की तुलना किसी भी बैंक के वित्तीय हितों से नहीं की जा सकती है।

विमान में बच्चों को माता पिता के साथ मिलेगी सीट

नई दिल्ली, एजेंसी

- डीजीसीए ने एयरलाइनों को जारी किए निर्देश

विमानन नियामक डीजीसीए ने एयरलाइनों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि उड़ान के दौरान 12 वर्ष तक के बच्चों को उनके माता-पिता या अभिभावकों में से कम से कम एक के साथ सीट आवंटित की जाए। बीते दिनों ऐसे कई मामले सामने आए थे, जहां 12 वर्ष से कम आयु के बच्चों को उड़ान के दौरान उनके माता-पिता या अभिभावकों के साथ सीट आवंटित नहीं की गई थी। यह निर्देश ऐसे मामले सामने आने के बाद जारी किए गए।

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि एयरलाइंस को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि 12 वर्ष तक के बच्चों को एक ही पीएनआर पर यात्रा कर रहे उनके माता-पिता/ अभिभावकों में कम से कम एक के साथ सीट आवंटित की जाए और इसका रिकॉर्ड रखा जाए। इस संबंध में नियामक ने अनुसूचित एयरलाइनों के सेवाओं और शुल्क को अनियंत्रित करने के संबंध में जारी अपने परिपत्र को संशोधित किया है। मानदंडों के अनुसार तरजीही सीट आवंटन, भोजन/नाश्ता/पेय शुल्क और संगीत वाद्ययंत्र ले जाने के लिए शुल्क लेने जैसी कुछ सेवाओं की अनुमति है।

केजरीवाल को दी गई इंसुलिन

नई दिल्ली : दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के रक्त में शर्करा की मात्रा बढ़ने के बाद उन्हें इंसुलिन दी गई। तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। तिहाड़ के एक अधिकारी ने कहा कि एम्स के चिकित्सकों की सलाह पर केजरीवाल को सोमवार शाम को कम डोज वाली इंसुलिन की दो यूनिट दी गईं। शाम करीब 7 बजे उनके रक्त में शर्करा की मात्रा 217 पाई गयी, जिसके बाद तिहाड़ में देखभाल कर रहे चिकित्सकों ने उन्हें इंसुलिन देने का फैसला किया। एम्स के विशेषज्ञों ने 20 अप्रैल को मुख्यमंत्री के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान सलाह दी थी कि अगर उनके रक्त में शर्करा की मात्रा एक निश्चित स्तर से ऊपर चली जाती है तो उन्हें इंसुलिन दिया जा सकता है।

खुले मैनहोल ने ले ली बच्चे की जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: जानकीपुरम थाना क्षेत्र के सेक्टर-सात में हनुमान जयंती का प्रसाद लेकर लौट रहा बच्चा मैनहोल का ढक्कन खुला होने से सीवर लाइन में गिर गया। सूचना मिलने के आधे घंटे बाद पहुंची पुलिस व दमकल टीम को उसे बाहर निकालने में करीब तीन घंटे लग गए। लेकिन, तब तक बच्चे की जान जा चुकी थी। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने जांच के लिए कमेटी बना दी है। बताया कि जलकल विभाग की ओर से मृतक के परिवार को पांच लाख रुपये मुआवजा दिया गया है। उधर] देर रात निजी कंपनी के सुपरवाइजर के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

एडीसीपी उत्तरी जयप्रकाश द्विवेदी ने बताया कि सीतापुर जनपद के लहरपुर थाना क्षेत्र के अकबरपुर गांव निवासी सैफुद्दीन सेक्टर छह आश्रयहीन कालोनी में परिवार के साथ रहते हैं। वह कबाड़ खरीदने व बेचने का काम करते हैं।

शाहरुख

- बचाव टीम ने तीन घंटे तलाश के बाद सीवर लाइन से निकाला
- मृतक के परिजन को पांच लाख रुपये का मुआवजा
- निजी कंपनी के सुपरवाइजर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

सैफुद्दीन का छोटा बेटा शाहरुख (8 वर्ष) मंगलवार दोपहर स्कूल से लौटने बाद बहन खूशबू और महक उर्फ जोया के साथ भंडारे का प्रसाद लेने गया था। लौटते समय वह खुले मैनहोल में गिर गया। बहनों ने राहगीरों को बताया तो उन्होंने पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। करीब आधे घंटे बाद पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। तीन घंटे तक चले बचाव कार्य के बाद बच्चे को अचेत हालत में बाहर निकाला जा सका।

पुलिस ने केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले के गंभीरता को देखते हुए जल कल विभाग के इंजीनियर ने मैनहोल की देखरेख करने वाली निजी कंपनी के सुपरवाइजर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

सलमान गोलीबारी मामला

मुंबई पुलिस ने तापी नदी से बरामद की दो पिस्तौल

मुंबई, एजेंसी : मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने सलमान खान के आवास के बाहर गोलीबारी में इस्तेमाल की गई पिस्तौल व गोलियां गुजरात में तापी नदी से बरामद की हैं। सोमवार को शुरू हुई तलाशी के दौरान अपराध शाखा ने दो पिस्तौल, तीन मैगजीन और 13 गोलियां बरामद की हैं। इंस्पेक्टर दया नायक समेत 12 अधिकारियों की टीम मौके पर डटी हुई है और गोताखोरों की मदद से तलाश जारी है। गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों, विक्की गुप्ता और सागर पाल ने 14 अप्रैल को मुंबई के बांद्रा इलाके में गैलेक्सी अपार्टमेंट में सलमान खान के घर के बाहर कथित तौर पर गोलीबारी की थी।

देश शरीयत से नहीं, कानून से चलेगा : योगी आदित्यनाथ

संवाददाता, हसनपुर (अमरोहा)

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने 1970 में गरीबी हटाओ का नारा दिया था, गरीबी तो नहीं मिटी, लेकिन एक परिवार को देश के संसाधनों को लूटने की पूरी आजादी मिल गई।

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के संसाधानों पर पहला हक मुसलमानों का है, तो दलित व पिछड़े कहां जाएंगे। कांग्रेस के घोषणा पत्र में शरिया कानून लागू करने की बात कही गई है। यह देश शरीयत से नहीं, कानून से चलेगा। उन्होंने कहा कि एक गलत वोट आतंकवाद को फिर से बढ़ावा दे सकता है। अब भाजपा सरकार में आतंकवादियों की आरती नहीं उतारी जाती।

अमरोहा में जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

मुख्यमंत्री मंगलवार को रहरा के प्रकाशवीर शास्त्री इंटर कॉलेज के मैदान में भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में आतंकवाद को बढ़ावा मिलता था, लेकिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाकर आतंकवाद का खात्मा कर दिया है। अब देश में कही पटाखा भी फूटता है तो पाकिस्तान सफाई देता है कि उसका इसमें कोई हाथ नहीं है। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा सरकार ने हमेशा अपराधियों का साथ दिया। उन्होंने अयोध्या और काशी मंदिर को तोड़ने वाले आतंकियों के मुकदमों को वापस लेने का काम किया। कहा कि सपा सरकार में गुंडागर्दी का बोलबाला था। भाजपा सरकार में सुशासन है।आज कांवड़ यात्रा शान के साथ निकलती है।

- कांग्रेस शासन में आतंकवाद को मिलता था बढ़ावा
- सपा सरकार ने हमेशा अपराधियों का साथ दिया

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो सपना कल्याण सिंह ने देखा, वह पूरा हो रहा है। उनकी भावनाओं के अनुरूप अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हुआ। सपा और बसपा ने प्रदेश में बंदरबांट शुरू की। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी दानिश अली का नाम लिए बिना कहा कि जो संसद भवन में भारत माता की जय नहीं बोल सकता, उसे क्या आप संसद में भेजेंगे। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि हनुमान जयंती पर घर-घर जाकर सबको राम-राम करें।

स्क्रैप माफिया रवि काना थाईलैंड में गिरफ्तार

लखनऊ। काफी समय से फरार चल रहा स्क्रैप माफिया गैंगस्टर रवि नागर उर्फ रवि काना को मंगलवार को थाईलैंड में उसकी गर्लफ्रेंड के साथ गिरफ्तार किया गया है। नोएडा में महिला के साथ गैंगरेप की घटना में नाम आने के बाद पुलिस रवि काना के ठिकानों पर लगातार दबिश डाल रही थी। उसके दादूपुर स्थित घर पर कुर्की का नोटिस भी चस्पा किया गया था। पुलिस ने रवि और उसकी गर्लफ्रेंड काजल झा को लेकर लुकआउट नोटिस भी जारी कर रखा था। बता दें कि काजल झा रवि की राइट हैंड है। पुलिस ने कुछ दिन पूर्व काजल की साउथ दिल्ली स्थित 70 करोड़ का बंगला भी सील कर दिया था।

दूसरे चरण में आज शाम थम जाएगा चुनाव प्रचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में दूसरे चरण की आठ सीटों के चुनाव के लिए 24 अप्रैल की शाम छह बजे चुनाव प्रचार थम जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान के लिए पोलिंग पाटियां रवाना करने के लिए निर्देश दिये हैं। इन सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। चुनाव मैदान में 91 प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारियों को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए पुख्ता इंतजाम के निर्देश दिये हैं। मतदाताओं को गर्मी बचाने के लिए पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिये गये हैं। चुनाव प्रचार अवधि समाप्त होने के बाद बाहरी नेताओं की मौजूदगी पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। शाम छह बजे के बाद किसी भी राजनीतिक दल और उनके प्रत्याशियों-प्रतिनिधियों के निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव प्रचार संबंधी गतिविधियां समाप्त हो जाएंगी। सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को आचार संहिता का संख्ती से पालन कराने के निर्देश दिये गये हैं।

अधिकारी ने बताया कि आयोग ने मतदान के दिन केंद्रों के अंदर मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन, वायरलेस सेट आदि ले जाने पर रोक लगा दी है, जबकि पीठासीन अधिकारी अपने फोन साइलेंट मोड में ले जा सकेंगे।

एक नजर

आपराधिक व्यक्तियों के 495 लाइसेंसी शस्त्र जब्त

अमृत विचार, लखनऊ : चुनाव आचार संहिता को देखते हुए आपराधिक व्यक्तियों के 495 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए हैं। 4304 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गये, जबकि 20 लाख 24 हजार 188 लोगों को पाबंद किया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पुलिस विभाग की ओर से 7545 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 7582 कारतूस, 2900 .32 किलोग्राम विस्फोटक व 411 बम बरामद किए गए हैं। वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1274 मामलों व लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2192 मामलों में कार्रवाई की गई। इसके अलावा 92 एफआईआर दर्ज कराई गई।

बिहार के टाइगर गैंग का सदस्य नोएडा से गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : बिहार के टाइगर गैंग का सदस्य और विगत दो वर्षों से हत्या के प्रयास, अपहरण और डकैती जैसी वारदातों को अंजाम देकर फरार अपराधी सुशील राय मंगलवार को एसटीएफ ने नोएडा से गिरफ्तार किया है। बिहार पुलिस ने सुशील राय पर एक लाख का इनाम रखा था। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को नोएडा के नोली थाने में रखा गया है। पूछताछ में सुशील ने बताया कि वर्ष 2001 में गांव की जमीन की रंजिश को लेकर उसके भाई मुन्ना राय की हत्या सुबोध राय एवं रामाधार राय ने अपने परिजनों के साथ मिलकर की थी। बदला लेने के लिए उसने रामाधार राय को गोली मारकर घायल कर दिया था।

दादी से लेकर पोते तक लगाते रहे नारे, हटा नहीं पाए गरीबी

मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में कहा, 10 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी से उबरे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार सुबह गोरखपुर में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि कांग्रेस ने 1970 के दशक में गरीबी हटाओ का नारा दिया था लेकिन छह दशक से अधिक शासन करने के बावजूद वह कभी गरीबी हटा नहीं पाई। छह दशक से अधिक समय तक दादी से लेकर पोते तक इसी नारे से देश की जनता की आंखों में धूल झोंकने का कार्य कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सही मायने में अगर देखा जाए तो गरीबी हटाने और गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ईमानदारी से, बिना भेदभाव हर व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने किया है। नरेंद्र मोदी के दस वर्ष के कार्यकाल में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से उबरकर खुशहाल जीवन जी रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की उपलब्धियों से विपक्ष बौखलाहट में है। इसी के चलते कांग्रेस, सपा और उसके सहयोगी दल चुनाव में सामाजिक वैमनस्यता फैलाने की विभाजनकारी राजनीति पर आमादा हैं। जनता इनके मंसूबे को जानती है। इन्हें डकैती डालने की छूट नहीं देगी।

गोरखनाथ मंदिर परिसर में बच्चों से बातचीत करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

बच्चों को दिया पढ़ने व आगे बढ़ने का आशीर्वाद

योगी आदित्यनाथ ने बजरंगबली की आराधना करने के साथ नागरिकों को हनुमान जयंती की शुभकामनाएं दीं। मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में देखने को मिला। इसके बाद जब वह गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान सुबह मंदिर परिसर का भ्रमण करने निकले तो उन्हें कुछ बच्चे भी टहलते हुए मिल गए। ये बच्चे अपने परिजनों के साथ मंदिर आए थे। बच्चों को देखते ही उन्होंने मुस्कुराते हुए सभी को पास बुला लिया। एक-एक करके सबके माथे पर हाथ फेरकर उन्होंने आशीर्वाद दिया और नाम पूछा। जब ये बच्चे जाने लगे तो मुख्यमंत्री ने कहा- खूब पढ़ना और खूब आगे बढ़ना।

सरकार की उपलब्धियां गिनाई, मांगे वोट

अमृत विचार, लखनऊ : भाजपा की ओर से आयोजित विधि प्रकोष्ठ की संगोष्ठी में केंद्र सरकार की उपलब्धियां बताई गईं और लखनऊ संसदीय सीट से प्रत्याशी राजनाथ सिंह को भारी मतों से जिताने की अपील की।

धनिया मेहरीपुर में आयोजित संगोष्ठी में पश्चिम के उपविजेता अंजनी कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि अन्न योजना के तहत 80 करोड़ से ज्यादा परिवारों को निःशुल्क राशन मिल रहा है। किसान सम्मान निधि के माध्यम से 11 करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में 3 लाख करोड़ से ज्यादा के धनराशि भेजी गई है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष मानस बाहरी, विनायक पांडे, सुशील तिवारी पम्मी आदि मौजूद रहे।

सपा के बागी विधायक के रिश्तेदार भाजपा में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी ने बीते दिनों क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों को पार्टी से बर्खास्त कर भले भाजपा के पाले में बेहिचक प्रवेश करने के लिए स्वतंत्र न किया हो लेकिन सत्तासीन दल ने ऐसे विधायकों के लिए बायपास बना दिया है। सपा के बागी विधायक अभय सिंह की पत्नी व पिता के सोमवार को भाजपा में शामिल होने के बाद मंगलवार को अमेठी में सपा को झटका देते हुए गौरीगंज से सपा के विधायक राकेश प्रताप सिंह के दो भाइयों और भाभी ने भी भाजपा का दामन थाम लिया।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सपा विधायक के रिश्तेदारों, उनके समर्थकों समेत अमेठी क्षेत्र के कई नेताओं को भाजपा में शामिल कराया। सपा छोड़ भाजपा में जाने वाले सपा विधायक के भाई उमेश सिंह, भाभी रूमा सिंह (ब्लॉक प्रमुख गौरीगंज) समेत 11 नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ली है।

▸▸ सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह के दो भाइयों और भाभी समेत 11 नेताओं ने ली सदस्यता

अन्य लोगों में मुकेश सिंह उर्फ सुरेश प्रताप सिंह (पूर्व जिला पंचायत सदस्य), दिनेश कुमार सिह उर्फ पप्पू सिंह (ब्लॉक प्रमुख मुसाफिरखाना), धर्मेश धोबी (जिला पंचायत सदस्य), राम सुफल पासी (जिला पंचायत सदस्य) और जगदेव मौर्य की पत्नी शिवकली (पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अमेठी) हैं।

इसके साथ ही अमरनाथ पासी की पत्नी राजपति देवी (नगर पालिका अध्यक्ष गौरीगंज), वंदना श्रीवास्तव पत्नी दिनेश कुमार श्रीवास्तव (पूर्व ब्लाक प्रमुख शाहगढ़), रहमतुलनिशा पत्नी हारून खान (बलॉक प्रमुख बजार शुकुल), श्याम किशोर उर्फ कल्लू डॉक्टर (पूर्व जिला पंचायत सदस्य बाजार शुकुल) और पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम तिलक पाल ने भी सपा को झटका दिया है।

इस मौके पर प्रदेश महामंत्री संजय राय, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, प्रदेश मीडिया सहप्रभारी हिमांशु दुबे और डा. अंकुश त्रिपाठी मौजूद रहे।

चौथी बार शिकायत करने पर पांच हजार जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) ने बार-बार शिकायत करने पर एक शिकायतकर्ता पर 5,000 रुपये जुर्माना लगाया है।

एक प्रकरण में निर्णय हो जाने के बावजूद आवंटी ने चौथी बार रेरा में शिकायत दर्ज कराई थी। बार-बार शिकायत करके न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग करने पर अध्यक्ष, यूपी रेरा संजय भूसरेड्डी ने आवंटी पर यह कार्रवाई की है।

▸▸ तीन शिकायतें पहले ही निस्तारित कर चुकी थी रेरा

उन्होंने बताया कि आवंटी ने रेरा में पहली शिकायत विलम्ब के लिए ब्याज सहित कब्जा दिलाने की दायर की थी। रेरा की पीठ द्वारा उसकी शिकायत पर यह निर्णय किया गया कि सम्बन्धित प्रोमोटर द्वारा रजिस्टर्ड सब-लीज डीड निष्पादित करते हुए उसको कब्जा प्रदान कर दिया जाए और कब्जे में विलम्ब के लिए ब्याज का भी भुगतान किया जाए।

प्रोमोटर ने इस आदेश के अनुपालन में आवंटी को विलम्ब के लिए ब्याज का भुगतान लगभग 2.68 लाख रुपये करते हुए सब लीज डीड निष्पादित कर दी गयी और इकाई का कब्जा दे दिया गया। आवंटी ने इसी मामले में रेरा के एडज्यूडिकेटिंग ऑफिसर के न्यायालय में मुआवजे के लिए शिकायत दायर की। जिसमें 50,000 रुपये मुआवजे का भुगतान करने का आदेश प्रदान किया। आवंटी ने रेरा में उसी मामले में फिर से कब्जे और विलम्ब के ब्याज के लिए शिकायत दायर कर दी। रेरा की संबंधित पीठ ने यह शिकायत इस आधार पर निरस्त कर दी कि आवंटी द्वारा इस मामले में दायर एक अन्य शिकायत में पूर्व में निर्णय दिया जा चुका है। आवंटी ने इस मामले में चौथी शिकायत दर्ज करके मुआवजे की मांग की।

जमानत के फर्जी आदेश बनाने वाला गैंग पकड़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : आगरा एसटीएफ ने न्यायालय का फर्जी आदेश बनाकर मुजरिमों की जमानत कराने वाले गैंग को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से फर्जी कागजादों को तैयार करने का पूरा जखीरा भी बरामद हुआ है। अब तक कितने गुनाहगारों को इस गैंग ने जमानत दिलाई है, इसकी जानकारी ली जा रही है।

एसटीएफ अफसरों के मुताबिक जमानत के खेल की जानकारी मिलने के बाद टीम लगातार सक्रिय थी। पहले दो सदस्यों को गिरफ्तार किया। इसके बाद इन्हीं से पूछताछ करते हुए बाकी आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह आगरा न्यायालय में चल रहे मुकदमों से सम्बन्धित अभियुक्तों (जो जेल में निरूद्ध है) की जमानत का 30-40 हजार रुपये में फर्जी रूप से जमानतदार लगाकर जमानत दिलाने का ठेका लेते हैं। गारंटरों को भी पांच-पांच सौ रुपए दिए जाते हैं। पूछताछ में पता चला कि कुछ दिन पहले गैंगस्टर एक्ट में बंद अजय निवासी नैनानाजाट थाना सदर की जमानत में निर्मल पुत्र गिरिराज सिंह निवासी भानपुर मेंनिया धौलपुर राजस्थान के नाम से तथा हरीओम ने रामकिशन पुत्र भूरा निवासी भानपुर मॅनिया धौलपुर राजस्थान के नाम से जमानत कराया था। इसके अलावा दो और जमानतें इसी महीने कराई थी। एसटीएफ ने मयंक गुप्ता, सुनील कुमार, मोहित गुप्ता, प्रहलाद कुमार, बन्टी उर्फ उमाशंकर, मेराज हुसैन, अश्वनी कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

▸▸ फर्जी कागजातों को तैयार करने का जखीरा बरामद

आरोपियों के पास मिला फर्जी दस्तावेजों का जखीरा

एसटीएफ द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों के पास से 129 कूटरचित आधार कार्ड, 24 मोहरें, 35 वर्क रजिस्ट्रेशन व कूटरचित बीमा, एक लैपटाप, प्रिंटर, पैन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, डीएल, आधार कार्ड, विभिन्न बैंकों थानों और तहसीलों के कूटरचित रिपोर्ट, जमानत तस्दीक के लिए आख्या प्रेषण, उद्धरण खतौनी, यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के 49 वर्क, नौ एटीएम कार्ड व 10 मोबाइल भी बरामद हुए हैं।

असम के अफसरों से साझा कीं उच्च शिक्षा क्षेत्र की उपलब्धियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में मंगलवार को राजभवन में आयोजित बैठक में शिक्षा अनुभाग की ओर से असम राजभवन के अफसरों के समक्ष प्रस्तुतीकरण हुआ, जिसमें उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धियां साझा की गईं।

राज्यपाल ने विद्यालय में सभी मूलभूत व्यवस्थाओं की सुनिश्चितता, बच्चों के ड्रॉप आउट दर को रोकने व प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा दिये जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों की डिग्रियों को डिजिलॉकर में अपलोड करवाया गया, जिससे ससमय सर्टिफिकेट और डिग्री विद्यार्थियों को उपलब्ध हुईं और एक पारदर्शी व्यवस्था स्थापित हुई।

▸▸ राज्यपाल की अध्यक्षता में हुई बैठक, अफसरों के समक्ष हुआ प्रस्तुतीकरण

विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ पंकज एल जानी ने कहा कि विद्यालय स्तर से ही बच्चों में शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से रचनात्मकता और कल्पना शक्ति का विकास किया जाना चाहिए। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी राज्यपाल अशोक देसाई, असम राज्य के राज्यपाल के सचिव एसएस मीनाक्षी सुंदरम, एडीसी गौरव मालिक, प्रियंकर प्रतिम देका, अमलन वैश्य आदि उपस्थित थे।

सुओ मोटो याचिका दर्ज, सुनवाई के आदेश

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अयोध्या जनपद के कैंट क्षेत्र में सेना की जमीनों पर अवैध कब्जे के मामले में स्वतः संज्ञान याचिका दर्ज करने का आदेश दिया है। मंगलवार को इस सम्बंध में दाखिल एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान, न्यायालय ने आदेश पारित करते हुए कहा कि इस मामले में बेहतर होगा कि वर्तमान याचिका पर सुनवाई के बजाय स्वतः संज्ञान (सुओ मोटो) याचिका दर्ज की जाए। इसके साथ ही न्यायालय ने स्वतः संज्ञान याचिका को सुनवाई के लिए बुधवार को पेश करने का भी आदेश दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने अयोध्या निवासी प्रवीण कुमार दूबे की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। न्यायालय ने उक्त मामले में रजिस्ट्री को 'प्रोटेक्शन ऑफ डिफेंस लैंड एट अयोध्या' शीर्षक से स्वतः संज्ञान याचिका दर्ज करने का आदेश दिया।

▸▸ अयोध्या में सेना की जमीन पर अवैध कब्जे का मामला

दरअसल, याची प्रवीण कुमार दूबे की ओर से लेफ्टिनेंट कर्नल, स्टेशन हेडक्वार्टर, अयोध्या कैंट की ओर से 11 फरवरी 2023 को जिलाधिकारी, अयोध्या को भेजे गए एक पत्र का हवाला दिया गया, इसके साथ ही जिलाधिकारी अयोध्या द्वारा 19 फरवरी 2024 को डिफेंस अधिकारियों को उक्त मामले में भेजे गए पत्र को भी पेश करते हुए, दावा किया गया कि लगभग 13391 एकड़ जमीन सेना के रायफल रेंज के तौर पर संरक्षित है जो कैंट क्षेत्र के कई गांवों में विस्तारित है। आरोप है कि उक्त जमीनों पर अवैध कब्जे किए जा रहे हैं।

याचिका का अयोध्या विकास प्राधिकरण की ओर से विरोध करते हुए कहा गया कि याची का आपराधिक इतिहास है, इसी वजह से पूर्व में उसके द्वारा दाखिल जनहित याचिका को न्यायालय ने नहीं सुना था। इस पर न्यायालय ने सुओ मोटो याचिका दर्ज कर, बुधवार को सुनवाई के लिए पेश करने का आदेश दिया है।

मतदान से 48 घंटे पहले बंद होंगी मदिरा की दुकानें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में मतदान के दिन से 48 घंटे पहले मदिरा की दुकानें बंद हो जाएंगी। साथ ही मतगणना के दिन भी दुकानें बंद रखने के आदेश दिए गए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने चार जून को शुष्क दिवस घोषित करने के आदेश दिए हैं। 18 मई की शाम को छह बजे से 20 मई को मतदान समाप्त होने तक मदिरा की दुकानें बंद रहेंगी। लखनऊ की सीमा के आठ किलोमीटर क्षेत्र में मदिरा की सभी दुकानें 11 मई से शाम 6:00 बजे से 13 मई को मतदान समाप्त होने तक बंद रहेंगी।

रिश्वत लेते मत्स्य विकास अधिकारी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : भ्रष्टाचार निवारण संगठन सहारनपुर इकाई की टीम ने मंगलवार को रिश्वत लेते रंगे हाथ मत्स्य विकास अधिकारी को गिरफ्तार किया। अधिकारी आनंद कुमार के खिलाफ यह कार्रवाई एक शिकायत के आधार पर की गई। आरोप है कि आनंद ने शिकायतकर्ता से निजी भूमि पर तालाब निर्माण अनुदान राशि के लिए नाम भेजने में रिश्वत की मांग की थी।

विधानसभावार रखे गए ईवीएम-वीवीपैट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर विधानसभावार ईवीएम और वीवीपैट तय हो गए हैं। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में मंगलवार को वेयर हाउस में मशीनों की छंटाई की गई और वेयर हाउस कक्ष को सील कर दिया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार वेयर हाउस पहुंचे। उन्होंने ईवीएम और वीवीपैट के प्रथम रेंडमाइजेशन के बाद विधानसभावार रखने की प्रक्रिया का निरीक्षण किया। उनके समक्ष सभी दलों के प्रतिनिधियों को दिखाया गया कि किस तरह मशीनों को विधान सभा क्षेत्र के आधार पर अलग रखा जा रहा है। बता दें कि पिछले सप्ताह ही मशीनों का पहला रेंडेमाइजेशन किया गया था और विधानसभा क्षेत्र के लिए आवंटित किया गया था। दूसरे रेंडेमाइजेशन में मतदान केंद्र तय किए जाएंगे। इसके बाद तीसरा रेंडेमाइजेशन होगा। जिसमें ईवीएम और वीवीपैट मशीनों के बूथ आवंटित किए जाएंगे।

मोहनलालगंज स्थित वेयर हाउस का निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार। अमृत विचार

▸▸ दूसरे रेंडमाइजेशन में मतदान केंद्र और तीसरे में आवंटित किए जाएंगे बूथ

मलिहाबाद विधानसभा की 514 बैलट यूनिट, 514 कंट्रोल यूनिट और 546 वीवीपैट को अलग रखा गया है। लखनऊ उत्तर में 501 बैलेट यूनिट, 501 कंट्रोल यूनिट और 533 वीवीपैट, लखनऊ मध्य की 430 बैलेट यूनिट, 430 कंट्रोल यूनिट और 457 वीवीपैट, लखनऊ कैंट की 419 बैलेट यूनिट, 419 कट्रोल यूनिट और 445 वीवीपैट अलग कर दी गईं। मोहनलालगंज की 506 बैलेट यूनिट, 506 कंट्रोल यूनिट और 538 वीवीपैट की छंटाई हुई। बीकेटी की 618 बैलट यूनिट रखी गई हैं।

अखिलेश के पास विकल्प नहीं नेता प्रतिपक्ष बने रहने को मजबूर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के लोकसभा चुनाव न लड़ने के राजनीतिक निहितार्थ हैं। वह न केवल उत्तर प्रदेश में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में बने रहना चाहते हैं बल्कि इस लोकसभा चुनाव में स्वतंत्र रहकर प्रचार की कमान संभालते हुए चुनावी रणनीतिकार की भूमिका निभाना चाहते हैं। दरअसल, अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव समेत परिवार के कई सदस्य चुनाव मैदान में हैं। इसके अलावा अपनी पार्टी के प्रमुख स्टार प्रचारक होने के नाते उन्हें सपा और इंडी गठबंधन के अन्य सभी प्रत्याशियों के लिए जनसभाएं भी करनी हैं।

दरअसल, अखिलेश यादव के पास सांसद बन कर नेता प्रतिपक्ष की सीट किसी और को सौंपने का या तो विकल्प नहीं या फिर विकल्प वह तलाशना नहीं चाहते। नेता प्रतिपक्ष की भूमिका का महत्व और इससे जुड़े अधिकारों को वह समझते हैं। एक तो विधानसभा में सीधा मुख्यमंत्री के समक्ष सवाल-जवाब और दूसरा उनकी इस सीट से पार्टी की बागडोर हाथ में मजबूत रहती है। पीछे जाएं तो पाते हैं कि अखिलेश यादव ने मैनपुरी के करहल से विधायक बनने के बाद आजमगढ़ लोकसभा सीट से इस्तीफा दिया और नेता प्रतिपक्ष का पद संभाला। चाचा शिवपाल के साथ आने के बाद नेता प्रतिपक्ष के पद को लेकर कयासबाजी तो शुरू हुई, लेकिन उन्होंने अपने इस पद से समझौता नहीं किया।

▸▸ चुनाव में रणनीतिकार की भूमिका निभाएंगे सपा प्रमुख

चुनाव बाद बदलेंगे कई जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के बाद प्रदेश में कई जिलों में मुख्य चिकित्सा अधिकारी(सीएमओ) बदले जायेंगे। इसके लिए शासन में करीब डेढ़ दर्जन डॉक्टरों की फाइल लंबित है।

इतना ही नहीं ग्रेड चार से ग्रेड पांच में प्रमोशन पाने के लिए 353 डॉक्टरों की फाइल भी विचाराधीन है। आचार संहिता खत्म होते ही विभाग में विभिन्न पदों पर खासे बदलाव देखने को मिलेंगे।

▸▸ लखनऊ समेत कई जिलों के सीएमओ पदोन्नति पाकर हो चुके हैं अपर निदेशक

बदायूं, बहराइच आदि कई जिलों में स्वास्थ्य सेवाएं कार्यवाहक सीएमओ के भरोसे चल रहीं हैं। साथ ही लखनऊ के सीएमओ डॉ.मनोज अग्रवाल की तरह कई सीएमओ प्रोन्नति पाकर अपर निदेशक बन चुके हैं। ऐसे में उनकी जगह नए सीएमओ की तैनाती होनी है। इसके अलावा कई सीएमओ निकट भविष्य में सेवानिवृत्त होने वाले हैं।

जानकारी के अनुसार, शासन स्तर पर सीएमओ की नियुक्ति के लिए करीब डेढ़ दर्जन डॉक्टरों को सूचीबद्ध किया जा चुका है। लोकसभा चुनाव की घोषणा और आचार संहिता लागू होने की वजह से फाइल जहां की तहां रुकी हुई है। चुनाव बाद मुख्यमंत्री की संस्तुति के बाद सूची जारी होने की पूरी संभावना है।

पेपर लीक मामले में दिल्ली पुलिस का कांस्टेबल गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : आरओ-एआरओ परीक्षा प्रश्नपत्र लीक कराने वाले 16वें आरोपी को मेरठ एसटीएफ ने मंगलवार को पेरिफेरल एक्सप्रेस वे के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी दिल्ली पुलिस में बतौर कांस्टेबल तैनात है। उसने दिल्ली पुलिस के प्रथम बटालियन, तृतीय बटालियन एवं सीएम बटालियन में भी सेवाएं दे रखी है।

एसटीएफ ने विक्रम पहल पुत्र कंवर सिंह निवासी बराह खुर्द, जींद हरियाणा को पेरिफेरल एक्सप्रेसवे स्थित खेकड़ा फ्लाईओवर के पास से सुबह नौ बजे गिरफ्तार किया है। उसके पास से उत्तर कुंजी भी बरामद हुई है। विक्रम ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह 2010 में दिल्ली पुलिस में बतौर कांस्टेबल भर्ती हुआ था। दिल्ली पुलिस में उसकी पोस्टिंग तृतीय बटालियन, प्रथम बटालियान, यातायात, सीएम बटालियन में भी रही है। उसने बताया कि 2021 में उसकी मुलाकात सोनीपत के रहने वाले नितिन से हुई थी जो पहले उसके साथ पढ़ा-लिखा है। नितिन प्रतियोगी परीक्षाओं में साल्वर व पेपर आउट कराने का कार्य करता था। नितिन ने ही उनकी मुलाकात रवि अत्री से कराई थी।

▸▸ दिल्ली पुलिस के प्रथम, तृतीय बटालियन के अलावा सीएम बटालियन में भी रह चुका तैनात

तैयारी हीट स्ट्रोक और संचारी रोगों को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

12 विभाग मिलकर करेंगे संचारी रोगों की रोकथाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य में हीट स्ट्रोक के साथ ही मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया जैसी वेक्टर जनित बीमारियों के किसी भी मामले से निपटने के लिए स्वास्थ्य इकाइयां पूरी तरह तैयार हैं। इसके लिए 12 विभिन्न विभाग मिलकर संक्रामक रोगों से निपटने के लिए विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान में सहयोग कर रहे हैं। शिक्षा विभाग हमारे सबसे अहम भागीदारों में से एक है। यह बात मंगलवार को प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कही।

प्रमुख सचिव, यूपी राजकीय सैनिक स्कूल में स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोगों को गर्मी से संबंधित और वेक्टर जनित बीमारियों से बचने के लिए क्या करें और क्या न करें, के बारे में स्वयं जागरूक होना होगा और इसके प्रति पर्याप्त सावधानी बरतनी होगी।

संयुक्त निदेशक मलेरिया डॉ.विकास सिंघल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग संचारी रोगों की रोकथाम की जानकारी और गतिविधियों के लिए शैक्षणिक संस्थानों का उपयोग कर रहा है। यदि युवा वर्ग बचाव के तरीकों पर ध्यान देने लगेगा तो हम संचारी रोगों पर बेहतर तरह से काबू पा लेंगे।

केजीएमयू की डॉ.मोनिका अग्रवाल ने कहा कि हमारे युवाओं और उनके समुदायों को उनके स्वास्थ्य की जिम्मेदारी लेने से जरूरत है। सैनिक स्कूल के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने कहा कि बीमारी को लेकर हमारे बच्चों और उनके परिवारों को शिक्षित करना कमजोर आबादी में संक्रमण के प्रसार को कम करने में अहम कदम है। उन्होंने बताया कि बुखार हो तो खुद से इलाज नहीं करना है। डाक्टर को दिखाना है। विशेषज्ञों ने विभिन्न संचारी रोगों के लक्षण और बचाव के तरीके के बारे में बताया।

इस मौके पर जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.ऋतु श्रीवास्तव, सीएचसी सरोजिनी नगर के डॉ.चन्दन, सीफार और पाथ के सदस्य, लाला रामस्वरूप इंटर कालेज, राजकीय इंटर कालेज रहीम नगर पडियाना, गौतमबुद्ध इंटर कालेज, हीरालाल इंटर कालेज व जीएसएम पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राएं और शिक्षक उपस्थित रहें।

बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र हुए सम्मानित

संचारी रोग नियंत्रण अभियान से जुड़े पोस्टर व मनमोहक पेंटिंग छात्रों ने प्रदर्शित किए। स्कूल के पांच युवा चैंपियन कशिश, अंशिका, वर्षिका, आकांक्षा व प्राची, जिन्होंने बीते फरवरी में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का नेतृत्व किया था और स्कूल व स्वास्थ्य केंद्र में नुक्कड़ नाटक किए थे, को संयुक्त निदेशक मलेरिया डॉ.विकास सिंघल ने सम्मानित किया।

मेरी पुलिस यात्रा पुस्तक का विमोचन करते डीजीपी प्रशांत कुमार। अमृत विचार

डीजीपी ने किया 'मेरी पुलिस यात्रा' पुस्तक का विमोचन

अमृत विचार, लखनऊ : पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक सुरेन्द्र सिंह लौर द्वारा लिखित मेरी पुलिस यात्रा पुस्तक का विमोचन किया। अलीगढ़ के ग्राम गौरोला निवासी सुरेन्द्र सिंह लौर वर्ष 1966 में बतौर उपनिरीक्षक के पद पर अपनी सेवाओं की शुरुआत कर 39 वर्षों तक उप्र. पुलिस सेवा में रहते हुए वर्ष 2004 में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर पुलिस उपाधीक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुए। लौर द्वारा लिखित पुस्तक मेरी पुलिस यात्रा में अपने सेवाकाल के अनुभवों का उल्लेख किया गया है। लौर को राष्ट्रपति पदक से भी सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक स्थापना, अपर पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवाएं सहित कई पुलिस अफसर मौजूद रहे।

SHIVENDRA'S ORTHO CLINIC
शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि टयूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षों से अधिक अनुभव
WE CARE YOUR BONES & JOINTS
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)
ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

शहर में आज

- चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रोटरी क्लब ऑफ़ लखनऊ, इंडिगो एयरलाइन्स और किंग जार्ज मेडिकल विश्वविद्यालय के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन– 10 :00
- नवयुग कन्या महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विशेष सम्मान समारोह – 10 :00 बजे।
- लखनऊ विकास प्राधिकरण के सभागार कक्ष में लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी की प्रेसवार्ता – 12 :30 बजे।
- मड़ियांव के प्रीति नगर में एकता समिति की ओर से चतुर्थ विशाल मां भगवती जागरण– 8 :00 बजे।

एक नजर

नगर निगम मुख्यालय में 74 कर्मचारी मिले गैर हाजिर

अमृत विचार, लखनऊ : अपर नगर आयुक्त डॉ अरविंद राव और मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अम्बी बिष्ट ने मंगलवार को सुबह 11 बजे नगर निगम मुख्यालय का औचक निरीक्षण किया। अधिष्ठान, आईजीआरएस सेल, अभियंत्रण विभाग, विधि, लेखा, कर विभाग, अभियंत्रण, अपर नगर आयुक्त कार्यालय, सम्पत्ति एवं रेंट विभाग के निरीक्षण में कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका देखी। 11 :15 बजे तक गायब 74 कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका में अनुपस्थिति दर्ज की। अनुपस्थित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण लेकर सम्बंधित विभागों के विभागाध्यक्षों की रिपोर्ट के आधार पर एक दिन के वेतन की कटौती की जाएगी।

10 दिन बाद और झुलसाएगा सूरज

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी का अधिकतम तापमान मंगलवार को 39 .6 डिग्री सेल्सियस रहा लेकिन बादलों की वजह से गर्मी का एहसास कुछ कम रहा। किंतु अगले 8–10 दिन बाद अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। तब धूप के साथ लू के थपेड़े और झुलसाएंगे। फिलहाल बारिश होने की भी संभावना नहीं जताई जा रही है, हां आसपास के जिलों में जरूर बूंदाबांदी के साथ बिजली गिरने की संभावना जताई जा रही है। शहर में सुबह से ही तेज धूप निकली और दिन चढ़ने के साथ हवाएं गर्म हो गईं। दोपहर बाद बादल छाने से तपिश कुछ कम हुई। मौसम अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार को लखनऊ का तापमान 41 डिग्री सेल्सियस था मंगलवार को इसमें कुछ गिरावट आई। रात के तापमान में जरूर बढ़ोतरी हुई। यह बढ़कर 24 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान में अभी और बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में गर्म हवाओं की रफ्तार बढ़ सकती है। रफ्तार का क्रम करीब 30–35 किलोमीटर प्रति घंटा तक हो सकता है। अगले 6–7 दिनों तक बारिश के आसार कम हैं।

सीवर की सफाई के बाद खुला छोड़ा मैनहोल...अब कराएंगे जांच

मैनहोल ने ली जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : 18 फीट गहरी सीवर की सफाई के बाद से मैनहोल खुला पड़ा था। निगम के किसी कर्मचारी ने उसे ढंकने की जहमत नहीं उठाई। अधिकारियों ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया। मासूम की मौत के बाद अफसर बगलें झांक रहे हैं।

परिजन ने नगर निगम पर लापरवाही का आरोप लगाया है। नगर आयुक्त हादसे के कारणों और कर्मचारियों की लापरवाही की जांच की बात कह रहे हैं, उन्होंने कमेटी भी बना दी है लेकिन सीवरलाइन की सफाई करने वाली संस्था पर कभी सख्ती नहीं गई कि सफाई के बाद मैनहोल खुले न छोड़े जाएं।

कवायद :खुले मैनहोल में गिरे बच्चे को निकालते एसडीआरएफ के जवान। अमृत विचार

कामयाबी : तीन घंटे बाद बच्चे को बाहर निकाला जा सका। अमृत विचार

गम : बच्चे की मौत के बाद बिलखती मां और बहनें। अमृत विचार

सरकार की अक्षमता

अमृत विचार,लखनऊ : कांग्रेस मीडिया विभाग चेयरमैन डॉ सीपी राय ने कहा कि बच्चे की मौत सरकार की अक्षमता के कारण हुई। लगभग 40 मिनट बाद राहत टीम पहुंची थी।

एसके कंस्ट्रक्शन फर्म पर प्राथमिकी दर्ज कराने के आदेश

अमृत विचार, लखनऊ : शहर में कई स्थानों पर मेनहोल के ढ़क्कन टूटे हैं तो कहीं गायब हैं। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने बताया कि ऐसी घटना न हो इसके लिए सर्वे कराकर सभी जोन में खुले व टूटे चेम्बर को सही कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जलकल विभाग एकेटीयू के पास एसके कंस्ट्रक्शन फर्म से मेंटेनेंस करवाती है। अपर नगर आयुक्त ललित कुमार को फर्म पर प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिए गए हैं। कमेटी बनाकर घटना की जांच कराई जा रही है, जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

मुआवजा दिया

नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने बताया कि जलकल विभाग की ओर से मृतक के परिवार को पांच लाख रूपये मुआवजे का चेक दे दिया गया है।

बेटे का शव देख मां हो गई बेहोश

बेटे का शव देख मां रुकसाना बेहोश हो गई, चारों बहनें गुड़ाना, साईबा, खुशबू, महक बिलख़्ने लगीं। पिता यकीन कभी सिर पकड़ते, तो कभी आरमां की तरफ हाथ बेटे को वापस पाने की फरियाद करते।

खेत से लौटते चाचा को कुल्हाड़ी से काटा

चार भतीजों पर आरोप, जमीन को लेकर उपजी रंजिश व जादू-टोने के शक में हुई हत्या



अधेड़ की हत्या के बाद रोते–बिलखते परिजन। अमृत विचार

परिवार के लोगों से हत्या के संबंध में जानकारी लेती पुलिस। अमृत विचार

संवाददाता, लखनऊ/निगोंहा

अमृत विचार : नगराम थाना अंतर्गत पालखेड़ा गांव में देर रात खेत से भिंडी तोड़कर बेटियों के संग साइकिल से घर लौट रहे किसान सोहनलाल (50) की उनके भतीजों ने कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। बीच बचाव करने पर उनकी दो बेटियों के साथ भी मारपीट की। सूचना पर पहुंची पुलिस को शव पोस्टमार्टम के लिए ले जाने के दौरान भी परिजनों का आक्रोश झेलना पड़ा। तनाव को देखते हुए गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है।

डीसीपी दक्षिण तेज स्वरूप सिंह के मुताबिक, पालखेड़ा गांव में किसान सोहनलाल पत्नी गुड्डा देवी व बेटे मोहित व दो बेटी मालती और वर्षा के साथ रहते थे। पत्नी गुड्डा देवी ने बताया कि मंगलवार शाम पति सोहनलाल बेटी मालती और वर्षा के साथ खेत में लगी भिंडी तोड़ने गए थे। शाम करीब सात बजे वह खेत से घर लौट रहे थे। उनका आरोप है कि कुछ ही दूरी पर बनी झोपड़ी भतीजे धनीराम, हरीराम, मनीराम ने अपने मौसरे भाई के साथ बैठकर शराब पी रहे थे। बेटी मालती ने बताया कि पापा साइकिल पर भिंड़ी की बोरी लाद कर आगे चल रहे थे। रास्ते में ट्यूबवेल के पास पहुंचते ही चचेरे भाई उन पर लाठी लेकर टूट पड़े थे। लाठी के वार से सोहनलाल का सिर फट गया और वह खून से लथपथ हो जमीन पर गिर गए।तभी मनीराम के मौसेरे भाई ने कुल्हाड़ी से उनके गले पर वार किया।कर दिया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

ग्रामीणों ने हंगामा कर गिरफ्तारी की मांग : डीसीपी दक्षिण ने बताया कि जब पुलिस ने शव को कब्जाने में लेने का प्रयास किया तो, मौजूद परिजन भड़क गए। परिजन हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। एडीसीपी शंशाक सिंह,एसीपी राधा रमण सिंह ने आक्रोशित ग्रामीणों व परिजनो को समझा बुझाकर कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया। तब आक्रोशित परिजनों का गुस्सा शांत हुआ। इसके बाद किसान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। वारदात के बाद गांव में भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

हत्यारोपी भाइयों से भिड़ीं बेटियां

पिता सोहनलाल की जान बचाने के लिए बेटी मालती और वर्षा हत्यारोपी भाइयों से भिड़ गई। बेटी वर्षा ने बताया कि वह अपने पिता को छोड़ने के लिए मनीराम से गुहार लगा रही थी। पर, उसने किसी की बात नहीं सुनी। आरोपियों ने किसान की पत्नी और बड़ी बेटी को जमकर पीटा था। वर्षा के मुताबिक वह किसी तरह से बच कर मदद मांगने के लिए ग्रामीणों के पास पहुंची थी। इस बीच मनीराम, धनीराम, हरीराम और उनका मौसेरा भाई भाग गए थे

जादू-टोना कराने का लगाया था आरोप

पत्नी गुड्डा के मुताबिक भतीजे काफी वक्त से उन्हें परेशान कर रहे थे। जमीन हड़पने की नियत से पूर्व में भी गलत आरोप लगाए थे। हत्यारोपियों को शक था कि सोहनलाल जादू टोना कराता है। जिसके कारण मनीराम के परिवार को सम्पन्न नहीं हो पा रहा है और कई दिक्कते बनी हुईं हैं।

> हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस समेत सर्विलांस व क्राइम ब्रांच को लगाया है। प्रथम दृष्टिया में जादू टोना करने के शक में सगे भतीजों ने वारदात को अन्जाम दिया है। जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।
>
> –तेज स्वरूप सिंह, डीसीपी दक्षिण

आज रात से एक महीना बंद रहेगा इंदिरा ब्रिज

अमृत विचार, लखनऊ : निशातगंज से आईटी कॉलेज जाने वाला इंदिरा ब्रिज बुधवार रात से एक महीना बंद रहेगा। लोक निर्माण विभाग इसकी मरम्मत का काम शुरू करेगा। इसके लिये डायवर्जन प्लान भी तैयार हो गया है।

इंदिरा ब्रिज के एक्पेंशन ज्वाइंट में गैप हो गया है इससे गुजरने पर झटके लग रहे हैं। ओवर ब्रिज की बेयरिंग भी खराब हो गई है, इन्हें भी सही कराया जाएगा। इसमें एक महीने का समय लग जाएगा। इस ब्रिज से रोजाना लगभग 50,000 दोपहिया और चार पहिया वाहन गुजरते हैं। इसके बंद रहने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ेगी। पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता मनीष कुमार ने बताया कि मंगलवार को यातायात विभाग से अनुमति मिल गयी है। बुधवार रात से पीडब्ल्यूडी मरम्मत का काम शुरू कर देगा।

नगर निगम की जमीन पर बना होटल टूटेगा

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : सरोजनीनगर के बेहसा में नगर निगम की जमीन पर बनकर तैयार हो गया होटल तोड़ा जाएगा। होटल बन जाने के बाद नगर निगम के अफसरों को जमीन खाली कराने की याद आयी। तहसील और नगर निगम की संयुक्त पैमाइश में पता चला कि नगर निगम के ग्राम बेहसा में गाटा संख्या 297, 298 और 299 के कुछ हिस्से पर होटल बन गया है।

होटल के निर्माण की एनओसी गाटा संख्या 295 पर ली थी। नगर निगम और लखनऊ विकास प्राधिकरण अवैध निर्माण तोड़ेंगे। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के निर्देश पर संयुक्त पैमाइश कराई गयी थी। नगर निगम की जमीन पर अवैध तरीके से होटल बनवाने का अपर नगर आयुक्त पर आरोप लगा है। उनसे नगर आयुक्त ने सम्पत्ति विभाग का काम हटा दिया है।

▸▸ एनओसी दूसरे गाटे पर ली नगर निगम की जमीन पर बना दिया होटल

जमीन पर कब्जा करवाने वाले लेखपाल को हटाया

अमृत विचार : मिलीभगत करके नगर निगम की जमीन पर कब्जा करवाने वाले लेखपाल के खिलाफ नगर निगम ने कड़ी कार्रवाई की है। नगर आयुक्त ने लेखपाल को वापस चकबंदी विभाग भेजने का आदेश जारी कर दिया है। नगर निगम की जमीन ग्राम–सलेमपुर पतीरा की सीमा में स्थित मुख्य मार्ग नरौना पर नगर निगम की भूमि गाटा संख्या–660 पर सालिकराम पुत्र बलवन्त द्वारा एक मार्केट का अवैध निर्माण कराया जा रहा था। पूर्व में कार्यरत लेखपाल मृदुल मिश्रा ने 13 सितंबर 2023 को अवैध बन रही मार्केट का निर्माण रोक कर नोटिस जारी की थी। जांच में पाया गया कि वर्तमान लेखपाल अनुपम कुमार द्वारा कब्जेदारों से मिलकर निर्माण कार्य कराया जा रहा था। नगर निगम ने लगभग 14 करोड़ रुपये की सरकारी भूमि को संरक्षित कराने के साथ लेखपाल अनुपम कुमार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की है।

मुम्बई, दिल्ली, बिहार और उत्तराखंड के लिए चलाई जाएंगी स्पेशल ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: ग्रीष्मकाल में मुम्बई, दिल्ली, बिहार व उत्तराखंड आवागमन करने वाले यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुये रेल प्रशासन स्पेशल ट्रेने चलाने की तैयारी की है।

गोरखपुर जं.-लोकमान्यतिलक स्पेशल : ट्रेन नंबर 05325 गोरखपुर जं.-लोकमान्यतिलक ग्रीष्मकालीन स्पेशल 25 अप्रैल से 10 मई तक गोरखपुर से रात्रि 9:15 बजे रवाना होगी। लखनऊ तड़के 2:45 बजे और लोकमान्यतिलक टर्मिनस सुबह 7:25 बजे पहुंचेगी। वापसी में 05326 लोकमान्यतिलक-गोरखपुर स्पेशल 27 अप्रैल से 12 मई लोकमान्यतिलक से सुबह 7:25 बजे चलेगी। लखनऊ पूर्वान्ह 11:35 बजे तथा गोरखपुर शाम 6 बजे पहुंचेगी।

ट्रेन नंबर 01083 लोकमान्य तिलक टर्मिनल से 25 से 30 अप्रैल को रात्रि 11:50 बजे रवाना होकर तड़के 4:20 बजे लखनऊ और सुबह 9:30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। वापसी में 01084 गोरखपुर - लोकमान्य तिलक स्पेशल 26 अप्रैल से एक मई को गोरखपुर से दोपहर 3:30 बजे रवाना होकर लखनऊ रात्रि 7:45 बजे, लोकमान्य तिलक देर रात्रि 12:25 बजे पहुंचेगी।

ट्रेन नंबर 01925 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-छपरा स्पेशल 24 अप्रैल से 26 जून तक हर बुधवार वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी से दोपहर 3:45 बजे रवाना होगी। लखनऊ रात्रि 10:22 बजे, छपरा सुबह 8:45 बजे पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन 01926 छपरा - वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्पेशल 25 अप्रैल से 27 जून तक हर गुरुवार छपरा से दोपहर 12 बजे रवाना होगी। लखनऊ रात्रि 11:45 बजे और झांसी सुबह 7 बजे पहुंचेगी।

ट्रेन नंबर 05043 रामनगर-लखनऊ जं. ग्रीष्मकालीन द्वि-साप्ताहिक स्पेशल 26 अप्रैल से 29 जून तक हर शुक्रवार एवं शनिवार रामनगर से सुबह 9 बजे चलकर लखनऊ जं. शाम 7:15 बजे पहुंचेगी। वापसी में 05044 लखनऊ जं.-रामनगर ग्रीष्मकालीन द्वि-साप्ताहिक स्पेशल 26 अप्रैल से 29 जून तक हर शुक्रवार एवं शनिवार को लखनऊ जं. से रात्रि 9 बजे प्रस्थान कर रामपुर सुबह 7:05 बजे पहुंचेगी।

ट्रेन नंबर 04096 आनन्द विहार टर्मिनस-अयोध्या स्पेशल 27 अप्रैल से 29 जून प्रत्येक शनि व सोम सुबह 9 बजे आनन्द विहार टर्मिनस से रवाना होकर लखनऊ शाम 6:20 बजे और अयोध्या कैंट, रात्रि 10 बजे पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 04095 अयोध्या-आनन्दविहार टर्मिनस स्पेशल 28 अप्रैल से 30 जून तक प्रत्येक रवि व मंगल को अयोध्या से सुबह 9 बजे रवाना होकर लखनऊ दोपहर 12:35 बजे और आनन्दविहार टर्मिनस रात्रि 10:30 बजे पहुंचेगी।

ट्रेन नंबर 04411 सहरसा-नई दिल्ली ग्रीष्मकालीन अनारक्षित स्पेशल 23 अप्रैल को सहरसा से सुबह 7 बजे प्रस्थान कर ऐशबाग रात्रि 10:25 बजे, दूसरे दिन नई दिल्ली सुबह 7 बजे पहुंचेगी।

बदले मार्ग से चलेगी राप्ती-सागर एक्सप्रेस

अमृत विचार, लखनऊ : दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद मंडल के बोनो कालु–चिंतकानी–पंडिलपल्ली, इरूपालम–तोंडनगोपावरम्–मधिरा तथा काजीपेट–विजयवाड़ा खंडों पर तीसरी लाइन की कमीशनिंग के परिप्रेक्ष्य में प्री–नान इंटरलॉक एवं नान इंटरलॉक कार्य किये जाने के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन किया गया है।

गोरखपुर से 28 अप्रैल से 19 मई तक चलने वाली 12511 गोरखपुर–कोचुवेली राप्ती–सागर एक्सप्रेस वल्हारशाह–काजीपेट–कांचीगुडा–डोन–रेनीगुंटा–काटपाडी के रास्ते चलेगी। गाड़ी का ई सेंट्रल, गुडूर, नेल्लूर, ओंगोल, चिराला, विजयवाड़ा, खम्भम, वरंगल स्टेशनों पर ठहराव नहीं होगा। कोचुवेली से 28 अप्रैल 21 मई तक चलने वाली 12512 कोचुवेली–गोरखपुर राप्ती–सागर एक्सप्रेस काटपाड़ी–रेणिगुंटा–डोन–कांचीगुडा–काजीपेट–वल्लहारशाह के रास्ते चलेगी। ट्रेन का वरंगल, खम्भम, विजयवाड़ा, चिराला, ओंगोल, गुडूर, नेल्लूर,चेन्नई सेंट्रल स्टेशनों पर ठहराव नहीं होगा। बरौनी से 29 अप्रैल, 06 और 20 मई को चलने वाली 12521 बरौनी–एर्नाकुलम राप्ती–सागर एक्सप्रेस बल्लारशाह–काजीपेट–काचीगुडा–डोन–रेनीगुंटा–काटपाडी के रास्ते चलेगी। ट्रेन का चेन्नई सेंट्रल, गुडूर, नेल्लूर, ओंगोल, चिराला, विजयवाड़ा, खम्भम, वरंगल स्टेशनों पर ठहराव नहीं होगा। एर्नाकुलम से 03, 10 और 17 मई को चलने वाली 12522 एर्नाकुलम–बरौनी राप्ती–सागर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग काटपाड़ी–रेनीगुंटा–डोन–चिराला–काजीपेट–वल्लहारशाह के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के चलते इस ट्रेन का वरंगल, खम्भम, विजयवाड़ा, चिराला–ओंगोल, नेल्लून,चेन्नई सेंट्रल स्टेशनों पर ठहराव नहीं दिया जा सकेगा।

साधारण डिब्बों के यात्रियों को मिलेगा सस्ता खाना

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा ने बताया कि साधारण कोच के यात्रियों को सस्ता खाना देने की सुविधा शुरू की गई है। खाने में स्नैक्स, कॉम्बो मील और किफायती दर पर पैकेट बंद पानी होगा। प्लेटफॉर्म पर यह सुविधा शुरू की गई है। 20 रुपये में सात पूड़ी (175 ग्राम), आलू की सूखी सब्जी (150 ग्राम) और अचार मिलेगा। 50 रुपये के स्नैक्स मील का वजन 350 ग्राम होगा। इसमें दक्षिण भारतीय चावल, राजमा–छोले–चावल, खिचड़ी, कुलचे–भटूरे–छोले, पावभाजी, मसाला डोसा आदि मिलेगा। तीन रुपये गिलास पानी दिया जाएगा।

हीट स्ट्रोक का असर : बढ़े उल्टी–दस्त के मरीज

अस्पतालों में ऐसे मरीजों की बढ़ने लगी संख्या, बच्चों में भी गर्मी जनित बीमारियों का हो रहे शिकार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी इन दिनों भाषण गर्मी की चपेट में है। पारा 42 डिग्री तक पहुंच चुका है। करीब एक सप्ताह से चल रहे गर्म हवाओं के थपेड़ों से हर कोई परेशान है। जिसकी वजय से लोग बुखार, उल्टी-दस्त और पानी की कमी के शिकार हो रहे हैं।

अस्पतालों की ओपीडी में ऐसे मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इमरजेंसी में भी मरीज आ रहे है। डॉक्टर मरीजों का इलाज करने के साथ ही उन्हें गर्मी से होने वाली बीमारियों से बचाव को लेकर जागरूक भी कर रहे हैं। डॉक्टर का कहना कि हीट स्ट्रोक का असर दिखने लगा है। शासन के निर्देश पर अस्पतालों में हीट स्ट्रोक के मरीजों के लिए एसी वार्ड में बेड आरक्षित किए गए है। दवाओं की भी पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

हजरतगंज स्थिति डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल के फिजिशियन डॉ. आनंद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इधर कुछ दिनों से गर्मी तेजी से बढ़ी है। बुखार और डायरिया के मरीजों की संख्या बढ़ी है। डॉ. आनंद के मुताबिक खानपान में सावधानी बरतें। बासी भोजन कतई न खाएं। किसी भी बीमारी के लक्षण दिखने पर चिकित्सक की सलाह जरूरी है। अपने मन से दवाएं न खाएं। धूप से आने के तुरंत बाद ठंडा पानी और कोल्डड्रिंक का सेवन न करें। वहीं, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. वीके गुप्ता ने बताया कि बच्चों में डायरिया,उल्टी-दस्त और खांसी के मामले बढ़े हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे बच्चों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। बिना चिकित्सकों की सलाह के कोई भी दवा नहीं देनी चाहिए। बच्चों को बहार की खुली चीजें न खिलाएं।

बलरामपुर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी ने बताया की गर्मी में मरीज बढ़ जाते है। ओपीडी डॉक्टरों को विशेष निर्देश दिए गए है। लोकबंधु अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया गर्मी के कारण कमजोरी और डिहाइड्रेशन की चपेट में आने वाले मरीजों की संख्या बढ़ी हैं। ऐसे मरीजों को तत्काल दवा के साथ ओआरएस का पाउडर भी मुहैया कराया जा रहा हैं। वही ज्यादा गंभीर मरीजों को अस्पताल में भर्ती कर ड्रिप चढ़ाई जा रही हैं।

बलरामपुर अस्पताल के पंजीकरण काउंटरों पर मरीजों की भीड़। अमृत विचार

बचाव के उपाय

- उचित वायु संचरण वाले शीतल स्थानों पर रहें।
- हल्के रंग के व ढीले आरामदायक कपड़े पहने।
- धूप में बाहर जाते समय सिर को ढक कर निकले।
- तरल पदार्थ पियें।
- अधिक तेल, मसाला, तीखी चीजों को खाने से बचें।
- धूप और तेज गर्म हवा के संपर्क में सीधे आने से बचे।
- उचित मात्रा में पानी पियें।
- ओआरएस, घर में बने हुये पेय पदार्थ जैसे लस्सी, नीबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें।
- जल की अधिक मात्रा वाले मौसमी फल एवं सब्जियों का प्रयोग करें।
- बासी भोजन अथवा खुला बिकने वाला गन्ने का रस व अन्य पदार्थों का रस, कटे फल, खुली तली–भुनी खाद्य वस्तुयें एवं प्लास्टिक पाउच में बिकने वाले पेयजल, खाद्य पदार्थों का प्रयोग न करें।
- किसी भी आकस्मिकता की स्थिति में अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर सम्पर्क करें।

प्राथमिक इलाज

- मरीज को तुरत पंखे के नीचे तथा छायादार ठंडे स्थान पर ले जाएं।
- शरीर को गीले कपड़े से पोछे।
- ओआरएस का घोल पिलाएं।
- नीबू का पानी नमक के साथ पिलाएं।
- मांसपेशियों पर दबाव डालें तथा हल्की मालिश करें।
- शरीर के तापमान को बार बार जांचे
- यदि कुछ समय में सामान्य न हो तो तुरंत चिकित्सा केंद्र ले जाएं।

एक नजर

भाषा विवि ने जीते पांच स्वर्ण पदक

अमृत विचार, लखनऊ : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने जीसीआरजी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में आयोजित वार्षिकोत्सव उड़ान के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रेसलिंग में पांच गोल्ड मेडल प्राप्त किये। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में अमन सिंह (बीटेक सिविल) ने 80 किलोग्राम भार, कृष्ण रौतेला (बीटेक बायोटेक) ने 70 किलोग्राम भार व मुदित शुक्ला बीए फिजिकल एजुकेशन ने 65 किलोग्राम भार के अंतर्गत प्रथम स्थान पर रहे। वहीं मोहम्मद रेहान (बीसीए) 60 किलोग्राम भार व शुभम (बीसीए) 50 किलोग्राम भार की प्रतियोगिता में अव्वल रहे।

एबीवीपी ने परीक्षा नियंत्रक को सौंपा ज्ञापन

अमृत विचार, लखनऊ : स्नातक सेमेस्टर के लिए परीक्षा नियंत्रक कार्यालय से जारी एक नोटिस में विद्यार्थियों को 60 पेज का टर्म पेपर अपने विभाग में जमा करने का निर्देश मिला है। ऐसे में बढ़ती समस्याओं को लेकर एबीवीपी ने परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन सौंपा है। छात्र जतिन ने कहा कि इस व्यवस्था से हिंदी, संस्कृत, उर्दू, फ्रेंच, पर्शियन आदि भाषाई विषय के विद्यार्थियों को और ज्यादा असुविधा होगी। इस अवसर पर इकाई सह मंत्री लक्ष्य दुबे, आयुषी गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

हर्बल ड्रग्स की चुनौतियों पर चर्चा

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के भेषजिक विज्ञान संस्थान (इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज) में एमिनेंट लेक्चर सीरीज 2023-2024 के अंतर्गत हर्बल ड्रग्स, चुनौतियों और अवसरों के विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में औषधीय पौधों की गुणवत्ता, उपलब्धता एवं प्लांट रॉ मेटेरियल के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रो. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी, असि. प्रो. डॉ. आकांक्षा मिश्रा सहित संस्थान के शिक्षक एवं छात्र - छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

ओपेन डे समारोह आयोजित

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल अशर्फाबाद कैम्पस द्वारा विद्यालय प्रांगण में आयोजित ओपेन डे एवं पैरेन्ट्स ओरिएन्टेशन समारोह में जहां एक ओर अभिभावक सीएमएस की अनूठी ब्राडर एंड बोल्डर शिक्षा पद्धति से रूबरू हुए तो वहीं दूसरी ओर छात्रों की अपने अभिभावकों के समक्ष बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस आयोजन में छात्रों ने प्रतिभा प्रदर्शन करते हुए रचनात्मक सोच व विश्वव्यापी दृष्टिकोण का अद्भुद नजारा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पधारे अभिभावकों ने अशर्फाबाद कैम्पस का भ्रमण कर छात्रों की रचनात्मक सोच व सृजनात्मक क्षमता को सराहा।

तेज धूप में गश खाकर गिरीं छात्राएं

लविवि में प्रतियोगिताओं के दौरान की घटना, अस्पताल ले जाया गया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग की ओर से एथलेटिक्स खेल के आयोजन के दौरान कई छात्राएं गश खाकर बेहोश हो गई। ऐसे में परिसर में हड़कंप मच गया। आनन-फानन एंबुलेंस की मदद से तीन छात्राओं को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। इस दौरान कुछ देर के लिए प्रतियोगिताएं बाधित भी रहीं।

बताते हैं कि विवि में एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा था।

बेहोश हुई छात्राओं को उपचार के लिए ले जाती सहयोगी छात्राएं। अमृत विचार

इसी दौरान तेज धूप की चपेट में आकर तीन छात्राएं एक- एक कर बेहोश हो गयी। मैदान में छात्राओं को बेहोश होता देख अफरातफरी मच गई। मौके पर एंबुलेंस को बुलवाया गया लेकिन पर्याप्त उपचार न मिलने पर सभी को अस्पताल भिजवाया गया। जहां सभी का प्राथमिक उपचार हुआ। इस दौरान कुछ देर के लिए प्रतियोगिताएं बाधित रहीं। फिर अन्य आयोजन हुए। खेल समापन के अवसर पर रग्बी के कोच अमित डे ने ग्रेजुएशन में रग्बी खेल को सब्जेक्ट के रूप में शामिल करने का प्रस्ताव रखा।

कार्यक्रम के दौरान विजेता टीम सम्मानित की गई। इस मौके पर प्रो. रूपेश कुमार, डॉ. मोहम्मद तारिक, डॉ. शशि कनौजिया, डॉ. संजय श्रीवास्तव, डॉ. अवधेश शुक्ला, रिसर्च स्कॉलर और छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

मीना हाउस रहा विजयी

फाइनल मुकाबला मीना शाह हाउस और दारा सिंह हाउस के मध्य खेला गया। रोमांचक मुकाबले में मीना शाह हाउस विजयी रहा। दूसरी प्रतियोगिता में छात्रों द्वारा मार्शल आर्ट डेमोंसट्रेशन का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर हंड्रेड मीटर शॉर्टकट और टग ऑफ वार प्रतियोगिताएं भी कराई गईं।

विचारों के सहारे साहित्य किए गए साझा

अमृत विचार, लखनऊ : महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय ईस्ट चम्पारण बिहार की ओर से शेक्सपियर टुडे इन इंडियन कॉन्टेक्स्ट विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें सांस्कृतिक अध्ययन सहित अन्य विषयों पर विचार प्रस्तुत किये गए।

लखनऊ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के प्रो. आरपी सिंह ने कहा कि शेक्सपियर और अंग्रेजी साहित्य को वर्तमान परिवेश में सांस्कृतिक अध्ययन, तुलनात्मक विशेलषण, अंतर्विषयक रिसेप्शन और संचार अध्ययन के परिवेश में देखने की आवश्यकता है।

सीयूईटी के सहारे पुनर्वास विश्वविद्यालय में होंगे प्रवेश

यूजी, पीजी एवं पीडीसीडी में प्रवेश प्रक्रिया में सीटों का आवंटन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय आगामी सत्र में छात्रों के प्रवेश को लेकर कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेस टेस्ट (सीयूईटी) अनिवार्य करने जा रहा है। नियमित प्रवेश समिति ने बैठक करते हुए यूजी, पीजी एवं पीडीसीडी में प्रवेश प्रक्रिया में सीटों के आवंटन को भी सुनिश्चित किया है।

पुनर्वास विवि के कुलपति प्रो. हिमांशु शेखर झा बताते हैं कि नियमित प्रवेश समिति की बैठक में विवि की प्रवेश परीक्षा को लेकर कई निर्णय लिये गए हैं। अगले सत्र में प्रवेश पाने वाले छात्रों के लिए 20 फीसद सीटें सीयूईटी के माध्यम से भरी जाएंगी। शेष अन्य सीटों पर विवि के माध्यम से प्रवेश होगा। इसमें सत्र 2024-25 में स्नातक स्तर पर बीए, बीकॉम, बीबीए, बीवीए, बीएससी, कम्प्यूटर साइंस एवं आईटी से जुड़े विषय सम्मलित हैं। यूजी, पीजी एवं पीडीसीडी में प्रवेश प्रक्रिया मई के प्रथम सप्ताह में शुरू होगी। गैप ईयर की परिस्थितियों में छात्रों की मेरिट के लिए कुल प्राप्तांको में से 2 से 10 फीसद तक अंकों में कटौती की जाएगी।

विषयवार सीटों की संख्या में बढ़ोतरी : कुलपति बताते हैं कि इस बार विषयवार सीटों की संख्या में बढ़ोतरी की जा रही है। कला एवं संगीत संकाय के अन्तर्गत बीए पाठ्यक्रम में निर्धारित 400 सीटों के सापेक्ष संकाय में संचालित आठ विषयों में विषयवार सीटों की संख्या 160 तय की गई है।

समिति के इन सदस्यों ने लिया निर्णय : प्रो. वीके सिंह, प्रो. शेफाली यादव, प्रो. नागेन्द्र यादव, प्रो. सीके दीक्षित, प्रो. यशवन्त कुमार वीरोदय, प्रवेश निदेशक, रोहित सिंह, डॉ. अमित कुमार राय।

स्पेन में आयोजित प्रतियोगिता में शामिल टीम के मेधावी। अमृत विचार

स्पेन में जीते रजत और कांस्य

पुनर्वास विवि के दिव्यांग छात्रों ने विदेशी भूमि पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बीते दिनों बीडब्लूएफ स्पैनिश पैरा बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन स्पेन में हुआ। इसमें विवि के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। बैडमिंटन प्रतियोगितान में एक-एक कर दिव्यांग खिलाड़ियों ने चार मेडल प्राप्त किये। इसमें दो रजत और दो कास्य पद के सहारे छात्रों ने देश का नाम रोशन किया। कुलपति बताते हैं कि खिलाड़ी चिराग, मंदीप कौर, शशांक कुमार सहित अन्य खिलाड़ियों को विवि में सम्मानित किया जाएगा।

आज से छात्रों को मिलेगी कम्प्यूटर लैब की सौगात

पुनर्वास विवि बुधवार से दिव्यांग छात्रों को कम्प्यूटर लैब की सौगात देने जा रहा है। लुई ब्रेल कम्प्यूटर लैब के माध्यम से छात्रों को कम्प्यूटर सीखने और समझने की सुविधा दी जा रही है। लैब में 23 कम्प्यूटर स्थापित किये गए हैं। इसका उद्घाटन कुलपति बुधवार को करेंगे।

30 देशों के मंत्रियों ने पढ़ाया पर्यावरण का पाठ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विवि के आयुष सिंह को बेस्ट डेलीगेट का मिला पुरस्कार

अमृत विचार : विकासार्थ विद्यार्थी एवं डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित भूमि फेस्ट अर्थ पार्लियामेंट और टॉक शो के दूसरे दिन 30 से अधिक देशों के पर्यावरण मंत्रियों ने प्रतिभाग कर अपने देश के विभिन्न पर्यावरण मुद्दों, नैतिकता और अपनी विदेश नीतियों पर विस्तृत चर्चा की।

लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो. ध्रुवसेन सिंह ने बताया कि जलवायु परिवर्तन तो तबसे हो रहा है, जब मनुष्य की उत्पत्ति भी नहीं हुई थी, लेकिन आज के दिनों में हम अपनी मूल संस्कृति और परंपराओं से दूर होते जा रहे हैं। इसके कारण पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। अन्य देशों के मंत्रियों ने संयुक्त रूप से कहा कि किसी भी नियम को तो बहुमत से बदला जा सकता है लेकिन किसी भी देश की परम्पराओं को बदलना बहुत आसान नहीं है।

कार्यक्रम के दौरान राम स्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय के आयुष सिंह को बेस्ट डेलीगेट का पुरस्कार दिया गया। सेठ एमआर जयपुरिया गोमतीनगर के सार्थक मिश्र को बेस्ट कंट्री रिप्रेजेंटेटिव, बेस्ट कंट्री के रूप में जान्हवी यादव, अदिति शुक्ल और सर्वजीत शुक्ल को सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान सम्मानित हुए छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

सार-संक्षेप

हजरतगंज स्थित एक होटल में प्रेससवार्ता करते श्री रामस्वरूप मेमोरियल कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट के संस्थापक पंकज अग्रवाल। अमृत विचार

वार्षिकोत्सव आज से

अमृत विचार, लखनऊ : श्री रामस्वरूप मेमोरियल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट में वार्षिकोत्सव 24 से 26 अप्रैल तक आयोजित किया जायेगा। ये जानकारी एक निजी होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कॉलेज के संस्थापक पंकज अग्रवाल ने दी। उन्होंने बताया कि उद्घाटन सत्र की शुरूआत 24 अप्रैल को शाम 4 बजे होगी। जिसमें कई जनपदों के कालेरजों के छात्रों की भी उपस्थिति रहेगी। अग्रवाल ने बताया कि उनके कॉलेज ने सर्वोच्च वरीयता प्राप्त नेशनल बोर्ड ऑफ एकिडिटेशन की ओर से स्नातक कार्यक्रमों में (कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग तथा इलेक्ट्रानिस एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग) में एकेडीटेशन प्राप्त किया हैं। जिससे भविष्य में संस्थान के सभी उत्तीर्ण छात्रों को एनबीए एकेडीटेड संस्थान की ओर से स्नातक होने का सौभाग्य प्राप्त होगा जोकि उन्हें भविष्य में अपनी विशेष पहचान बनाने में सहायक सिद्ध होगा। इस मौके पर संस्थान के निदेशक प्रोफेसर भावेश कुमार चौहान ने वार्षिकोत्सव पर होने वाले टेक्नीकल फेस्ट गन्तव्य-2024 के इवेन्ट्स जैसे क्लैश राइजर ब्लेजिंग बॉल, रोबोटिक्स के बारे में जानकारी दी।

प्रेस वार्ता में नए होटल होमटेल के बारे में जानकारी देते शालीमार कॉर्प लिमिटेड के निदेशक कुणाल सेठ। अमृत विचार

आलमबाग मेट्रो स्टेशन के नजदीक खुला होटल होमटेल

अमृत विचार, लखनऊ : आलमबाग बस अड्डे और मेट्रो स्टेशन के बगल में सरोवर होटल्स और शालीमार कार्प लिमिटेड ने होमटेल नाम से होटल शुरू किया है। सरोवर ग्रुप के लखनऊ में सरोवर पोर्टिको और गोल्डन ट्यूलिप नाम से पहले से दो होटल हैं। सरोवर होटल्स के प्रबंध निदेशक अजय के. बकाया ने बताया कि इस होटल में 104 कमरों के साथ 24 घंटे चलने वाला रेस्टोरेंट फ्लेवर्स भी है। यहां पर अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों का लुत्फ मिलेगा। लखनऊ में होमटेल ब्रांड लाने के लिए शालीमार कॉर्प लिमिटेड के निदेशक कुणाल सेठ ने खुशी जताते हुए कहा कि सरोवर होटल्स के साथ मिलकर हम लखनऊ में बेहतरीन होमटेल का अनुभव लाने पर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। यह साझेदारी शहर के बीचों बीच आधुनिक और आरामदायक रहने की सुविधा यात्रियों को देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। होमटेल आलमबाग के उन यात्रियों के लिए है, जिन्हें रहने के लिए अच्छा और सुविधा भरा होटल चाहिए।

45 छात्रों को मिली प्लेसमेंट के सहारे उड़ान

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय की प्लेसमेंट सेल ने एक दो नहीं बल्कि 45 छात्रों को रोजगार दिया है। विवि में हुए साक्षात्कार के दौरान छात्रों का चयन सेंट्रल प्लेसमेंट सेल के माध्यम से निजी कंपनियों ने किया। इस दौरान जरूरी जानकारियां भी साझा की गईं।

लविवि लगातार छात्रों के लिए रोजगार मेले के आयोजन करता रहा है। मंगलवार को सेंट्रल प्लेसमेंट सेल ने एक बार फिर निजी कंपनियों को आमंत्रित किया। सेल की निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल बताती हैं कि निजी कंपनियों के अधिकारियों ने छात्रों की काउंसलिंग की। फिर एक - एक कर 45 छात्रों का चयन किया गया। बताती हैं कि रोजगार के अवसरों के दौरान छात्रों को अपनी पढ़ाई पूरी करने की भी सुविधा मिलेगी।

भूख हड़ताल पर बैठे छात्र की हालत बिगड़ी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सुरक्षाकर्मियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग

अमृत विचार : बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में भूख हड़ताल पर बैठे एक छात्र की हालत मंगलवार देर शाम बिगड़ गई। बेहोश छात्र को उपचार के लिए लोकबंधु अस्पताल ले जाया गया।

बीबीएयू के छात्र कई दिनों से परिसर के भीतर प्रदर्शन कर रहे हैं। छात्रों की मांग सुरक्षाकर्मियों के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्रवाई किये जाने की है। इसी को लेकर मंगलवार को छात्र धरने पर बैठे थे। इसी दौरान देर शाम छात्र अखिलेश कुमार को अचानक उल्टी होने लगी। इसके बाद छात्र को विवि के हेल्थ सेंटर ले जाया गया, जहां उसका चेकअप हुआ। चिकित्सकों ने गंभीर हालत देखते हुए छात्र को लोकबंधु अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज चल रहा है। उधर, विश्वविद्यालय की ओर से बनायी गई जांच समिति के सामने छात्रों ने अपना पक्ष रखा। बीबीएयू के प्रवक्ता ने बताया कि मामले की जांच हो रही है। छात्रों से भूख हड़ताल खत्म करने की अपील की गई है।

भाषा विवि ने जारी की परीक्षाओं की सूची

अमृत विचार, लखनऊ : भाषा विवि ने परीक्षाओं को लेकर सूची जारी की है। परीक्षाएं 2 मई से 18 मई तक चलेंगी। कुलपति प्रो. एनबी सिंह का कहना है कि परीक्षाओं का शेड्यूल वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

कैंसर और ई-कचरे से लड़ेगा लविवि का शोध

देश भर के 37 आवेदनों में से विवि के आवेदन को स्वीकृति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद के सहयोग से लखनऊ विश्वविद्यालय की दो शिक्षिकाएं मिलकर कैंसर और ई- कचरे से लड़ने वाली कोशिकाओं का पता लगाने जा रही हैं। नए शोध को लेकर दोनों प्रोफेसरों को अनुदान भी दिया गया है।

सीएसआईआर-एस्पायर योजना महिलाओं को अंतर और ट्रांस अनुशासनात्मक अनुसंधान परियोजनाओं को वित्तपोषित करती रही हैं। इसी क्रम में देश भर के 37 आवेदनों में से लखनऊ विश्वविद्यालय की दो महिला शिक्षिकाओं के आवेदनों चयन हुआ। इसमें विवि की डॉ. शशि पांडे, रसायन विज्ञान विभाग और डॉ. रोली वर्मा, भौतिकी विभाग शामिल हैं। ये मिलकर शोध करेंगी। सहायक प्रोफेसर डॉ. शशि पांडे बताती हैं कि शोध से जुड़ी परियोजना नए कैंसर रोधी एजेंटों के विकास पर आधारित है। प्रस्तावित अणुओं में से कुछ परिभाषित लक्ष्यों के खिलाफ उत्कृष्ट गतिविधि प्रदर्शित करेंगे, जो सफल दवा के विकास के लिए एक प्रमुख अणु हो सकते हैं। डॉ. रोली वर्मा बताती हैं कि यह परियोजना जल संसाधनों में ई-कचरे विशेषकर सीसा आयनों का पता लगाने के लिए वर्णमिति सेंसर के विकास पर है। यह खतरनाक जल जनित बीमारियों से सुरक्षा और इलाज के लिए नई संभावनाएं प्रदान करेगा।

कैंसर इंस्टीट्यूट में सीटी सिम्युलेटर मशीन का लोकार्पण करते निदेशक डॉ.आरके धीमन, डॉ.देवाशीष शुक्ल व विभागाध्यक्ष डॉ.शरद सिंह। अमृत विचार

- रसायन व भौतिक विज्ञान की शिक्षिकाएं मिलकर करेंगी शोध

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेंडरिंग निविदा सूचना सं. 22/2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.), पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाइन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से **''खुली''** निविदा आमंत्रित करते हैं :

क्र. सं. : 1, कार्य का विवरण : इज्जतनगर डिवीजन के लालकुआँ–काशीपुर अनुभाग में गुलरभोज–बाजपुर स्टेशन के मध्य समइं/काशीपुर के अंतर्गत ब्रिज सं. 46 (7x12.2 मी. पीएससी स्लैब) का पुनर्निर्माण कार्य, **अनुमानित लागत:** रु. 11,59,83,340.44, **बयाना राशि :** रु. 7,29,900/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 18 माह।

क्र. सं. : 2, कार्य का विवरण : म.इं./प्रथम/इज्जतनगर के अधिकार क्षेत्र में प्रमुख पुल मार्गों का सुदृढ़ीकरण करना (स्वीकृत कार्य के अंतर्गत इज्जतनगर मंडल में प्रमुख एवं महत्वपूर्ण पुलों के मार्गों को सुदृढ़ करने का कार्य), **अनुमानित लागत :** रु. 4,12,16,303.44, **बयाना राशि :** रु. 3,56,100/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 09 माह।

क्र. सं. : 3, कार्य का विवरण : इज्जतनगर मंडल के लालकुआँ–काशीपुर अनुभाग में 32 किमी. में सेस एवं फार्मेशन में सुधार/चौड़ीकरण का कार्य (स्वीकृत कार्य के अंतर्गत रामपुर–लालकुआँ–काशीपुर एवं भोजीपुरा–पीलीभीत–टनकपुर में कुल 171.79 किमी. में सेस एवं फार्मेशन में सुधार/चौड़ीकरण का कार्य) (नोट–मिट्टी निजी भूमि से है), **अनुमानित लागत :** रु. 3,48,53,483.20, **बयाना राशि :** रु. 3,24,300/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 09 माह।

क्र. सं. : 4, कार्य का विवरण : समइं/पीलीभीत के अंतर्गत भोजीपुरा–पीलीभीत–टनकपुर एवं पीलीभीत–शाहजहाँपुर अनुभाग में ट्रॉली रिफ्यूज का प्रावधान, **अनुमानित लागत :** रु. 1,09,34,632.37, **बयाना राशि :** रु. 2,04,700/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 06 माह। **क्र. सं. : 5, कार्य का विवरण :** समइं/पीलीभीत के अधिकार क्षेत्र में बीसलपुर रेलवे स्टेशन पर बीसलपुर एप्रोच रोड का विकास कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 30,11,143.00, **बयाना राशि :** रु. 60,200/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 04 माह।

1. ई-निविदा दिनांक 15.05.2024 को 15.00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे।
2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.) इज्जतनगर

मुजाधि/डब्ल्यू-30

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सूचित हो कि विवाह से पूर्व मेरा नाम शालिनी राजपाल था जो शपथी के सभी शैक्षिक व प्रमाण पत्रों में अंकित है। विवाह के उपरान्त मेरा नाम सोनी हिमानी हो गया है। मेरा नाम सोनी हिमानी मेरे आधार कार्ड पर भी अंकित है। उपरोक्त दोनों नाम शालिनी राजपाल व सोनी हिमानी एक ही व्यक्ति के हैं। **मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना जाए क्योंकि यह मेरा असली और सही नाम है। सोनी हिमानी पुत्री ओम प्रकाश राजपाल पत्नी अजीत हिमानी निवासी– 5/18/259–ए बछड़ा सुल्तानपुर जिला अयोध्या, पिन– 224001**

सूचना

सूचित हो कि मैं **प्रवीण कुमार यादव पुत्र राम खिलावन यादव, निवासी– ग्राम– पौथिया, जिला–हमीरपुर,** अपने पुत्र आमोद यादव के दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल– अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं, भविष्य में इनसे मेरा कोई वास्ता नहीं होगा।

सूचना

सूचित हो कि मेरा नाम पासपोर्ट में त्रुटिवश MOHAMMAD NADEEM AHMAD अंकित हो गया है। जबकि मेरे सभी दस्तावेजो में मेरा वास्तविक नाम MOHD NADIM AHMED है। अतः मेरे पासपोर्ट पर मेरा वास्तविक नाम दर्ज किया जाय। **–मो0 नदीम अहमद, निवासी– ग्राम–भिटौरा, पो0–भिटौरा, थाना– रौनाही तहसील– सोहावल, जिला अयोध्या मोबाइल नं0––9198658643**

सूचना

सूचित हो कि मैंने अपना नाम दिलीप कुमार लालसा कनौजिया से बदलकर दिलीप कुमार रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **–दिलीप कुमार पुत्र लालसा राम सुमेर कनौजिया, निवासी– ग्राम व पो0– बढ़या, अतरौलिया, आजमगढ़**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गुलाब हुसैन से बदलकर गुलाम हुसैन रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **गुलाम हुसैन पुत्र सूबेदार ग्राम छितौना, पोस्ट मेघौली कला, जिला महराजगंज 273304**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Chauhan Suryamani Singh से बदलकर Chauhan Suryamani Amarnath Singh रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **चौहान सूर्यमणि अमरनाथ सिंह पुत्र अमरनाथ सिंह निवासी धौरहरा चौहान, देवखाल धिरौली बाबू, जिला बस्ती 272128**

सूचना

सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम बलराम कुमार पांडेय से बदलकर बलराम पांडेय रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **बलराम पांडेय पुत्र बजरंगी पांडेय ग्राम मोरवन दक्षिणी पोस्ट मिठौरा बाजार जिला महाराजगंज।**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम नजीर से बदलकर मजीर रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **मजीर पुत्र इब्राहिम ग्राम धनेवा धनेई, पोस्ट महराजगंज, थाना कोतवाली, जिला महराजगंज**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम सुरज से बदलकर सुरज यादव रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाये। **सुरज यादव पुत्र बैजनाथ यादव निवासी ब–227 Gulali vatika जेलरोड वार्ड न 59, पोस्ट गीता वाटिका, जनपद गोरखपुर।**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम महेश से बदलकर महेश निषाद रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **महेश निषाद पुत्र सिंगार ग्राम सिरसिया गढ़ाई उर्फ बरगदही, पोस्ट व थाना गुलहरिया, जिला गोरखपुर।**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम मोहम्मद हारून है। मुझे मेरे वास्तविक नाम से जाना एवं समझा जाए। **मोहम्मद हारून पुत्र मोहम्मद परवेज ग्राम कुई बाजार, पोस्ट असौजी बाजार, थाना सिकरीगंज, जिला गोरखपुर 273213**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम अशोक यादव से बदलकर अशोक कुमार यादव रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **अशोक कुमार यादव पुत्र चंद्रिका यादव निवासी ग्राम व पोस्ट सोहनपुर, थाना बनकटा, जिला देवरिया।**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Afzal Khan से बदलकर Afjal Khan रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **अफजल खान पुत्र रईस खान ग्राम रामुपुर, पोस्ट खोरिया बाजार, महुली खास, जिला सन्त कबीर नगर**

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

निविदा सं.	खुलने की तिथि	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	वेबसाइट
53245100	13.05.2024	रेसिस्टर ग्रिड, डायनेमिक ब्रेक आरई3, आरई7, 1.235 ओम, 545 एम्प्स फैन टैप ईएमडी पार्ट नंबर–10634216 के अनुसार।	16 नग	www.ireps.gov.in

पत्रांक 38/एसएमएम/डीएसएल/एएमवी/निविदा/एटी/2024–25 दिनांक : 23.04.2024

1211/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया निःशुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।

मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।

साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

एक नजर

लखनऊ चैंपियनशिप टेनिस टूर्नामेंट 26 अप्रैल से

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ चैंपियनशिप टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन लामार्टिनियर एसडीएस टेनिस अकादमी में 26 से 28 अप्रैल तक किया जाएगा। क्ले कोर्ट पर होने वाले इस मुकाबले में पुरुष सिंगल्स व डबल्स, महिला सिंगल्स व डबल्स के साथ अंडर-12, अंडर-14 व अंडर-16 आयु वर्ग में बालक व बालिकाओं के लिए टेनिस स्पर्धाएं होंगी। टूर्नामेंट डायरेक्टर गोपाल सिंह बिष्ट ने बताया कि इस चैंपियनशिप में 21 हजार रुपए की ईनामी राशि दांव पर होगी।

सुधरेगी 1962 सेवा, उन्नाव घटना में होगी कार्रवाई

अमृत विचार, लखनऊ : पशुओं के उपचार की 1962 सेवा में सुधार की उम्मीद है। इसका संचालन कर रहीं कंपनियां शासन की रडार पर हैं। उन्नाव मामले में एक पशु की मौत में बरती गई लापरवाही पर कार्रवाई की तैयारी है। प्रदेश में टोलफ्री 1962 सेवा में लगीं मोबाइल वेटरनरी यूनिट का संचालन कंपनियों द्वारा अनुबंध के तहत किया जा रहा है। लेकिन, कंपनियों की लापरवाही के कारण पशुओं को समय पर उपचार नहीं मिल रहा है। 7 अप्रैल को उन्नाव में एक पशु की हालत गंभीर होने पर कॉल के बाद भी समय पर वेटरनरी यूनिट न पहुंचने से मौत हो गई थी। इस तरह की अन्य शिकायतों को प्रमुख सचिव रवींद्र ने गंभीरता से लिया है और उन्नाव में हुई लापरवाही की जांच कराई है। कंपनी से स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। भुगतान रोकने की भी चर्चा है।

गुब्बारों से सजा मंदिर, चढ़ाया लड्डू का केक

हनुमान जयंती पर शहर के प्रमुख मंदिरों में हुए आयोजन, सुबह से शाम तक लगा रहा श्रद्धालुओं का तांता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गोमती तट स्थित लेटे हुए हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर लड्डू के केक का भोग लगाया गया। हनुमान भक्तों ने पूरे मंदिर को गुब्बारों से सजाया। सुबह हनुमान जी को सिंदूर का चोला चढ़ाया गया। छोटे हनुमान जी के विग्रह को दूध, दही, घी, शहद और शक्कर से अभिषेक कराया गया। दिन में भंडारे का भव्य आयोजन किया गया।

शाम को मुख्य सेवादार विवेक तांगड़ी ने भक्तों को हनुमान जी की कथा सुनाई। कथा से पहले दोपहर में सनातन सभा के शिव राम मिश्र द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया गया। शाम को भव्य आरती व भंडारे के साथ हनुमान जन्मोत्सव का समापन हुआ। हनुमान जन्मोत्सव पर सेवादार पंकज सिंह भदौरिया, रिद्धि किशोर गौड़, अल्केश सोती, आशीष अग्रवाल, प्रमित सिंह, अजय मेहरोत्रा, जगदीश श्रीवास्तव, अखिलेश कुमार, प्रहलाद अग्रवाल, राजेश आनंद और सुरेंद्र सदन सहित बड़ी संख्या में भक्तों ने हनुमान जी का दर्शन किया।

लेटे हुए हनुमान मंदिर में हुआ गुब्बारों से श्रृंगार। अमृत विचार

जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा हनुमान सेतु मंदिर

अमृत विचार, लखनऊ: हनुमान जन्मोत्सव पर शहर के मंदिरों में भारी भीड़ उमड़ी। शहर के प्रसिद्ध मंदिरों में से एक हनुमान सेतु मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ दिखाई दी। लोग सुबह से ही दर्शन करने के लिए लाइन में लगे रहे। जय श्रीराम के जयकारों से भक्तों ने मंदिर में प्रवेश किया और हनुमान के दर्शन किए। भक्तों ने हनुमान के चरणों में माथा टेक कर सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। मंदिरों में घंटा घड़ियाल की गूंज के बीच पवनसुत की पूजा-अर्चना कर भक्तों ने जयकारे लगाए। मंदिर में सुबह होते ही सारी तैयारियां पूरी होने के बाद प्रसाद वितरण शुरू हो गया। सुबह के समय गर्मी कम थी लेकिन दोपहर में तेज धूप रही। लेकिन भक्तों के उत्साह ने गर्मी के तेवर को किनारे कर दिया। भक्तों ने हनुमान चालीसा व सुंदरकांड का पाठ किया। मंदिर के बाहर भण्डारे का भी आयोजन किया गया था जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर को बहुत ही सुंदर तरीके से सजाया गया था। भक्तों के जय श्री राम और जय हनुमान के जयकारों से मंदिर गूंज उठा।

संकट मोचन मंदिर में हनुमान जयन्ती पर दर्शन करते भक्त। अमृत विचार

कला कोठी मंदिर में धूमधाम से मना हनुमान जन्मोत्सव

अमृत विचार, लखनऊ। प्राचीन संकट मोचन हनुमान जी घाट स्थित कला कोठी मंदिर प्रांगण में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर आचार्य राजेश शुक्ला, पंडित नीरज अवस्थी और पंकज अवस्थी ने पूजन यज्ञ सम्पन्न कराया। इस अवसर पर भक्तों ने सुंदरकांड का पाठ किया। लखनऊ समस्त डिपो समाचार पत्र वितरक सेवा समिति की शाखा चौक समाचार पत्र वितरक कल्याण समिति के चौक डिपो अध्यक्ष प्रदीप कुमार वर्मा, अंकुर दीक्षित, मोहित शर्मा, गोपाल नाथ शर्मा, मुरारी लाल यादव, राजेंद्र सिंह, वासुदेव पाल, शुभम कश्यप, चंद्र प्रकाश सिंह, रामनारायण, पवन निषाद और अन्य सभी भक्तों ने धूमधाम से हनुमान जन्मोत्सव मनाया।

कोठी मंदिर प्रांगण में भजन कीर्तन करते श्रद्धालु। अमृत विचार

हरेला बाखई ने किया सुंदरकांड का पाठ

अमृत विचार: कवन सो काज कठिन जग माहिं, जो नहीं होई तात तुम्ह पाहीं। सम्पुट के साथ हरेला बाखई ने हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सुंदरकांड का पाठ किया। संस्था के अध्यक्ष हरीश उपाध्याय ने हनुमान जी की पूजा अर्चना के बाद सुंदरकांड की शुरुआत करवाई। नर्मदेश्वर महादेव मंदिर नारायण आश्रम, महानगर के मुख्य पुजारी पंडित हरीश तिवारी ने पूजा संपन्न कराई इस अवसर पर हरेला बाखई के राजेश त्रिपाठी, तनु खुल्बे, गीता पालीवाल, मंजू पंत, रति चौबे, सतीश जोशी, तारा चन्द जायसवाल, आभा जोशी, रेखा कण्डारी, राम सिंह, रेखा तिवारी, भीमा त्रिपाठी, रुचि भण्डारी, कमला जोशी आदि ने भक्तिरस के सुरों में सुंदरकांड का पाठ किया।

टीकाराम हनुमान मंदिर में हुआ सुंदरकांड का पाठ

अमृत विचार, लखनऊ। निशातगंज गोमती पुल स्थित टीकाराम हनुमान मंदिर में मंगलवार को हनुमान प्राकट्योत्सव के मौके पर सत्य सनातन नारी शक्ति की ओर से सपना गोयल के मार्गदर्शन में सुंदरकांड का आयोजन किया गया। परमानन्द हरिहर मंदिर की संस्थापक सपना गोयल ने इस मौके पर यह आह्वान किया कि हर हिन्दू हर मंगलवार को अपने आसपास के मंदिर में सुंदरकांड का पाठ जरूर करे। उन्होंने कहा कि भारत संतों की भूमि है। आध्यात्मिक व सनातन पहचान के लिए यह जरूरी भी है। सपना गोयल अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 10 मार्च को पांच हजार महिलाओं से एक साथ सुंदरकांड का पाठ कराने का रिकार्ड बना चुकी हैं।

देहरादून में दम दिखाने को बेकरार लखनऊ के कराटे खिलाड़ी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ उत्तराखंड में 8 से 12 मई तक आयोजित होगी राष्ट्रीय चैंपियनशिप

अमृत विचार: राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले लखनऊ के ज्ञानेश कुमार सिंहल इस समय दिन रात अभ्यास में जुटे हैं। इशिता और अलीशा भी प्रदेश का नाम रोशन करने को अभ्यास में जुटी हैं। इन सभी कराटे खिलाड़ियों को बस एक जुनून है कि उत्तर प्रदेश के लिए स्वर्ण पदक जीत सके। सिर्फ ये खिलाड़ी नहीं लखनऊ के कई अन्य खिलाड़ी भी ऐसे हैं जो प्रदेश का नाम देश में रोशन करने को दिन-रात अभ्यास में जुटे हैं। लखनऊ के अन्य खिलाड़ी भी उत्तराखंड में आयोजित होने वाली इस राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में धमाकेदार प्रदर्शन को बेकरार हैं।

कराटे संघ के पदाधिकारियों के अनुसार उत्तराखंड में अगले महीने 8 से 12 मई तक राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी। इस चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश के साथ विभिन्न राज्यों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश का 71 सदस्यीय दल काता और कुमिते स्पर्धा में जीत के लिए जोरआजमाइश करेगा। उत्तर प्रदेश के इस दल में लखनऊ के खिलाड़ी भी शामिल हो रहे हैं। टीम में लखनऊ के उन्हीं खिलाड़ियों को जगह दी गई है, जिन्होंने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया है।

कुमिते में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी

- 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में 55 केजी में ज्ञानेश कुमार सिंघल, 50 केजी में सूरज कुमार,
- 21 वर्ष से कम आयु वर्ग में 55 केजी में ज्ञानेश कुमार सिंघल
- 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में 60 केजी से कम-जयभारत दुबे,
- जूनियर में 60 केजी में ऋतिक सोनकर

काता में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी

- 21 वर्ष से कम आयु वर्ग के खिलाड़ी- ज्ञानेश कुमार सिंघल
- जूनियर टीम (पुरुष) - विवान अहूजा, वेदांत सिंह, यश सिंह,
- जूनियर टीम (महिला)- इशिता, अलीशा सिंह, तूलिका शर्मा
- 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग (महिला)- ज्योति, प्राची वर्मा, खुशी यादव, इशिका गुप्ता,
- 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग (पुरुष)- आशीष सिंह, ज्ञानेश कुमार सिंघल, जयभारत दुबे,
- कैडेट बालिका वर्ग-प्रियंका सिंह

निरालनगर के सरस्वती कुज में भारतीय शिक्षा शोध संस्थान द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी को सम्बोधित करते पूर्व उप मुख्य मंत्री डॉ. दिनेश शर्मा व अन्य। अमृत विचार

बच्चों के साथ अब शिक्षकों की भी ऑनलाइन उपस्थिति

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ राजधानी में 10 प्रतिशत से अधिक सरकारी शिक्षकों ने शुरू की टैब से उपस्थिति

अमृत विचार: बेसिक शिक्षा परिषद की ओर संचालित प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों में बच्चों के साथ-साथ अब 10 प्रतिशत शिक्षकों की भी आनलाइन उपस्थिति शुरू हो गई है।

इस संबंध में सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को भी विभागीय निर्देश जारी करते हुए कहा गया है कि हर ब्लाक में शिक्षकों की आनलाइन उपस्थिति दर्ज करवाना शुरू करें ताकि शिक्षण व्यवस्था में पारदर्शिता लायी जा सके। बता दें कि राजधानी सहित प्रदेश भर के सरकारी विद्यालयों में सवा दो लाख से अधिक टैबलेट का वितरण पिछले शैक्षिक सत्र 2023-24 में किया जा चुका है। लेकिन अभी तक टैब पर बच्चो की उपस्थिति के साथ-साथ, मध्याह्न भोजन का विवरण, सीएल, सीसीएल जैसे ही कार्य ही ऑनलाइन हो पा रहे थे लेकिन शिक्षकों की उपस्थिति आनलाइन नहीं दर्ज हो पा रही थी।

अब शिक्षकों से विभाग की ओर से कहा जा रहा है कि शिक्षक अपनी भी उपस्थिति सुनिश्चित करें। हालांकि अभी यदि किसी शिक्षक की ओर से देर से भी उपस्थिति दर्ज होती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई न किए जाने की बात कही गई है।

> अभी 10 प्रतिशत शिक्षकों ने आनलाइन उपस्थिति दर्ज करानी शुरू कर दी है। बाकी अन्य जगहों पर भी शुरू हो जायेगी। शिक्षकों का सहयोग मिल रहा है।
> -राम प्रवेश, बीएसए लखनऊ

संघ के पदाधिकारियों को इस स्थिति में मिलेगी छूट

इस संबंध में शासन से जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सिर्फ मान्यता प्राप्त शिक्षक संगठनों, व कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों की कुछ नियमों के साथ छूट दी जा सकेगी। अपर मुख्य सचिव डॉ देवेश चतुर्वेदी की ओर से जारी आदेश के मुताबिक राज्य के जिन विभागों में आनलाइन व बॉयोमीट्रिक सिस्टम से उपस्थिति की व्यवस्था लागू है वहां मान्यता प्राप्त संघों के पदाधिकारियों को जिले स्तर पर जिलाधिकारी व अन्य विभागीय बैठक में शामिल होने की छूट दी जा सकेगी। लेकिन इसके लिए पहले से सूचना देनी होगी। आदेश के मुताबिक संघ के अध्यक्ष, महामंत्री, सचिव को छूट दी जा सकेगी।

मानव विकास पर केन्द्रित है राष्ट्रीय शिक्षा नीति

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ भारतीय शिक्षा शोध संस्थान में नई शिक्षा नीति पर हुई संगोष्ठी

अमृत विचार: राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पूरी तरह से मानव विकास पर केन्द्रित है। सभी शिक्षण संस्थानों में इसे जितनी जल्दी पूरी तरह से अमल में लाया जाये उतना ही बेहतर होगा। ये बात भारतीय शिक्षा शोध संस्थान के उपाध्यक्ष प्रोफेसर एसके द्विवेदी ने कही।

प्रो. द्विवेदी मंगलवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं उच्च शिक्षा पर शुरू हुई दो दिवसीय कार्यशाला में बोल रहे थे। निरालानगर स्थित भारतीय शोध संस्थान में आयोजित कार्यक्रम 24 अप्रैल तक चलेगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सभा सांसद व पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रो. द्विवेदी ने जननायक चन्द्र शेखर विश्वविद्यालय बलिया की पूर्व कुलपति प्रो. कल्पना पाण्डेय की उपलब्धियों के बारे में भी विस्तार से बताया।

प्रो. द्विवेदी ने कहा इस दो दिवसीय संगोष्ठी में प्रस्तुत होने वाले शोध पत्रों पर चिंतन मथंन से हम सभी को एक नई दिशा प्राप्त हो सकेगी।

कार्यक्रम के अंत में डॉ दिनेश शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति की विशेषताओं को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि लगातार अध्ययन ही शिक्षक अस्त्र है। नयी शिक्षा नीति में न केवल शिक्षकों की क्षमता बढ़ाने पर जोर है बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास का भी ध्यान रखा गया है। कार्यक्रम के मौके पर यतीन्द्र कुमार शर्मा, श्री कृष्ण मोहन पाण्डेय सहित कई लोग उपस्थित रहे।

फेयरवेल में विभिन्न परिधानों में सजी छात्राएं एवं शिक्षिकाएं। अमृत विचार

जनरल सर्जन भी अब कर सकेंगे सिजेरियन प्रसव

क्वीनमेरी में दिया जा रहा प्रशिक्षण, दुनिया में पहली बार इस तरह का प्रशिक्षण देने का दावा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अब जनरल सर्जन भी सिजेरियन प्रसव करा सकेंगे। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय स्थित प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग (क्वीनमेरी) में इन्हें सीजेरियन प्रशिक्षण देने की शुरूआत की गई है। विश्व में 12 डॉक्टरों का पहला बैच यहां से निकलेगा।

केजीएमयू में मंगलवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें केजीएमयू के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की एचओडी डॉ.एसपी जैसवार ने बताया कि नेशनल हेल्थ मिशन की तरफ से प्रशिक्षण की शुरूआत 22 अप्रैल से हुई है। यह तीन मई तक चलेगा। दो दिन का प्रशिक्षण प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में दिया गया है। 10 दिन का प्रशिक्षण जिला अस्पताल में दिया जायेगा। प्रशिक्षण के अंतिम दिन सभी डॉक्टर आकलन के लिए वापस केजीएमयू आएंगे। उन्हें प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे।

मातृ एवं शिशु मृत्युदर के आंकड़ों में आएगी कमी : डॉ. एसपी जैसवार ने बताया कि कई बार अस्पतालों में स्त्री रोग विशेषज्ञ का संकट रहता है। खासतौर पर सिजेरियन से प्रसव के वक्त। ऐसे में प्रसूता व गर्भस्थ शिशु की जिंदगी बचाने के लिए सिजेरियन प्रसव की जरूरत पड़ती है। जनरल सर्जन के प्रशिक्षित होने से सिजेरियन कराकर गर्भवती महिला व गर्भस्थ शिशु की जान बचाया जा सकती है। एनएचएम की निदेशक पिंकी जोयल ने कहा कि डॉक्टर सामान्य प्रसव कराने की कोशिश करें। मरीज की तबीयत के हिसाब से सिजेरियन कराएं। सुरक्षित प्रसव के लिए अधिक से अधिक डॉक्टरों को प्रशिक्षित किया जाए। ताकि समय पर संस्थागत प्रसव कराए जा सकें। कार्यक्रम के तहत जिला अस्पतालों के जनरल सर्जन को सिजेरियन डिलीवरी का प्रशिक्षणदेने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

प्रशिक्षण में शामिल डॉक्टर व विशेषज्ञ। अमृत विचार

रैंप पर दिखी भारतीय संस्कृति की झलक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ लखनऊ विश्वविद्यालय के बीआर आंबेडकर छात्रावास में आयोजित हुआ फ्रेशर एवं फेयरवेल कार्यक्रम

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के बीआर आंबेडकर छात्रावास में फ्रेशर एवं फेयरवेल कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सभी छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी कलाओं का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं खेलकूद संबंधी प्रतियोगिताओं के आयोजन हुए। फैशन शो में छात्राओं ने अलग-अलग राज्यों से जुड़े परिधानों को प्रदर्शित किया। उर्मिका पांडे ने दक्षिण भारतीय पोशाक में लुंगी डांस कर के प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं इकरा सलीन और प्रिया ने भी कश्मीरी एवं बंगाली वेशभूषा का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। दिव्या, मोहिनी और अंजली दूसरे स्थान पर रहीं। सोनालिका, राधिका, आरोही ने भी तीसरा स्थान प्राप्त किया। मेहंदी प्रतियोगिता, नेल आर्ट प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, फेस पेंटिंग, अंताक्षरी, म्यूजिकल चेयर सहित अन्य प्रतियोगिताओं के भी आयोजन हुए। प्रो. संगीता साहू, प्रो. अनूप कुमार सिंह, डॉ. आरके सिंह सहित काफी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

पोस्टर मेकिंग के सहारे महिला सशक्तीकरण पर बल

छात्राओं ने बंगाली, पंजाबी, राजस्थानी, बिहारी सहित अन्य पोशाकों के सहारे पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। ऐसे में महिला सशक्तीकरण की भावना को आगे बढ़ाकर लैंगिक समानता से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर जागरूक किया।

एक नजर

ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

अमृत विचार, लखनऊ : वजीरगंज कोतवाली अंतर्गत ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत हो गयी। अमित श्रीवास्तव निवासी गली नम्बर 9 अमन विहार कालोनी कैम्पवेल रोड थाना ठाकुरगंज ने बताया कि उसका छोटा भाई रोहित कुमार श्रीवास्तव (32) नशे का आदी था। जो अक्सर नशा करने के लिए घर से निकल जाता था। उसका शव डालीगंज ऐशबाग रेलवे स्टेशन के मध्य अप रेलवे लाइन पर पड़ा मिला है। एसआई हरिदास चौरसिया ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। मृतक की एक पुत्री है।

सड़क किनारे मिला युवक का शव

अमृत विचार, लखनऊ : कोनेश्वर चौराहे के पास मंगलवार को सड़क किनारे युवक का शव पड़ा मिला। शव देख अफरा-तफरी मच गयी। मलिहाबाद के कटौली निवासी कलावती के मुताबिक बेटा रिंकू (30) ठाकुरगंज में रहकर सब्जी का ठेला लगाता था। वह नशे का आदी था। मंगलवार सुबह कोनेश्वर चौराहे के पास स्थित मॉडल शॉप के सामने रिंकू का शव मिलने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचकर शव की पहचान बेटे रिंकू के रूप में की। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज श्रीकांत राय के मुताबिक शुरूआती जांच में नशे के चलते मौत होने की बात सामने आ रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

ट्रक से टकराई तेज रफ्तार कार

अमृत विचार, लखनऊ : बाराबंकी के बदोसराय थानान्तर्गत पारा गांव निवासी ट्रक चालक प्रवेश कुमार ने बताया कि वह ट्रक लेकर अमौसी ओवर ब्रिज के नीचे खड़ा था। उसके साथ हेल्पर नीरज पांडेय भी मौजूद था। तभी उधर से गुजर रही तेज रफ्तार वैगन-आर कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक तेजी से वाहन चलाते हुए उसकी ट्रक में सामने से टक्कर मार दी। इसके बाद कार सवार उससे गाली करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने ट्रक का शीशा फोड़ दिया। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एलडीए का जेई बनकर करता था ठगी, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ फाइनेंस कम्पनी के लोन रिकवरी एजेंट ने ससुर और साली के साथ मिलकर बनाया गिरोह

अमृत विचार : गाजीपुर पुलिस ने लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) का आवास आवंटित कराने के नाम धोखाधड़ी करने वाले एक जालसाज को गिरफ्तार किया है। आरोपी खुद को प्राधिकरण का जेई बता लोगों से वसूली करता था। असलियत में वह एक निजी फाइनेंस कम्पनी में लोन रिकवरी एजेंट है। उसके खिलाफ गाजीपुर थाने में धोखाधड़ी के दो मामले दर्ज है। उसके गिरोह में साली और ससुर भी शामिल है।

प्रभारी निरीक्षक विकास राय ने बताया कि मंगलवार सुबह जानकीपुरम गार्डन गुरुनानक लॉन के समीप सद्भावना सोसायटी निवासी लोन रिकवरी एजेंट काजी सैफ रहमान को गिरफ्तार किया गया है। उसने दो लोगों से धोखाधड़ी की थी। लम्बे समय पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। लोन रिकवरी एजेंट ने इन्दिरानगर बी-ब्लॉक निवासी ऋषभ कनौजिया को एलडीए का जेई बता एक मकान आंवटित कराने का झांसा दिया था। इसके एवज में आरोपी ने ऋषभ से करीब पांच लाख रुपये लेकर उसे फर्जी आवंटन पत्र दिया था। इसी तरह अयोध्या बेगमगंज निवासी अविनाश जायसवाल को हरदोई रोड बसंतकुंज में मकान दिलाने का झांसा देकर पांच लाख रुपये लिए थे।

ससुर है गिरोह का सरगना

पूछताछ में लोन रिकवरी एजेंट ने बताया कि वह एक निजी फाइनेंस कम्पनी में कार्यरत है। उसके गिरोह का सरगना ससुर सै. मुश्ताक है। वह रियल एस्टेट का काम भी करता है। जमीन खरीदने के लिए सम्पर्क करने वालों से मुश्ताक और उसकी बेटी अनम डील करते थे। भरोसा जीतने के लिए सैफ को एलडीए का जेई बना कर मिलाया जाता था। रुपये ऐंठने के बाद आरोपी फर्जी आवंटन पत्र भी जारी करते थे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मुश्ताक और अनम की तलाश की जा रही है।

सिपाही और युवती को झांसा देकर ऐंठे 5.10 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ प्रभारी निरीक्षक ने परिचित पर लगाया धोखाधड़ी का आरोप

▸▸ पीड़ितों ने सम्बन्धित थाने में दर्ज कराई धोखाधड़ी की प्राथमिकी

अमृत विचार : जालसाजों ने सिपाही और एक युवती को झांसा देकर उनसे 5.10 लाख रुपये ठग लिए है। पीड़ितों ने सरोजनीनगर और गोमतीनगर में थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसके इसके अलावा प्रयागराज में तैनात प्रभारी निरीक्षक से परिचित दंपति ने ढाई लाख रुपये व लाखों का सामान हड़प लिया है। प्रभारी निरीक्षक ने चिनहट थाने में कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र गिरी के मुताबिक, ट्रांसपोर्ट नगर में 1 बटालियन यूपीएसएसएफ (32 वाहिनी) में तैनात सिपाही शैलेंद्र कुमार ने साइबर ठगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में सिपाही ने बताया कि कुछ दिन पूर्व उनके वाट्सएप को मार्केट पायनियर ग्रुप से जोड़ा गया था। इसके बाद जालसाजों ने शेयर मार्केट में रुपया निवेश कर मुनाफा कमाने का झांसा देकर कई मदों में 5.10 लाख रुपये ऐंठ लिया है। रुपये मांगने पर उन्हें ग्रुप से निकाल दिया।

वहीं, तालकटोरा थाना अंतर्गत राजाजीपुर में ई-ब्लॉक निवासी शोभना सैनी ने अपनी सगाई, शादी व रिसेप्शन के लिए फोटो व वीडियोग्राफी के लिए गोमतीनगर के विशालखंड निवासी फोटोग्राफर नरेंद्र कुमार पृथ्वी व उसके बेटे साहिल को एक लाख रुपये दिए थे। बावजूद इसके जालसाजों ने उन्हें न तो उनकी फोटो व वीडियो दी और न रुपये लौटाए। इसके अलावा चिनहट थाना अंतर्गत दुर्गापुरी कॉलोनी निवासी प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार तिवारी प्रयागराज में तैनात हैं। उन्होंने बताया कि उनके घर में रीना व उसका पति सोनू का आना जाना था। दोनों ने उनका भरोसा जीत लिया। इस बात का फायदा उठाकर दोनों ने पीड़ित की पत्नी से एक बाइक, फ्रीज और 2.50 लाख रुपये ले लिए थे। दंपति ने उनसे वादा किया था कि जब वह सामान मांगे तो वे लौटा देंगे। बावूजद इसके दंपति ने सामान वापस नहीं किया। चिनहट प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार चतुर्वेदी के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।

मैनुअली फीडिंग में गलत हुआ था रजिस्ट्री का डाटा

इंगित त्रुटियों में सुधार कर 15 मार्च को भेजा गया था संशोधित डाटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सरोजनी नगर उप निबंधक कार्यालय में आयकर चोरी न होने का दावा

अमृत विचार : सरोजनी नगर उप निबंधक कार्यालय में आयकर की साइट पर वर्ष 2019-2020, 2020-21 व 2022-23 में सेटलमेंट ऑफ फाइनेंसियल ट्रांजेक्शन (एसएफटी) का गलत डाटा फाइल कर 4.60 करोड़ रुपये आयकर चोरी का मामला पकड़ा गया है। इन वर्षों के तथ्य भी छिपाए गए हैं। इस मामले की जांच आयकर विभाग कर रहा है। साथ ही स्टांप एवं पंजीयन मंत्री रवींद्र जायसवाल ने सहायक महानिरीक्षक स्टाम्प निर्मल सिंह को मुख्यालय संबद्ध करते हुए सभी कार्यालयों में हर वर्ष आयकर को फाइल किए गए डाटा की जांच के निर्देश दिए हैं।निबंधन कार्यालय ने आयकर चोरी न होने का दावा किया है। रजिस्ट्री डाटा जो आयकर को तीन वर्ष का फाइल किया गया उसमें मैनुअली फीडिंग में गलती होना बताया है। इंगित त्रुटियों में नियमानुसार सुधार कर 15 मार्च को संशोधित डाटा भेजा गया था।

30 लाख से अधिक बैनामा का फाइल होता है रिटर्न

उप निबंधक कार्यालयों में 30 लाख या इससे अधिक क्रय-विक्रय व मालियत संबंधित पंजीकृत हुए लेखपत्र (बैनामा) हर वर्ष आयकर विभाग की बेवसाइट पर फाइल किए जाते हैं। पंजीकृत बैनामों का इंडेक्स निकालकर आयकर विभाग की साइट पर 42 कालम में मैनुअली भरा जाता है। निबंधन विभाग का प्रेरणा साफ्टवेयर हिंदी में और आयकर का अंग्रेजी में है। इस कारण प्रेरणा साफ्टवेयर से डाटा निकालकर आयकर की साइट पर भरने में गलतियां होना स्वभाविक है। इस मामले पर यही गलती बताई गई है। फिलहाल जांच में सच्चाई सामने आएगी।

> किसी तरह की आयकर क्षति नहीं हुई है। मैनुअली फीडिंग में त्रुटियां हुई थी, जो संशोधित कर दोबारा डाटा फाइल किया गया था। यदि जांच में गड़बड़ी मिलती है तो कार्रवाई होगी।
>
> – सतीश कुमार त्रिपाठी, सहायक महानिरीक्षक निबंधन (प्रथम) लखनऊ

हर वर्ष 50 हजार से ज्यादा लेखपत्र होते हैं फाइल

जिले के सभी नौ निबंधन कार्यालय में हर वर्ष 50 हजार से अधिक लेखपत्रों की एसएफटी फाइल होते हैं। इसमें सरोजनी नगर की संख्या हर वर्ष 10 हजार से अधिक होती है। अधिक संख्या होने के कारण अक्सर डाटा फीडिंग को कॉपी करने में गलतियां होती हैं। इस तरह की समस्या आगे न आए इसके लिए आयकर विभाग से निबंधन विभाग का साफ्टवेयर लिंक करने की प्रक्रिया चल रही है।

नामांकन के दौरान आठ दिन रहेगा ट्रैफिक डायवर्जन

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव के नामांकन जिलाधिकारी कार्यालय में शुक्रवार से 3 मई तक होगा। प्रत्याशी सुबह 10 से रात 8 बजे तक नामांकन कर सकेंगे। इस दौरान ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए आठ दिनों के लिए तीन मार्गों का ट्रैफिक डायवर्ट किया गया है। इस दौरान कैसरबाग बस अड्डे से सीतापुर, लखीमपुर खीरी, शाहजहांपुर, बरेली की ओर से भारी वाहन और बसें चकबस्त के बजाए सीएमओ चौराहा, रेजीडेंसी तिराहा, डालीगंज होकर गुजर सकेंगी। कैसरबाग बस अड्डे से बाराबंकी, फैजाबाद, गोरखपुर की ओर जाने वाले भारी वाहन, बसें और छोटे वाहन चकबस्त के बजाए अशोक लाट चौराहा से बाएं मुड़कर परिवर्तन चौक चौराहा होकर गुजरेंगे। रायबरेली, उन्नाव, कानपुर की ओर जाने वाले भारी वाहन, बसें और छोटे वाहन चकबस्त के बजाए अशोक लाट चौराहा, बर्लिंग्टन चौराहा होकर गुजर सकेंगे।

न्यायालय के बाहर महिला ने पति को पीटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पति की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

अमृत विचार : पारिवारिक न्यायालय के बाहर दम्पति के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि पत्नी ने बीच सड़क पर जूते से पति की पिटाई कर दी। हंगामा होता देख लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। मौजूद राहगीरों ने पूरे मामले का वीडियो बना उसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल कर दिया। हालांकि, वायरल हो रहे वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है।

पारिवारिक न्यायालय परिसर में अक्सर दंपति विवाद सामने आते है। ऐसा ही एक मामला मंगलवार को परिवारवाद अदालत के बाहर देखा गया। जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में एक महिला अपने पति को पारिवारिक न्यायालय के बाहर जूते से पीटती दिखाई पड़ रही है। कैसरबाग प्रभारी निरीक्षक सुनील सिंह ने बताया कि दंपति का किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। जिसके बाद गुस्साई महिला ने सड़क पर पति को जूतों से पीट दिया है।

हाथ में जूता लिए महिला।

गुलालपुर गांव में फसल में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी व मौके पर उपस्थित ग्रामीण। अमृत विचार

हाईटेंशन लाइन से तीन बीघा गेंहू राख

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : महिंगवां थानाक्षेत्र के अंतर्गत गुलालपुर गांव में खेतों से निकली हाईटेंशन विद्युत लाइन से निकली चिंगारी से गेहूँ के खेत में आग लग गई।वहीं आग लगने की सूचना पर सैकड़ों ग्रामीण इकट्ठा हो गए और आग बुझाने का प्रयास करने लगे।जिसके बाद सूचना पर पहुंची दमकल कर्मचारियों व ग्रामीणों के अथक प्रयासों से आग पर काबू पाया गया।ग्रामीणों के मुताबिक गुलालपुर निवासी बशीर का करीब 1 बीघे गेहूं व रामू के बटाईदार गोकरन प्रसाद निवासी परसहिया का करीब 2 बीघे जमीन का गेहूँ जलकर राख हो गया।

छह लाख की नकदी व जेवरात किए पार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सुशान्त गोल्फ सिटी थाना अंतर्गत हसनपुर खेवली का पुरवा गांव निवासी सचिन रावत ने बताया कि सोमवार की रात वह सपरिवार घर के बाहर सो रहे थे। इस दौरान चोरों ने घर मे घुसकर छह लाख की नकदी व तीन लाख की जेवरात पार कर दिए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने चोरों तक पहुंचने के लिए डॉग स्क्वायड और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट को बुलाया। लेकिन नहर तक जाने बाद डॉग फिर आगे नहीं बढ़ सका। इंस्पेक्टर सुशान्त गोल्फ सिटी अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि मौके पर फिंगर के निशान लिए गए है। पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया गया।

बहला-फुसलाकर युवक ने किया किशोरी से दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : आशियाना थाना क्षेत्र में किशोरी को बहला फुसला युवक ने उसके साथ दुराचार किया।

आशियाना थाना प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह ने बताया कि किशोरी के अनुसार उसकी दोस्ती एक वर्ष पूर्व इंस्टाग्राम के माध्यम से आदिल खान नामक युवक से हो गई थी। जिसने उसे प्रेम जाल में फंसाकर दुष्कर्म किया। जिसे बदहवास अवस्था में छोड़कर भाग निकला। किशोरी ने अपने परिजनों को आपबीती बताई। जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गयी।

दुष्कर्म की कोशिश में किशोरी से मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : दुबग्गा पुलिस ने दुराचार के विरोध में किशोरी से मारपीट करने वाले आरोपी की गिरफ्तारी की है। किशोरी उसके खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक अभिनव वर्मा ने बताया कि क्षेत्र के धनसीखेड़ा निवासी नौमीलाल को मंगलवार सुबह सैथा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया है। शुक्रवार दोपहर नौमीलाल ने नित्यक्रिया करने जा रही किशोरी (17) से दुष्कर्म की कोशिश की थी। फिलहाल किशोरी के बयान के आधार पर प्राथमिकी में दुराचार और पोक्सो एक्ट की धारा बढ़ाई गई है।

युवक पर गिरा जर्जर मकान का छज्जा

अमृत विचार, लखनऊ : सआदतगंज कोतवाली अंतर्गत टापे वाली गली में मंगलवार को एक जर्जर मकान के दूसरे तल बना छज्जा सड़क पर गिर पड़ा। हादसे में एक युवक घायल हो गया। परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। इलाके की टापे वाली गली में इरफान रहते हैं। उनके मकान के दूसरे तल पर निर्माण कार्य चल रहा था। मंगलवार दोपहर छज्जे पर उनका बेटा अब्बास खड़ा था। तभी अचानक छज्जा भरभराकर सड़क पर गिर गया। हादसे में अब्बास घायल हो गए। वहीं, छज्जे की चपेट में आने से बिजली का खंभा और केबिल टूट गया। दरोगा ओम हरि सिंह के मुताबिक अब्बास को परिजनों ने अस्पताल पहुंचाया है। वहीं, बिजली कर्मचारी मरम्मत कर रहे हैं। अभी तक किसी ने कोई तहरीर नहीं दी है।

आईएएस के घर से समेटे मोबाइल, घर व दुकान से ज्वैलरी व नकदी की पार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ तीनों ही मामलों में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर शुरू की जांच

अमृत विचार : गोमतीनगर थाना अंतर्गत आईएएस अधिकारी ने अपने आवास में काम करने वालों पर उनके चार कीमती मोबाइल चोरी करने का आरोप लगाया है। वहीं, सरोजनीनगर के अवध विहार कॉलोनी में चोरों ने टेलर के घर से ज्वैलरी व नकदी पार कर दी। इसके अलावा गाजीपुर थाना अंतर्गत चोरों ने पिज्जा स्टोर से गल्ले में रखे 45 हजार रुपये व डीवीआर पर हाथ साफ कर दिया। तीनों ही मामलों में पुलिस जांच कर रही है।

गोमतीनगर प्रभारी निरीक्षक दीपक पांडेय के मुताबिक, विनीतखंड निवासी आईएएस राजेश कुमार सिंह के पास चार महंगे मोबाइल थे। उन्होंने बताया कि मोबाइल पुराने हो चुके थे। इसलिए उन्होंने उसे अपने आवास में एक दराज में रख दिए थे। कुछ दिन पूर्व उनके आवास में सफाई की गई तब चारों मोबाइल दराज से गायब मिले। उन्होंने पूरे आवास में मोबाइल की तलाश की, मगर वे नहीं मिले। आईएएस का आरोप है कि आवास में काम करने वालों ने उनके चारों मोबाइल चोरी कर लिए है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच की रही है।

वहीं, सरोजनीनगर के अवध विहार कॉलोनी निवासी मो. आमीन घर पर ही कपड़ों की सिलाई करते हैं। सोमवार रात वह सपरिवार छत पर सो रहे थे। उनका आरोप है कि छत से घर में चोर दाखिल हो गए। चोरों ने कमरे में रखे संदूक से एक लाख रुपये, कीमती बर्तन और दुकान से कुछ कपड़े चुरा लिए। प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र गिरी ने बताया कि घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। इसके अलावा चोरों ने गाजीपुर में पिज्जा स्टोर से चोरों ने 45 हजार की नकदी और डीवीआर पर हाथ साफ कर दिया। स्टोर मैनेजर रिपुन्जय द्विवेदी की लिखित शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है।

सार-संक्षेप

वैन में लगी आग को बुझाते ग्रामीण। अमृत विचार

सवारियों से भरी चलती वैन में लगी आग

अमृत विचार, बीकेटी : इटौंजा थाना अन्तर्गत लखनऊ-सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर खानीपुर गांव के पास मंगलवार को सवारियों से भरी चलती वैन (मैजिक) में आग लग गई। आग की लपटें व धुआं निकलता देख सवारियां चिल्लाने लगीं, तो चालक ने गाड़ी रोकी। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। बीकेटी प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, लखनऊ-सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार शाम को वैन चालक प्रवांश सवारियां लेकर सीतापुर की जा रहा था। तभी खानीपुर गांव के पास अचानक चलती गाड़ी में आग लग गई। सवारी राजवीर ने बताया कि चालक व परिचालक को मिलाकर 18 लोग बैठे थे। सभी लोग चिल्लाने लगे। सवारियों ने किसी तरह गाड़ी रुकवाई और कूदकर कर जान बचाई। इसके बाद पास में स्थित एक फैक्ट्री में लगे समरसेबल की मदद से पानी डालकर आग बुझाई गई। लखनऊ-सीतापुर हाइवे पर आए दिन खचाखच भरे सवारी वाहन फर्राटा भरते रहते हैं। जिसपर जिम्मेदार अधिकारियों की नजर नहीं जाती है। यही नहीं गाड़ियों पर नंबर दूसरे जनपद का होता है।

टास्क पूरा करने के चक्कर में गंवाए रुपये

अमृत विचार, लखनऊ : प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह के मुताबिक, न्यू इंद्रपुरी निवासी गौरव कुशवाहा का बैंक खाता पीएनबी बैंक में है। कुछ दिन पूर्व उन्होंने सोशल मीडिया अधिक कमाई के लालच में आकर टास्क पूरा करने के लिए यूपीआई माध्यम से कई मदों में 86, 272 हजार रुपए निवेश कर दिये। बावजूद इसके मुनाफा नहीं मिला बल्कि खुद के रुपये भी डूब गये।

इनडोर एम्यूजमेंट पार्क के निर्माण को किया गया सील

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने मंगलवार को चिनहट के अयोध्या रोड पर कमता में मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे इनडोर एम्यूजमेंट पार्क के निर्माण को सील कर दिया। जोनल अधिकारी प्रवर्तन जोन पांच राजकुमार ने बताया कि मेसर्स ग्रीन-वे बिल्डर्स के प्रतिनिधि अजय कुमार व अन्य द्वारा चिनहट के कमता में अयोध्या रोड पर नीलकण्ठ स्वीट्स के पास लगभग 10,000 वर्गफिट क्षेत्रफल में बच्चों व व्यस्कों के लिए इनडोर एम्यूजमेंट पार्क व फन जोन का निर्माण कराया जा रहा था। इसके लिए बिल्डर ने स्थल पर 19 गाटर स्थापित करते हुए 20 फुट ऊंची टीनशेड लगवा रहे थे। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना अवैध रूप से किये जा रहे इस व्यावसायिक निर्माण के विरुद्ध विहित न्यायालय से सीलिंग का आदेश पास था, जिसे अभियंताओं ने प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाना पुलिस बल के सहयोग से सील कर दिया।

अमीन रोज 20 गाटों का सर्वे करके देंगे रिपोर्ट

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने लैंड बैंक बढ़ाने के लिए अफसरों व कर्मचारियों की जिम्मेदारी निर्धारित की है। अब अर्जन अनुभाग में तैनात अमीन रोज कम से कम 20 गाटों का सर्वे करके शाम तक विस्तृत रिपोर्ट देंगे। संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह के कार्यालय में आयोजित बैठक में उपाध्यक्ष ने कहा कि अमीनों से केवल फील्ड का कार्य कराया जाए। अर्जन से संबंधित फाइलों के निस्तारण की कार्यवाही बाबू करेंगे। इसके लिए उन्होंने अर्जन अनुभाग में पांच लिपिकों की तैनाती के आदेश दिये। उपाध्यक्ष ने कहा कि प्रत्येक अमीन के साथ दो-दो सुपरवाइजर भी तैनात किये जाएंगे। सर्वे के क्रम में अमीनों को जमीन की वर्तमान स्थिति के साथ लैंड यूज के बारे में भी बताना होगा। प्राधिकरण की अर्जित भूमि पर किसी तरह का अवैध कब्जा पाया जाता है तो अभियंत्रण एवं प्रवर्तन की टीम के साथ मिलकर उक्त भूमि को तुरंत खाली कराया जाएगा। बैठक में अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह, मुख्य अभियंता अजय कुमार सिंह व मुख्य नगर नियोजक केके गौतम समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

ओवरब्रिज की मरम्मत के चलते बदला रहेगा यातायात

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ-फैजाबाद मार्ग पर डालीगंज से निशातगंज मार्ग के किमी.-3 में स्थित इन्दिरा ब्रिज की मरम्मत कार्य के मद्देनजर 24 अप्रैल से 23 मई 2024 तक आवश्यकतानुसार ट्रैफिक का डायवर्जन किया गया है। इस दौरान आईटी चौराहे से निशातगंज आने वाला यातायात ब्रिज पर चढ़ने से लगभग 50 मीटर पहले बांये मुड़कर महानगर रेलवे क्रासिंग की ओर होते हुए या दाहिने मुड़कर छन्नी लाल चौराहा से गोलमार्केट चौराहा की तरफ से होते हुए अपने गन्तव्य के लिए आवागमन कर सकेंगे। वहीं निशातगंज से आईटी चौराहे की तरफ आने वाला यातायात गोल मार्केट, निशातगंज ओवरब्रिज के दाहिने सर्विस लेन फातिमा अस्पताल के सामने से होते हुए अपने गन्तव्य को जा सकेगा।

ये है हाल परचून की दुकान से लेकर ठेले तक पर बिक रही अंग्रेजी शराब

रात दस 10 के बाद बदल जाता है मयखानों का पता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पुलिस का खौफ नहीं, धड़ल्ले से हो रही बिक्री

▸▸ शराब के अवैध कारोबार में महिलाएं भी शामिल

▸▸ आबकारी विभाग लगातार कर रहा छापे की कार्रवाई

अमृत विचार: शहर में अंग्रेजी शराब की दुकानों के शटर भले ही गिर जाते हो, लेकिन मयखाने बंद नहीं हो रहे हैं। इन मयखानों में दस बजे के बाद पियक्कड़ों की महफिल जमती है और शराब भी परोसी जाती है। इन मयखानों का पता सिर्फ उन पियक्कड़ों को है जो वहां के स्थाई ग्राहक हैं या फिर जिनकी सरपरस्ती में रात 10 बजे के बाद यह शराब की दुकानें रोशन हो रही हैं। इनके पास न तो लाइसेंस है न ही इनकी कोई दुकान है। शराब की ये व्यापारी परचून, पान या किसी अन्य सामान का ठेला लगाते हैं और अपने आस-पास की दुकानों से दिन में शराब की बोतल खरीद कर रख लेते हैं। उसके बाद रात में शराब के शौकीनों को यह बोतल 30 से 50 रुपए अधिक लेकर उपलब्ध करा दी जाती है। खास बात यह है शराब की इस अवैध कारोबार में महिलाएं भी शामिल हैं, जिन पर जल्द किसी को शक नहीं होता है।

हाल में शहर के एक इलाके में ठेले पर एक महिला शराब बेचते मिली। यह महिला बहुत समय से बिना लाइसेंस के अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रही थी। आबकारी विभाग द्वारा विगत शनिवार को छापेमारी कर इस महिला को गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में विगत रविवार को डालीगंज क्रासिंग के पास से एक अभियुक्त को शराब बेचते गिरफ्तार किया गया। सूत्रों के मुताबिक नाका क्षेत्र में भांग ठेका के सामने भी रात 10 बजे के बाद शराब बेची जाती है। और उसी क्षेत्र में एक महिला द्वारा रात 3 बजे तक शराब बेची जा रही हैं। आबकारी विभाग द्वारा लगातार छापा मारने की कार्रवाई की जा रही है फिर भी अवैध बिक्री जारी है।

> आबकारी टीम द्वारा लगातार अभियान चलाकर छापेमारी की जा रही हैं। प्रत्येक क्षेत्र के आबकारी निरीक्षक को आदेशित किया गया है कि कहीं भी अवैध रूप से शराब की बिक्री न होने दी जाए।
>
> –राकेश कुमार सिंह जिला आबकारी अधिकारी

जन्मदिन पार्टी में डांस कर रहे युवक ने की हर्ष फायरिंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सर्विलांस की मदद से युवक की तलाश में जुटी आशियाना पुलिस

अमृत विचार : आशियाना थाना अंतर्गत रजनीखंड क्षेत्र से सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक हर्ष फायरिंग का वीडियो सुबह से वायरल हो रहा है। बताया जाता रहा है कि यह शख्स इब्राहिमपुर प्रथम का पार्षद है। हालांकि, वायरल हो रहे वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है।

दो थानों की पुलिस भी उलझ गई

शुरुआती दौर में यह वीडियो सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र का बताया जा रहा था। पुलिस ने जांच की तो पता चला कि यह वीडियो आशियाना के रजनीखंड क्षेत्र का है। असमंजस की स्थिति में सुशांत गोल्फ सिटी और आशियाना पुलिस वीडियो की पुष्टि करने में जुटी गई। आखिरकार आशियाना पुलिस ने वायरल हो रहे वीडियो की पुष्टि की है। प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह ने बताया कि वीडियो के आधार पर हर्ष फायरिंग करने वाले युवक की पहचान बृजमोहन शर्मा उर्फ मुकेश शर्मा के रूप में की है। बताया जा रहा है कि बृजमोहन शर्मा इब्राहिमपुर प्रथम के पार्षद है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पूछताछ करने पर पता चला कि वीडियो जनवरी का है।

एक नजर

सांकेतिक भाषा में मतदान का संदेश देंगे वीडियो

अमृत विचार, लखनऊ : निर्वाचन आयोग के माध्यम से वोटर गाइड के पृष्ठों का सांकेतिक भाषा (साइन लैंग्वेज) में वीडियो तैयार कराए गए हैं, जो जिला निर्वाचन अधिकारी वेबसाइट, व्हाट्स एप ग्रुप व अन्य इंटरनेट मीडिया के माध्यम से प्रसारित किए जाएंगे। जो सुन नहीं सकते उन्हें इससे मतदान करने करने की जानकारी होगी और प्रेरित होंगे। मुख्य विकास अधिकारी/नोडल स्वीप अजय जैन ने बताया कि सहायक नोडल के तौर पर नामित जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला सूचना विज्ञान अधिकारी को प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं।

नुक्कड़ नाटक के सहारे जगाई स्वच्छता की अलख

अमृत विचार, लखनऊ : नवयुग कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व एनसीसी विंग के मेजर डॉ. मनमीत कौर सोढ़ी ने किया। कार्यक्रम चारबाग मेट्रो स्टेशन के अलावा अन्य स्थानों पर चला। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को सफाई के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर कैडेट पलक गुप्ता, शुभांगी निगम, आयुशी शर्मा, नैंसी विश्वकर्मा, श्रेया गुप्ता, साक्षी सोनकर, शिवानी वर्मा, सुहानी झा, गौरवी यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजेताओं को मिली पुस्तकें

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ मेट्रो ने मंगलवार को विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस के अवसर पर नेशनल बुक ट्रस्ट के साथ मिल कर रीड योर वे थीम पर चलती मेट्रो ट्रेन में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की। इसमें मेट्रो यात्रियों को विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस के बारे में जागरूक किया गया। प्रतियोगिता में पूछे गए सवालों का मेट्रो यात्रियों ने उत्साह के साथ जवाब दिया और विजेताओं को नेशनल बुक ट्रस्ट की तरफ से पुस्तके भेंट की गईं।

भारतीय सभ्यता पार्टी ने कांग्रेस को समर्थन दिया

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय सभ्यता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय कुमार लोधी ने लोकसभा चुनाव में प्रदेश कांग्रेस को समर्थन दिया है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में उन्होंने इसकी घोषणा की। अजय कुमार लोधी के साथ पार्टी के संयोजक वीरेंद्र कुमार धानुक, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धर्मेंद्र राय, डॉ आरडी चंद्रा, अखिलेश कुमार सिन्हा, राष्ट्रीय महासचिव राधेश्याम वर्मा, राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश अध्यक्ष नसीम अली, विमल शर्मा, विवेक पाल सहित कई पार्टी के पदाधिकारियों ने कांग्रेस पार्टी को अपना समर्थन दिया। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

बालू अड्डा के लोग दो दिन और पीएंगे गंदा पानी

स्वच्छ पानी के लिए तरसे लोग, किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- साफ पानी आने में लग सकते हैं दो दिन
- लोगों में जलकल विभाग के अधिकारियों को लेकर रोष

अमृत विचार : बालू अड्डा के जयप्रकाश नगर में सोमवार शाम से घरों में गंदा और बदबूदार पानी आने लगा। मंगलवार सुबह निवासियों ने नगर निगम और जलकल विभाग के अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन किया।

दोपहर लगभग एक बजे जलकल विभाग के अफसर मौके पर पहुंचे। उन्होंने पानी की सप्लाई बंद कर दी। शाम को मरम्मत के बाद दोबारा लाइन चालू की गयी तब भी घरों में गंदा पानी आ रहा था। साफ पानी आने में दो दिन का समय लग सकता है। इससे लगभग 2,500 की आबादी को पेयजल की समस्या झेलनी पड़ रही है। क्षेत्रीय निवासियों ने जब नगर आयुक्त से बात की तब जलकल विभाग ने शाम को पानी का टैंकर पहुंचाया।

क्षेत्रीय निवासियों के अनुसार पिछले 15 दिनों से घरों में गंदा पानी आ रहा था। सोमवार शाम से बहुत गंदा और बदबूदार पानी आने लगा। जयप्रकाश नगर में गांधी जी की मूर्ति के पास वाटर लाइन में लीकेज था। जलकल विभाग के अधिकारियों ने बोरी लगा दी थी। उसी के बगल में सीवर का चेम्बर है। सीवर लाइन ओवरफ्लो हो जाने से गंदा पानी वाटर लाइन में जाने लगा। जिससे लोगों को काफी दिक्कतें हुईं।

जयप्रकाश नगर में गंदे पानी को बोतलों में लेकर विरोध-प्रदेर्शन करते लोग। अमृत विचार

रसूखदार हड़प रहे गरीबों का हक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : केजीएमयू में गरीबों के इलाज के लिए मिलने वाली धनराशि को अफसरों व कर्मचारियों की मिलीभगत से सक्षम लोगों के खाते में ट्रांसफर कर हड़पा जा रहा है। प्राइवेट वार्ड में भर्ती मरीज के यूएचआईडी खाते में राशि ट्रांसफर किए जाने का खेल चल रहा है।

केजीएमयू अफसरों ने रसूखदार व अमीर मरीजों को गरीब बनाकर उनकी यूएचआईडी नंबर पर पैसा ट्रांसफर करने का खेल किया है। इंदिरा नगर के रहने वाले मरीज विश्वनाथ बीती 11 मार्च को यूरोलॉजी विभाग के प्राइवेट रूम में भर्ती हुए थे। मरीज का यूएचआईडी नंबर 20230574023 है। केजीएमयू ने प्राइवेट वार्ड में भर्ती मरीज की यूएचआईडी नंबर पर करीब आठ हजार रुपए ट्रांसफर किए। इस राशि से मरीज ने ब्लड व रेडियोलॉजी से जुड़ी जांच कराई थी। इस खेल में अफसरों से लेकर कर्मचारी शामिल हैं। जो रसूखदारों को गरीब बनाकर उनकी आईडी पर पैसा ट्रांसफर करके उन्हें फायदा पहुंचा रहे हैं। मरीज प्राइवेट वार्ड में करीब छह दिन तक भर्ती रहा। इस दौरान सभी जांच मरीज की मुफ्त कराई गई।

> इस मामले की जांच कराई जाएगी। जिसकी भी लापरवाही सामने आएगी उसके विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। -डॉ. सुधीर सिंह, प्रवक्ता केजीएमयू

फर्जी कॉल सेंटर से करोड़ों की ठगी, छह गिरफ्तार

ट्रैवेल एजेंसी की आड़ में संचालित था सेंटर, सभी आरोपी लखनऊ के

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एसटीएफ ने गोमतीनगर विस्तार से पकड़ा, काफी दिनों से सक्रिय था गिरोह

अमृत विचार: ट्रैवेल एजेंसी की आड़ में फर्जी कॉल सेंटर संचालित कर विदेशों से वीओआईपी सेल, टीएफएन, डायलर तथा साफ्ट फोन के माध्यम से करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के छह सदस्यों को गोमती नगर विस्तार से गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ एएसपी अमित कुमार नागर के मुताबिक एसटीएफ को काफी समय से वीओआईपी कॉलिंग कर अमेरिका, कनाडा, आस्ट्रेलिया से करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के सक्रिय होने की सूचनाएं मिल रहीं थीं।

गिरफ्तार अभियुक्तों में मड़ियांव निवासी सजल सूर्या, सुशांत गोल्फसिटी निवासी चंद्रशेखर शुक्ला एवं युवराज वर्मा, नेहरू इन्क्लैव निवासी अभ्युदय सिंह, जानकीपुरम निवासी प्रथम तिवारी शामिल हैं। पूछताछ में गिरोह के सरगना चन्द्रशेखर ने बताया कि वह द ट्रैवेल ट्रेन नामक एक कम्पनी का रजिस्ट्रेशन जनपद लखीमपुर के पते पर कराया था, जिसे लखनऊ स्थित मनं. 5/241 सेक्टर-05, गोमतीनगर विस्तार में फर्जी तरीके से खोला गया। इस कम्पनी के आड़ में अपने साथी सजल, अभ्युदय, युवराज, प्रथम व प्रान्जल आदि के साथ मिलकर यह फर्जी काल सेन्टर चला रहा था।

इनके द्वारा मुख्य रूप से विदेशी नागरिकों के ई-मेल आईडी पर ई-मेल ब्लास्टिंग से गूगल एडवांस के जरिये उनके लैपटाप के स्क्रीन पर भ्रमित करने वाले एड को पॉप-अप कराया जाता है। इसे देखकर विदेशी नागरिक एड में दिये गये टोल फ्री नम्बर पर काल करते हैं। जो आईबीम साफ्टवेयर से कॉल सेंटर में लगे सिस्टम पर लैंड कराई जाती है। कॉल सेंटर पर पूर्व से एक्टिव कॉलर कॉल रिसीव करते हैं तथा अपने को विदेशी कम्पनी का प्रतिनिधि प्रदर्शित करते हुए उनकी समस्या का जल्द समाधान का आश्वासन देते हैं।

कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी उन्हें बताते हैं कि आपका सिस्टम हैक तथा आईपी एड्रेस कम्प्रोमाईज्ड हो गया है। इस समस्या के समाधान के लिए उनके सिस्टम को ऐनीडेस्क साफ्टवेयर से कनेक्ट कर उनके सिस्टम में आ रही असुविधा को हल करने के नाम पर चार्ज के लिए विभिन्न कम्पनी अमेक्स, एमेजॉन, एपल, टारगेट, गूगल प्ले, गेमस्टॉप के गिफ्ट कार्ड 100-500 डालर कीमत के लेते हैं। इसके अतिरिक्त जहां जैसा सम्भव हो वहां यूएसडीटी और बीटीसी क्रिप्टो करेन्सी के रूप में भी पेमेन्ट सेफपॉल वालेट में ट्रांसफर कराते हैं। इसे ब्रोकरों के माध्यम से बाद में इंडिया में इन कैश करा लेते हैं।

कर लेते थे लॉगिन

इस धोखाधड़ी के दौरान इनके द्वारा यूएस के लोगों के मोबाइल को एनीडेस्क से कनेक्ट कर मैजिक ऐप गूगल वाइस आदि एप पर यूएस के लोगों से पेमेंट कराकर एकाउंट बना लिया जाता है और उनके मोबाइल से उस अकाउंट को लॉग आउट कर अपने मोबाइल पर लॉगिन कर लिया जाता है। फिर इस ऐप का उपयोग अपनी जरूरत के अनुसार यूएस के लोगों को डायरेक्ट कॉल करने आदि काम में लिया जाता है।

सीटी सिम्युलेटर से होगा कैंसर का सटीक इलाज

अमृत विचार, लखनऊ: चक गंजरिया स्थित कल्याण सिंह कैंसर संस्थान में मरीजों को सटीक रेडियोथेरेपी की सुविधा मिल सकेगी। शुरुआती चरण के कैंसर मरीजों के जड़ से समाप्त करने में सहयोग मिलेगा। इसके लिए मंगलवार को संस्थान के निदेशक डॉ.आर के धीमन ने सिटी सिम्युलेटर मशीन का शुरुआत की।

रेडिएशन आंकोलॉजी विभाग में लगभग 11 करोड़ रुपये लागत से आयी 4डी-सिटी सिम्युलेटर का उद्घाटन निदेशक डॉ. धीमन ने किया। उन्होंने कहा कि शरीर में बहुत से ट्यूमर होते हैं तो सांस लेने व दूसरी शारीरिक गतिविधियों की वजह से एक से दूसरे अंगों की तरफ खिसक जाते हैं। ऐसे ट्यूमर को रेडियोथेरेपी देने से स्वस्थ्य कोशिकाओं पर भी प्रभाव पड़ने का खतरा रहता है। सिटी सिम्युलेटर से ट्यूमर पर सटीक रेडियोथेरेपी से वार किया जा सकेगा। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देवाशीष शुक्ला ने बताया कि अभी तक रेडियोडायग्नोसिस विभाग की सिटी स्कैन मशीन की मदद से रेडियोथेरेपी की योजना बनाई जा रही थी।

इस मौके पर वित्त एवं लेखा अधिकारी रजनी कान्त वर्मा, डीन डॉ. सबुही कुरेशी, रेडियोथेरेपी विभागाध्यक्ष डॉ. शरद सिंह, डॉ. प्रमोद गुप्ता समेत अन्य मौजूद रहे।

एक लाख की आबादी झेलेगी बिजली संकट

लो वोल्टेज से उपभोक्ता हुए परेशान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कर्बला ढाल और मदेयगंज सहित कई इलाके रहे प्रभावित

अमृत विचार: शहर के कई इलाकों में बुधवार को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इससे करीब एक लाख आबादी को बिजली संकट का सामना करना पडेगा। कैंट उपकेंद्र के सदर ओवर हेड पर 11 केवी एचटी पोल लगाने और छोटी लाल कुर्ती पर 630 केवीए के वितरण परिवर्तक पर आर्मड केबिल को लगाने का कार्य किया जायेगा।

इससे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। वृंदावन के सेक्टर-5 से पोषित 400 केवीए के साथ सेक्टर-5सी के ट्रांसफार्मर से पोषित एरिया की एलटी सर्किटों को बदलने के साथ रतनखंड बिजली उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले इलाकों में एबीसी केबल आकांक्षा और रक्षाखंड के ओल्ड एल्डिको फीडर से पोषित निकोनिया पार्क मे 400 केवीए के ट्रांसफार्मरों के एलटी सर्किटों को बदला जायेगा। जिसके चलते इसके आसपास की बिजली सप्लाई सुबह 10 से शाम 5 बजे तक गुल रहेगी। इंजीनियरिंग कॉलेज उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में जर्जर एबीसी केबल और नये खंभों को लगाने का कार्य किया जायेगा। इससे जानकीपुरम में सेक्टर एफ,शिवविहार,एम-2 और सब स्टेशन सेक्टर आई जानकीपुरम से निगम चौराहा से प्रभात चौराहे तक बिजली सप्लाई सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक बाधित रहेगी।

अमृत विचार: भीषण गर्मी के बीच दस हजार से ज्यादा आबादी वाले अहिबरनपुर के कर्बला ढाल, मदेयगंज, मक्कागंज सहित आसपास के इलाकों में सुबह 8:30 बजे अचानक लो वोल्टज की समस्या शुरू हो गई। इसके चलते क्षेत्र में पानी की समस्या खडी हो गई।

लोग दूर-दराज के इलाकों से पानी भरने को मजबूर हो गए। विभागीय कर्मचारियों के अनुसार यहां अधिकांश घरों के ऊपर से केबल तार गुजर रहें है। इनमें शार्ट सर्किट के कारण लो वोल्टज की समस्या हो जाती है।

इन तारों को हटाने के लिए कई बार उपकेंद्र पर शिकायत भी की है। इसके बावजूद केबल अभी तक नहीं हटाया गया। 50 मीटर दूर बिजली के पोल से लोगों को कनेक्शन दिए गए है। साथ ही घर के उपर से केबल लाइन विभाग ने गुजार दी है। यहां लो वोल्टज के कारण पानी की समस्या विकराल हो जाती है। गर्मी मे कूलर,एसी और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का लोग उपयोग नहीं कर पाते हैं।

> लो वोल्टज समस्या की जानकारी नहीं है। फिर भी अगर क्षेत्र में समस्या है तो उसे दूर कराया जायेगा। साथ ही घरों के उपर से गुजर रहे केबल को हटाने के लिए काम किया जायेगा।
> -प्रशांत सक्सेना, एसडीओ अहिबरनपुर

उपकेंद्रों का मुख्य अभियंता ने किया निरीक्षण

अमृत विचार, लखनऊ : ट्रांसगोमती मुख्य अभियंता ने मंगलवार को कई उपकेंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होनें उपकेंद्र अधिकारियों को उपभोक्ताओं की समस्याओं के निस्तारण के लिए तुरंत कार्रवाई के लिए निर्देश दिए। साथ ही बिजली बकायेदारों से राजस्व के वसूली के लिए क्षेत्र में अभियान चलाने के लिए कहा है। मुख्य अभियंता सुनील कपूर ने बताया कि जानकीपुरम विस्तार और बीकेटी पावर हाउस पंहुचकर क्षेत्र की समस्याओं के बारे मे जानकारी जुटाई। इसके साथ ही अप्रैल माह में नये कनेक्शनों का ब्योरा लिया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों को लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए गए हैं।



कुर्सी रोड के गौराबाग में श्री साईं बाबा की पालकी निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

राहुल-डिकॉक का सुपर हिट शो देखने को लोग फिर बेकरार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- इकाना में राजस्थान रॉयल्स से मुकाबला 27 अप्रैल को

अमृत विचार: चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इकाना स्टेडियम में राहुल (53 गेंदों पर 84 रन) और डिकॉक (54) ने आतिशी प्रदर्शन कर लखनऊ सुपर जांयट्स (एलएसजी) को जीत दिलाई। इस आतिशी प्रदर्शन देखने को लखनऊ के क्रिकेट प्रेमी एक बार फिर बेकरार हैं। एलएसजीके सामने इस बार राजस्थान रॉयल्स की चुनौती होगी। इकाना में यह हाईवोल्टेज मुकाबला 27 अप्रैल को खेला जाना है।

लखनऊ में होने वाले इस मुकाबले के लिए दर्शक तैयार है। इस मैच के लिए टिकट दर भी मंगलवार को जारी कर दी गई है। इसमें 600 रुपए से लेकर 21 हजार रुपए तक की टिकटें उपलब्ध हैं। एलएसजी टीम ने जिस तरह का प्रदर्शन चेन्नई के खिलाफ किया, उसके चलते टिकटों की मांग बढ़ गई है। पिछले मैच में बल्लेबाजों का प्रदर्शन देख कर यह साफ हो गया कि टीम किसी भी स्कोर का पीछा करने में असफल नहीं होगी। पिछले मुकाबले में 177 रनों के जवाब में पीछा करने उतरी लखनऊ के कप्तान केएल राहुल और क्विंटन डिकॉक ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

ये हैं टिकट दर

अपर स्टैंड	600
निचला स्टैंड	1000-1100
उत्तरी लॉन	7000
साउथ लॉन	10000
बॉक्स	15,000
सुपर जायंट्स लाउंज	21,000

सेंट्रल, द्रोण और साउंड इमेजेस की जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: अखिल इंफ्रा ने यूनिटी अकादमी को नौ विकेट से हरा कर सीएएल डेकाथलान टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में पूरे अंक हासिल किए। जयपुरिया ग्राउंड में खेले गए मुकाबले में यूनिटी अकादमी के 100 रन के जवाब में अखिल इंफ्रा ने 12.2 ओवर में निर्धारित लक्ष्य हासिल कर लिया और जीत दर्ज की। विजयी टीम से अजीत वर्मा ने नाबाद 58 और हर्षित यादव ने नाबाद 26 रन बनाए। शास्वत वर्मा और अजीत वर्मा ने दो-दो विकेट लिए।

लीग के दूसरे मुकाबले में सेंट्रल क्लब ने सेंट एंस अकादमी को 17 रन से हराया। सेंट्रल क्लब के 144 रन के जवाब में सेंट एंस अकादमी की टीम ने नौ विकेट खोकर 127 रन बनाए। विजेता टीम से हिमांशु शर्मा ने 59 और नवाब अली ने 21 रन बनाए। यश याहनी और प्रियांशु ने दो-दो विकेट लिये।

लीग के एक अन्य मुकाबले में चैंपियन लीग क्लब ने पैंथर्स अकादमी को दो विकेट से हराया। पैंथर्स अकादमी के 128 रन के लक्ष्य को चैंपियंस लीग क्लब ने 18.3 ओवर में आठ विकेट खोकर हासिल किया और जीत दर्ज की। विजेयी टीम के बृजेश कुमार ने 60 और सुजीत कुमार ने 22 रन बनाए।

चौथे लीग मुकाबले में द्रोण अकादमी ने ब्लेज विलो क्लब को दो विकेट से शिकस्त दी। ब्लेज विलो के 146 रन के लक्ष्य को द्रोण अकादमी ने आसानी से हासिल कर लिया। विजयी टीम के यजत सिंह ने 56 और अमन शुक्ला ने 35 रन बनाए। यजत सिंह ने तीन और प्रवीण यादव ने दो विकेट लिए।

पांचवें मुकाबले में साउंड इमेजेस ने जिज्ञासा क्लब को 26 रन से हराया। साउंड इमेजेस के 133 रन के जवाब में जिज्ञासा क्लब की टीम 120 रनों के योग पर सिमट गई। विजयी टीम से नीलेंद्र प्रताप ने 38 रन बनाए। मुनींद्र मौर्या ने चार और फैज अहमद ने दो विकेट चटकाए।

इंडियन क्लब की जीत

छठे मुकाबले में इंडियन क्लब ने लखनऊ क्रिकेट नर्सरी को 121 रन से हराया। इंडियन क्लब के 172 रन के जवाब में लखनऊ क्रिकेट नर्सरी की टीम 51 रनों के योग पर सिमट गई। विजयी टीम से मुरारी यादव ने 57 रनों की पारी खेली। सातवें मुकाबले में आस्का ने एसएमआर क्लब को तीन विकेट से पराजित किया। आठवें लीग मुकाबले में मेगा ट्रेंड्स ने फॉरेंसिस क्लब को 23 रन से शिकस्त दी। नवें लीग मुकाबले में स्पोर्ट्स गैलेक्सी क्लब ने डीवाईए को छह विकेट से हराया। दसवें लीग मुकाबले में आलमनगर क्लब ने आर्या क्रिकेट अकादमी को आठ रन से हराया।

यूथ वर्ल्ड चैंपियनशिप में दम दिखाएंगी पायल

अमृत विचार, लखनऊ : स्पोर्ट्स अथारिटी ऑफ इंडिया (एसएआई, साई) के लखनऊ सेंटर में भारत्तोलन का प्रशिक्षण ले रही पायल भारतीय भारत्तोलन टीम में जगह बनाने में कामयाब रही। पेरू (लिमा) में अगले महीने 22 से 26 मई तक यूथ वर्ल्ड चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी। इस चैंपियनिशप में भारतीय टीम हिस्सा लेगी। टीम में शामिल पायल भी पदक के लिए जोर आजमाइश करेंगी। वह देश के लिए पदक जीतने की तैयारी कर रही हैं। साई के कार्यकारी निदेशक आत्म प्रकाश ने बताया कि पायल पेरू में आयोजित होने वाली भारत्तोलन प्रतियोगिता के 45 किग्रा भार वर्ग में हिस्सा लेंगी। पटियाला में चल रही राष्ट्रीय कुश्ती कैंप में चयन प्रक्रिया आयोजित की गई थी, जहां से उनका चयन किया गया। इस समय पायल पटियाला में चल रहे राष्ट्रीय भारत्तोलन शिविर का हिस्सा है और वहां पर अभ्यास कर रही हैं।

साईं नाथ मेरे बाबा तेरे बिन मैं कुछ नहीं...

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: कुर्सी रोड के गौराबाग में साईं बाबा का 13वां स्थापना दिवस और साईं हॉस्पिटल की वर्षगांठ पर मंगलवार को बाबा की भव्य पालकी निकाली गई।

स्थापना दिवस की शुरुआत सुबह साईं बाबा के मंगल स्नान व पूजन से हुई। इसके बाद हाथी, घोड़े, ऊंट, बैंड बाजे व आतिशबाजी के बीच साईं बाबा की पालकी निकाली गई। पालकी हॉस्पिटल परिसर से कुर्सी रोड, टेढ़ी पुलिया चौराहा होते हुए वापस परिसर पहुंचकर समाप्त हुई। शाम को भजन संध्या में साक्षी ग्रुप की साक्षी, जॉन अजमेरी, सुबोध अजमेरी, शेखर श्रीवास्तव और नंदनी गुप्ता ने मुझको तुम्हारी जुदाई मार डालेगी.., मुखड़ा सलोना अंखियों में करुणा है, साईं नाथ मेरे बाबा तेरे बिन मैं कुछ नहीं..,जैसे भजनों को सुनकर पंडाल में मौजूद लोग मस्ती में नाचने लगे।

सिम्मी तिलकधारी ग्रुप ने यहां एक झांकी प्रस्तुत की। राधा कृष्ण की होली व शिव की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. संदीप कुमार के साथ रमाकांत शुक्ला, जयकरन सिंह, अजय त्रिपाठी, देशराज यादव, वीरेंद्र मौर्या, प्रवीण वर्मा और रंजीत यादव समेत बड़ी संख्या में साईं भक्त मौजूद रहे।

हर अबोध बच्चे को साक्षर बनाने का लक्ष्य

अमृत विचार, लखनऊः छह वर्ष से कम प्रत्येक बच्चे को आंगनवाड़ी केंद्रों तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए विशेष जागरूकता अभियान की शुरूआत राजधानी में हो गई है। वहीं आंगनवाड़ी से पढ़कर निकलने वाले हर बच्चे को प्राइमरी विद्यालय में भी प्रवेश दिलाने का भी लक्ष्य पूरा किया जायेगा।

इसके लिए मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार, जिला समन्वयक-प्रशिक्षण, बीएसए अवधेश कुमार शुक्ला की उपस्थिति में जन-जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह जागरूकता रथ सभी विकास खंड में ऑडियो संदेश और पोस्टर के माध्यम से बच्चों को पढ़ाने के लिए अभिभावकों को जागरूक किया जायेगा। साथ ही लोकसभा चुनाव में वोट डालने की भी अपील की जायेगी।

महाआरती के दीपों से जगमगा उठा गोमती का तट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गोमती तट स्थित झूलेलाल वाटिका में चैत्र पूर्णिमा पर हुआ आयोजन

अमृत विचार: सनातन महासभा की ओर से गोमती तट स्थित झूलेलाल वाटिका में चैत्र पूर्णिमा पर आयोजित सनातन महासमागम और 124वीं आदि गंगा गोमती की महाआरती का आयोजन किया गया। मंगलाचरण, स्वस्तिवाचन, पुष्पांजलि व शंखनाद के साथ हरिद्वार की तर्ज पर सात भव्य मंचों से स्वामी आनंद नारायण, स्वामी हरेंद्र गिरि और देवेंद्र शुक्ल के सानिध्य में हुई महाआरती में मृदंग, मंजीरा, ढोल, ताशे और शंख का प्रयोग किया गया।

सनातन महासभा के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने बताया कि बच्चों ने विभिन्न देवताओं के रूप धरकर लोगों को मुग्ध किया। महाआरती के पहले मोनिका अग्रवाल ने गणेश वंदना की। गणेश वंदना के बाद सुमित सिंह ने कथक नृत्य प्रस्तुत किया। शशि गुप्ता के नेतृत्व में कई कलाकारों ने रंगोली भी बनाई। सभी को प्रमाण पत्र व पगड़ी से सम्मानित किया गया।

हनुमान जन्मोत्सव पर पंचमुखी हनुमान जी की झांकी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में हनुमान चालीसा यज्ञ का आयोजन किया गया। महाआरती के बाद 501 दीप प्रज्ज्वलित किये गए।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि रूप में आईआरसीटीसी के एमडी प्रशांत सिन्हा और राज्य सड़क परिवहन के एमडी आरके त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

झूलेलाल वाटिका स्थित गोमती तट पर आरती उतारते सनातन महासभा के पदाधिकारी।

मनकामेश्वर उपवन घाट पर आरती उतारती महंत देव्यागिरी। अमृत विचार

मनकामेश्वर उपवन घाट पर हुई आरती

अमृत विचार : मनकामेश्वर मंदिर के तत्वावधान में चैत्र माह की पूर्णिमा पर गोमती की आरती की गई। गोमती तट स्थित मनकामेश्वर उपवन घाट पर स्थापित 11 वेदियों से महंत देव्यागिरी के निर्देशन में आरती की गई। आज हनुमान जयंती होने की वजह से हनुमान जी का पूजन भी किया गया। इस मौके पर मनकामेश्वर उपवन घाट और वेदियों पर आकर्षक रंगोली सजाई गईं। घाट पर स्वास्तिक और ओम की आकृति में दीपक सजाए गए। फूलों से वेदी को सजाया गया। शाम के समय महंत देव्या गिरि ने हनुमान जी की विधि-विधान से पूजा की और पुष्पा माला चढ़ाई। आरती में मंदिर की मुख्य कार्यकर्ता उपमा पाण्डेय की देखरेख में दीपू पाण्डेय, मुकेश गुप्ता, पूजा, ऊषा, सुनीता ने वेदी और रंगोली सजाने में सहयोग किया।

एक नजर

चौकी इंचार्ज पर फॉयर करने वाले गिरफ्तार

अमृत विचार, हरदोई। बेझा चौराहे पर चेकिंग के दौरान अराजक तत्वों ने जामा मस्जिद चौकी इंचार्ज पर फायर कर दिया, जिससे वह बाल बाल बच गए। शाहाबाद कोतवाली के जामा मस्जिद चौकी इंचार्ज अंगद सिंह रात्रि तकरीबन 10:45 पर हमराही सिपाही राहुल और आकाश के साथ गश्त कर रहे थे। उसी समय संदिग्ध अवस्था में तीन युवक बाइक से आए जिन्हें चौकी इंचार्ज अंगद सिंह ने रोंका तो उनमें से एक युवक रामू ने चौकी इंचार्ज पर सीधे फायर कर दिया। सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक की घटना स्थल पर पहुंचे और आरोपी युवक सहित तीन बाइक सवारों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने अपना नाम रामू, मनीराम एवं सज्जन निवासी ग्राम पलथुआ थाना बेहटा गोकुल बताया।

ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत, नहीं हो सकी शिनाख्त

अमृत विचार, हरदोई। बेहटा मुर्तजा बक्श रेलवे क्रासिंग के पास ट्रैक के किनारे ट्रेन से कटे हुए एक अधेड़ का शव पड़ा हुआ देखा गया। इसका पता होते ही वहां पहुंची जीआरपी ने शव को अपने कब्जे में लिया। मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे दौलतपुर मजरा बेहटा मुर्तजा बक्श रेलवे क्रासिंग के पास एक अधेड़ का शव पड़ा हुआ है। उसके कमर के नीचे का हिस्सा फटा हुआ था, जिससे माना जा रहा है कि किसी ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हुई। जैसा कि माना जा रहा है कि नीले रंग की धारीदार शर्ट पहने हुए अधेड़ किसी ट्रेन से सफर कर रहा था और उसी बीच उसकी रास्ते में गिर कर उसकी चपेट में आने से मौत हुई। शव की शिनाख्त के लिए जीआरपी की कोशिशें जारी है, लेकिन खबर लिखे जाने तक शिनाख्त नहीं हो सकी थी।

अधर में अमृत सरोवर, सूख रहे पशु-पक्षियों के हलक

काशीनाथ दीक्षित, दरियाबाद, बाराबंकी

अमृत विचार: स्थानीय विकास खंड में अमृत सरोवर योजना दम तोड़ रही है। लाखों रुपये इन अमृत सरोवरों के विकास में खर्च किए गए, लेकिन कुछ एक को छोड़ कर सरोवरों के काम आधे-अधूरे पड़े है।

अमृत सरोवरों में पानी न होने से पशु-पक्षियों के हलक सूख रहे हैं। अप्रैल के अन्तिम सप्ताह तक पानी नहीं भरा गया। विकास खंड दरियाबाद में कुल 71 ग्राम पंचायतों में 75 सरोवरों का चयन किया गया। जिसका काम बीते वर्ष अगस्त तक पूरा करने का लक्ष्य था।

साल भर बीतने के बाद भी यह महत्वाकांक्षी योजना परवान नहीं चढ़ सकी। हालांकि यहां कुछ अमृत सरोवर इतने अच्छे हैं कि वह पिकनिक स्पॉट में तब्दील हो चुके हैं।

ग्राम पंचायत	71
चिन्हित तलाबों की संख्या	75
मॉडल अमृत सरोवर	एक पूर्ण
अमृत सरोवर कच्चा कार्य पूर्ण	17
निर्माणधीन अमृत सरोवर	45
कार्य ठप	30

हाल 1

ग्राम पंचायत का अमृत सरोवर।

विकास खंड दरियाबाद के किला बेलहरी ग्राम पंचायत में शहीद राजगुरु अमृत सरोवर में जलकुंभी उगी है। इस पर योजना के शुरुआती दिनों में बांध निर्माण का कार्य किया गया। स्वतंत्रता दिवस पर झंडा रोहण भी किया गया। उसके बाद से इस अमृत सरोवर पर कार्य ही नहीं शुरू हो सका।

2

सूखा पड़ा अमृत सरोवर।

विकास खंड के जेठौती कुर्मियान ग्राम पंचायत के रानेपुर में पंडित दीन दयाल उपाध्याय अमृत सरोवर में आधा-अधूरा काम हुआ। उसके बाद से इस अमृत सरोवर की किसी ने सुधि नहीं ली। अमृत सरोवर पूरी तरह से सूखा पड़ा है। सरोवर के किनारे घास उग आयी है।

3

महादेव अमृत सरोवर

तारापुर ग्राम पंचायत में महादेव अमृत सरोवर में बगैर काम कराए रकम निकालने का जिम्मेदारों पर आरोप है। जांच को लेकर तीन सदस्यीय टीम भी गठित की गई। बीडीओ दरियाबाद संदीप श्रीवास्तव के मुताबिक कमेटी को जांच के लिये तीन दिन का समय दिया गया है। दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी।

4

बाबा काशीदास मॉडल अमृत सरोवर।

विकासखंड दरियाबाद के क्यामपुर ग्राम पंचायत के बाबा काशीदास अमृत सरोवर को मॉडल के रूप में विकसित किया गया है। इस अमृत सरोवर पर सभी कार्य पूरे हैं। अमृत सरोवर में पानी भी भरा है। यहां पर ओपन जिम भी है। इस अमृत सरोवर में सुबह-शाम लोगों की भीड़ रहती है।

खेत जा रहे युवक पर की दिनदहाड़े फायरिंग

हरदोई, अमृत विचार। खेत पर थ्रेसिंग कराने जा रहे दलित युवक के ऊपर एका-एक फायरिंग कर दी गई। उसने किसी तरह से अपनी जान बचाई। शोर सुन कर कुछ लोगों के वहां पहुंचते ही हमलावर जानमाल की धमकी देते हुए भाग निकले। मंगलवार को बघौली थाने के अछरामऊ निवासी मान सिंह पुत्र मोती लाल खेत पर थ्रेसिंग कराने जा रहा था, उसी बीच रास्ते में गांव के कुछ दबंग किस्म के लोग सर्वेश के बाग़ में पहले से छिपे हुए थे। मान सिंह जैसे ही उधर से निकला, उसी बीच वहां छिपे बैठे लोगों ने उस पर फायरिंग कर दी। मान सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसने किसी तरह अपनी जान बचाई, उसके चिल्लाने का शोर सुन कर वहां कुछ लोग पहुंचे, उसी बीच हमलावर उसे जानमाल की धमकी देते हुए भाग निकले।

छात्रा को बाहर खड़ा करने पर शिक्षिका पर केस दर्ज

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी

▸▸ फीस जमा न करने पर छात्रा को कर दिया था परीक्षा से वंचित

अमृत विचार: फीस जमा न कर पाने के चलते छात्रा को परीक्षा से वंचित करने व कक्ष से बाहर खड़ा रखने के मामले में प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के आदेश पर खंड शिक्षा अधिकारी ने कक्षा अध्यापिका के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

थाना लोनी कटरा के कबूलपुर निवासी दिलीप पटेल की बेटी अनन्या पटेल मकनपुर स्थित सूर्या पब्लिक स्कूल में कक्षा तीन की छात्रा है। दो महीने की फीस बकाया होने पर बीती 5 फरवरी को स्कूल में आयोजित गणित विषय की परीक्षा से कक्षा अध्यापिका ने उसे परीक्षा में बैठने नहीं दिया दिया था। उसे कक्ष से बाहर खड़ा करने का भी आरोप है। शिकायत मिलने पर उतर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग लखनऊ के निर्देश पर जिलाधिकारी के आदेश पर बीएसए ने बीईओ से मामले की जांच कराई। थानाध्यक्ष अंकित त्रिपाठी ने बताया कि बीईओ धर्मेन्द्र प्रसाद की तहरीर पर सूर्या पब्लिक स्कूल मकनपुर की कक्षा तीन की कक्षा अध्यापिका शिवानी शर्मा के खिलाफ किशोर न्याय अधिनियम की धारा 75 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

साढ़े पांच बीघा गेहूं की खड़ी फसल जली

खीरों, रायबरेली

अमृत विचार। क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की दोपहर में पड़ोसी गांव मिर्जापुर के किसान ने पराली नष्ट करने के लिए खेत में आग लगाई थी, जिससे दो किसानों की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने आरोपी किसान को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना पर पहुंचे हल्का लेखपाल ने किसानों के नुकसान का जायजा लिया। लेखपाल द्वारा आरोपी किसान के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

पीड़ित किसानों ने बताया कि बलभद्रखेड़ा मजरे खीरों में मिर्जापुर निवासी भगौती प्रसाद पुत्र सरजू प्रसाद के खेत में खड़ी गेहूं की फसल को उन्होंने मशीन से कटा लिया था। जिसकी पराली खेतों में खड़ी थी।

बलभद्रखेड़ा मजरे खीरों में धू-धूकर जलती गेहूं की फसल। अमृत विचार

मंगलवार की दोपहर को भगौती ने अपने खेत की पराली में आग लगा दी। देखते ही देखते पड़ोसी किसान कस्बा खीरों निवासी दिलीप कुमार का लगभग तीन बीघा और खीरों के ही भगौती के खेत की ढाई बीघे सहित कुल साढ़े पांच बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। पड़ोसी किसानों की फसल जलती देख मिर्जापुर निवासी भगौती भागने लगे तो ग्रामीणों ने उन्हें पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया और कड़ी मशक्कत कर आग बुझाई। जिससे खेत में खड़ी अन्य किसानों की गेहूं की फसल बच गई। लेखपाल संदीप त्रिपाठी ने बताया कि दो किसानों की साढ़े पांच बीघे फसल जल गई है। यह घटना पराली जलाने के दौरान हुई है। आरोपी भगौती के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जा रही है।

युवक की संदिग्ध हालात में मौत, हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ मृतक के भाई ने अज्ञात पर दर्ज कराई प्राथमिकी

अमृत विचार : वजीरगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत अटल कनवेन्शन सेंटर के पास लापता चल रहे नीरज बाजपेई (31) का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला था। इस मामले में मृतक के भाई ने हत्या का आरोप लगाते हुए मड़ियांव कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई है। फिलहाल, पुलिस हत्या के पहलुओं पर जांच कर रही है।

गौरतलब है कि 18 अप्रैल को मड़ियांव कोतवाली से लापता चल रहे नीरज बाजपेई का शव अटल कनवेन्शन सेंटर के पास संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा था। शिनाख्त के बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना देते हुए शव का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृतक के भाई नवीन बाजपेई ने बताया कि गम 10 अप्रैल की सुबह करीब 08 बजे भाई नीरज परिजनों को बैगर बताए कहीं चला गया था। जिसके बाद से वह दोबारा घर नहीं लौटा। संपर्क करने पर उनका मोबाइल बंद जाने लगा था। किसी अनहोनी की आशंका के मद्देनजर 13 अप्रैल को मड़ियांव कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर पर गहरी चोट लगने से मौत की पुष्टि हुई है। इसके आधार पर परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी है। मृतक के मोबाइल की सीडीआर रिपोर्ट खंगाली जा रही है।

केके रावत बनाये गए बसपा के जिलाध्यक्ष

बसपा जिलाध्यक्ष बने केके रावत का स्वागत करते कार्यकर्ता।

बाराबंकी, अमृत विचार : बसपा नेतृत्व ने केके रावत को मंगलवार को बसपा का नया जिलाध्यक्ष मनोनीत किया। इसकी खबर मिलते ही जिले भर के बसपाइयों में खुशी का महौल है। बताते चलें इससे पहले विक्रम गौतम बसपा के जिलाध्यक्ष थे। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से अजय गौतम, मंडल प्रभारी अखिलेश अंबेडकर, गया शंकर कश्यप, विनय कश्यप अरविंद यादव माधव सिंह पटेल बराती लाल गौतम सहित सैकड़ों की संख्या में लोगों ने मिलकर नये जिलाध्यक्ष को बधाई दी। केके रावत ने कहा पार्टी ने हमें बड़ी जिम्मेदारी सौपी है पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ उसका निर्वहन करूंगा।

शादी का झांसा दे हड़पी रकम, हत्या कर फेंका शव

रामनगर, बाराबंकी

कार्रवाई

▸▸ पुलिस ने दो बिचौलियों को किया गिरफ्तार

▸▸ अपर पुलिस अधीक्षक सीएन सिन्हा ने किया खुलासा

अमृत विचार : शादी का झांसा देकर अधेड़ से मोटी रकम वसूलने के बाद दो लोगों ने उसकी हत्या कर लाश को नदी में फेंक दिया। नदी से लाश बरामद होने के बाद जब पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू की तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर आलाकत्ल और अधेड़ का मोबाइल फोन बरामद कर मंगलवार को उन्हें जेल भेज दिया है। रामनगर क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम मल्लापुर के पास सुमली नदी में एक शख्स का शव बीती 14 अप्रैल को बरामद हुआ था। इसकी पहचान अवधेश कुमार मिश्रा निवासी ग्राम जमुनहिया थाना मितौली, खीरी के रूप में हुई थी। मृतक के भाई विजय कुमार ने थाना रामनगर में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने इस हत्याकांड का खुलासा मंगलवार को किया। पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाले रज्जन मिश्र निवासी गोंदौरा थाना रामनगर और गौस मोहम्मद निवासी चन्दनापुर थाना रामनगर को गिरफ्तार किया।

एएसपी उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि रज्जन ने कबूल किया वह अवधेश के साढ़ू पारसनाथ मिश्रा निवासी सिसवारा थाना देवा के यहां लगभग दो साल पहले किराये पर रहता था। यहीं से उसकी अवधेश से दोस्ती हुई। अवधेश ने अपनी शादी के लिए साढ़ू के जरिये उससे बातचीत की थी। उसे शादी कराने का आश्वासन दिया था। फिर एक दिन दोनों को शादी की बात कराने को महादेवा बुलाया। लेकिन अवधेश की उम्र ज्यादा होने के चलते लड़की पक्ष ने शादी से मना कर दिया।

आरोपी रज्जन के मुताबिक उसके बाद उसने साथी गौस मोहम्मद के साथ मिलकर उसे ठगने की योजना बनाई। उसने गौस मोहम्मद को उधार रुपये के बदले में इस काम में साथ देने का लालच दिया। बीती 13 अप्रैल को अवधेश को शादी कराने के लिए गनेशपुर में बुलाया। उसे साथ में रुपये लेकर आने को कहा गया। उसके बाद तीनों गनेशपुर में मिले।

जहां अवधेश ने रज्जन को 45 हजार रुपये दिये। फिर तीनों ने महादेवा जाकर शादी की खरीदारी की। बाकी रुपये उसने अपने अपने पास रख लिये। उसे शराब भी पिलाई। जब अवधेश ने शादी कराने या रुपये वापस देने को कहा, तो रज्जन और गौस मोहम्मद उसे लेकर सुमली नदी के पास पहुंचे। वहां बहाने से मोटरसाइकिल रोकी और दोनों डंडे से अवधेश के सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी और शव को नदी में फेंक दिया था।

सार-संक्षेप

कोठारी बंधु चौराहा पर आयोजित पुण्यतिथि कार्यक्रम में बोलते वक्ता। अमृत विचार

वक्ताओं ने रास बिहारी के जीवन पर डाला प्रकाश

लखनऊ, अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता स्व. डॉ. रास बिहारी मिश्रा (लोकतंत्र सेनानी) की पांचवी पुण्यतिथि पर मां मनपूर्णा मंदिर के प्रांगण में उनके चित्र पर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। टिकैतराय राय एलडीए कॉलोनी निकट कोठारी बंधु चौराहा पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पश्चिम विधानसभा के प्रभारी रमेश तूफानी, पश्चिम विधानसभा के उपविजेता अंजनी कुमार श्रीवास्तव, पश्चिम विधानसभा के संयोजक सत्येंद्र सिंह, शिव सहाय त्रिपाठी, महानगर मंत्री डॉ यू एन पांडेय, अर्चना साहू, मंडल अध्यक्ष राजेश मिश्रा (राजन), वरिष्ठ कार्यकर्ता अमरीश वैध, राधे श्याम सहित कई मौजूद थे।

एसपी ऑफिस के सामने आत्मदाह करने पहुंचा युवक

हरदोई, अमृत विचार। पुलिस ने घर में घुस कर खुल्लमखुल्ला गुंडई करते हुए मारपीट, तोड़फोड़ और लूटपाट जैसे हरकतें करने वालों पर लगाम नहीं लगाई, जिससे वे आए दिन वहीं हरकतें करने लगे। इससे परेशान युवक ने मंगलवार को एसपी ऑफिस के सामने पहुंचकर आत्मदाह करने के इरादे से अपने ऊपर डीज़ल डाल लिया, उसके कुछ करने से पहले ही वहां मौजूद पुलिस के जवानों ने उसे दबोच लिया। मंगलवार को कोतवाली शहर के मोहल्ला आज़ाद नगर निवासी हिमांशु पाल नाम का युवक एसपी ऑफिस के सामने पहुंचा और वहीं पर अपने ऊपर डीज़ल डाल लिया, माचिस जलाता उससे पहले ही वहां मौजूद पुलिस जवानों ने उसे दबोच लिया। युवक का आरोप है कि उसी के मोहल्ले के प्रियांशु सिंह चौहान उर्फ टाइगर और सचिन गुप्ता अपने साथियों के साथ उसके घर में घुस कर मारपीट और तोड़फोड़ करते हुए उसकी अलमारी से नगदी तक लूट ले गए। उसकी शिकायत पुलिस से की गई। कोई सुनवाई नहीं हुई, उसके बाद आरोपियों ने फिर वही किया, लेकिन पुलिस पूरी तरह से साइलेंट मोड में रही, जिससे आरोपियों के हौसले और बढ़ गए, फिर उनकी रोज़ की वही हरकतें हो गई। एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने बताया कि युवक की तहरीर एसआई प्रमोद पाल से जांच कराई गई, तो कोई आरोप साबित नहीं हुआ, हालांकि फिर भी आरोपी प्रियांशु सिंह के खिलाफ धारा 151 के तहत कार्रवाई की जा चुकी है।

हादसे में घायल बच्चे की इलाज के दौरान मौत

पिहानी, हरदोई, अमृत विचार। घर के बाहर खेल रहे बच्चे को वहां से तेज़ रफ्तार में निकली पिकअप ने टक्कर मार दी, जिससे वह बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। सीएचसी से उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया, वहां से उसे घर वाले गांव उठा लाए, जहां मंगलवार की सुबह पांचवें दिन उसकी मौत हो गई। पुलिस ने केस दर्ज करते हुए जांच शुरु कर दी है। 19 अप्रैल की सुबह पिहानी कोतवाली के मंसूर नगर निवासी छोटा का 3 वर्षीय पुत्र विराट घर के बाहर खेल रहा था, उसी बीच उधर से तेज़ रफ्तार में निकले पिकअप ने उसे टक्कर मार दी, जिससे विराट बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। आनन-फानन में उसे सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से लखनऊ ट्रामा सेंटर ले जाया गया। सोमवार को घर वाले उसे गांव उठा लाए, जहां मंगलवार की भोर पहर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने छोटा की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस जालसाज को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरदोई, अमृत विचार। सरकारी ज़मीन पर कब्ज़ा करने और दबे लोगों को और दबाते हुए उन पर रौब गालिब करने वाले जालसाज़ भू-माफिया पर आखिर पुलिस की निगाहे टेढ़ी हो ही गई। जिसके चलते उसे मंगलवार को शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। पिहानी कस्बे के रामलीला रोड निवासी सईक पुत्र ज़हीर के ऊपर सरकारी ज़मीन पर कब्ज़ा करने के अलावा और भी तमाम तरह के आरोप सिर्फ लगाए नहीं गए बल्कि उसके खिलाफ धारा 420/419 का केस भी दर्ज किया गया था। इसके बाद भी उसकी ऐंठन कम नहीं हुई। मामला रविवार की रात का है, बैंड-बाजे के अलावा शादी में बग्घी हांकने में मज़दूरी करने वाले बेहटा गोकुल के शाकिर पुत्र ज़ाकिर, शंभू पुत्र साधू और हाफिज़ पुत्र हनीफ मंसूर नगर आए हुए थे। उसी बीच भू-माफिया सईक वहां अपने साथियों के साथ पहुंचा और उन मज़दूरों को बग्घी के साथ जबरन अपने रामलीला रोड वाले मकान पर ले जा कर उन्हे वहीं बंधक बना लिया। अगले दिन सोमवार को ऐसा कहते हुए छोड़ा कि पहले 30 हज़ार रुपये दो, फिर बग्घी मिलेगी। उसके बाद तीनों मज़दूर कोतवाली पहुंचे और वहां एसएचओ धर्मदास सिद्धार्थ को तहरीर दी। एसएचओ ने तुरंत कस्बा इंचार्ज को भेज कर सईक को तलब किया, उधर उसके घर से दूल्हे वाली बग्घी बरामद कर ली गई। तहरीर पर सईक के खिलाफ केस दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है। एसएचओ श्री सिद्धार्थ का कहना है कि कोई भी हो, ऐसी गुंडई करने वालों को ज़रा भी छूट नहीं दी जाएगी।

कार की टक्कर से दो बाइकसवारों की मौत

महोली, सीतापुर, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के बाइपास पर एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइक सवारों की मौके पर मौत हो गई जबकि कार ड्राइवर भी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देकर पंचनामा कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कार ड्राइवर को एंबुलेंस से सीएचसी भेजा गया है। वरिष्ठ उपनिरीक्षक शैलेंद्र सिंह ने बताया कि सोमवार की शाम इलाके के बीसूपुर सरेली निवासी हरिनाम (32) पुत्र राम लोटन अपने साथी राजेंद्र (48) पुत्र गजराज निवासी मसंदापुर थाना महोली के साथ बाइक पर सवार होकर किसी काम से महोली आया था। रात करीब 9 बजे जब दोनों वापस अपने घर जा रहे थे, तभी अढ़ौरी मोड़ के निकट बाइपास पर सीतापुर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की बाइक सवार दोनों लोग उछलकर दूर जा गिरे। जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई जबकि कार का ड्राइवर भी गंभीर रूप से घायल हो गया।

दामाद पर फेंकना चाहा तेज़ाब, बेटी ने बचाया

अमृत विचार, हरदोई। कोर्ट मैरिज किए जाने से नाराज़ युवती के घर वालों ने उसके पति पर तेज़ाब से हमला कर दिया, लेकिन उसी बीच युवती ने आगे आकर अपने पति को बचा लिया। उसके बाद युवती के परिजनों ने दोनों की जमकर पिटाई कर दी। मामला शाहाबाद कस्बे का है। वहां के मोहल्ला खलील निवासी साहिल पुत्र अरशद खां ने करीब 10 महीनें पहले पड़ोसी मोहल्ला भुड़िया के हसीन की पुत्री सबा के साथ कोर्ट मैरिज और उसके बाद निकाह कर लिया था। तमाम कोशिश करने के बाद भी सबा के घर वाले दोनो के कोर्ट मैरिज वाले फैसले के खिलाफ थे। उसी रंजिश के चलते कई बार साहिल के ऊपर हमला भी किया गया। उसके बाद साहिल सबा को साथ ले कर दिल्ली चला गया। बड़ी हिम्मत कर ईद पर दोनों घर वापस लौटे। सोमवार की शाम को साहिल सबा के घर की तरफ से जा रहा था, उसी दौरान पहले तो उसके ऊपर ईंट-पत्थर चलाए गए, फिर तेज़ाब से हमला कर दिया गया। लेकिन सबा को इसका पहले ही पता चल गया, वह भाग कर साहिल के आगे खड़ी हो गई, जिससे वह बाल-बाल बच गया। कोई कुछ समझ पाता, उसी बीच सबा के घरवाले साहिल को पीटने लगे, उन्होंने उसे बचाने दौड़ी सबा को भी पीट दिया।

पुलिस ने उल्टे धमकाया

साहिल के घर वालों का कहना है कि जब बवाल हो रहा था, उस वक्त का वीडियो बनाया गया था। साहिल के घर वाले पुलिस से मदद मांगने कोतवाली पहुंचे, आरोप है कि वहां उनकी बात सुनने के बजाय उल्टे उन्हे ही धमकाया गया, वीडियो देखने के लिए मोबाइल मांगा और उसमे ईंट-पत्थर चलाते हुए बवाल करने के सारे वीडियो डिलीट कर दिए गए।

नाबालिग बच्चे के साथ युवक ने किया कुकर्म

रेउसा, अमृत विचार। खेत की रखवाली के वक्त मचान पर एक नाबालिग बच्चे के साथ नवयुवक ने कुकर्म किया। तीसरे दिन हालत नाजुक होने पर बच्चे को सीएचसी पर भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने हालत गम्भीर देख बच्चे को जिला अस्पताल रेफर किया। रेउसा थानाक्षेत्र के लखनी जैतपुर मजरा कादिरपुरवा निवासी सोहराब 20 वर्ष करीब पुत्र इरफान सोमवार को अपने क्षेत्र के 6 साल बच्चे को बहला फुसलाकर ले गया और उसके साथ कुकर्म की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित का पिता तीन दिन पहले एक शादी समारोह में गया हुआ था। सोमवार को घर वापस लौटने पर उसे पता चला कि गांव का एक नवयुवक उसके 6 वर्षीय बालक के साथ खेत की रखवाली कर रहा था। उसने मचान पर ही बच्चे के साथ कुकर्म किया। बच्चों की हालत गंभीर होने पर उसका पिता बच्चे को लेकर पुलिस के पास पहुंचा और नामजद तहरीर दी। पुलिस ने बच्चे की हालत गंभीर देखते हुए उसे सीएचसी पर भर्ती कराया। डॉक्टर सुनील यादव ने बच्चे को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

अवैध रूप से घर में रखा 450 लीटर डीजल बरामद

शिवगढ़, रायबरेली

कार्रवाई

▸▸ रानीखेड़ा में पुलिस व आपूर्ति विभाग की टीम ने मारा छापा

▸▸ जांच के लिए भेजा गया बरामद डीजल का सैंपल

अमृत विचार। रानीखेड़ा के एक घर में पुलिस और आपूर्ति विभाग की टीम ने छापेमारी कर 450 लीटर डीजल बरामद किया। मौके पर कोई दस्तावेज नहीं होने के कारण डीजल को जब्त कर लिया है। आपूर्ति निरीक्षक ने सेंपल जांच के लिए भेज दिया है।

मोहम्मद आरिफ के यहां पर आपूर्ति विभाग की टीम व पुलिस ने छापेमारी की। तलाशी में घर के पिछले हिस्से में स्थित कोठरी में एक दर्जन से अधिक छोटे टैंकों में करीब 450 लीटर डीजल मिला। मोहम्मद आरिफ से पूछताछ की गई तो वह सही जानकारी नहीं दे सका। आपूर्ति निरीक्षक महराजगंज अमित सिंह व बछरावां, शिवगढ़ आपूर्ति निरीक्षक अविनाश चंद्र पांडेय ने बरामद डीजल का नमूना लेकर विभाग को भेज दिया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक श्याम कुमार पाल ने बताया आपूर्ति विभाग द्वारा बरामद डीजल का सैंपल लेकर भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

किशोर से किया कुकर्म, शिकायत

महोली, सीतापुर

▸▸ महोली के बड़ा गांव चौकी क्षेत्र के पड़ोस गांव की घटना

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बीती रात एक किशोर से कुकर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घर पहुंचे किशोर ने परिजनों को आप-बीती बताई तो वह शिकायत लेकर चैकी पहुंचे। आरोप है कि पुलिस केस दर्ज करने में हीला-हवाली की तो परिजनों ने जमकर हंगामा काटा। इसके बाद बैकफुट पर आई पुलिस ने केस दर्ज करने की बात कही है।

महोली के बड़ा गांव चौकी क्षेत्र के पड़ोस गांव का एक किशोर बीती रात खेत देखने गया था। आरोप है कि जब वह गांव के बाहर था तभी गांव के दो अन्य लड़के मौके पर पहुंचे और पास खड़ी बैलगाड़ी पर ले जाकर उसके साथ कुकर्म किया। किसी तरह घर पहुंचे किशोर ने परिजनों को आपबीती बताई। जिसके बाद परिजन शिकायत लेकर थाने पहुंचे, लेकिन चौकी पुलिस ने मामले को गंभीरता से नही लिया। जिसके बाद पीड़ित परिजनों ने जमकर हंगामा काटा। ऐसे में बैकफुट पर आई पुलिस ने मामले में केस दर्ज किए जाने की बात कही। इस संबंध में जब इंस्पेक्टर उमाकांत शुक्ल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि प्रकरण संज्ञान में है। पीड़ित और आरोपी संभवतः नाबालिग हैं। पीड़ित का चिकित्सीय परीक्षण कराया जाएगा। तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

राजेंद्र नगर शास्त्री मांटेसरी स्कूल में पूर्णिमा के उपलक्ष्य में गायत्री यज्ञ करते विद्यालय प्रबन्धक परिवार के सदस्य। अमृत विचार

मैंने आंगन नहीं बुहारा कैसे आएंगे भगवान

अमृत विचार, लखनऊ : राजेन्द्र नगर स्थित शास्त्री मांटेसरी स्कूल में मंगलवार को पूर्णिमा के उपलक्ष्य में गायत्री यज्ञ और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां गायत्री की आराधना से हुई। इस मौके पर प्रस्तुत भजन खूब पसंद किए गए। मैंने आंगन नहीं बुहारा कैसे आएंगे भगवान को सुनकर लोग झूम उठे। आओ-आओ सुहागन नार कलश का पूजन करो को भी पसंद किया गया। आज हनुमान जयंती होने की वजह से हनुमान जी को समर्पित भजन भी प्रस्तुत किए गए। गायत्री माता की आरती जयति जय गायत्री माता के बाद सभी के कल्याण और प्रगति की कामना की गई। विद्यालय की प्रधानाचार्य शशि अग्रवाल, प्रबंधक देवेन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष विभोर कुमार, अध्यापक मिश्रीलाल, इंदिरा शर्मा, रीता साहू, पूर्व अध्यापिका कमलेश सिन्हा, गायत्री परिवार की इंदिरा चौरसिया और अनीता सोनकर आदि लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।

एक नजर

पूर्व विधायक सफदर रजा के केस में सुनवाई टली

सुलतानपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र धम्मौर के भांईं पैमाइश करने गये लेखपाल के सरकारी कामकाज में बाधा, धमकी व गाली गलौज के 10 साल पुराने मामले में मंगलवार को कोर्ट रिक्त होने के कारण सफाई साक्ष्य के लिए 29 अप्रैल की तारीख नियत की गई है। एडीएम के आदेश पर पैमाइश करने गए तत्कालीन भांई लेखपाल विजय कुमार सिंह ने पूर्व विधायक सफदर रजा के खिलाफ 18 सितंबर 2014 मे धम्मौर थाने में सरकारी कामकाज मे बाधा ,धमकी, व गाली-गलौज का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था।

कोर्ट ने आरोपी की अग्रिम जमानत मंजूर कर दी राहत

सुलतानपुर : मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते साल महिला से अभद्रता, मारपीट और एसिड अटैक करने के आरोपी श्री नारायण तिवारी उर्फ साहेब की अग्रिम जमानत मंजूर कर सेशन जज जेपी पांडेय ने गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया कि कोर्ट ने विवेचक को शीघ्र रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश भी दिया है। कस्थूनी पश्चिम निवासी आंचल ने बीते साल स्वयं व दादी सुमनलता पर हमला करने, एसिड अटैक करने व मारपीट समेत अन्य आरोपों में शेष नारायन तिवारी, साहब तिवारी और बृजेश कुमारी पर मुकदमा दर्ज कराया था। घटना संपत्ति विवाद में होना बताया गया।

पांच गिरफ्तार, चोरी की पांच बाइकें बरामद

अयोध्या, अमृत विचार : नगर कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को एक वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। गिरोह के लोगों ने किशोरों को बाइक चोरी के धंधे में लगा रखा था और कचहरी परिसर के आसपास का इलाका इनके निशाने पर था। पुलिस ने चोरी की पांच बाइक बरामद कर तीन किशोरों समेत गिरोह के पांच को गिरफ्तार किया।

गठबंधन को वोट करना पसमांदा समाज की मजबूरी नहीं

बाराबंकी, अमृत विचार : बीते सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अलीगढ़ की रैली में पसमांदा मुस्लिम समाज को लेकर सपा और कांग्रेस पर हमला बोला था। उनके इस बयान का ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज ने समर्थन किया है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन कहा कि सपा और कांग्रेस बराबर हमारा वोट लेती आई हैं। लेकिन इन्होंने कभी भी हमारा नाम तक लेना उचित नहीं समझा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने पसमांदा मुसलमानों के लिए राजनीतिक भागीदारी और सामाजिक बराबरी के लिए जिस तरह से आवाज उठाई है। पसमांदा मुसलमानों की इंडिया गठबंधन को वोट करने की मजबूरी नहीं है। वसीम राईन ने कहा कि हमारा सवाल तो उन लोगों से है जो बराबर पसमांदा समाज का वोट लेते चले आए हैं, लेकिन हमारा नाम लेना भी उचित नहीं समझा। पीएम मोदी ने पसमांदा मुसलमान का दर्द समझा और आवाज उठाई। अब उनके आवाज उठाने से सपा और कांग्रेस के लोगों को परेशानी होता है। वसीम राईन ने कहा कि चुनाव परिणाम में गठबंधन को पता चल जाएगा कि पसमांदा मुसलमान को नजरअंदाज करने का नतीजा क्या होता है।

वसीम राईन

एडीओ पंचायत समेत 8 सफाईकर्मियों को नोटिस

खबर का असर

सतरिख, बाराबंकी

अमृत विचार : हरख ब्लॉक के गांवों में तैनात सफाई कर्मचारी ढूंढे नहीं मिल रहे हैं, जबकि बिना काम के वेतन भी निकाल रहे हैं। डीपीआरओ ने एडीओ पंचायत के साथ ही आठ सफाई कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

हरख ब्लॉक में 75 ग्राम पंचायतें और 102 राजस्व ग्राम है,102 सफाई कर्मचारीयों की तैनाती है। इसके बाद भी गांवों की साफ सफाई व्यवस्था ध्वस्त चल रही है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान भी चल रहा है,उसके बाद भी गांव की सफाई व्यवस्था चौपट चल रही है। अमृत विचार ने `कहीं ढूंढे नहीं मिल रहे हैं सफाई कर्मी`शीर्षक को प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था।

डीपीआरओ ने खबर को संज्ञान लेते हुए एडीओ पंचायत हरख राजेंद्र प्रसाद यादव,नानमऊ पंचायत में तैनात सफाई कर्मचारी सुनील कुमार तथा आशा देवी, सहेलिया के राजकुमार,मुकेश कुमार, शाहपुर के नंद कुमार व उत्तम कुमार, मरखापुर के मिथुन कुमार तथा इब्राहिमाबाद के दीपू को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। डीपीआरओ नितेश भोंडेले ने बताया है कि एडीओ पंचायत की संलिप्तता मिली है। एडीओ पंचायत के साथ ही आठ सफाई कर्मचारीयों को भी नोटिस जारी की है।

कहीं ढूंढे नहीं मिल रहे सफाईकर्मी

सतरिख, बाराबंकी

अमृत विचार : विकास खंड के गांवों में तैनात सफाई कर्मचारी ढूंढे नहीं मिल रहे। जिसके चलते ग्रामीण साफ सफाई स्वयं करने को मजबूर हैं। प्रधानों व ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ सफाईकर्मी तो ब्लॉक और इन्हें हर महीने वेतन मिल रहा है। बहलोलपुर की प्रधान सुधा ने बताया कि उनकी पंचायत में दो राजस्व ग्राम हैं, लेकिन चार वर्षो से कोई सफाई कर्मीनहीं आ रहा। सुधा का कहना है कि हम अपने पैसे से निजी कर्मचारी रखकर विद्यालयों की सफाई करवाते हैं। मरखापुर गया है। झाड़ियां में तब्दील होने से शौचालय का प्रयोग करना भी लोगों ने बंद कर दिया है। वही शाहपुर में भी सफाई कर्मी कई वर्षों से नहीं पहुंच रहा है। प्रधान व ग्रामीणों करीब 10 सफाई कर्मचारी तो ब्लॉक में बाबू बने बैठे हैं वहीं हरख ब्लाक की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत

अमृत विचार में प्रकाशित समाचार।

पत्नी फंदे पर लटकी तो पति ने खुद को गोली मार दी जान

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- चित्रकूट के रैपुरा थानांतर्गत देवकली गांव में हुई घटना

अमृत विचार : रैपुरा थानांतर्गत देवकली गांव में सोमवार देर रात पत्नी के फांसी लगाने के बाद पुलिसकर्मी ने सरकारी रायफल से खुद को गोली मारकर जान दे दी। सिपाही चुनावी ड्यूटी से लौटा था। बताया गया कि पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ और इसके बाद पहले पत्नी और फिर पति ने आत्महत्या कर ली।

देवकली निवासी जौहरी लाल पटेल का बड़ा बेटा मयंक पटेल (32) जीआरपी झांसी में तैनात था। कुछ दिन पहले वह पत्नी कुसुम (27) और डेढ़ साल के बेटे आर्यन उर्फ दादू के साथ गांव आया था। मयंक प्रथम चरण के चुनाव में बिजनौर ड्यूटी पर गया था और 21 अप्रैल को गांव लौटा था। 22 अप्रैल की रात उसका पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ। रात में ही कुसुम का शव फंदे से लटका मिला। परिजनों के अनुसार लगभग एक घंटे बाद मयंक चुनाव ड्यूटी में नोयडा जाने की बात कहकर सरकारी रायफल लेकर घर से निकल गया था। घर से कुछ दूरी पर रायफल को ठुड्डी से लगाकर फायर कर दिया।

डिवाइडर तोड़कर ट्रक से टकराई बस, 4 की मौत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज/तिर्वा

- कन्नौज में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर तड़के भीषण हादसा
- 36 यात्री घायल, 10 गंभीर घायलों को कानपुर रेफर किया

अमृत विचार : ठठिया थाना क्षेत्र के बीरमपुर गांव में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर मंगलवार तड़के एक स्लीपर बस डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी साइड पर जाकर ट्रक से टकरा गई। इससे चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 36 यात्री घायल हो गए। घायलों को तिर्वा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, घायल 10 यात्रियों को कानपुर रेफर कर दिया गया।

गोरखपुर से यात्रियों को लेकर आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे होते हुए दिल्ली जा रही स्लीपर बस में 40 से अधिक यात्री सवार थे। मंगलवार तड़के करीब सवा चार बजे ठठिया थाना के बीरमपुर गांव के पास चालक को झपकी आ गई थी जिससे दुर्घटना हुई।

मृतकों में नवीन (22) पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी मीना पाढा थाना महावन जिला मथुरा, कु. अदिति श्रीवास्तव (24) पुत्री हेमंत श्रीवास्तव निवासी हनुमंत नगर थाना पिपराइच जिला गोरखपुर, राम कंठ (33) पुत्र श्याम लाल गौतम निवासी हुसैनाबाद थाना सुबेहा जिला बाराबंकी, मनीष (09) पुत्र नीलकंठ निवासी हुसैनाबाद थाना सुबेहा जिला बाराबंकी शामिल हैं।

पेड़ से टकराने से बाइक सवार तीन युवकों की मौत

खरगूपुर, गोंडा। एक ही बाइक पर सवार होकर निकले चार युवकों की बाइक अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई और बगल में ही खाईं में जा गिरी। इसमें तीन युवकों की मौत हो गई जबकि एक युवक मेडिकल कालेज गोंडा में भर्ती है। घटना थाना इटियाथोक के बेंदुली गांव मोड़ के पास की है। इटियाथोक थाना क्षेत्र के नौशहरा गांव निवासी मोहम्मद बिलाल(22) पुत्र मोहम्मद मुंसरीफ, मोहम्मद अहमद (21) पुत्र सिद्दीक, मोहम्मद रिजवान(20) पुत्र वली मोहम्मद व शाहिद (22) पुत्र दद्दू एक ही बाइक पर सवार बिना हेलमेट लगाए खरगूपुर की ओर से अपने घर इटियाथोक की ओर जाते समय हादसा हुआ। पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को खरगूपुर सीएचसी पहुंचाया। जहां अधीक्षक डॉ अजय यादव ने मोहम्मद बिलाल, मोहम्मद अहमद को मृत घोषित कर दिया। मोहम्मद सईद व मोहम्मद रिजवान को मेडिकल कालेज गोंडा मुख्यालय पर भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान मोहम्मद शाहिद को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल रिजवान का इलाज चल रहा है।

प्रेमी को कमरे में बंद कर पीटा, मूछें काट कर पुलिस को सौंपा

संवाददाता, औरैया

- प्रेमिका से मिलने गया था, महिला ने प्रेमी के साथ जाने की बात कही

अमृत विचार। दिबियापुर थाना के एक गांव में शादीशुदा प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी को प्रेमिका के ससुरालियों ने जमकर पीटा। युवक की मूछें और भौंह भी साफ कर दीं। रात भर घर में बंद रखकर मंगलवार की सुबह युवक और महिला को पुलिस के सुपुर्द किया गया। थाने में महिला अपने प्रेमी के साथ जाने की बात कह रही थी।

दिबियापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी शादीशुदा महिला जो की गर्भवती भी है। उससे मिलने मिलने गए युवक को महिला के ससुरालीजनों ने पकड़ लिया। महिला और उसके अविवाहित प्रेमी को कमरे में बंद कर जमकर पीटा। प्रेमी की आधी मूछें, एक तरफ की भौहें साफ कर दी। मंगलवार की सुबह पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

बताते हैं को सोमवार को क्षेत्र के एक गांव निवासी लगभग दो माह की गर्भवती महिला का पति बाहर काम करने गया था। रात लगभग एक बजे गांव हीरा का पूर्वा निवासी मेहरबान महिला से मिलने पहुंच गया। इस बीच महिला के भतीजे ने दोनों को कमरे में बात करते देख लिया था।

हैदरगढ़ में पीएचसी के डॉक्टरों के सहारे सीएचसी

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : सीएचसी हैदरगढ़ पर डॉक्टरों की कमी के चलते प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात चिकित्सकों के सहारे ओपीडी का संचालन किया जा रहा है। इसके चलते पीएचसी पर चिकित्सा सुविधा प्रभावित हो रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर वर्तमान समय में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सौरभ शुक्ला के अलावा डॉ. प्रियंक श्रीवास्तव, डॉ. उमंग वर्मा, डॉ. विश्वनाथ मधेशिया के अलावा महिला चिकित्सक डॉ. मोनिका की तैनाती है। तीन दिनों से विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर तैनात डॉ. जयशंकर पांडे, डॉ. मोहम्मद आरिफ एवं मंगलवार को पीएचसी थलवारा पर तैनात डॉ. राकेश वर्मा के ड्यूटी ओपीडी और इमरजेंसी के लिए लगाई गई है। अधीक्षक डॉ. सौरभ शुक्ला ने बताया कि सर्जन डॉक्टर उमंग वर्मा को लगातार तीन दिन ओपीडी और इमरजेंसी करने की वजह से ऑफ दिया गया है।

रेल फ्रैक्चर और रेल वेल्ड की निगरानी हो : शोभन

नई दिल्ली, अमृत विचार। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने उत्तर रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों के साथ उत्तर रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा की। महाप्रबंधक ने इस बात पर जोर दिया कि सुरक्षा रेलवे की मुख्य प्राथमिकता है, जिसके लिए हर संभव प्रयास किये जाने चाहिए। इस बात का भी ध्यान रखा जाए कि रेलपथों का रख-रखाव, रोलिंग स्टॉक, सिग्नलिंग और इलेक्ट्रिक ओवरहेड तारें बेहतर तरीके से कार्य करें। संरक्षा समीक्षा बैठक के साथ-साथ, महाप्रबंधक ने लखनऊ मंडल नामक पुस्तक का विमोचन किया । पुस्तक पर बात करते हुए श्री चौधरी ने ट्रेन संचालन में मानवीय विफलता को कम करने पर जोर दिया। उन्होंने सभी संबंधितों को निर्देश दिया कि रेल फ्रैक्चर और रेल वेल्ड की व्यापक निगरानी प्राथमिकता के आधार पर की जानी चाहिए और कोई त्रुटि नहीं रहनी चाहिए। श्री चौधरी ने यह भी बताया कि उत्तर रेलवे यात्रियों की मांग को पूरा करने के लिए ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों के 778 फेरे संचालित कर रही है। मण्डल रेल प्रबंधकों के साथ बातचीत के दौरान, उन्होंने सभी मंडलों को रेलवे स्टेशनों पर पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सभी प्रमुख और महत्वपूर्ण स्टेशनों पर आवश्यक व्यवस्थाएं करने का निर्देश दिया। उन्होंने आगे कहा कि भीड़ को व्यवस्थित तरीके से नियंत्रित करने तथा सभी गतिविधियों की निगरानी के लिए सभी प्रमुख स्टेशनों पर वरिष्ठ अधिकारियों को तैनात किया जाना चाहिए। उन्होंने विभागों को कर्मचारियों को प्रेरित रखने के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण और पुनश्चर्या पाठ्यक्रम आयोजित करने और ट्रेनों की निर्बाध आवाजाही के लिए पटरियों पर विद्युत सुरक्षा के साथ-साथ रिले और पैनल रूम में सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करने का भी निर्देश दिया।

उन्होंने यह भी बताया कि, हर गुजरते माह के साथ खाद्यान्न और अन्य वस्तुओं के लदान में लगातार वृद्धि हुई है। उत्तर रेलवे अपने उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित, सुगम और बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है । यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने दी।

लखनऊ मंडल नामक पुस्तक का विमोचन करते महाप्रबंधक। अमृत विचार

गोंडा में नपाप अध्यक्ष को मिली जमानत

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : जेल में निरुद्ध नगर पालिका परिषद अध्यक्ष गोंडा को जमानत मिल गई। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष उज्मा राशिद पर अभिलेख में कूट रचना कर रिकाबगंज मोहल्ले में स्थित शत्रु संपत्ति हड़पने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया गया था। सदर तहसील के सहायक रजिस्टर कानूनगो गिरीश चंद्र सोनकर ने बीते 16 मार्च को नगर कोतवाली में नपाप अध्यक्ष के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष काफी समय फरार थीं। पुलिस खोज नहीं पा रही थी। गिरफ्तारी से बचने के लिए उन्होंने हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। लेकिन राहत नहीं मिली। पुलिस ने 5 अप्रैल को नगरपालिका अध्यक्ष को उनके घर से गिरफ्तार किया था। जहां से मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट के यहां पेश किया गया और जेल भेज दिया गया था।

सार-संक्षेप

गोरखपुर और गुजरात की ओर जाने के लिए चली विशेष ट्रेन

अयोध्या, अमृत विचार। ग्रीष्मकाल में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे की ओर से विशेष ट्रेनों का संचालन जारी है। अगर आपको गोरखपुर और गुजरात किन तरफ जाना है तो अयोध्या धाम जंक्शन से साबरमती-गोरखपुर-साबरमती विशेष ट्रेन में अपना टिकट बुक करा सकते हैं। उत्तर रेलवे की वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने मंगलवार को बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने साबरमती-गोरखपुर-साबरमती विशेष ट्रेन संचालित करने का निर्णय लिया है। साबरमती से गोरखपुर जाने वाली 09489 ट्रेन का अयोध्या धाम जंक्शन पर 25 अप्रैल को 00 .05 बजे आगमन व 00 .10 बजे प्रस्थान तथा 09480 गोरखपुर-साबरमती ट्रेन का 26 अप्रैल को 10 .55 बजे आगमन व 11 .00 बजे प्रस्थान होगा। यह ट्रेन जिले में केवल अयोध्या धाम जंक्शन पर ही रुकेगी।

अप्रैल में 41.16 करोड़ ने की रेल यात्रा

नई दिल्ली, अमृत विचार। भारतीय रेलवे ने 1 से 21 अप्रैल के दौरान 41.16 करोड़ यात्रियों को यात्रा कराई है। भारतीय रेलवे ने पिछले दो दिनों 20 और 21 अप्रैल में 3 .38 करोड़ यात्रियों को यात्रा कराई है। पिछले 7 दिनों 15-21 अप्रैल में 13 .69 करोड़ यात्रियों ने यात्रा कराई गई है। इसी कम में यात्रियों की सुविधाओं का विशेष ध्यान देते हुए रेलवे स्टेशनों पर पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। इस साल रेलवे द्वारा रिकॉर्ड संख्या में अतिरिक्त ट्रेनें ग्रीष्म ऋतु के दौरान 9111 यात्राएं संचालित की जा रही हैं। सभी प्रमुख और महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण की विस्तृत व्यवस्था की गई है। भीड़ को व्यवस्थित तरीके से नियंत्रित करने के लिए सभी गतिविधियों की निगरानी के लिए इन स्टेशनों पर वरिष्ठ अधिकारी तैनात हैं। सामान्य श्रेणी के डिब्बों में प्रवेश के लिए कतार प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए प्रारंभिक स्टेशनों पर आरपीएफ कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। भीड़-भाड़ वाले इलाकों पर कड़ी नजर रखने और यात्रियों को वास्तविक समय पर सहायता प्रदान करने के लिए सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष में कुशल आरपीएफ कर्मचारियों को तैनात किया गया है। भारी भीड़ के दौरान भगदड़ जैसी स्थिति से बचने के लिए भीड़ को सुचारू रूप से नियंत्रित करने के लिए सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के कर्मचारियों को फुट-ओवर ब्रिज पर तैनात किया जाता है। यात्रियों को पूछताछ में मदद के लिए अतिरिक्त सहायता डेस्क और काउंटर स्थापित किए गए हैं।

20 रुपए में उपलब्ध होगा "इकोनॉमी खाना"

नई दिल्ली, अमृत विचार। भारतीय रेल समाज के सभी वर्गों के लिए यातायात का एक बहुत बड़ा माध्यम है। रेलवे समस्तजनों की आकांक्षाओं को पूरा करने का भरसक प्रयास करती है । इस सम्बन्ध में रेल यात्रियोंको कम मूल्य पर पौष्टिक और स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराना एक बड़ी चुनौती है । रेलगाड़ियों के सामान्य डिब्बों में यात्रा करने वाले यात्रियों को सस्ता खाना, स्नैक्स/कॉम्बो मील और किफायती दर पर पैकेटबंद पेयजल की सेवा प्रदान करने के लिए प्लेटफॉर्म पर सामान्य श्रेणी के डिब्बों के लगने के निकट सस्ता खाना, स्नैक्स/कॉम्बो मील का प्रावधान किया गया है। 20 रुपए के मूल्य पर उपलब्ध कराये जाने वाले "इकोनॉमी खाना" के अन्तर्गत सात पूरियां (175 ग्राम), आलू की सूखी सब्जी (150 ग्राम) और अचार होता है । 50 रुपए मूल्य पर उपलब्ध कराये जाने वाले 350 ग्राम के स्नैक्स मील के अंतर्गत दक्षिण भारतीय चावल अथवा राजमा/छोले-चावल अथवा खिचड़ी अथवा कुलचे/भटूरे-छोले अथवा पाव भाजी अथवा मसाला डोसा होता है ।एक गिलास पीने का पानी(200 एमएल), 03 रुपए में प्रदान किया जा रहा है। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने बताया कि रेलयात्रियों को स्वच्छ रूप से तैयार किया गया पौष्टिक "इकोनॉमी खाना" उपलब्ध कराया जा रहा है। इकोनॉमी खाना की गुणवत्ता और स्वच्छता को बनाये रखने के लिए निगरानी भी की जा रही है । यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने दी।

51 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों का संचालन

नई दिल्ली अमृत विचार। पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य भारत के लिए मंडल से होकर लगभग 51 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें चल रही हैं। स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़भाड़ और रेलगाड़ियों में भीड़ पर पैनी नज़र रखने के लिए मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों पर अधिकारियों और निरीक्षकों को तैनात किया गया है। ट्रेनों में पानी की उपलब्धता और भीड़ प्रबंधन के लिए मैकेनिकल और आरपीएफ स्टाफ के साथ समन्वय कर हर घंटे निगरानी राखी जा रही है । रेल मदद ऐप और आवश्यकताओं की निगरानी , नोडल नियंत्रण के के माध्यम से की जा रही है। प्रमुख स्टेशनों यानी देहरादून, हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, रोज़ा और हापुड़ स्टेशनों पर यात्रियों की उमड़ती भीड़-भाड़ की हर घंटे निगरानी की जा रही है। मुरादाबाद के भीड़भाड़ वाले स्टेशनों पर कड़ी नज़र रखी जा रही है। इसके अलावा, तत्काल एवं भारी यात्री भीड़भाड़ की अवधि के दौरान पीआरएस एवं यूटीएस में यात्रियों की कतार की लंबाई पर भी कड़ी नज़र रखी जा रही है। भारी भीडभाड़ की अवधि के दौरान देहरादून, हरिद्वार, मुरादाबाद और बरेली स्टेशनों पर अतिरिक्त टिकट काउंटर संचालित किए जा रहे हैं। सभी स्टेशनों पर एटीवीएम का पूर्ण रूप से कार्य करना सुनिश्चित किया जा रहा है। निरंतर अभियान चलाकर और आउटरीच कार्यक्रमों के माध्यम से यात्रियों की कतार की लंबाई कम करने के लिए मोबाइल टिकटिंग के माध्यम से मोबाइल ऐप्स पर यूटीएस को बढ़ावा दिया जा रहा है। सभी खानपान और गैर-खानपान इकाइयों में रेल नीर एवं जनता खाना की पर्याप्त उपलब्धता नियमित रूप से सुनिश्चित की जा रही है। लेन-देन में आसानी के लिए सभी इकाइयों में डिजिटल भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। उत्तर रेलवे सभी यात्रियों को सुविधाजनक एवं आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने दी।

बिसरा रिपोर्ट में मुख्तार को जहर की पुष्टि नहीं

कार्यालय संवाददाता, बांदा

अमृत विचार: मुख्तार अंसारी की बिसरा जांच रिपोर्ट में उसे जेल में जहर देने की पुष्टि नहीं हुई है। इससे मामला ठंडे बस्ते में जाता नजर आ रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, रिपोर्ट न्यायिक जांच टीम को भेज दी गई है।

बता दें कि 28 मार्च की देर रात जेल में बंद मुख्तार अंसारी की मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मुख्तार के परिजनों ने उन्हें जेल में जहर देने का आरोप लगाया था। इस पर प्रशासनिक और न्यायिक जांच टीमें गठित की गईं थीं।

हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक से मौत की पुष्टि हो चुकी है, लेकिन फिर भी बिसरा जांच के लिए लखनऊ भेजा गया था। बिसरा रिपोर्ट के बाद यह बात साफ हो गई है कि मुख्तार अंसारी की मौत हार्ट अटैक से ही हुई थी।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि बिसरा रिपोर्ट लखनऊ से आ गई है और उसे न्यायिक जांच टीम को सौंप दिया गया है। हालांकि जांच टीम का कोई अधिकारी इस पर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। जांच टीम ने जेल कर्मियों व अधिकारियों से भी पूछताछ की थी।

5 हजार साधु-संत मखौड़ा धाम के लिए रवाना

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या से निकलने वाली 84 कोसी परिक्रमा की भव्यता भी बढ़ गई है। अयोध्या से दो अलग-अलग स्थान से निकलने वाली इस पारंपरिक परिक्रमा यात्रा में इस बार संतों के समिति का जत्था भी जुड़ गया है। यात्रा में लगभग 5000 से अधिक साधु संत शामिल रहे।

कारसेवकपुरम में विहिप के पुरुषोत्तम नारायण ने केसरिया ध्वज दिखाकर परिक्रमार्थियों को मखौड़ा धाम के लिए रवाना किया। विहिप के हनुमान मंडल व धर्मार्थ सेवा संस्थान के संयोजन में 24 मई से शुरू होने वाली परिक्रमा चार जिलों से होकर गुजरेगी। प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि परिक्रमार्थी 14 मई को अयोध्या पहुंचेंगे। परिक्रमा से पहले हर साल रामकोट की परिक्रमा परिक्रमार्थी करते रहे हैं। इस बार हनुमान जन्मोत्सव व चैत्र पूर्णिमा पर भीड़ के चलते हमने परिक्रमा स्थगित कर दी है। विहिप के शरद शर्मा ने कहा कि 84 कोसी परिक्रमा के दौरान कई ऋषि-मुनियों की तपस्थली मिलती है।

कारसेवक पुरम से परिक्रमार्थी रवाना हुए। अमृत विचार

रायगंज से भी रवाना हुआ जत्था

अयोध्या धाम चौरासी कोसी परिक्रमा धर्मार्थ सेवा संस्थान के बैनर तले महंत गयादास के नेतृत्व में नरोत्तम भवन रायगंज से परिक्रमार्थियों का जत्था मखौड़ा धाम के लिए रवाना हुआ। गयादास ने बताया कि जत्थे में 500 साधु संत रवाना हुए हैं। इतने ही परिक्रमार्थी मखौड़ा में शामिल होंगे। परिक्रमा 15 मई को अयोध्या पहुंचेगी। यात्रा में सतगुरु सेवा संस्थान के द्वारा 200 से अधिक साधु संतों का जत्था शामिल हुआ है।

राजनीति | दोहराई जा रही है राहुल गांधी के चुनाव लड़ने की मांग

राहुल गांधी बिन अमेठी सून के लगे पोस्टर

अमेठी

अमृत विचार। राहुल गांधी अमेठी न आने के बाद भी अमेठी का नाम से देश की राजनीति में सुर्खियों में हैं। राहुल गांधी को अमेठी से चुनाव लडने की मांग दोहराते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पोस्टर बैनर वार शुरू कर दिया है। अपने इलेक्शन कम्पेन में भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी हर जगह राहुल को धोखेबाज और लापता सांसद की संज्ञा देते हुए उनका नाम ले रही हैं।अमेठी ही नहीं उत्तर प्रदेश की राजनीति में राहुल गांधी ही कांग्रेस के ऐसे नेता हैं जो सबसे अधिक सुर्खियां में है।

अमेठी से चुनाव लडने के लिए कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया पोस्टरवार ।

अमेठी में पोस्टर वार शुरू हो गया है। भाजपा सांसद स्मृति ईरानी लगातार क्षेत्र में सामाजिक कार्यक्रम कर भाजपा को मजबूत करने में जुटी हुई हैं तो वहीं गठबंधन के प्रत्याशी का कुछ अता-पता नहीं है।

वरिष्ठ कांग्रेसियों के साथ अमेठी की जनता भी कांग्रेस प्रत्याशी का इंतजार कर रही है।

कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष के द्वारा गौरीगंज कांग्रेस कार्यालय में एक पोस्टर लगाया गया है। उस पोस्टर में लिखा गया है की राहुल बिन अमेठी सून।वहीं जब इस पोस्टर को लेकर पोस्टर लगाने वाले ब्लाक अध्यक्ष अवनीश मिश्र सेनानी से बात की गई तो उन्होंने कहा की राहुल गांधी ही अमेठी आएंगे और राहुल गांधी ही यहां से चुनाव लड़ेंगे। इस बार अमेठी सीट से उनकी ऐतिहासिक जीत होगी।

सीएम की मौजूदगी में 29 को नामांकन करेंगी स्मृति

अमेठी । केंद्रीय मंत्री अमेठी सांसद स्मृति ईरानी 29 अप्रैल को तीसरी बार अमेठी से लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। नामांकन के दौरान सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव, सूबे स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह व जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि समेत भाजपा के कई दिग्गज नेता मौजूद रहेंगे। 2019 के लोकसभा चुनाव में स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी को उनके ही गढ़ में करीब 55 हजार वोटों से हराया था। इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण में अमेठी में 20 मई को मतदान है। जिसके लिए 26 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी।

प्राथमिकता में चीनी मिल का विस्तार: मेनका गांधी

सुलतानपुर, अमृत विचार: पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी ने चुनावी कैंपेन के 19 वें दिन सुल्तानपुर विधानसभा में तूफानी दौरा कर डेढ़ दर्जन नुक्कड़ सभाओं को संबोधित कर समर्थन मांगा।

इस दौरान मेनका गांधी ने कहा कमल का फूल विकास व खुशहाली की गारंटी हैं। विकास और बेहतर भविष्य के लिए कमल को वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि मैंने व विधायक गणों ने साथ मिलकर पांच वर्षों में संसदीय क्षेत्र में 3800 करोड़ के विकास व अन्य कार्य करवाए हैं। बड़े कामों में चीनी मिल का विस्तारीकरण रह गया है। इस बार यह हमारी प्राथमिकताओं में होगा।

उन्होंने कहा फिर भी इस बार चीनी मिल बेहतर ढंग से चली है गन्ना किसानों को पर्याप्त पर्ची मिलने के साथ, गन्ना का भुगतान सप्ताह से पन्द्रह दिन में किया गया है। पांच वर्षों में 5 हजार गरीबों की शादी कराई गई है। पांच वर्षों में कैंप लगाकर हजारों दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण,कान की मशीन,ट्राई साइकिल, व्हील चेयर सहित अन्य समान दिया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने और मैंने 5 सालों में बिना जाति कौम देखें सर्व समाज के लिए काम किया है। हम और हमारे कार्यकर्ता हमेशा गरीबों की मदद करतें हैं।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

पंच त्वाऽनुगमिष्यन्ति यत्र यत्र गमिष्यसि ।
मित्राण्यमित्रा मध्यस्था उपजीव्योपजीविन: ॥

पांच लोग छाया की तरह सदा आपके पीछे लगे रहते हैं । ये पाँच लोग हैं – मित्र, शत्रु, उदासीन, शरण देने वाले और शरणार्थी ।

संपादकीय

मध्य पूर्व में संकट

इजराइल और ईरान के बीच जारी संघर्ष मध्य-पूर्व के दो प्रबल विरोधियों के बीच बढ़ते तनाव को उजागर करता है। ईरान-इजराइल जंग का असर वैश्विक राजनीति पर ही नहीं बल्कि दुनिया के व्यापार पर भी पड़ सकता है। यदि भू-राजनीतिक तनाव बढ़ता है तो आपूर्ति में व्यवधान के कारण कमोडिटी की कीमतें बढ़ जाएंगी। वैश्विक स्तर पर, भू-राजनीतिक तनाव के कारण मुद्रास्फीति उच्च बनी रहेगी क्योंकि इससे कच्चे तेल की कीमतें और तांबा, जस्ता, एल्युमीनियम, निकेल आदि वस्तुओं की कीमतें प्रभावित होंगी। तनाव कम करने या शांतिपूर्ण समाधान के लिए संवाद के कूटनीतिक प्रयासों की विफलता के बाद सैन्य कार्रवाई ही एकमात्र विकल्प बचेगा, जिससे क्षेत्रीय तनाव में वृद्धि की संभावना बढ़ जाएगी। हालांकि वैश्विक मंदी की आशंका के बीच भारत को फायदा हो सकता है। क्योंकि भारत विदेशी निवेशकों की पहली पसंद बना हुआ है। भारत, दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक और उपभोक्ता देश है। वह अपनी पेट्रोलियम खरीद का एक बड़ा हिस्सा मध्य पूर्व से आयात करता है। ईरान ओपेक देशों में शामिल तीसरा सबसे बड़ा क्रूड ऑयल प्रोड्यूसर है। इसलिए तेल के संकट को ईरान और इजराइल का युद्ध और बड़ा कर रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि ईरान-इजराइल के बीच तनाव के मद्देनजर यूरोप में भारत का निर्यात बाधित होगा। भारत के व्यापार सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि नीतिगत हस्तक्षेप तभी होगा जब हम व्यापारियों के सामने आने वाली समस्याओं को समझेंगे। उस अभ्यास के आधार पर, जो भी आवश्यक होगा सरकार निश्चित रूप से उस पर ध्यान देगी। इजराइल और ईरान के बीच टकराव कम करने का भारत का आह्वान क्षेत्र की राजनीति की जटिलता को पहचानने के बारे में है। भारत के लिए ये संकट इसलिए और बड़ा है क्योंकि वह ईरान और इजराइल दोनों का ही मित्र है। वह किसी एक का पक्ष नहीं ले सकता है। ईरान-इजराइल टकराव पर भारत के दृष्टिकोण का महत्व है। यदि ये भारत को एक दृष्टिकोण का पक्ष लेते हुए देखते हैं तो इससे क्षेत्र में शांति को नुकसान पहुंच सकता है।

भारत को प्रमुख क्षेत्रीय प्रतिभागियों मिस्र, ईरान, इजराइल, कतर, तुर्की, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के साथ अपने जुड़ाव को हमेशा संतुलित रखना होगा। इजराइल की व्यापक रूप से मौजूद इस धारणा को देखते हुए कि परमाणु-सशस्त्र ईरान इज़राइल के अस्तित्व के लिए एक संभावित खतरा है, उसके द्वारा प्रतिशोध की आशंका को खारिज नहीं किया जा सकता। संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों का सम्मान करना चाहिए। क्षेत्र में दीर्घकालिक सुरक्षा, शांति एवं स्थिरता के लिए दो-राज्य समाधान ही एकमात्र संभव विकल्प है।

पहले चरण के चुनाव के सबक

संजय सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

कुछ भी हो, लेकिन पहले चरण ने सभी के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। लेकिन सत्तारूढ़ भाजपा में इससे विशेष रूप से सिहरन पैदा हुई है और 'अबकी बार 400 पार' के उसके मंसूबों को झटका लगा है। इनकी तीव्रता को इंडिया गठबंधन, खासकर राहुल गांधी के दावों के इन दावों ने और बढ़ा दिया है कि इस बार भाजपा 180 या डेढ़ सौ पर सिमट जाएगी।

लोकसभा चुनाव 2024 का पहला चरण 19 अप्रैल को संपन्न हो गया। इस चरण में जिस तरह मतदान प्रतिशत में कमी के साथ मतदाताओं के उत्साह में कमी देखने को मिली उसने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और उसके गठबंधन एनडीए के साथ ही साथ कांग्रेस और उसके गठबंधन इंडिया के नेताओं की पेशानी पर भी बल ला दिए हैं। इसके अलावा चुनाव आयोग भी चिंतित हो गया है। आम जनता, मीडिया और चुनाव से जुड़े सभी दल एवं प्रत्याशी इस रुझान की अपने-अपने हिसाब से समीक्षा कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन इसे भाजपा सरकार के खिलाफ जनता का रोष बताकर अपनी जीत का दावा कर रहा है। जबकि एनडीए इसे विपक्ष के प्रति मतदाताओं की उदासीनता कहकर अपनी चिंता को ढांपने की कोशिश कर रहा है। लेकिन हकीकत में दोनों ही पक्ष इससे हैरान और परेशान हैं। क्योंकि पहले चरण की जिन 102 सीटों पर मतदान संपन्न हुआ है उनमें बहुत कम सीटें ऐसी हैं जिनके बारे में दावे से कहा जा सकता हो कि किसी एक प्रत्याशी या दल के पक्ष में मतदान हुआ है। टीवी मीडिया हो या प्रिंट अथवा कि सोशल मीडिया किसी के भी चुनावी विश्लेषणों को देखें तो इस बात से प्रायः सभी सहमत हैं कि यह रुझान स्पष्ट रूप से कोई निर्णय देता नजर नहीं आता। यह ठीक है कि मतदाता घरों से कम निकले, लेकिन इसकी वजह क्या थी, किसी को पता नहीं। कोई इसके पीछे केंद्र सरकार से नाराजगी, कोई स्थानीय सांसद के प्रति गुस्से तो कोई गर्मी और धूप को वजह बताता है। लेकिन जिन लोगों ने इन परिस्थितियों में भी वोट डाला, वह किसके पक्ष में गया है, यह दावे के साथ बताने की स्थिति में कोई भी नहीं है। अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग परिदृश्य दिखाई देता है। इसलिए संपूर्ण से रुझानों को न तो सत्ताविरोधी लहर के रूप में लिया जा सकता है और न ही मोदी की गारंटी पर मतदाताओं ठप्पे के रूप में। कुल मिलाकर मिलीजुली स्थिति प्रतीत होती है।

कुछ भी हो, लेकिन पहले चरण ने सभी के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। लेकिन सत्तारूढ़ भाजपा में इससे विशेष रूप से सिहरन पैदा हुई है और 'अबकी बार 400 पार' के उसके मंसूबों को झटका लगा है। इनकी तीव्रता को इंडिया गठबंधन, खासकर राहुल गांधी के दावों के इन दावों ने और बढ़ा दिया है कि इस बार भाजपा 180 या डेढ़ सौ पर सिमट जाएगी। इन दावों को विपक्षी हमला कहकर खारिज किया जा सकता है। लेकिन उन तथाकथित आंतरिक सर्वेक्षणों का क्या किया जाए जो सोशल मीडिया और यूट्यूब चैनलों पर तैर रहे हैं और जिनके बारे में कहा जाता है कि ये आरएसएस-भाजपा और केंद्र सरकार द्वारा चुनाव से पहले जनता की नब्ज टटोलने के लिए कराए गए थे। इन सर्वेक्षणों में भी कथित रूप से भाजपा को 200 से कुछ ही ज्यादा सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है। और बहुत से लोग मानते हैं कि ये सर्वेक्षण ही राहुल गांधी के दावों का आधार हैं। भले ही वे कहते हों कि उन्हें राज्यों में स्थित अपने कार्यालयों से ऐसी रिपोर्टें मिल रही हैं। जो भी हो, इससे भाजपा और एनडीए का मनोबल कमजोर हुआ है, जबकि विपक्षी गठबंधन के उत्साह में बढ़ोतरी हुई है।

इस बीच गुजरात के सूरत से जो तस्वीर सामने आई है उसे भी पहले चरण के मतदान से उपजी खलबली का परिणाम माना जा रहा है। सूरत में भाजपा उम्मीदवार को मतदान से पहले ही विजेता घोषित कर दिया गया है। इससे पहले कांग्रेस प्रत्याशी का पर्चा जिन परिस्थितियों में खारिज किया गया और बसपा समेत बाकी के अन्य आठ उम्मीदवारों ने अपने पर्चे वापस लिए वह एक रहस्य है। कांग्रेस व विपक्षी दलों ने इसे षड्यंत्र बताते हुए इस चुनाव को रद करने की मांग की है। चुनाव अधिकारी के अनुसार कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन में रिश्तेदार व साझेदार के तौर पर जिन तीन लोगों ने हस्ताक्षर किए थे, उनका कहना है कि उक्त हस्ताक्षर उनके नहीं हैं।

पहले चरण का मतदान भले सुस्त रहा हो, लेकिन इसने अगले चरणों के लिए चुनावी पारे को गर्मियों में और बढ़ा दिया है। इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उनके चुनिंदा कैबिनेट सहयोगियों के साथ भाजपा और आरएसएस के आगे अगले चरणों को निर्णायक रूप से अपने पक्ष में करने की चुनौती खड़ी हो गई है। और जैसे कि संकेत मिल रहे हैं, उन्होंने इसे न सिर्फ स्वीकार किया है, बल्कि नई रणनीति के साथ विपक्ष को नेस्तनाबूद करने के लिए वे दूनी ताकत के साथ मैदान में कूद पड़े हैं। प्रधानमंत्री के भाषण ज़्यादा तीखे और अधिक आक्रामक तो हो ही गए हैं। उनमें क्षेत्र और वक्त के अनुसार परिवर्तन भी दिखाई पड़ रहे हैं। जबसे कांग्रेस ने अपना लोकलुभावन घोषणापत्र जारी किया है मोदी के भाषणों का फोकस यह घोषणापत्र ही रहा है। लेकिन शुरू में वे इसे 'मुस्लिम लीग का घोषणापत्र' बताकर कांग्रेस पर हमला कर रहे थे और उसे अल्पसंख्यक तुष्टीकरण के लिए कोस रहे थे। लेकिन पहले चरण के मतदान के बाद वे कांग्रेस के इरादों को लेकर खतरनाक किस्म की चेतावनियां देने लगे हैं। मसलन, बांसवाड़ा की चुनावी सभा में उन्होंने कहा कि कांग्रेस आई तो सबके धन की जांच करेगी और पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के बयान के मुताबिक उसे मुसलमानों में बांट देगी। कांग्रेस महिलाओं का मंगलसूत्र तक नहीं छोड़ेगी। प्रधानमंत्री के इस बयान की तीखी आलोचना हुई है और कांग्रेस ने चुनाव आयोग में इसकी शिकायत की है। बांसवाड़ा से इतर अलीगढ़ में प्रधानमंत्री के बोल मुसलमानों को लेकर नरम थे। वहां उन्होंने आश्चर्यजनक रूप से मुसलमानों के हित में सरकार द्वारा उठाए गए अनेक कदमों का बखान किया और उनका समर्थन मांगा। प्रधानमंत्री के इन दो अलग-अलग रूपों पर कांग्रेस या विपक्ष की कोई खास प्रतिक्रिया नहीं आई। लेकिन सोशल मीडिया में इसकी विभिन्न तरीकों से समीक्षा की गई। जिनमें एक यह है कि प्रधानमंत्री बिल्कुल सही कह रहे हैं। क्योंकि पिछले दस सालों में मुसलमानों के लिए जितनी योजनाएं यह सरकार लेकर आई है और हज यात्रा से लेकर उन्हें देश में शिक्षा, विदेश में पढ़ाई, नौकरियों और व्यवसाय के लिए रियायतें, सुविधाएं तथा वजीफे दिए गए हैं, उतने पहले की किसी सरकार में नहीं मिले। इन विवरणों ने हिंदू संगठनों को भी हैरान कर दिया है।

इस बीच गुजरात के सूरत से जो तस्वीर सामने आई है उसे भी पहले चरण के मतदान से उपजी खलबली का परिणाम माना जा रहा है। सूरत में भाजपा उम्मीदवार को मतदान से पहले ही विजेता घोषित कर दिया गया है। इससे पहले कांग्रेस प्रत्याशी का पर्चा जिन परिस्थितियों में खारिज किया गया और बसपा समेत बाकी के अन्य आठ उम्मीदवारों ने अपने पर्चे वापस लिए वह एक रहस्य है। कांग्रेस व विपक्षी दलों ने इसे षड्यंत्र बताते हुए इस चुनाव को रद करने की मांग की है। चुनाव अधिकारी के अनुसार कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन में रिश्तेदार व साझेदार के तौर पर जिन तीन लोगों ने हस्ताक्षर किए थे, उनका कहना है कि उक्त हस्ताक्षर उनके नहीं हैं। सच क्या है, इसका पता तो आगे यदि कोई जांच हुई तब ही चलेगा। लेकिन सूरत के इस वाकये ने चंडीगढ़ मेयर के चुनाव की याद दिला दी है। क्या सूरत का मामला भी सुप्रीमकोर्ट जाएगा?

प्रसंगवश

किस्से कंगना के

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

शीर्षक देखकर प्रथम दृष्ट्या पाठक का ध्यान वॉलीबुड की अभिनेत्री कंगना की ओर ही जाएगा, जो संप्रति इसलिए खबरों में आईं क्योंकि चुनाव में भाजपा ने उन्हें हिमाचल प्रदेश के मंडी निर्वाचन क्षेत्र से अपना प्रत्याशी बनाया है। हालांकि यहां मैं उनके बारे में नहीं लिख रहा। लोगों के जेहन में राजा राधिकारमणप्रसाद सिंह की कहानी 'कानों में कंगना' भी कौंध गई होगी। हमें वे कंगना याद तो आए, किंतु यहां उनका विस्तार नहीं है। हिंदू विवाह में कंगन खुलाई एक रस्म होती है । उसकी गांठ वर वधू दोनों को खोलनी होती है, इसे हस्तबंद भी कहते हैं। सीता जी वन में आभूषणों से सज्जित होकर गईं थीं। वे कंगन भी पहने थीं। रावण द्वारा हरण होने पर अशोक वाटिका में वे बहुत क्षीण शरीर हो गईं थीं। जब हनुमान जी वहां पहुंचे, तो उनकी ऐसी ही स्थिति थी। गोस्वामी तुलसीदास ने 'बरवै रामायण' में उनकी वार्ता का उल्लेख करते हुए लिखा है, "अब जीवन की है कपि आस न कोय कनगुरिया कै मूदरी कंगना होय"। यानी छिंगुनी (कनिष्टिका) में पहनी ठाने वाली अंगूठी उनकी कलाई में आ जाती थी और वह कंगना बन गई थी। अब हम माता के वास्तविक कंगनों की बात करते हैं, जिनके नग में विवाह के समय वे शिर नीचे किए राम का रूप देख रहीं थीं। 'राम को रूप निहारति जानकि कंकन के नग की परिछाही' । सामान्य कथा तो यह है कि हनुमान जी को भूख लगी थी और उन्होंने सीता जी से वाटिका के फल खाने की अनुमति मांगी। तदोपरांत उन्होंने फल खाये, वृक्ष तोड़े, राक्षस मारे और पश्चात् लंकादहन आदि हुआ। इस प्रचलित कथा से भिन्नता लिए भी एक कथा है,जो 'आनंद रामायण' में आई है। यह भी महर्षि वाल्मीकि की ही कृति मानी जाती है। इसके अनुसार जब हनुमान जी ने माता से क्षुधित होने की बात कही, तो उन्होंने उन्हें वे दो आम दिए, जो उनको (सीता जी को) खाने के लिए दिए गए थे; साथ ही अपने कंगन हनुमान जी की ओर बढ़ाते हुए कहा कि 'पुत्र! इन्हें लंका के बाजार में बेंचकर, प्राप्त धन से फल आदि क्रय कर लो'। हनुमान जी ने वह प्रस्ताव विनम्रता पूर्वक अस्वीकार कर दिया और वहीं वाटिका में फल तोड़कर खाने की अनुमति मांगी। तब सीता जी ने अनुमति प्रदान कर दी और बाद की कथा वही है,जो सर्व विदित है।

न जलाएं सूखी पत्तियां

पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

पेड़ की हरी पत्तियों में मौजूद क्लोरोफिल यानि हरा पदार्थ, वातावरण में मौजूद जल-कणों या आर्द्रता हाईड्रोजन व आक्सीजन में विभाजित कर देता है।

जो समाज अभी कुछ महीनों पहले हवा की गुणवत्ता खराब होने के लिए हरियाणा-पंजाब के किसानों को पराली जलाने के लिए कोस रहा था, वह अब खुद अपने हाथों से अपनी तकदीर को आग लगा रहा है। महानगरों के बड़े हिस्सों में अभी भी खुलापन, पेड़, हरियाली और बगीचे जिंदा हैं तो जगह-जगह सूखे पत्तों का ढेर लगा है। हर कॉलोनी में इनके निस्तारण के लिए आग लगाना आम बात है। कुछ लोगों के लिए यह झड़ते पत्ते महज कचरा हैं और वे इसे समेट कर जलाने को परंपरा, मजबूरी, मच्छर मारने का तरीका व ऐसे ही नाम देते हैं। असल में यह ना केवल गैरकानूनी है, बल्कि अपनी प्रकृति के साथ अत्याचार भी है।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने तो सन 2016 में बड़े सख्त लहजे में कहा था कि पेड़ों से गिरने वाली पत्तियों को जलाना दंडनीय अपराध है व प्रशासनिक अमले यह सुनिश्चित करें कि आगे से ऐसा ना हो। इस बारे में समय-समय पर कई अदालतें व महकमे आदेश देते रहे हैं, लेकिन कानून के पालन को सुनिश्चित करने वाली संस्थाओं के पास इतने लोग व संसाधन हैं ही नहीं कि हरित न्यायाधिकरण के निर्देश का शत-प्रतिशत पालन करवा सके। कुछ साल पहले लुटियन दिल्ली में एक सांसद की सरकारी कोठी में ही पत्ती जलाने पर मुकदमा कायम हुआ था, उसके बाद दिल्ली में तो इस विषय में जागरूकता और सतर्कता है। लेकिन कई जगह तो नगर को साफ रखने का जिम्मा निभाने वाले स्थानीय निकाय खुद ही कूड़े के रूप में पेड़ से गिरी पत्तियों को जला देते हैं। असल में पत्तियों को जलाने से उत्पन्न प्रदूषण तो खतरनाक है ही, सूखी पत्तियां कई मानों में बेशकीमती हैं व प्रकृति के विभिन्न तत्वों का संतुलन बनाए रखने में उनकी महति भूमिका है।

सूखी पत्तियां जलाने से इंसान खुद ही कई बीमारियों को न्योता देता है। यह अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, आंखों में खुजली, सिरदर्द और नाक बहना और यहां तक कि जीवन के लिए खतरा पैदा करने वाली फैनफड़ों जटिलताएं भी हो सकती हैं। गिरी हुई पत्तियों को जलाने के अल्पकालिक और दीर्घकालिक संपर्क से अस्थमा के दौरे, दिल के दौरे और कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता का खतरा भी बढ़ सकता है।

पेड़ की हरी पत्तियों में मौजूद क्लोरोफिल यानि हरा पदार्थ, वातावरण में मौजूद जल-कणों या आर्द्रता हाईड्रोजन व आक्सीजन में विभाजित कर देता है। हाईड्रोजन वातावरण में मौजूद जहरीली गैस कार्बड डाय आक्साईड के साथ मिल कर पत्तियों के लिए शर्करायुक्त भोजन उपजाता है। जबकि आक्सीजन तो प्राण वायु है ही। जब पत्तियों का क्लोरोफिल चुक जाता है तो उसका हरापन समाप्त हो जाता है व वह पीली या भूरी पड़ जाती हैं। हालांकि यह पत्ती पेड़ के लिए भोजन बनाने के लायक नहीं रह जाती है हैं लेकिन उसमें नाईट्रोजन, प्रोटिन, विटामिन, स्टार्च व शर्करा आदि का खजाना होता है। ऐसी पत्तियों को जब जलाया जाता है तो कार्बन, हाईड्रोजन, नाईट्रोजन व कई बार सल्फर से बने रसायन उत्सर्जित होते हैं। इसके कारण वायुमंडल की नमी और आक्सीजन तो नष्ट होती ही है, कार्बन मोनो आक्साईड, नाईट्रोजन आक्साईड, हाईड्रोजन सायनाईड, अमोनिया, सल्फर डाय आक्साईड जैसी दम घोटने वाली गैस वातावरण को जहरीला बना देती हैं। इन दिनों अर्जुन, नीम, पीपल, इमली, जामुन, ढाक, अमलतास, गुलमोहर,शीशम जैसे पेड़ से पत्ते गिर रहे हैं और यह मई तक चलेगा।

एक बात और पत्तों के तेज जलाने की तुलना में उनके धीरे-धीरे सुलगने पर ज्यादा प्रदूषण फैलता है। एक अनुमान है कि दिल्ली एनसीआर इलाके में जलने वाले पत्तों से पचास हजार वाहनों से निकलने वाले जहरीले धुएं के बराबर जहर फैलता है। यानि चाहे जितना प्रयास कर लें पतझड़ के दो महीने में ही सालभर का जहर हवा में घुल जाता है।

अमेरिका और यूरोप के देशों में पेड़ से गिरी पट्टी को वहां से उठाने पर भी पाबंदी है। यदि केवल एनसीआर की हरियाली से गिरे पत्तों को धरती पर यूं ही पड़ा रहने दें तो जमीन की गर्मी कम होगी, मिट्टी की नमी घनघोर गर्मी में भी बरकरार रहेगी। यदि इन पत्तियों को महज खत्ती में दबा कर कंपोस्ट खाद में बदल लें तों लगभग 100 टन रासायनिक खाद का इस्तेमाल कम किया जा सकता है। इस बात का इंतजार करना बेमानी है कि पत्ती जलाने वालों को कानून पकड़े व सजा दे। इससे बेहतर होगा कि समाज तक यह संदेश भली भांति पहुंचाया जाए कि सूखी पत्तियां पर्यावरण-मित्र हैं और उनके महत्व को समझना, संरक्षित करना सामाजिक जिम्मेदारी है।

सोशल फोरम

आराध्य की सेवा के गुण

हफीज किदवई
लेखक

पढ़ते थे, मज़ा आता था कि राम जी को तो बांध बनाना पड़ता, जबकि भक्त हनुमान एक छलांग में ही समन्दर पार कर जाते। मेरा दिल कहता था कि भक्त हनुमान का दिल कितना चंचल और कोमल है। सियाराम के लिए उनमें कितना समर्पण है। इतना समर्पण देख अक्सर आंख भर आती कि क्या कोई अपने नरम दिल के साथ भी चट्टान की तरह अपनों की हिफाज़त कर सकता है। हनुमान जी के लिए मेरा दिल हमेशा नरम रहा, इधर कुछ सालों से गाड़ियों के पीछे त्यौरियां चढ़ी हनुमान जी की तस्वीर देखता रहता हूं, तो दिल एक झटके में कह उठता, यह सियाराम वाले हनुमान नही हैं, यह मेरे दिल में बसने वाले हनुमान से मेल नही खाते।

अभी कुछ वक्त पहले वैसी ही तस्वीर फिर नज़रों से गुज़री मगर यहां माथे पर त्यौरियां नही हैं, आंखे सादगी से खुली हुई है। तस्वीर में उत्तेजना या क्रोध नहीं है, बल्कि आध्यात्मिक विनम्रता है। एक दम से दिल बोला, यही तो वह मेरे हनुमान हैं, जो कहीं गुम हो गए थे। यही तो वह हैं जो सिया के भक्त हनुमान हैं, जिनके रहते राम के प्राण हरने की तीनों लोकों में किसी की हिम्मत नहीं हो सकी। यही तो मेरे भोले भाले हनुमान हैं जिन्हें राम नागलोक में अपनी अंगूठी ढूंढने भेजते हैं ताकि वह जाएं और खुद राम सरयू में घुलमिल जाएं। भला हनुमान जी के रहते कोई राम जी को ले जा सकता था ।

हनुमान जयंती पर यह समझने की कोशिश कीजिए कि उनमें सिर्फ़ क्रोध नही था, बल्कि उनमें जीवन का एक खूबसूरत दर्शन गूंथा हुआ है। दिल में मोहब्बत और रहम, रूह में ख़िदमत, जिस्म में अथाह ताकत यही तो हैं हनुमान। एक ऐसा किरदार जो सिर्फ और सिर्फ ख़िदमत से इतना ऊंचा मकाम पाए। केवल अपने आराध्य की सेवा के गुण से घर घर जगह बना गए । अगर आपके दिल में हल्की भी मोहब्बत है तो वह हनुमान ही हैं। किसी आंसू के लिए तड़पन है तो वह हनुमान हैं। किसी बीमार के लिए आपके कदम उठे तो उन कदमों में हनुमान हैं।

-फेसबुक वॉल से

नक्सलियों के विरुद्ध केंद्र का प्रहार

डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए सड़क आवश्यकता योजना को केंद्र सरकार ने आठ राज्यों आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और उत्तर प्रदेश के 34 जिलों में लागू किया है। इस योजना में 5,362 किमी सड़कों का निर्माण हो भी चुका है।

कांकेर (छत्तीसगढ़) में पिछले सप्ताह केंद्रीय सुरक्षाकर्मियों ने एक ऑपरेशन के तहत बड़ी संख्या में नक्सली मार गिराए। सूचनाएं थी कि नक्सली चुनाव में गड़बड़ी करने वाले थे। उनका निशाना पोलिंग बूथ थे, उनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद बरामद हुए। बहरहाल, कांकेर मुठभेड़ को लेकर कांग्रेस और सत्तारूढ़ पार्टी के बीच जमकर वाकयुद्ध जारी है। पर, नक्सलवाद की समस्या चुनाव तक ही सीमित नहीं रहने वाली? क्योंकि देश विगत 70 वर्षों से नक्सल आतंक झेलता आया है। अब समय की मांग इसे जड़ से खत्म किया जाए। केंद्र की योजना फिलहाल इसी ओर अग्रसर भी है। अभी तक हजारों नक्सली मारे गए हैं जिनमें बड़ी संख्या में हमारे जवान भी शहीद हुए हैं। इसलिए इस समस्या को राजनीतिक चश्मे से देखने का कतई औचित्य नहीं है? इस समस्या को जड़ से मिटाने की राष्ट्रीय नीति के प्रति सभी को एक समान विचार रखना चाहिए।

केंद्र सरकार ने गत दस वर्षों में नक्सल उन्मूलन की नीति पर एक निरंतरता बनाई हुई है जिसके बेहतरीन परिणाम भी मिल रहे हैं। नक्सल आंकड़ों पर गौर करें तो 2004-14 के यूपीए के दस सालों के नक्सली हमलों या मुठभेड़ों में 1,750 सुरक्षा बलों के जवानों की शहादत हुईं थी, लेकिन 2014-23 में करीब 72 फीसदी तक कमी आई। इस दौरान 485 सुरक्षा बलों के जवानों की जाने गई। इसी अवधि में नागरिकों की मौत की संख्या भी 68 प्रतिशत घटकर 4,285 से 1,383 हुई।

सन्-2009 में यूपीए सरकार ने ऑपरेशन 'ग्रीन हंट' शुरू किया था। तब कहा गया था कि सरकार नक्सलियों को पूरी तरह खत्म कर देगी। सीआरपीएफ को इसके लिए खास तरह के टास्क दिए गए, यहां तक की भारतीय सेना को भी लगाया गया। लेकिन, ऑपरेशन 'ग्रीन हंट' सुरक्षा बलों के लिए ही काल बन गया। अप्रैल-2010 में नक्सलियों ने दंतेवाड़ा में एक ही दिन 76 सीआरपीएफ के जवानों की हत्या कर दी। घरेलू मोर्चे पर यह ऑपरेशन 'ब्लूस्टार' के बाद सुरक्षा बलों की सबसे ज्यादा मौतों की यह घटना बन गई। यूपीए में तीन तीन गृहमंत्री बनाए गए, शिवराज पाटिल, चिदंबरम और सुशील शिंदे। नक्सलवाद को लेकर तीनों की अपनी अलग-अलग राय थी। यूपीए सरकार में ही हिंसक नक्सलियों को गुमराह और नेक इरादे वाले लोगों के रूप में वर्णन किया गया। यूपीए सरकार ने ही मलकानगिरी के कलेक्टर विनीत कृष्णा के बदले में आठ माओवादियों को रिहा किया।

केंद्र सरकार ने कई मर्तबा वामपंथी उग्रवादियों को हिंसा छोड़ने और बातचीत करने का प्रस्ताव दिया था। उनके लिए केंद्र ने कई विकास परियोजनाएं भी शुरू करने की बात कही। जिनमें वामपंथी उग्रवाद से ग्रस्त क्षेत्रों में 17,600 किमी सड़कों को मंजूरी देना। केंद्र ने राज्यों को नियमित निगरानी के लिए हेलीकॉप्टर और मानव रहित हवाई वाहन उपलब्ध करवाना। सुरक्षा इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने के लिए स्पेशल फंड्स जारी किए। इस मद में करीब 971 करोड़ रुपये की परियोजनाएं मंजूरी भी हुईं। इन परियोजनाओं में 250 किलेबंद पुलिस स्टेशन स्थापित करने का काम शुरू भी हुआ।

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए सड़क आवश्यकता योजना को केंद्र सरकार ने आठ राज्यों आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और उत्तर प्रदेश के 34 जिलों में लागू किया है। इस योजना में 5,362 किमी सड़कों का निर्माण हो भी चुका है। इसके अलावा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए सरकार ने अगस्त 2014 में इन क्षेत्रों में मोबाइल टावरों की स्थापना को भी मंजूरी दी। अब तक 4885 मोबाइल टावर लगाए गए हैं। दूसरे चरण में 2,542 मोबाइल टावर और लगाए जा रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि सरकार ने वामपंथी उग्रवाद के पीड़ित परिवारों के लिए मुआवजे को 2017 में 5 लाख से बढ़ाकर 20 लाख कर दिए हैं और अब इसमें बढ़ोतरी करके 40 लाख कर दिए हैं। लेकिन नक्सली फिर भी नहीं मान रहे। तभी हार कर अब उनके खिलाफ 'पुलिस टेक्नोलॉजी मिशन' शुरू हुआ है। ताकी इनपर अंतिम प्रहार किया जाए। कांकेर मुठभेड़ उसी का हिस्सा है।

शब्द की अपार शक्ति

ओम प्रकाश मंजुल
पूरनपुर, पीलीभीत

शब्द में अपार शक्ति होती है। शब्द अक्षर से बनता है और अक्षर का अर्थ होता है, 'जिसका क्षय या क्षरण न हो'। मुंह से निकली बात सबसे दूर,यानि क्षितिज तक जाती है। इसका कभी अंत नहीं होता। इसीलिए 'बातहिं हाथी पाइए, बातहिं हाथी पांव', कहा जाता है। एक राजा का बूढ़ा मरणासन्न हाथी था। उसने राज्य में मुनादी कराई, कि उसका हाथी जिसके भी खेत में सुबह को हुआ करे या पाया जाए वह तत्काल राजा को सूचना दे, अन्यथा उसे मृत्यु-दंड दिया जाएगा। पर, खबरदार! कोई भी उसे हाथी की मौत की खबर न दे। हाथी के मरने की सूचना देने वाले को भी मौत की सजा दी जाएगी। बूढ़ा हाथी,ऊपर से उसकी मरणासन्न स्थिति, सो उसको तो निकट भविष्य में मरना ही था। अस्तु, किसी सुबह को एक ईख के खेत में वह मृत पाया गया। खेत वाले ने सुबह को जब अपने खेत में राजा का हाथी मरा पाया,तो उसके प्राण ही सूख गये,काटो तो खून नहीं। उसके पुत्र ने उसकी परेशानी का कारण पूछा, तो किसान ने सारा माजरा बताया। पुत्र अति प्रतिभावान था। उसने पिता को घर पर ही रोक दिया और स्वयं राजा के पास जाकर राजा से कहा, "महाराजाधिराज! की जय हो! आपके चरणों में प्रणामोपरान्त निवेदन है, कि शाही हाथी मेरे खेत में है। पर, वह न हिल-डुल रहा है,न चल-फिर रहा है, न खा-पी रहा है,और न सांस ही ले रहा है।" राजा उसका आशय समझ गया। राजा ने लड़के के वाकचातुर्य पर रीझ कर उसे अपना मंत्री बना लिया। बात की भांति का एक उदाहरण देखिए- 'पानी का कम प्रयोग कीजिए' और 'कम पानी का प्रयोग कीजिए' दोनों वाक्यों में जमीन-आसमान जैसा अंतर है। बात कहने के तनिक से अंतर या लापरवाही से दोनों बातों के बीच अंतर उपस्थित हो जाता है। देखें- बहुधा स्कूल वाहनों के पीछे लिखा होता है, 'सावधान! बच्चे उतर रहे हैं'। इसे पढ़ कर पीछे वाले वाहन का चालक अपने वाहन को सावधानीपूर्वक नियंत्रण योग्य गति में चलाता है। जबकि इसी वाक्य को, यद्यपि उसी भावना के साथ,नाम मात्रेण इतनी लापरवाही के साथ,कि संबोधनसूचक चिन्ह,(!) को लुप्त करके,यूं लिख दिया जाए (जो वाहनों पर अक्सर लिखा होता है), 'सावधान बच्चे उतर रहे हैं', तो इसका अर्थ ही उलट जाता है। यानि अर्थ का यह अनर्थ हो जाता है, कि पीछे वाले वाहन के चालक को अब वाहन की गति और ड्राइविंग को लेकर अधिक सजगता बरतने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि आगे वाले वाहन से उतरने वाले बालक स्वयं सावधान और होशियार हैं।

उपर्युक्त उदाहरणों से हम सहज ही इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं,कि हर शब्द का एक स्थानीय मान होता है। जैसे 333 (तीन सौ तैंतीस) में 3 का अंक ही 3 बार आया है, पर इकाई पर रखे अंक 3 (तीन) की कीमत जहां मात्र 3(तीन) है,वहीं सैकड़ा के स्थान पर स्थित 3 का मूल्य 300 (तीन सौ) है।

एक नजर

बरेली कॉलेज में नोट पर नकल लिखकर लाई छात्रा

अमृत विचार, बरेली : बरेली कॉलेज में रुहेलखंड विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षा में तीन विद्यार्थियों को नकल सामग्री के साथ पकड़ा गया। एक छात्रा 10 रुपये के नोट पर नकल लिखकर लाई थी। रिपोर्ट विश्वविद्यालय भेज दी गई है। चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि मंगलवार को सचल दल ने बीए समाजशास्त्र और राजनीति शास्त्र की परीक्षा में दो छात्रों को गेस पेपर से नकल करते पकड़ा है। इसके अलावा एमए दर्शनशास्त्र की छात्रा के पास से भी नकल सामग्री मिली है। वह 10 रुपये के नोट और एक पर्ची पर नकल लिखकर लाई थी।

डीजल घोटाले की जांच कर रहे नोडल अधिकारी का तबादला

अमृत विचार, बरेली : बरेली रीजन के वर्कशाप में हुए डीजल घोटाले की जांच कर रहे नोडल अधिकारी अजीत सिंह का तबादला कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर ने उनकी जगह सत्य नारायण को बरेली रीजन का नोडल अधिकारी बनाया है। एमडी ने सोमवार रात कई नोडल अधिकारियों के तबादले किए, जिसमें बरेली रीजन के नोडल अधिकारी अजीत सिंह भी शामिल हैं। अब अजीत सिंह को अयोध्या रीजन का नोडल अधिकारी बनाया है। अजीत सिंह डीजल घोटाले की जांच कर रहे थे। जांच में लापरवाही मिलने पर उनके तबादले की चर्चा है।

मंत्री के भतीजे के रेस्टोरेंट में मारपीट मामले में रिपोर्ट

अमृत विचार, बरेली/आंवला : आंवला क्षेत्र में मंत्री धर्मपाल सिंह के भतीजे के रेस्टोरेंट में मारपीट मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने महिला की तहरीर में खेल कर सिर्फ अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। वहीं रेस्टोरेंट मालिक ने महिला के परिजनों पर मंत्री धर्मपाल सिंह को गाली देने का आरोप लगाया है। आंवला के मोहल्ला बाग बक्शी निवासी हरीशा देवी ने बताया कि रविवार की रात करीब 9:30 बजे बच्चे के पास होने की खुशी में वह परिवार के साथ रामनगर रोड पर लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास स्थित एन स्क्वायर रेस्टोरेंट में खाना खाने गई थीं। उनके साथ परिवार के रूप किशोर शर्मा, रोहित शर्मा, श्रीकांत पाटिल समेत बच्चे शामिल हैं।

योगी ने पूर्व सांसद सर्वेश सिंह को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को रतुपुरा में मुरादाबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी और पूर्व सांसद सर्वेश सिंह के निधन के बाद उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने सर्वेश सिंह के परिजन से शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें सांत्वना दी।

उनके आवास पर पहुंचे मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी के निधन पर गहरा दुःख प्रकट करते हुए परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि दुःख की इस घड़ी में वह परिवार के साथ हैं। भाजपा प्रत्याशी सर्वेश सिंह की 20 अप्रैल का हृदयगति रुकने से दिल्ली में निधन हो गया था। सर्वेश सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए मुख्यमंत्री भावुक हो गए। उन्हें याद करते हुए उन्होंने कहा कि उनके निधन से पूरे भाजपा परिवार को क्षति पहुंची है, जिसकी भरपाई नहीं हो सकती। इस दौरान मुख्यमंत्री ने लगभग आधा घंटे का समय शोकाकुल परिवार के साथ बिताया और आश्वासन दिया कि दुख की इस घड़ी में उनकी संवेदनाएं परिवार के साथ हैं। इस दौरान सर्वेश कुमार सिंह के पुत्र और बढ़ापुर विधायक सुशांत सिंह, मुरादाबाद नगर विधायक रितेश गुप्ता, बिजनौर के पूर्व सांसद भारतेन्द्र सिंह सहित सभी परिजन मौजूद रहे।

ठाकुरद्वारा के गांव रतुपुरा में सर्वेश सिंह के परिजन के साथ बैठे मुख्यमंत्री योगी, साथ में पूर्व सांसद भारतेन्द्र सिंह, मुरादाबाद नगर विधायक रितेश गुप्ता।

परिजन को बंधाया ढांढस

अब्दुल्ला आजम के दो पासपोर्ट मामले में अभियोजन पक्ष ने की बहस

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : अब्दुल्ला आजम के दो पासपोर्ट मामले में अभियोजन पक्ष ने मंगलवार को बहस की। इस दौरान अब्दुल्ला आजम वीसी के जरिए कोर्ट में पेश हुए। हालांकि बहस पूरी नहीं हो सकी। अब इस मामले में बुधवार को फिर से सुनवाई होगी। मुकदमे की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल में हो रही है।

दो पासपोर्ट मामले में अब्दुल्ला आजम के खिलाफ भाजपा के विधायक आकाश सक्सेना ने मामला दर्ज कराया था। उनका आरोप था कि अब्दुल्ला आजम ने अलग-अलग जन्मतिथि से दो पासपोर्ट बनवाए हैं।

पुलिस ने विवचेना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इस मामले में मंगलवार से बहस हुई। बहस के दौरान अब्दुल्ला आजम वीसी के जरिए कोर्ट में पेश हुए। शेष बहस के लिए बुधवार की तारीख दे दी गई है।

अब्दुल्ला के दो पैनकार्ड मामले में नहीं हुई सुनवाई

अमृत विचार, रामपुर : अब्दुल्ला आजम के दो पैनकार्ड मामले में मंगलवार को गवाह कोर्ट पहुंचा, लेकिन आजम खां के अधिवक्ता ने स्थगन प्रार्थना पत्र दे दिया। इसके कारण सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले में 29 अप्रैल को सुनवाई होगी। मामला एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रहा है। अब्दुल्ला आजम खां के खिलाफ दो पैनकार्ड होने के आरोप में भाजपा के विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें सपा नेता आजम खां भी आरोपी हैं। दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में दोनों जेल में बंद हैं। दो पैनकार्ड मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल में चल रही है। मंगलवार को अब्दुल्ला आजम खान के अधिवक्ता ने स्थगन प्रार्थना पत्र दिया। इसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। अब इस मामले में 29 अप्रैल को सुनवाई होगी। गवाह प्रवीण कटियार कोर्ट पहुंचे थे।

तौकीर का इंडी गठबंधन को समर्थन, लेकिन सपा को नहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अखिलेश के जरिए आरएसएस ने इंडिया में बनाई है घुसपैठ
- बरेली में भी भाजपा ही लड़ा रही है सपा प्रत्याशी का चुनाव

अमृत विचार : आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने लोकसभा चुनाव में फिर एक साथ कई निशाने साधते हुए सियासी तीर छोड़ा है। उन्होंने एक तरफ इंडी गठबंधन के समर्थन का एलान किया है तो दूसरी तरफ सपा प्रमुख अखिलेश यादव के जरिए आरएसएस ने इंडी गठबंधन में घुसपैठ बना लेने का आरोप लगाया है। कहा है कि वह इसलिए समाजवादी पार्टी को छोड़कर इंडी गठबंधन के सभी प्रत्याशियों का समर्थन करेंगे।

मौलाना तौकीर का एक बयान सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। कहा कि उन्होंने सामाजिक न्याय मोर्चा बनाया है, जिसमें कई छोटी पार्टियां अपने सिंबल पर चुनाव लड़ रही हैं।

मोर्चा का मकसद है कि समान विचारधारा के 10 से 15 लोग चुनकर सदन में जाएं। अगर सरकार बनाने का मौका आएगा तो वे इंडी गठबंधन का समर्थन करेंगे। तौकीर ने कहा है कि आरएसएस सिर्फ एनडीए नहीं, बल्कि इंडी गठबंधन में भी काम कर रही है। उनका मानना है कि राहुल गांधी या लालू यादव कोई समझौता नहीं कर सकते, लेकिन अखिलेश यादव के जरिए आरएसएस ने इंडी गठबंधन में घुसपैठ कर ली है। बरेली में भी भाजपा ही सपा के प्रत्याशी का चुनाव लड़ रही है।

मोदी के बयान पर सुप्रीम कोर्ट ले संज्ञान

मौलाना तौकीर ने कहा कि प्रधानमंत्री भले ही सबका साथ, सबका विकास की बात करते हों, लेकिन उन्होंने हाल ही में जो बयान दिया है, वही उनकी असल विचारधारा है। चुनाव आयोग सरकार के दबाव में काम कर रहा है, लोगों का भरोसा सिर्फ न्यायपालिका में रह गया है। प्रधानमंत्री के बयान का सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग दोनों को संज्ञान लेना चाहिए।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान में पिछड़ा जिला

अमृत विचार, बरेली : संचारी रोग नियंत्रण अभियान में जिला काफी पिछड़ गया है। शासन की ओर से जारी रैंकिंग में जिला प्रदेश में काफी नीचे 60वें पायदान पर है। वहीं, मंडल के जिलों की भी स्थिति ठीक नहीं है।जिले में 1 अप्रैल से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी संचारी रोग नियंत्रण के बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं, लेकिन हकीकत कुछ और है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तीसरे सप्ताह में बरेली को प्रदेश में 60वां स्थान मिला है। इसके अलावा बदायूं को 31वां, शाहजहांपुर को 40वां और पीलीभीत को 52वां स्थान दिया गया है। प्रदेश के 25 सबसे खराब जिलों में मंडल के दो जिले बरेली और पीलीभीत शामिल हैं।

अमेरिकी दूतावास से आई टीम ने राज्यमंत्री से की मुलाकात

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पहले चरण के लिए संपन्न हुए चुनावों पर किया सर्वे
- टीम अमेरिकी प्रशासन को भेजेगी रिपोर्ट

अमृत विचार : देश में चल रहे लोकसभा चुनाव पर सर्वेक्षण के लिए अमेरिकी दूतावास से आई टीम ने मंगलवार दोपहर गन्ना विकास एवं चीनी मिल राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार से उनके आवास पर मुलाकात की। पहले चरण के लिए हुए लोकसभा चुनाव की स्थिति पर चर्चा की।

करीब एक घंटे तक राजनीतिक चर्चा के दौरान दूतावास के अभिराम घादियाल पाटिल, हीदी सीडराफ-जार्जो ने पीलीभीत समेत अन्य लोकसभा सीटों पर गत 19 अप्रैल को संपन्न हुए मतदान की स्थिति के बारे में जानकारी की। राज्यमंत्री ने बताया कि उक्त टीम के सदस्यों ने लोकसभा चुनाव पारदर्शिता एवं शान्तिपूर्ण ठंग से सम्पन्न होने, प्रशासनिक एवं व्यवस्थाओं से जुड़ी बातों पर भी चर्चा की। अमेरिकी दूतावास की टीम प्रत्येक चुनाव में क्षेत्र में आती है। चुनाव संबंधी जानकारी एवं विश्लेषण कर अपनी रिपोर्ट अमेरिकी प्रशासन को भेजती है। उन्होंने बताया कि इसी क्रम अमेरिकी दूतावास की टीम पीलीभीत में भी आई और चुनाव के बारे में उनसे चर्चा की। पहले टीम बरेली समेत अन्य जनपदों में भी दौरा कर चुकी है। यह भी बताया कि टीम की इसी रिपोर्ट के आधार पर अमेरिकी प्रशासन विदेश नीति तय करता है। इस दौरान राज्यमंत्री की पत्नी रश्मि गंगवार ने पीलीभीत की पहचान बांसुरी जबकि राज्यमंत्री ने श्रीराम की प्रतिमा भेंट की।

राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार से मुलाकात करती टीम।

बाइकों की भिड़ंत में दो भाइयों की मौत, दंपति व दो बच्चे घायल

संवाददाता, किरतपुर (बिजनौर) : गांव भनेड़ा स्थित टोल प्लाजा पर मंगलवार दोपहर दो बाइकों की भिड़ंत में दो भाइयों की मौत हो गई जबकि दूसरी बाइक सवार दंपति और दो बच्चे घायल हो गए। घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाए हैं। बढ़ापुर थाना क्षेत्र के गांव अब्दुल्लापुर में मोहम्मद फारुक और उसके भाई वसीम का परिवार रहा है। मंगलवार को दोनों भाई बिजनौर से नजीबाबाद की ओर जा रहे थे। जब ये दोनों किरतपुर-नजीबाबाद मार्ग पर गांव भनेड़ा स्थित टोल प्लाजा के पास पहुंचे तो गांव बुंदकी निवासी गौतम अपनी पत्नी प्रीति, पुत्री तनीषा (5) पीहू (3) और पुत्र विहान (6 माह) के साथ बाइक से बिजनौर शादी में जा रहा था। तभी दोनों की बाइकों की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। इसमें फारुक और उसके भाई वसीम की मौत हो गई, जबकि गौतम, उसकी पत्नी और दो पुत्रियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। पुलिस ने गौतम को बिजनौर, उसकी पत्नी और दोनों बच्चों को किरतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां सभी की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। फिलहाल घायलों का निजी चिकित्सक के यहां उपचार किया जा रहा है।

आदेश : सुनीता के पास ही रहेगा कुल सचिव का पदभार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कुलाधिपति के निर्देश प्राप्त होने तक गत 12 अप्रैल का आदेश रहेगा लागू
- कुलसचिव बोले, नियम विरुद्ध कुलपति का आदेश, शासन को भेजा पत्र

अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय में कुलपति और कुलसचिव के बीच शुरू हुई आदेशों की जंग खत्म नहीं हो रही है। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने मंगलवार को कुलाधिपति के निर्देश आने तक उप कुलसचिव सुनीता यादव को ही कुल सचिव का कार्यभार देखने का आदेश जारी कर दिया है। एक और आदेश दिया कि कुल सचिव अजय कृष्ण यादव के बीती 12 अप्रैल के बाद से जारी सभी आदेश मान्य नहीं होंगे। कुलपति के आदेश को कुल सचिव अजय कृष्ण यादव ने नियम विरुद्ध बताकर शासन को भी अवगत कराया है।

कुलपति ने आदेश जारी किया कि बीती 12 अप्रैल को उन्होंने उप कुल सचिव सुनीता यादव को कुल सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया था। उच्च शिक्षा विभाग ने 16 अप्रैल को कुल सचिव अजय कृष्ण यादव को पद पर स्थापित करने का आदेश दिया था। इस प्रकरण को उन्होंने 18 अप्रैल को कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करने के लिए भेजा है। इसलिए उनका 12 अप्रैल को जारी आदेश कुलाधिपति के दिशा-निर्देश प्राप्त होने और अग्रिम आदेशों तक पहले की तरह प्रभावी हैं। ऐसे में उप कुलसचिव सुनीता यादव अग्रिम आदेशों तक कुलसचिव के अतिरिक्त प्रभार का निर्वहन कर रही हैं। कुलपति के आदेश की प्रति कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव, विशेष कार्याधिकारी डॉ. पंकज एल जानी, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा विभाग, सभी संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों, महाविद्यालयों के प्राचार्यों और अन्य अधिकारियों को भेजी गई है। कुलपति ने मंगलवार को एक और आदेश जारी किया है, जिसके मुताबिक सुनीता यादव 12 अप्रैल से कुलसचिव का अतिरिक्त प्रभार देख रही हैं, ऐसे में कार्य विरत कुलसचिव अजय कृष्ण यादव के इसके बाद से जारी हुए सभी आदेश अग्रिम आदेश तक मान्य नहीं होंगे।

कुलसचिव के पद पर हैं पदस्थापित

कुलपति के आदेश के बाद कुलसचिव अजय कृष्ण यादव ने आदेश जारी किया कि कुलपति के 12 अप्रैल के आदेश को शासन ने निरस्त कर दिया है और सुनीता यादव को कार्यभार देने को भी विधि विरुद्ध माना है। शासन के 16 अप्रैल के आदेश के तहत वह कुलसचिव का पदभार का निर्वहन कर रहे हैं। शासन के आदेश को सक्षम अधिकारी ने बाधित नहीं किया है, इसलिए आदेश प्रभावी है। कुलपति ने मंगलवार को जो आदेश दिया है वह उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम के विरुद्ध है। इसलिए वह शासन के आदेश पर कुलसचिव पद पर पदस्थापित हैं। उन्होंने आदेश की प्रतिलिपि कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव, विशेष सचिव को भेजी है।

सड़क हादसों में शिक्षक समेत सात घायल, दो रेफर

अमृत विचार, टनकपुर/चम्पावत : टनकपुर-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार तड़के बिचई के पास हुए हादसे में छह लोग चोटिल हो गए। जबकि टनकपुर-पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर मानेश्वर के पास मंगलवार दोपहर दुर्घटना में एक शिक्षक घायल हो गया। दो गंभीर घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिचई के पास एक कार कैंटर (यूके 18 सीए/5400) से जा टकराई। हादसे में बिचई निवासी किरन देवी (65), नीरज सिंह (20), सागर सिंह (18), महेश सिंह (19), मदन सिंह (28) और राधा देवी (23) जख्मी हो गए। घायलों को तुरंत टनकपुर के उप जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉ. मानवेंद्र शुक्ला ने बताया कि गंभीर रूप से घायल मदन सिंह और महेश सिंह को हायर सेंटर रेफर किया गया है। कार सवार सभी लोग पिथौरागढ़ से पूजा कर लौट रहे थे। एसएसआई बीएस बिष्ट ने बताया कि घायलों के परिजनों की ओर से तहरीर मिली है। दुर्घटना के बाद फरार हुए कार चालक की तलाश की जा रही है। वहीं, एनएच पर मंगलवार अपरान्ह मानेश्वर के पास एक कार दीवार से टकरा गई। जीआईसी लोहाघाट के शिक्षक राजेंद्र गिरी चम्पावत में एक विवाह कार्यक्रम से वापस लोहाघाट जा रहे थे। वहां से गुजर रहे लोहाघाट के पूर्व विधायक पूरन सिंह फर्त्याल और प्रधानाचार्य श्याम दत्त चौबे ने घायल शिक्षक को तुरंत अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की।

पहाड़ों में बारिश से मौसम सुहावना

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में कई जगह बारिश हुई। जिससे वहां तापमान में गिरावट आई है। इधर, मैदानी इलाकों में गर्मी बरकरार रही। हालांकि कुछ जगहों पर बादल छाने से शाम को गर्मी से राहत मिली।

मौसम विभाग ने पहले ही पहाड़ों में बारिश का अलर्ट जारी किया था। मंगलवार को उत्तरकाशी जिले के मोरी में 4.5 मिमी, चंपावत जिले के पाटी में 3.5 मिमी, गंगोलीहाट में एक मिमी, पौड़ी जिले के भरसार में दो मिमी और पिथौरागढ़ में 3.4 मिमी बारिश दर्ज की गई। पहाड़ों में बारिश से जहां तापमान में गिरावट आई वहीं वनाग्नि की घटनाओं से भी कुछ राहत मितने का अनुमान है। इधर मैदानी इलाकों में दोपहर तक गर्मी और लू रही। देहरादून में अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। शाम के समय बादल छाने से मैदानी इलाकों में गर्मी से कुछ राहत मिली। आने वाले दिनों में तापमान में उछाल आने का अनुमान है।

वर्ग पहेली-49

बाएं से दाएं

3.1. पहचानना, ताड़ना 2. अनुमान करना, दूर से देखकर समझना।
6.1. शक्ति
7.1. नीचे की ओर झुकने की क्रिया 2. पैर पड़ना 3. गुण
9.1. सिनकने की क्रिया या भाव 2. नाक से निकलने वाला कफ़ या मैल।
10.1. झपटकर या तेज़ी से आगे बढ़ना, तेज़ी से जाना 2. पाने के लिए हाथ बढ़ाना 3. टूट पड़ना।

ऊपर से नीचे

1.1. किसी वस्तु से अंग लगाना या सटाना, स्पर्श करना 2. उंगली या हाथ लगाना 3. दौड़ या खेल की बाज़ी में जा पकड़ना 4. दान के लिए कोई वस्तु स्पर्श करना 5. बहुत हलकी चपत लगाना।
2. ओढ़ने का छोटा कपड़ा, ओढ़नी, दुपट्टा, चुनरी।
4. एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने का साधन, (ट्रांसपोर्ट)।
5.1. किसी चीज़ में हवा भरना, हवा फूंकने का काम 2. धौंकनी या भाथी से हवा करना, धौंकना 3. भाथी चलाने वाला व्यक्ति 4. धुँकाई, धौंक 5. फूंकने की नली, नरकट।
6. बांस की पतली लचीली फट्टी जिससे टोकरी या पंखे आदि बनाए जाते हैं।
8.1. पाखंडी व्यक्ति, कपटी, वंचक 2. घमंडी 3. प्रताड़ना।



वर्ग पहेली -48 का हल

■	■	■	■	■	1 चि	■
2 गु	लं	3 च	■	4 फ़ि	ग	र
■	■	5 ला	6 म	■	■	प
7 सु	र	वा	ह	न	■	रि
ले	■	■	ता	■	■	चि
मा	■	■	■	8 सा	के	त
9 न	हू	स	त	■	■	■

सुडोकू-128

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

8				1	5			6
		2		3	7		5	
	1					3	2	
	9		8			5		
		6				4		
		7			2		1	
	3						8	
	2		1	6				
4	7							3

सुडोकू -127 का हल

6	3	7	9	4	2	5	8	1
8	5	4	7	6	1	9	3	2
1	2	9	5	8	3	4	6	7
9	6	3	4	7	8	2	1	5
5	8	1	3	2	9	7	4	6
7	4	2	1	5	6	8	9	3
2	9	6	8	1	7	3	5	4
4	1	8	2	3	5	6	7	9
3	7	5	6	9	4	1	2	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 अप्रैल बुधवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-प्रतिपदा पूर्णरात्रि तक।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-स्वाती 25 अप्रैल 12.41 तक तत्पश्चात विशाखा।

मेष — आज छोटी-छोटी बातों को तूल देने से बचें। बड़े व्यावसायिक अनुबंध हो सकते हैं। ज्ञान अर्जित करने में लगे रहेंगे। कार्यक्षेत्र को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लेने पड़ेंगे। उच्च अधिकारियों के माध्यम से आपको आज लाभ हो सकता है।

वृष — आज समाज के कार्यों में आप रुचि लेंगे। बीमार लोगों को दवाइयों में लापरवाही नहीं करनी चाहिए। साहित्य और कला में आपकी स्वाभाविक रुचि बढ़ेगी। आज कार्यक्षेत्र का माहौल बहुत ही अच्छा रहेगा। परिवार के लोगों की आवश्यकताओं का ध्यान रखें।

मिथुन — आज प्रेम संबंधों में धन को लेकर विवाद हो सकता है। विद्यार्थियों को पढ़ाई को लेकर परेशानी होगी। साहस के कारण समाज में यश प्राप्त करेंगे। विवाहेतर संबंधों से पूरी तरह दूरी रखनी चाहिए। अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें।

कर्क — आज घर में नकारात्मक वातावरण हो सकता है। पति-पत्नी के बीच अहम को लेकर टकराव हो सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी हो सकती है। हल्का और सुपाच्य भोजन ग्रहण करें। गैर कानूनी कार्यों से आपको बचना चाहिए।

सिंह — आज राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिलेगा। आय के नए स्रोत बन सकते हैं। सभी काम सुचारू रूप से पूर्ण होंगे। मेहनत का बेहतरीन लाभ प्राप्त होगा। आर्थिक परेशानियों का निराकरण हो सकता है। घर का वातावरण सुखद रहेगा।

कन्या — आज भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। धन की कमी के कारण काम रुक सकते हैं। नौकरीपेशा व्यक्तियों के ऊपर काम का दबाव बढ़ सकता है। धार्मिक स्थल में पर्यटन के लिये जा सकते हैं। कारोबार के लिये आपको समय निकालना पड़ेगा। परिवार का माहौल खुशनुमा होगा।

तुला — आज आप सभी कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण करेंगे। जीवनस्तर में वृद्धि होगी। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के साथ मतभेद कम होंगे। रोजगार के नए साधन उत्पन्न होंगे। घर में मांगलिक कार्यों की रूपरेखा बन सकती हैं।

वृश्चिक — आज दांपत्य संबंधों में अनबन होने की आशंका है। बातचीत के दौरान आपको सावधानी रखनी चाहिए। कुछ मित्र आपके प्रति ईर्ष्या भाव रख सकते हैं। अनावश्यक खर्च बढ़ने से बजट प्रभावित हो सकता है। विद्यार्थियों को करियर को लेकर परेशानी हो सकती है।

धनु — आज आपको सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए। प्रेमी जन के साथ रोमान्टिक डेट पर जा सकते हैं। बुद्धिमान लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है।

मकर — आज व्यापार में नया निवेश कर सकते हैं। आपकी कार्यशैली से लोग काफी प्रभावित होंगे। आप परोपकार में धन खर्च करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका काफी अच्छा प्रदर्शन होगा। जीवनसाथी से आपको प्रेरणा मिलेगी। बच्चे अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सक्रिय रहेंगे।

कुंभ — आज आपके आत्मविश्वास और आत्मबल में वृद्धि होगी। व्यापार में लक्ष्यों को समय पर प्राप्त कर लेंगे। घर में धार्मिक वातावरण रहेगा। पिताजी के साथ चर्चा लाभकारी रहेगी। निजी मामलों को बाहरी लोगों से शेयर न करें। रियल एस्टेट में बड़ा निवेश करने से बचें।

मीन — आज आपको उदासीन यात्रा करनी पड़ सकती है। दूसरों के मामलों में ज्यादा हस्तक्षेप न करें। अपनी भावनाओं को सबके समक्ष व्यक्त न करें। बदहज़मी के कारण लीवर में परेशानी होने की संभावना है। अनावश्यक विचारों के कारण नकारात्मकता महसूस कर सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- प्रेम दिवाने — सुबह : 11.40
- धमाल — रात : 07.11

&pictures
- मेरा तेरा हीरो — सुबह : 11.09
- गजनी — शाम : 04.18

SONY PIX
- सचिन : ए बिलियन ड्रीम्स — सुबह : 09.26
- इन द हार्ट ऑफ द सी — शाम : 06.33

ZEE CINEMA
- दुल्हन — सुबह : 09.10
- बदलापुर — रात : 09.20

colors CINEPLEX
- राफू चक्कर — सुबह : 10.31
- वन टू का फोर — रात : 08.49

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात :09.20 बजे

जोक्स ऑफ द डे

गर्लफ्रेंड ने एंबुलेंस बुलाने के लिए कॉल किया...
ऑपरेटर - आपको क्या समस्या है?
गर्लफ्रेंड - मेरे पैर की ऊंगली कॉफी टेबल से टकरा गई है
ऑपरेटर - और इसके लिए आप एंबुलेंस बुलाना चाहती हैं?
गर्लफ्रेंड - नहीं, एंबुलेंस तो मेरे बॉयफ्रेंड के लिए है, उन्हें हंसना नहीं चाहिए था।

वीरू- सुना है कि शादियां आसमान में ही तय हो जाती हैं, जय- बिल्कुल ठीक, लेकिन यह भी याद रखना कि तूफान और बिजली भी आसमान से ही कड़कती हैं...।

इलेक्शन बायस्कोप

लोकसभा चुनाव के आगामी चरणों के लिए प्रचार सामाग्री तैयार करने वाले भी सक्रिय हो गए हैं। इस काम को करने वाले कारीगर इस बार कुछ अलग करने की चाहत में हैं। इसी क्रम में नेताओं और चुनाव चिन्ह के कटआऊट तैयार करने के आर्डर विभिन्न दलों से कारीगरों को मिले हैं। भाजपा कार्यालय लखनऊ के सामने ऐसा ही एक कटआउट तैयार करता कारीगर कैमरे में कैद हुआ। अमृत विचार

राजपूत राजनीति पर फिसलती विपक्ष की पीडीए पॉलिटिक्स

अखिलेश और मायावती के बीच राजपूत राजनीति पर खींचतान

भाजपा ने कहा, चुनाव में कोई मुद्दा न होने के कारण विपक्ष कर रहा नाटक

अजय दयाल, लखनऊ

अमृत विचार। 'पीडीए पॉलिटिक्स' को धार देने के साथ सपा और बसपा ने अचानक 'राजपूत राजनीति' का रूख क्यों कर लिया? खासकर पश्चिम उत्तर प्रदेश की जनसभाओं में सपा प्रमुख अखिलेश यादव और बसपा नेत्री मायावती के बयान इस सवाल का जवाब तलाशने को मजबूर करते हैं।

पश्चिम से हवा उड़ी है कि राजपूत भाजपा से नाराज हैं। इसी उड़ी हवा में दोनों ही दल अपने-अपने 'राजनीतिक संदेश' को घोलकर फैलाने की फिराक में हैं। हालांकि, भाजपा के नेताओं का स्पष्ट कहना है कि सब विपक्षी पार्टियों का प्रॉपगेंडा है, उनके पास इस चुनाव में कोई मुद्दा नहीं।

बहरहाल, चुनाव का मौका नाराजगी प्रकट करने का सुअवसर भी होता है। यानि सबकुछ अगर चुनावी ही मान लें तो भी सपा और बसपा जैसी विपक्षी पार्टियां क्षेत्र विशेष में इसे अपने लिए अवसर देख रही हैं। विपक्षी दलों ने भाजपा के कथित नाराज इस कोर वोटर्स तक पहुंच बनाने की कोशिशें तेज कर दीं हैं। विपक्ष ने इसी कड़ी में सिखों पर भी नजरें गड़ा रखी हैं।

सपा भी कर रही टोपी से पगड़ी को आकर्षित

इससे दो दिन पहले सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी गौतमबुद्ध नगर की रैली में क्षत्रिय समाज के मौजूद होने की बात कही थी। उन्होंने कहा, मैं सिर पर पगड़ी देख रहा हूं. जो लोग पारंपरिक रूप से किसी अन्य पार्टी को वोट देते रहे हैं, यहां अपनी पार्टी की पहचान लाल टोपी पहने अखिलेश बोले, मैं इस बार उनकी राजनीतिक जागरूकता के लिए आभारी हूं कि वे सम्मान और पगड़ी के साथ साइकिल का समर्थन करने जा रहे हैं। सपा प्रमुख के इस बयान पर सपा के गौतमबुद्ध नगर जिला सचिव हेमंत राघव का तर्क है कि, 'जनता में पगड़ी पहने लोग क्षत्रिय थे और जब अखिलेश यादव ने उनकी मौजूदगी को देखा तो प्रतिक्रिया दी। राघव ने दावा किया कि क्षत्रिय इस बार सपा का समर्थन करने जा रहे हैं क्योंकि वे भाजपा से नाराज हैं।

बसपा भी क्षत्रियों की नब्ज पकड़ने की फिराक में

बसपा नेत्री मायावती ने रविवार को गाजियाबाद में एक चुनावी रैली में इस मुद्दे को उठाया। वहां उन्होंने कहा कि भाजपा क्षत्रियों को नजरंदाज कर रही है। मायावती के मुताबिक, उप्र. में सभी धर्मों को मानने वाले लोग रहते हैं लेकिन पश्चिमी यूपी में अपर कास्ट समाज में से क्षत्रिय समाज के लोग काफी बड़ी तादाद में रहते हैं। भाजपा और अन्य पार्टियां अपने आपको क्षत्रियों की हिमायती समझती हैं, लेकिन लोकसभा चुनाव में भाजपा और दूसरी पार्टियों ने क्षत्रिय समाज की उपेक्षा की है।

यह तो सपा-कांग्रेस का नैरेटिव है

हर चुनाव में सपा-कांग्रेस नैरेटिव चलाते हैं कि भाजपा से एक वर्ग नाराज है। इस बार चलाया है कि ठाकुर नाराज हैं। हमसे कोई नाराज नहीं, यदि नाराज हैं तो ये हमारा आपसी मामला है। सपा-कांग्रेस से पूरा उत्तर प्रदेश नाराज है। -राजनाथ सिंह

नीरज सिंह ने दूर किया भ्रम

बहरहाल, चर्चा है कि भाजपा क्षत्रियों की नाराजगी को भांपते हुए अपने नेताओं को समुदाय के लोगों को मनाने के लिए भेज रही है। इस बीच राजनाथ सिंह के पुत्र नीरज सिंह का एक बयान प्रभावी माना जा रहा है। नीरज सिंह ने मीडिया को दिए एक वीडियो संदेश में कहा कि, जिस क्षत्रिय समाज को लेकर विपक्ष मुद्दा बनाने की चाहत में है, जनता को यह समझना होगा कि न केवल उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री क्षत्रिय समाज से हैं बल्कि देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी इसी समाज से हैं। ये राष्ट्रीय नेता हैं, इन्हें जाति के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। हालांकि, पार्टी ने उत्तर प्रदेश से 11 उम्मीदवार भी इसी समाज से दिए हैं।

कांग्रेस की नीति गरीबों और वंचितों के लिए समर्पित: नरेन्द्र त्रिपाठी

अमृत विचार, लखनऊ : कांग्रेस हमेशा गरीब और वंचितों के लिए खड़ी रहती हैं। कांग्रेस देश की सबसे पुरानी पार्टी है और देश के हर वर्ग के लिए हमेशा तत्पर रहती है। कांग्रेस पार्टी जब सत्ता में थी तब हर समुदाय के वर्ग का सम्मान होता था लेकिन अब ऐसा नहीं है। अब सिर्फ अमीरों की सुनी जाती है और उनके लिए सरकार काम कर रही हैं। यह बात मंगलवार को एक बैठक में जिला कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ के चेयरमैन नरेन्द्र त्रिपाठी ने कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार सिर्फ अमीरों के लिए काम कर रही है। बेरोजगार नौकरी के लिए मारा मारा फिर रहा है लेकिन उसे नौकरी नहीं मिल रही हैं। किसान आत्महत्या कर रहा है लेकिन यह सरकार किसानों के लिए मौन हैं। लोकसभा के चुनाव शुरू हो गए है और जनता वोट के माध्यम से अपना जवाब दे रही है। जल्द ही भाजपा सरकार की आंखे खुलेंगी जब वह सत्ता से बाहर होगी। कांग्रेस सरकार हमेशा से गरीब और वंचितों के लिए समर्पित रहीं हैं।

ददरौल विधानसभा सीट के लिए एक का नामांकन

चौथे चरण के लिए 35 प्रत्याशियों ने नामांकन किया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ। चौथे चरण में लोकसभा की 13 सीटों के लिए हो रहे चुनाव के लिए मंगलवार को 35 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें धौरहरा सीट के लिए भाजपा से रेखा वर्मा व सपा से आनंद भदौरिया, उन्नाव सीट के लिए सपा से अन्नू टंडन, बसपा से अशोक कुमार, फर्रूखाबाद सीट के लिए भाजपा से मुकेश राजपूत, कन्नौज सीट के लिए भाजपा से सुब्रत, बहराइच सीट के लिए भाजपा से आनंद कुमार आदि प्रत्याशी शामिल हैं जबकि ददरौल विधानसभा सीट पर उप चुनाव के लिए एक प्रत्याशी भाजपा से अरविंद कुमार सिंह ने नामांकन किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि शाहजहांपुर में तीन, धौरहरा में तीन, सीतापुर में पांच, हरदोई में दो, मिश्रिख में एक, उन्नाव में तीन, फर्रूखाबाद में तीन, इटावा में तीन, कन्नौज में तीन, कानपुर में छह, अकबरपुर में दो व बहराइच में एक प्रत्याशी ने नामांकन किया। उन्होंने बताया कि लोकसभा सीटों पर अब तक 80 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि शाहजहांपुर (अजा) लोकसभा सीट के लिए भाजपा से अरुण कुमार सागर ने नामांकन पत्र भरा गया। सीतापुर लोकसभा सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से महेन्द्र सिंह, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से चन्द्रशेखर ने नामांकन किया। कानपुर सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से कुलदीप भदौरिया ने नामांकन किया। अकबरपुर सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से राजेश कुमार द्विवेदी व समाजवादी पार्टी से राजाराम पाल ने नामांकन पत्र भरा। नामांकन भरने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 26 अप्रैल को की जायेगी।

भइया बनने जौनपुर आए मुंबइया

महाराष्ट्र सरकार में मंत्री रहे कृपा शंकर सिंह अब जन्मभूमि से बनना चाहते हैं सांसद

धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला सिंह और बाबू सिंह कुशवाहा से मिल रही कड़ी चुनौती

विपिन शुक्ला, लखनऊ

अमृत विचार : इमरती की मिठास के लिए मशहूर जौनपुर की राजनीति कड़वाहट भरी रही है। यहां के मतदाता को न फिल्मी ग्लैमर ने लुभा पाया और न ही बाहुबल झुका पाया। मतदाता बस जातीय बयार के साथ उड़ते रहे हैं। जाति की इसी बयार के भरोसे मुंबइया कृपा शंकर सिंह अब जौनपुर के भइया बनने आए हैं। क्षत्रियों के दबदबे वाले जौनपुर संसदीय क्षेत्र में अब तक हुए 18 चुनावों में 10 बार क्षत्रिय बिरादरी का सांसद चुना गया। मतदाताओं ने 4 बार यादव और 2 बार ब्राह्मण जाति के प्रत्याशी के माथे पर विजय तिलक लगाया। एक बार मुस्लिम और एक बार सन्यासी को संसद भेजा।

जौनपुर संसदीय क्षेत्र में 87 प्रतिशत हिन्दू, 12 प्रतिशत मुस्लिम और 1 प्रतिशत अन्य धर्मों के मतदाता हैं। जातिगत आंकड़ों की बात करें तो सबसे अधिक करीब ढाई लाख ब्राह्मण, करीब दो लाख क्षत्रिय और सवा दो लाख यादव मतदाता हैं। इसके अलावा सवा दो लाख मुस्लिम और करीब दो लाख 40 हजार अनुसूचित जाति के वोटर हैं। अनुसूचित जाति के मतदाताओं में पासी बिरादरी के मतदाता निर्णायक माने जाते हैं। जातीय गुणाभाग से सभी दलों ने चुनावी द्वंद्व में योद्धा उतारे हैं। बसपा ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीकला सिंह को टिकट दिया है।

भाजपा ने भी महाराष्ट्र प्रदेश सरकार में मंत्री रहे क्षत्रिय बिरादरी के कृपा शंकर सिंह को मैदान में उतारा है। जौनपुर में जन्मे कृपा शंकर सिंह मुंबई में उत्तर भारतीयों की मजबूत आवाज रहे हैं, वह कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए हैं।

सपा ने अपने परंपरागत यादव, मुस्लिम वोटरों के साथ भाजपा के मतदाता बन चुके कुशवाहा, मौर्या बिरादरी के मतदाताओं को अपने पाले में खींचने के उद्देश्य से बसपा सरकार में मंत्री रहे बाबू सिंह कुशवाहा पर दांव लगाया है। बसपा परंपरागत अनुसूचित जाति मतदाताओं के साथ क्षत्रिय और मुस्लिमों के सहारे चुनावी रण में विजय पताका फहराना चाहती है तो भाजपा क्षत्रियों के साथ ब्राह्मण और गैर यादव ओबीसी व गैर जाटव अनुसूचित जाति वोटरों के सहारे है। इन तीनों दलों के प्रत्याशियों के बीच ही मुख्य मुकाबला दिख रहा है।

फिल्मी ग्लैमर और बाहुबल की जब्त हुई जमानत

वर्ष 2014 के चुनाव में निवर्तमान सांसद जिला पंचायत की अध्यक्ष और सिंह अपना अलग दल बनाकर चुनाव मैदान में उतरे थे। भाजपा ने केपी सिंह, बसपा ने सुभाष पांडेय और सपा ने पारसनाथ यादव को चुनाव लड़ाया था। कांग्रेस ने फिल्म अभिनेता रवि किशन और आरसीयू ने बिहार के बाहुबली शहाबुद्दीन को टिकट दिया था। चुनाव में अभिनेता रवि किशन को 42759 और शहाबुद्दीन को केवल 19636 वोट ही मिले थे। इन दोनों प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी।

लहर के विपरीत चलते रहे हैं जौनपुरिया

ज्यादातर चुनाव में जौनपुर के मतदाता चुनावी लहर के विपरीत ही चले हैं। 1962 में जब देश भर में कांग्रेस की पताका फहरा रही थी तब जनसंघ के ब्रह्मजीत को संसद भेज दिया। 1980 में कांग्रेस ने देश भर में मजबूत वापसी की तब भी जौनपुर ने जनता पार्टी को जिताया। 1989 में जनता दल की लहर में भाजपा का कमल खिला गया और 2019 में जब भाजपा ने देश में सबसे ज्यादा सीटें जीतीं तब बसपा का हाथी यहां दहाड़ा।

जौनपुर में चुनाव, मुंबई में प्रचार

भाजपा प्रत्याशी कृपा शंकर सिंह चुनाव तो जौनपुर से लड़ रहे हैं लेकिन वोट जुटाने के लिए मुंबई में मीटिंगें कर रहे हैं। पिछले दिनों मुंबई के बांद्रा में उत्तर भारतीय संघ के सभागृह में कृपा शंकर सिंह ने प्रवासी उत्तर भारतीयों से मुलाकात की थी। इसमें जौनपुर और पूर्वांचल के विकास के लिए मुंबई में व्यापार और रोजगार कर रहे उत्तर भारतीय समाज से वोट देने और अपने लोगों से दिलाने की अपील की गई। इस मुलाकात में कृपा शंकर सिंह ने वादा किया कि ऐसा प्रयास करेंगे कि दो से तीन साल बाद किसी को रोजी-रोटी की तलाश में जौनपुर से अपना गांव छोड़कर महानगरों की तरफ न जाना पड़े। उन्होंने कहा था मैं खुद जन्मभूमि से कर्मभूमि के लिए रोजी-रोटी के लिए आया था। यहां -रोटी कमाने के साथ राजनीति में सेवा का अवसर मिला। मैं जन्मभूमि का ऋण उतारना चाहता हूं।

श्रीकला सिंह।

बाबू सिंह कुशवाहा।

किसी दल से नहीं बंधे मतदाता

जौनपुर के मतदाता कभी किसी दल से नहीं बंधे। सभी प्रमुख दलों के नेताओं को संसद बनने का मौका दिया। यहां छह बार कांग्रेस जीती तो एक बार जनसंघ का दीपक जला और चार बार भाजपा का कमल खिला। दो बार जनता पार्टी जीती, तो दो बार सपा की साइकिल दौड़ी। बसपा के हाथी ने भी यहां दो बार सभी प्रत्याशियों को रौंदा है।

आईना : जौनपुर लोकसभा सीट



2014 में किसको कितने वोट

दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	कृष्ण प्रताप (केपी)	3,67,149
बसपा	सुभाष पांडे	2,20,839
सपा	पारसनाथ यादव	1,80,003
कांग्रेस	रवि किशन	42,759



निर्वाचित सांसद

वर्ष	सदस्य	दल
1952 व 57	बीरबल सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1962	ब्रह्मजीत सिंह	भारतीय जनसंघ
1963,67 व 71	राजदेव सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	महाराजा यादवेन्द्र दत्त दुबे	जनता पार्टी
1980	अज़ीज़ुल्लाह आज़मी	जनता पार्टी
1984	कमला प्रसाद सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1989	महाराजा यादवेन्द्र दत्त दुबे	भारतीय जनता पार्टी
1991	अर्जुन सिंह यादव	जनता दल
1996	राज केशर सिंह	भारतीय जनता पार्टी
1998	पारसनाथ यादव	समाजवादी पार्टी
1999	स्वामी चिन्मयानन्द	भारतीय जनता पार्टी
2004	पारसनाथ यादव	समाजवादी पार्टी
2009	धनंजय सिंह	बहुजन समाज पार्टी
2014	कृष्ण प्रताप सिंह	भारतीय जनता पार्टी
2019	श्याम सिंह यादव	बहुजन समाज पार्टी

2014 नोटा 2595

2019 नोटा 2,441

2009 चुनाव के आंकड़े

दल	उम्मीदवार	वोट
बसपा	धनंजय सिंह	3,02,618
सपा	पारस नाथ यादव	2,22,267
भाजपा	सीमा	143,377



2024

कुल मतदाता	19,58,554
पुरुष	10 ,15,545
महिला	9,42, 923

अपनी ढपली अपना राग

भाजपा की सरकार गरीबों को दो वक्त का सरकारी राशन देकर उनका असली रोजगार का अधिकार छीन रही है। - मायावती

यूपी में दंगा और गुंडई पूरी तरह समाप्त हो गई है। वे जेलों में चक्की पीस रहे और अब मंत्रियों की गाड़ियों में घूमते नजर नहीं आते। - ब्रजेश पाठक

भाजपा के पास भारत माता पर कोई पेटेंट नहीं है। इन्होंने तो दशकों तक अपने वैचारिक मुख्यालय पर तिरंगा नहीं फहराया। -दानिश अली

भाजपा नेता हार की हताशा में स्तरहीन भाषा का प्रयोग कर रहे। कांग्रेस के घोषणा पत्र के बारे में उनकी बातें दुर्भावनापूर्ण हैं। -अजय राय

मेरठ के जातीय समीकरण अपनी जगह हैं, इसमें कोई शक नहीं है कि यहां भाजपा की जीत होगी। -अरुण गोविल

भाजपा ने राजनाथ के पक्ष में लांच किया प्रचार गीत

अमृत विचार, लखनऊ : भाजपा पूरे जोरशोर से चुनाव प्रचार में जुट गई है। लखनऊ संसदीय सीट पर राजनाथ सिंह के प्रचार के लिए गीत लांच किया गया। लोकगीत गायिका वंदना मिश्रा ने गीत को स्वर दिए हैं। उन्होंने हलवासिया कोर्ट में आयोजित कार्यक्रम के दौरान "राजनाथ भैया को फिर से जिताएंगे, राजनाथ भैया ही फिर से आएंगे, बहनों करो तैयारी कमल हम खिलाएंगे" सुनाया। गीत अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि गीत को नुक्कड़ सभा, चाय पर चर्चा, युवा चौपाल, मंडल स्तरीय सभाओं के साथ प्रचार वैन में चलाया जाएगा। इस दौरान मेयर सुषमा खर्कवाल, पार्षद, मंडल अध्यक्ष, विधानसभा चुनाव संयोजक एवं सहसंयोजक मौजूद रहे।

घर-घर जाकर विकास कार्यों का पत्रक दें

अमृत विचार, लखनऊ : पार्षदों को परिवार पर्ची वितरण का काम पूरी जिम्मेदारी के साथ करना है। साथ ही प्रत्येक घर में जाकर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के कराए गए विकास कार्यों का पत्रक देना है। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने हलवासिया कोर्ट में उक्त बात बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि राजनाथ सिंह 29 अप्रैल को नामांकन करेंगे। सभी को प्रदेश कार्यालय पर सुबह 10 बजे एकत्र होना है और नामांकन के लिए कलेक्ट्रेट जाना है। मेयर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनप्रतिनिधियों के ऊपर बड़ी जिम्मेदारी है और सभी निष्ठा के साथ इसका निवर्हन करें। इस दौरान लोकसभा चुनाव सहसंयोजक पुष्कर शर्मा आदि मौजूद रहे।

आखिर कब टूटेगा कैसरगंज का सन्नाटा

18 लाख मतदाताओं का जोश पड़ रहा ठंडा

दो दिन बाद शुरू होगा नामांकन, पर मैदान सूना

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

अमृत विचार: प्रदेश की वीआईपी सीट बन चुकी कैसरगंज का सन्नाटा टूटने से रहा। जिस जोश व उतावले पन से यहां के 18 लाख मतदाता तैयार थे अब उनका जोश भी ठंडा पड़ने लगा है। हर किसी की जुबान पर यही सवाल है कि क्या इस बार कैसरगंज में चुनाव होगा? किसे टिकट मिलेगा? लेकिन इसका जवाब न तो मीडिया के पास है और न राजनीतिक दल दे पा रहे हैं।

यह स्थिति तब है जब पांचवें चरण के लिए 26 अप्रैल को अधिसूचना जारी हो जाएगी और नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। जिन दिग्गजों ने चुनाव लड़ने के मंसूबे पाल रखे हैं वे यदा कदा क्षेत्र में भले ही दौड़ रहे हैं लेकिन वे भी इस बात की गारंटी नहीं दे पा रहे हैं कि वे लड़ेंगे ही।

कैसरगंज लोकसभा सीट से देश की जानीमानी हस्तियां चुनाव लड़ती रहीं। शकुंतला नायर से लेकर कद्दावर नेता रहे बेनी प्रसाद वर्मा तक यहां की नुमाइंदगी सदन में कर चुके हैं। लगातार तीन बार से सांसद बृजभूषण शरण सिंह सांसद हैं। लेकिन भाजपा में ही उनके नाम पर सहमति न बन पाना, उनके स्थान पर अभी तक किसी को न उताराना भले ही राजनीतिक दांवपेच हो सकता है लेकिन कैसरगंज की आम जनता को यह बात अब अखरने लगी है। वहीं समाजवादी पार्टी भी भाजपा के दांव पर अपना दांव चलने की फितरत में है। उसने भी अभी तक अपने कंडीडेट के नाम की घोषणा नहीं की है। बसपा भी इन दोनों दलों के दांवपेंच पर अपनी नजर गड़ाए हुए है। कयासबाजी व बयानबाजी से आजिज आ चुके आम मतदाताओं का जोश ठंडा पड़ गया है। प्रशासन ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने का कार्यक्रम चलाया हुआ है लेकिन मतदाताओं के जोश से ही वोट पर चोट हो सकता है। यदि एक दो दिनों में उम्मीदवारों की घोषणा नहीं हुई तो मतदान प्रतिशत भी गिरने का अनुमान लगाया जा रहा है।

संभावित जातिवार आंकड़े

ब्राह्मण..	21%	कुर्मी..	05%
क्षत्रिय..	12%	एससीएसटी..	14%
मुस्लिम..	22%	अन्य..	14%
यादव..	12%		

कैसरगंज लोकसभा सीट के लिए विधानसभा वार मतदाता

मतदाता	पुरुष	महिला
पयागपुर	2,04,829	1,82,554
कैसरगंज	2,06,010	1,83,676
कटरा	2,11,098	1,85,825
करनैलगंज	1,77,854	1,56,327
तरबगंज	1,98,148	1,17,607



बहराइच प्रशासन को दो चरणों में कराना होगा चुनाव

कैसरगंज लोकसभा सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र के मतदाता वोट डालेंगे। लेकिन तीन विधानसभा क्षेत्र गोंडा में है और दो विधानसभा क्षेत्र बहराइच में है। बहराइच में चुनाव चौथे चरण में है जबकि गोंडा में चुनाव पांचवें चरण में है। बहराइच जिले में बहराइच सीट के लिए 25 अप्रैल तक नामांकन होना है और मतदान 13 मई को होगा। वहीं कैसरगंज लोकसभा सीट के लिए पांचवें चरण में चुनाव होना है। इसके लिए 26 अप्रैल को नोटिफिकेशन होगा और 20 मई को मतदान कराना होगा। इसी तरह गोंडा सीट के लिए बलरामपुर प्रशासन को भी पांचवें चरण के लिए उतरौला विधानसभा क्षेत्र में चुनाव कराना होगा, जबकि बलरामपुर में चुनाव छठवें चरण में है।

चुनावी चक्कर

- **चुनाव में हेमा मालिनी को याद आए जय-वीरू और गब्बर :**

जहां सिने तारिका हेमा मालिनी का जिक्र हो वहां फिल्म शोले की भी याद आ ही जाती है। फिलहाल मथुरा की सांसद हेमा मालिनी एक बार फिर संसद पहुंचने की पुरजोर कोशिश में हैं। वह इन दिनों अपने चुनावी अभियान मे व्यस्त हैं। दिलचस्प तो यह है कि खुद हेमा की भी जुबां पर मीडिया को प्रतिक्रिया देते वक्त शोले फिल्म के डॉयलॉग और पात्रों के नाम आ ही जाते हैं। उनकी ऐसी ही फिल्मी प्रतिक्रिया एक टीवी इंटरव्यू के दौरान सामने आयी। हेमा मालिनी ने कहा कि पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह दोनों राजनीति में 'जय-वीरू' के जोड़ी से कम नहीं। जबकि विपक्ष जिस तरह से फर्जी आरोपों के जरिए राजनीति करना चाह रहा है, वो किसी गब्बर की भूमिका से कम नहीं है। वहीं उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जिस तरह से हल्की बातें करते हैं उससे तो यही लगता है कि वे 'राजनीति में अंग्रेजों के जमाने के जेलर' की भूमिका में हैं। यही नहीं इंडी के कई नेता फिल्म शोले के विभिन्न किरदारों की तरह लोकसभा चुनाव में अपनी भूमिका निभा रहे है जिनकी डायलॉग बाजी से आम जनता खूब हंसती है लेकिन वह अपने हास्यास्पद बयान बाजी से बाज नहीं आ रहे हैं। जनता इनके इरादों को बखूबी समझा रही है।

विशेष राज्य का दर्जा और वाईएसआरसीपी के मुख्यमंत्री का कामकाज बना आंध्र प्रदेश में सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा

त्रिकोणीय रण में फंसे जगन मोहन

चुनाव डेस्क

दो जून 2014 को आंध्र प्रदेश का बंटवारा करके इसके कुछ हिस्से को निकालकर तेलंगाना नया राज्य बनाया गया था। अब अमरावती आंध्र प्रदेश की राजधानी और विशाखापत्तनम सबसे बड़ा शहर है। विभाजन के बाद आंध्र प्रदेश में लोकसभा की 25 सीटें हैं। विधानसभा सीटों की संख्या 175 है। यहां से राज्यसभा के लिए 11 सांसद चुने जाते हैं। 2019 की तरह ही आंध्र प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ-साथ कराए जा रहे हैं। राज्य में 13 मई को वोट डाले जाएंगे। साल 2019 के विधान सभा चुनाव में जगन मोहन रेड्डी की पार्टी युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के आगे सारे विरोधी ढेर हो गए थे। विधानसभा की 151 सीटों पर वाइएसआर कांग्रेस ने कब्जा कर लिया था, तो लोकसभा चुनाव में भी पार्टी शानदार प्रदर्शन करते हुए 22 सीटें जीतने में सफल रही थी। पिछली बार की तरह इस बार भी राज्य में वाइएसआर कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ रही है, जबकि उसका मुकाबला करने के लिए एनडीए के बैनर तले भाजपा के साथ तेलगु देशम पार्टी (टीडीपी) और पवन कल्याण की जन सेना पार्टी है।

2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी जैसे राष्ट्रीय दलों का खाता तक नहीं खुला था, वहीं राज्य में मुख्य विपक्षी दल एन चंद्रबाबू नायडू की अगुवाई वाली तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) को भी बड़ा झटका लगा। पार्टी महज तीन सीटों पर सिमट गई। टीडीपी को 2014 के चुनाव में राज्य में 15 सीटों पर जीत मिली थी। लेकिन वाइएसआर कांग्रेस की लहर के आगे एक दर्जन सीटें उसके हाथ से जाती रहीं। इस चुनाव में बहुजन समाज पार्टी ने भी किस्मत आजमाई थी लेकिन उसे कोई जीत नसीब नहीं हुई। फिल्म एक्टर पवन कल्याण की पार्टी जन सेना ने 18 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन एक भी सीट उसके खाते में नहीं आई।

- आंध्र प्रदेश में 13 मई को होगा लोकसभा और विधान सभा के लिए एक साथ मतदान
- इस बार टीडीपी-भाजपा-जनसेना ने गठबंधन करके बढ़ाई चुनौती, तो इंडी गठबंधन में कांग्रेस भी अगुवा
- 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और भाजपा का नहीं खुला था खाता, टीडीपी को लगा था बड़ा झटका

आंध्र प्रदेश लोकसभा



- वाईएसआरसीपी 49.1%
- टीडीपी 39.6%
- भाजपा 1.0 %
- कांग्रेस 1.3 %
- अन्य 9.0 %

2019 दलीय परिणाम

पार्टी	सीट	वोट
वाईएसआरसीपी	22	1,55,37,006
टीडीपी	03	1,25,15,345
भाजपा	00	3,03,985
कांग्रेस	00	4,06,977
अन्य	00	2,84,9221

1998
तेलगू देशम के लक्ष्मी पार्वती गुट से हाथ मिलाकर संयुक्त आंध्र प्रदेश में भाजपा ने चार सीटों के साथ 18 प्रतिशत वोट लेकर देश भर में सबको चौंका दिया था।

2014
में भारतीय जनता पार्टी ने तेलगू देशम पार्टी के साथमिलकर चुनाव लड़ा और दो सांसदों के साथ नौ विधायकों को जीत दिलाकर आधार बनाया



जगन की बहन का साथ पाकर कांग्रेस राज्य की सत्ता पाने को आतुर

युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) जहां अकेले चुनाव लड़ रही है। वहीं इंडिया गठबंधन भी लोकसभा और विधान सभा चुनाव के लिए सीटों का बंटवारा करके मैदान में उतरा है। कांग्रेस के साथ हुए समझौते के मुताबिक सीपीएम एक लोकसभा और आठ विधानसभा सीटों के लिए चुनाव लड़ेगी, जबकि सीपीआई 14 विधानसभा और दो लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। अराकू (आरक्षित) सीट से सीपीएम ने चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। कांग्रेस राज्य में सवा सौ से अधिक विधान सभा क्षेत्रों में अपने प्रत्याशी खड़े कर चुकी है और एक दर्जन से ज्यादा लोकसभा सीटों पर उसके प्रत्याशी मैदान में उतर चुके हैं। आंध्र प्रदेश के सीमावर्ती राज्यों कर्नाटक और तेलंगाना के विधानसभा चुनावों में मिली सफलता से यहां भी कांग्रेस का कैडर उत्साहित है। मुख्यमंत्री जगन रेड्डी की बहन वाईएस शर्मिला इसी साल की शुरूआत में कांग्रेस में शामिल हो गई थीं। शर्मिला ने अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया था। अब वह आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के रूप में चुनावी अभियान को गति देने में जुटी हैं। शर्मिला अपने अभियान में भाजपा के विश्वासघात और विशेष राज्य के दर्जे को नकारने का मुद्दा उठा रही हैं।


चंद्रबाबू नायडू।

शर्मिला रेड्डी।

आंध्र प्रदेश- 2014 लोकसभा का दलीय जनादेश

पार्टी	सीट	वोट	वोट %
टीडीपी	15	1,17,29,219	40 .5
वाईएसआरसीपी	08	1,31,31,029	45 .4
भाजपा	02	20,77,079	7 .2
अन्य	00	11,75,052	4 .1
कांग्रेस	00	8,22,614	2 .8

आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव -2019 परिणाम

पार्टी	सीट	वोट	वोट %
वाईएसआरसीपी	152	15688569	49 .95
टीडीपी	22	12304668	39 .17
अन्य	01	3340394	10 .88

टीडीपी व जन सेना के साथ समझौते के बाद भाजपा 6 लोस व 10 विस सीटों पर मैदान में

- इस बार जगन मोहन रेड्डी को टक्कर देने के लिए यहां छह साल बाद एक बार फिर भाजपा ने टीडीपी नेता चंद्रबाबू नायडू के साथ हाथ मिलाया है। आंध्र प्रदेश के लिए भाजपा द्वारा विशेष श्रेणी का दर्जा मंजूर नहीं किए जाने पर नायडू वर्ष 2018 में एनडीए से बाहर चले गए थे और दोनों पार्टियों ने फिर कभी गठबंधन नहीं करने की कसम खाई थी। लेकिन सियासत में दोस्ती और दुश्मनी बदलती रहती है। गठबंधन के नए राजनीतिक समीकरणों के बाद अब भाजपा राज्य में 6 लोकसभा और 10 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। तेलगुदेशम पार्टी (टीडीपी) 17 लोकसभा और 144 विधानसभा सीटों तथा पवन कल्याण की जनसेना 2 लोकसभा और 21 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

- **टीडीपी-जनसेना-भाजपा गठबंधन को चिरंजीवी का समर्थन दे सकता ताकत:** 2019 के विधानसभा चुनाव में टीडीपी को राज्य में करारी हार का सामना करना पड़ा था। पार्टी केवल 23 विधानसभा सीटें जीतने में सफल हो सकी थी। वाईएसआरसीपी ने 151 विधानसभा सीटें जीत ली थीं। जन सेना को एक विधानसभा क्षेत्र में सफलता मिली थी। इस बार विधानसभा और लोकसभा चुनाव के लिए मेगास्टार चिरंजीवी ने टीडीपी-जनसेना-भाजपा गठबंधन को अपना समर्थन दिया है। यूपीए-2 में मंत्री रहे चिरंजीवी आंध्र प्रदेश के विभाजन के बाद राजनीति में निष्क्रिय हो गए थे। उनके भाई और लोकप्रिय स्टार पवन कल्याण और उनकी पार्टी जनसेना एनडीए गठबंधन का पहले ही हिस्सा है। चिरंजीवी कापू जाति से आते हैं जो आंध्र में पिछड़ी जाति है। इस जाति का करीब 15% वोट माना जाता है। अगर यह वोट एनडीए गठबंधन को मिलता है तो न सिर्फ विधानसभा चुनाव बल्कि लोकसभा चुनाव में भी कई सीटों पर उलटफेर हो सकता है।
- **तेलंगाना के केसीआर जैसा हाल होने की जताई जा रही आशंका** : चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने 2019 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों में वाईएसआरसीपी की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने इस बार के चुनावों में राजनीतिक समीकरणों, कामकाज और जनता की आकंक्षाओं के आधार पर मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी के लिए अंधकारमय भविष्य की भविष्यवाणी की है। कुछ राजनीतिक जानकार भी आंध्र प्रदेश के चुनावों में जगन मोहन रेड्डी का इस बार तेलंगाना के केसीआर जैसा हाल होने की संभावना जता रहे हैं।

टीडीपी के साथ छोड़ने से 2019 में धड़ाम हो गया था भाजपा का वोट प्रतिशत

- एनडीए के सीट बंटवारे से साफ है कि भाजपा ने आंध्र प्रदेश में अपनी निरंतर अप्रासंगिकता को समाप्त करने के लिए टीडीपी और जनसेनी की लोकप्रियता पर निर्भर होने का फैसला किया है। टीडीपी के एनडीए से बाहर निकलने से 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का वोट शेयर धड़ाम हो गया था। 2014 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को करीब 7 .20 प्रतिशत मत मिले थे। लेकिन 2019 के चुनाव में भाजपा का वोट बमुश्किल 1.0 प्रतिशत का आंकड़ा छूने में सफल हो पाया था।

भाजपा से टिकट कटने पर बिफरे लद्दाख के सांसद

चुनाव डेस्क

- **अनुच्छेद 370 रद करने और लद्दाख को केंद्र शासित राज्य बनाने पर दिया था बड़ा समर्थन**

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने लद्दाख के मौजूदा सांसद जामयांग सेरिंग नामग्याल का टिकट काटकर मंगलवार को इस केंद्र शासित प्रदेश की एकमात्र लोकसभा सीट से ताशी ग्यालसन को प्रत्याशी बनाने की घोषणा की। नामग्याल ने इस घटनाक्रम पर बगावती सुर में प्रतिक्रिया दी और कहा कि जल्द ही वह अपने अगले कदम की घोषणा करेंगे। ग्यालसन मौजूदा समय में लेह स्थित लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद के अध्यक्ष-सह-प्रमुख कार्यकारी पार्षद हैं। भाजपा द्वारा लद्दाख लोकसभा सीट से उम्मीदवार की घोषणा किए जाने के बाद नामग्याल ने कहा कि पूरे केंद्र शासित प्रदेश से उनके समर्थक इस फैसले पर असहमति व्यक्त कर रहे हैं। भाजपा द्वारा टिकट काटे जाने के बाद अपने बयान में नामग्याल ने कहा, आज, भाजपा ने लद्दाख लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद को बदलकर नए उम्मीदवार की घोषणा कर दी। इस दौरान कोई पारदर्शी कारण और पुख्ता तर्क नहीं दिया गया। नामग्याल ने कहा कि उन्होंने प्रतिबद्ध कार्यकर्ता के साथ हुए इस अन्याय को लेकर अपनी असहमति उचित माध्यम से पार्टी नेतृत्व को पहुंचा दी है। पूरे लद्दाख से सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता और मेरे समर्थकों ने इस फैसले को लेकर अपनी असहमति जताई है। नामग्याल ने कहा, ''हम बारीकी से स्थिति का आकलन करेंगे और लद्दाख के लोगों के हित को सबसे आगे रख कर अगले कदम पर फैसला करेंगे। मैं सभी समर्थकों के प्रति उनके समर्थन के लिए आभार व्यक्त करता हूं। नामग्याल 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और लद्दाख को एक अलग केंद्र शासित प्रदेश बनाने के नरेन्द्र मोदी सरकार के फैसले का बचाव करने के लिए लोकसभा में दिए भाषण के वायरल होने के बाद सुर्खियों में आए थे। नामग्याल को हटाने का भाजपा का फैसला लेह में बौद्धों के एक वर्ग के बीच सत्तारूढ़ दल के प्रति नाराजगी के बीच आया है। स्थानीय सूत्रों ने कहा कि ग्यालसन पेशे से एक वकील हैं। उन्होंने बताया कि ग्यालसन इस सीट पर भाजपा की पकड़ बनाए रखने के लिए बेहतर स्थिति में हैं, जिसमें मुस्लिम बहुल कारगिल भी शामिल है। लद्दाख सीट पर 20 मई को मतदान होगा।

दूसरे चरण में नितीश के साथ कांग्रेस की परीक्षा

दिग्विजय सिंह

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में बिहार की पांच लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। मुख्यमंत्री नितीश कुमार की प्रतिष्ठा भी इस चरण में फंसी हुई है। 2019 में किशनगंज सीट पर कांग्रेस जीती थी जबकि बांका, पूर्णिया, भागलपुर व कटिहार सीट पर जदयू काबिज है। जदयू मुखिया एवं मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने भागलपुर से सांसद अजय कुमार मंडल, कटिहार से सांसद दुलाल गोस्वामी, पूर्णिया से सांसद संतोष कुशवाहा और बांका से सांसद गिरिधारी यादव को पुनः मौका दिया है तो किशनगंज से उम्मीदवार बदल दिया है। यहां से मुजाहिद आलम जदयू से चुनाव लड़ रहे हैं।

पप्पू यादव की चुनौती ने पूर्णिया में बिगाड़ा राजद का खेल: अपनी जन अधिकार पार्टी लोकतांत्रिक का कांग्रेस में विलय करने वाले पप्पू यादव अब इंडिया गठबंधन की ही मुसीबत बन गए हैं। महागठबंधन में यह सीट राष्ट्रीय जनता दल के कोटे में है लेकिन राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने यहां से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतर कर राजद उम्मीदवार के माथे पर भी बल ला दिया है। वह कांग्रेस जिंदाबाद के नारे तो लगा रहे हैं लेकिन सहयोगी पार्टी राजद और उसके मुखिया को कोसने से भी नहीं हिचक रहे हैं। यहां जदयू सांसद संतोष कुशवाहा और राजद प्रत्याशी बीमा भारती के बीच मुख्य मुकाबला है लेकिन पप्पू यादव इसे त्रिकोणीय बना रहे हैं। दो बार मधेपुरा और तीन बार पूर्णिया से सांसद रहे पप्पू यादव राजद के वोटों में सेंधमारी कर रहे हैं।

इसका सीधा लाभ जदयू को मिलता दिख रहा है, जबकि पूर्णिया सीट पर लगातार दो बार के जदयू सांसद संतोष कुशवाहा को हराने के लिए राजद ने उनकी ही पार्टी की विधायक बीमा भारती को मैदान में उतारा है। बीमा जदयू से बगावत कर राजद में शामिल हुईं थीं। उधर, पप्पू यादव को उम्मीद थी कि राजद- कांग्रेस में सीटों के बंटवारे में यह सीट कांग्रेस के खाते में जाएगी। इसी चाहत में उन्हेंने अपनी पार्टी का विलय कांग्रेस में कर दिया था। लेकिन लालू प्रसाद यादव ने यह सीट कांग्रेस को न देकर अपने पास रख ली थी।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार।

समाजवादियों का गढ़ बांका का रणक्षेत्र

- बांका सीट समाजवादियों का गढ़ रही है। यहां से जदयू ने अपने सांसद गिरधारी यादव को मौका दिया है जबकि राजद ने पूर्व सांसद जयप्रकाश नारायण यादव को समर में उतारा है। मोदी लहर को धता बताते हुए जयप्रकाश 2014 का चुनाव जीत गए थे लेकिन 2019 में जदयू के गिरधारी यादव ने कड़े मुकाबले में हराया था। गिरधारी चौथी बार सांसद बनने के लिए मैदान में हैं। यहां यादव मतदाताओं की संख्या करीब तीन लाख है तो राजपूत मतदाता भी साढ़े तीन लाख के करीब हैं। कुर्मी और कुशवाहा वोटों पर जदयू की निगाह है। राजपूत मतदाता निर्णायक साबित होते हैं।

कटिहार में हार का बदला लेने के लिए तारिक अनवर ने बिछाया जाल

- कटिहार सीट पर इस बार मुकाबला कांटे का है। यहां अल्पसंख्यक मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं। 2019 की मोदी लहर में यहां से जदयू के दुलाल चंद्र गोस्वामी जीते थे। उन्होंने कांग्रेस के तारिक अनवर को हराया था। तारिक अनवर इस सीट से चार बार सांसद रह चुके हैं। 2014 की मोदी लहर में भी वे इस सीट को जीतने में कामयाब रहे थे। लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्र हैं। इनमें से दो पर भाजपा, दो पर कांग्रेस, एक पर जदयू और एक सीट पर भाकपा माले का कब्जा है। तारिक अनवर लगातार मतदाताओं के बीच यह बताने में जुटे हैं कि क्षेत्र का विकास वे ही कर सकते हैं।

किशनगंज में कांग्रेस को कमजोर करने में लगी एआईएमआईएम की चुनौती

- किशनगंज लोकसभा सीट मुस्लिम बाहुल्य है। यहां एआईएमआईएम प्रमुख ओवैसी का जबरदस्त प्रभाव है। 2019 के लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी के उम्मीदवार को यहां तीन लाख वोट मिले थे। पार्टी ने यहां से फिर उम्मीदवार उतारा है। कांग्रेस ने 2019 में जीते मोहम्मद जावेद पर पुन: दांव लगाया है। 2009 और 2014 में यहां से कांग्रेस के असरारुल हक जीते थे। जदयू ने मुजाहिद आलम को कांग्रेस के मुकाबले उतारा है। यह सीट कांग्रेस का गढ़ है, लेकिन 1999 में यहां से भाजपा के शहनवाज हुसैन भी जीत चुके हैं। माना जा रहा है कि इस बार एआईएमआईएम का उम्मीदवार और अच्छे ढंग से लड़ा तो जदयू की जीत तय है।

अकोला से प्रकाश आंबेडकर को तीसरी जीत की तलाश

मुंबई। महाराष्ट्र की अकोला लोकसभा सीट से डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के पौत्र और वंचित बहुजन विकास आघाड़ी के प्रमुख प्रकाश आंबेडकर चुनाव लड़ते हैं। यहां से आंबेडकर ने 11 बार लोकसभा का चुनाव लड़ा और दो बार जीतकर संसद में पहुंचे। 2004 से इस सीट पर भाजपा लगातार जीत हासिल कर रही है। इस बार भी त्रिकोणीय मुकाबले की संभावना है। यहां हिंदीभाषी और मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं।

11
बार लोकसभा का चुनाव लड़ने वाले आंबेडकर दो बार जीतकर पहुंचे हैं संसद

अकोला सीट को त्रिकोणीय मुकाबले के लिए जाना जाता है। इस चुनाव क्षेत्र में 1984 में कांग्रेस प्रत्याशी तिकोने मुकाबले में ही जीती था। भाजपा ने 1989 में पहली बार विजय प्राप्त की थी। 1991 में भी यहां से भाजपा जीती। 1996 में भाजपा के पांडुरंग फुंडकर इस सीट से तीसरी बार विजयी हुए। तीनों चुनावों में उन्हें कांग्रेस के साथ प्रकाश आम्बेडकर की चुनौती का सामना करना पड़ा। 1998 के चुनाव में भारतीय रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी प्रकाश आम्बेडकर ने विजय प्राप्त की। 1999 के चुनाव में भी प्रकाश आम्बेडकर दोबारा चुने गए। इसके बाद 2004, 2009 और 2014 तथा 2019 के चुनावों में भाजपा प्रत्याशी के रूप में संजय धोत्रे ने लगातार विजय प्राप्त की। इन चारों चुनावों में हर बार भाजपा, कांग्रेस और भारतीय रिपब्लिकन पार्टी के बीच त्रिकोणीय मुकाबला हुआ। इस बार अकोला सीट से भाजपा ने संजय धोत्रे के पुत्र अनूप धोत्रे को प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में प्रदेश कांग्रेस के महासचिव डा.अभय पाटिल तथा वंचित बहुजन अघाड़ी से एड.प्रकाश आम्बेडकर के साथ कुल 15 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा, कांग्रेस और वंचित बहुजन के बीच माना जा रहा है।

दीदी का हाथ
पश्चिम बंगाल के बीर भूमि निर्वाचन क्षेत्र में तृण मूल कांग्रेस की प्रत्यशी शताब्दी राय को सफल जनसभा के बाद आशीर्वाद प्रदान करतीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।

कांग्रेस इस बार दे रही चुनौती | इस बार भाजपा ने प्रदेश की मंत्री लता वानखेड़े को बनाया उम्मीदवार

सागर में कमल खिलाने को चेहरा बदलती रही भाजपा

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। मध्य प्रदेश की सागर संसदीय सीट भाजपा का ऐसा मजबूत किला है, जिसे ढहाने की कोशिश कांग्रेस पिछले कई चुनावों से कर रही है पर सफल नहीं हो पा रही है। भाजपा इस सीट पर 1996 से लगातार जीत रही है। लगातार चार चुनाव पार्टी नेता वीरेंद्र खटीक यहां से जीते। इसके बाद पार्टी ने 2009 में भूपेंद्र सिंह को मैदान में उतारा। तब भी कांग्रेस ने इस सीट पर कब्जा करने की कोशिश की पर नाकाम रही। भाजपा चुनाव दर चुनाव अपना चेहरा बदलती है और जीत जाती है। इस बार भी पार्टी ने लता वानखेड़े को मैदान में उतारा है तो कांग्रेस ने भी इस किले को ढहाने के लिए ललितपुर- झांसी से सांसद रहे सुजान सिंह बुंदेला के बेटे गुड्डू राजा बुंदेला पर दांव लगाया है।

सागर कांग्रेस का मजबूत गढ़ रहा है। वीरेंद्र खटीक ने 1996 में इस सीट पर जीत दर्ज की और इसके बाद वे लगातार चार बार जीते। 2009 में पार्टी ने उन्हें टीकमगढ़ लोकसभा सीट से मैदान में उतारा। तब से वे इस सीट पर जीत रहे हैं और वर्तमान में केंद्र सरकार में राज्यमंत्री हैं। इस सीट पर वैसे तो मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा में ही होता है, लेकिन बसपा इसे त्रिकोणीय बनाने की कोशिश लगातार करती है। हालांकि उसे जीत कभी नहीं मिली। इस बार भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों ने नए चेहरे पर दांव लगाया है। अब देखना यह है कि बार- बार चेहरा बदलकर मैदान मार रही भाजपा का दांव इस बार सही बैठता है या गुड्डू राजा बुंदेला के सहारे कांग्रेस भाजपा से यह सीट छीन लेती है। बसपा ने भी वरिष्ठ नेता रंजोर सिंह बुंदेला को समर में उतारा है। उनकी कोशिश इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की है।

आठ में से सात विधानसभा सीटों पर भाजपा काबिज

- इस लोकसभा क्षेत्र में विदिशा की तीन और सागर जिले की पांच विधानसभा सीटें आती हैं। सात सीटों पर भाजपा का कब्जा है जबकि एक सीट कांग्रेस के खाते में है। विधानसभा चुनाव के परिणाम को देखें तो भाजपा यहां मजबूत स्थिति में है। कांग्रेस के लिए उसके पांव को उखाड़ना आसान नहीं होगा। हालांकि पार्टी कार्यकर्ता और उम्मीदवार लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं और आरक्षण व संविधान बचाने के नाम पर वोट मांग रहे हैं।

बसपा से कांग्रेस में आए गुड्डू राजा बुंदेला

गुड्डू राजा बुंदेला की गिनती एमपी में बसपा के बड़े नेताओं के रूप में होती है। विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने बसपा छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ली थी। इसके बाद पार्टी ने उन्हें प्रदेश संगठन में महामंत्री का पद दिया था।

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 990 फ्लैग-1100 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 860
रामपुर : शिवालिक-985 फ्लैग-1100 डीएमओ-880 बोल्ड-1160

लखनऊ मंडी

गेहूँ (आरआर 21) 2360-2800, गेहूँ (के 65) 3500-3800, बाजरा 2200-2300, मक्का 2700-2800, जौ 2900-3000, चावल सेल्हा 2800-3100, चावल बासमती 7000-8000, चावल मोटा 2800-3000, चावल मन्सूरी 3200-3500, चावल शक्कर चीनी 4800-5200, चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600, चावल राजरानी 7000-7500, चना देशी 6800-7000, चना फार्मी 7200-7500, चना काबली 14500-17000, मटर हरा 6000-6200, मटर सफेद 6100-6500, दाल चना 8000-8400, दाल मटर 6400-6500, उड़द हरा 12000-12500, उड़द काला 9000-9500, दाल उड़द हरी 15500-16000, दाल उड़द काली 10500-11000, दाल उड़द धोवा 12000-12500, मूँग खड़ा 10000-10500, मूँग दाल 10500-11000, मूँग धोवा 12000-13000, मसूर 8800-9000, मलका 9000-9500, दाल अरहर फूल 16000-17000, दाल स्पेशल 13000-14000, राजत सफेद 13000-14000, राजमा काला 11500-12500

कृषि निर्यात अप्रैल-फरवरी में 8.8% घटकर 43.7 अरब डॉलर हुआ

रूस-यूक्रेन युद्ध और चावल, गेहूं, चीनी तथा प्याज पर लगे घरेलू प्रतिबंध से आई गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

देश का कृषि निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-फरवरी के दौरान 8.8% घटकर 43.7 अरब डॉलर रहा। इसका मुख्य कारण लाल सागर संकट, रूस-यूक्रेन युद्ध और चावल, गेहूं, चीनी तथा प्याज जैसी महत्वपूर्ण वस्तुओं पर लगाए गए घरेलू प्रतिबंध हैं। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 की अप्रैल-फरवरी अवधि में कृषि निर्यात 47.9 अरब डॉलर रहा था। देश के कृषि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में भी गिरावट देखी गई। यह 2023-24 में केवल 0.7% बढ़ी, जो 2022-23 में 4.7% थी।

आंकड़ों से पता चला कि एपीडा (कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण) 'बास्केट' में 719 अनुसूचित कृषि उत्पादों का

निर्यात पिछले वर्ष के 11 महीनों के दौरान 6.85% घटकर 22.4 अरब डॉलर रहा। जबकि अप्रैल-फरवरी 2022-23 में यह 24 अरब डॉलर था। अधिकारी ने कहा कि चावल, गेहूं, चीनी और प्याज जैसी वस्तुओं पर निर्यात प्रतिबंध से पिछले वर्ष में पांच-छह अरब डॉलर का कृषि निर्यात प्रभावित हुआ है। 24 प्रमुख वस्तुओं में से 17 में सकारात्मक वृद्धि देखी गई है। इसमें ताजे फल, भैंस का मांस, प्रसंस्कृत सब्जियां, बासमती चावल और केला शामिल हैं।

कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कार्य योजना पर काम जारी

नई दिल्ली। सरकार केला, आम, आलू और बेबी कॉर्न सहित 20 कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कार्ययोजना तैयार कर रही है। वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि इनमें से प्रत्येक उत्पाद के लिए कार्ययोजना अगले 3-4 महीनों में तैयार होने की संभावना है। आगे की कार्रवाई के लिए राज्यों सहित सभी सबंधित पक्षों के साथ कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी। इन वस्तुओं के निर्यात को बढ़ाने की गुंजाइश है, क्योंकि इनका उच्च गुणवत्ता मानकों के साथ अधिक मात्रा में उत्पादन होता है और ये वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धी हैं। हमने 20 उत्पादों की पहचान की है। इस समय वैश्विक निर्यात में भारत की हिस्सेदारी कम है। हम इन सभी उत्पादों के लिए विस्तृत कार्ययोजना पर काम कर रहे हैं।

मौसम कर सकता है जीडीपी को प्रभावित

मुंबई, एजेंसी

देश में जीडीपी वृद्धि दर तेज होने की स्थितियां बनी हैं लेकिन वैश्विक स्तर पर तनाव के साथ प्रतिकूल मौसम से मुद्रास्फीति का जोखिम पैदा हो सकता है। आरबीआई के अप्रैल बुलेटिन में ये कहा गया है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में घटकर 4.9 प्रतिशत हो गई। इससे पहले दो महीनों में यह औसतन 5.1 प्रतिशत ही थी।

रिजर्व बैंक अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति का निर्धारण करते समय खुदरा महंगाई को ध्यान में रखता है। केंद्रीय बैंक ने फरवरी, 2023 से ही रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा है। रिजर्व बैंक के बुलेटिन में प्रकाशित 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' शीर्षक लेख कहता है कि 2024 के वसंत में गर्मी बनी हुई है। दरअसल इसका इशारा मार्च, 2024 के पिछले 170 साल का सबसे गर्म मार्च महीना होने की तरफ है। डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा की अगुवाई वाली टीम ने इस लेख में कहा है कि गर्मियों के दौरान नजर रखनी होगी। मानसून के दस्तक देने से पहले खाद्य पदार्थों की कीमतों में अधिक गर्मी से झटके लगने का अंदेशा है। निकट अवधि में प्रतिकूल मौसमी घटनाओं के साथ लंबे समय तक भू-राजनीतिक तनाव से मुद्रास्फीति का जोखिम पैदा हो सकता है। आरबीआई ने साफ किया कि बुलेटिन में व्यक्त विचार लेखकों के हैं और यह उस का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

मौजूदा हालात में पूंजी बफर व्यवस्था जरूरत नहीं



मुंबई। आरबीआई ने कहा कि उसने प्रति-चक्रीय यानी मुश्किल हालात से निपटने के लिए लाई गई पूंजी बफर (सीसीवाईबी) व्यवस्था को सक्रिय नहीं करने का फैसला किया है, क्योंकि मौजूदा हालात में इसकी जरूरत नहीं है। आरबीआई ने फरवरी, 2015 में कठिन समय से पार पाने के लिए पूंजी बफर व्यवस्था से संबंधित रूपरेखा लागू की थी। इसमें यह सलाह दी गई थी कि सीसीवाईबी को परिस्थितियों के हिसाब से जरूरत महसूस होने पर लागू किया जाएगा और इस बारे में सामान्य तौर पर पहले घोषणा की जाएगी। केंद्रीय बैंक की रूपरेखा के मुताबिक, सीसीवाईबी को लागू करने के मुख्य संकेतक के रूप में ऋण-सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) अंतर यानी कर्ज जीडीपी अनुपात और इसके दीर्घकालीन रुख के बीच अंतर पर गौर किया जाएगा।

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	82200
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	85000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	90000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73700
सोना गिन्नी (प्रति नग)	54900-55100
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	74,150
सोना रवा	74,000
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	84,100
चांदी (999)	84,100
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	74000
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	73000
सिल्वर (पक्की)	810 (अनुमानित)

सोना 1,450 रुपये टूटकर 72,200 रुपये पर, चांदी 2,300 रुपये लुढ़की

नई दिल्ली। कमजोर वैश्विक रुख और व्यापारियों की मुनाफावसूली से सोने में दूसरे दिन भी गिरावट देखी गई। मंगलवार को सोना 1,450 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट के साथ 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। चांदी की कीमत में भी 2,300 रुपये प्रति किलो की गिरावट आई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा कि दिल्ली में सोना 1,450 रुपये की गिरावट के साथ 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 73,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसी तरह, चांदी की कीमत भी 2,300 रुपये लुढ़ककर 83,500 रुपये प्रति किलोग्राम रही। इसका पिछला बंद भाव 85,800 रुपये प्रति किलोग्राम था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि दिल्ली के बाजार में सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। यह पिछले बंद भाव से 1,450 रुपये कम है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,310 डॉलर प्रति औंस पर रहा जो पिछले बंद भाव से 55 डॉलर नीचे है।

सिंगापुर, हांगकांग से मसाला उत्पादों पर रोक पर भारत ने मांगी जानकारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- वाणिज्य मंत्रालय ने इन देशों में मौजूद भारतीय दूतावासों को विस्तृत रिपोर्ट देने के लिए कहा

मसालों के सबसे बड़े उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक भारत ने सिंगापुर और हांगकांग के खाद्य सुरक्षा नियामकों से दो भारतीय कंपनियों के मसाला उत्पादों पर प्रतिबंध लगाने से संबंधित ब्योरा मांगा है। सिंगापुर और हांगकांग ने हाल ही में गुणवत्ता संबंधी चिंताओं पर एमडीएच और एवरेस्ट के कुछ मसालों पर प्रतिबंध लगाया है।

वाणिज्य मंत्रालय ने इन देशों में मौजूद भारतीय दूतावासों को इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट भेजने का भी निर्देश दिया है। मंत्रालय ने एमडीएच और एवरेस्ट से भी विवरण मांगा है। उनके उत्पादों में कथित तौर पर मान्य सीमा से अधिक कीटनाशक 'एथिलीन ऑक्साइड' होने के कारण प्रतिबंध लगाया गया है। मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि कंपनियों से विवरण मांगा गया है। भारतीय मसाला उत्पादों को नकारे जाने के मूल कारण का निदान संबंधित निर्यातकों के साथ मिलकर किया जाएगा। सिंगापुर और हांगकांग स्थित दूतावासों से तकनीकी विवरण, विश्लेषणात्मक रिपोर्ट और निर्यातकों के बारे में ब्योरा मांगा गया है। सिंगापुर और हांगकांग के खाद्य एवं पर्यावरण स्वच्छता विभाग से भी विवरण मांगा गया है। भारतीय मसाला बोर्ड एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसाला-मिश्रण उत्पादों की बिक्री पर लगाए गए प्रतिबंध पर विचार कर रहा है।

महिंद्रा फाइनेंस के वाहन ऋण कारोबार में 150 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी

नई दिल्ली। महिंद्रा फाइनेंस ने मंगलवार को कहा कि उसकी एक शाखा में खुदरा वाहन कर्ज में लगभग 150 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला मार्च में पता लगा था और वित्तीय नतीजों को अंतिम रूप देने के लिए निदेशक मंडल की बैठक 30 मई तक के लिए टाल दी गई है। कंपनी ने इसकी जानकारी शेयर बाजार को दे दी है। इससे पहले महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज के निदेशक मंडल की दिन में हुई बैठक में उधारी सीमा को 1.10 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1.30 लाख करोड़ रुपये करने की मंजूरी दी गई। एम एम निसिम एंड कंपनी और एम पी चितले एंड कंपनी को तीन साल के लिए कंपनी के संयुक्त सांविधिक लेखा परीक्षक नियुक्त करने का भी फैसला किया गया। महिंद्रा फाइनेंस ने कहा कि 31 मार्च, 2024 को चौथी तिमाही के अंत में एक शाखा में धोखाधड़ी का पता चला। खुदरा वाहन ऋण वितरण के संबंध में केवाईसी की जालसाजी की गई जिससे कंपनी के धन का गबन हुआ। मामले में जांच अग्रिम चरण में है। धोखाधड़ी से 150 करोड़ रुपये तक का वित्तीय प्रभाव पड़ने की आशंका है।

डेटा खपत में रिलायंस जियो दुनिया में नंबर एक ऑपरेटर

नई दिल्ली। भारतीय दूरसंचार क्षेत्र में अपनी धाक जमाने के बाद रिलायंस जियो ने डेटा खपत के मामले में भी एक नया वैश्विक रिकॉर्ड कायम किया है, डेटा ट्रैफिक के मामले में वह नंबर एक सेवा प्रदाता बन गयी है। टेलीकॉम कंपनियों के डेटा ट्रैफिक, ग्राहक आधार पर नजर रखने वाली फर्म टीएफिशियंट की रिपोर्ट के अनुसार पिछली तिमाही में रिलायंस जियो के नेटवर्क पर कुल डेटा ट्रैफिक 40.9 एक्साबाइट रहा। डेटा खपत का यह स्तर तय करते हुए इस भारतीय दूरसंचार सेवा ऑपरेटर ने चाइना मोबाइल को पहले स्थान से विस्थापित कर दिया है। चीन की कंपनी अब दूसरे पायदान पर खिसक गयी है।

राष्ट्रीय

एक नजर

मप्र में कार से 1.03 करोड़ नकद और चार किग्रा चांदी के आभूषण जब्त

मंदसौर (मप्र)। मंदसौर जिला पुलिस ने वाहनों की जांच के दौरान कार से 1.03 करोड़ की नकदी और चार किलोग्राम चांदी के आभूषण जब्त किये हैं। पुलिस ने सोमवार को बताया कि कार सवार दो पुरुष और एक महिला को हिरासत में लिया गया। नई आबादी थाना प्रभारी वरुण तिवारी ने बताया कि देर रात कार को रोका और आगे की सीटों के नीचे डिब्बे बनाकर रखी गई नकदी और चांदी के आभूषण बरामद किए। अधिकारी ने बताया कि जब्ती के बारे में आयकर विभाग को सूचित किया जाएगा। मंदसौर में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत 13 मई को मतदान होगा।

नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषी को कोर्ट ने सुनाई 20 वर्ष कारावास की सजा

अजमेर। राजस्थान में अजमेर के पोक्सो न्यायालय ने मंगलवार को नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी मौसा को 20 साल के कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई। लोक अभियोजक रूपेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि मामला 16 जुलाई 2023 का केकड़ी के बोराड़ा थाने से जुड़ा है, जहां सगे मौसा ने 16 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया था। दुष्कर्म के मामले में पोक्सो न्यायालय के न्यायाधीश बन्ना लाल जाट ने अपने फैसले में दुष्कर्म के आरोपी मौसा को 20 साल का कारावास, 49 हजार के आर्थिक दंड से दंडित किया है। न्यायाधीश ने अपने फैसले में पीड़िता को प्रतिकर स्कीम में छह लाख रुपये दिये जाने के भी आदेश दिये हैं।

कश्मीर में आठ ड्रग तस्करों के खिलाफ केस

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पुलिस ने आठ कुख्यात ड्रग तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तस्करों को हिरासत में ले लिया गया है और बाद में जम्मू के सेंट्रल जेल कोट-भलवाल भेज दिया गया। आरोपी बांदी, कुंजर, ओगमुना, पट्टन, मिरगुंड वागुरा, क्रेरी और जिले के अन्य क्षेत्रों में स्थानीय युवाओं को ड्रग्स की आपूर्ति करके नशीली दवाओं के दुरुपयोग को बढ़ावा देने में शामिल थे।

पति ने की गला रेतकर पत्नी की हत्या

अलवर। राजस्थान में अलवर जिले के राजगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम ढिगावडा में मंगलवार अल सुबह एक व्यक्ति ने पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि खेड़ला, मालाखेड़ा निवासी देवीदयाल मीना ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी बहन काली की सुबह उसके पति ढिगावडा के श्रीराम ने गला काटकर हत्या कर दी। पुलिस मौके पहुंची तो घर में काली का शव पड़ा था और उसका गला कटा था। अभी हत्या करने के कारणो का पता नहीं चला है। आरोपी मौके से फरार है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

विस्फोट में झुलसे तीसरे मजदूर की भी मौत

इंदौर (मध्यप्रदेश)। इंदौर के पटाखा कारखाने में हफ्ते भर पहले हुए विस्फोट में झुलसे मजदूर की अस्पताल में इलाज के दौरान मंगलवार को मौत हो गई। अब मरने वालों की संख्या तीन हो गई है। चोइथराम हॉस्पिटल के उप निदेशक (स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ. अमित भट्ट ने बताया कि पटाखा कारखाने में हुए विस्फोट में झुलसे अर्जुन राठौर (27) ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पहले मरने वालों में रोहित परमानंद और उमेश चौहान भी हैं। इंदौर शहर से 25 किलोमीटर दूर जंगल में एक खेत में चलाए जा रहे कारखाने में 16 अप्रैल को रस्सी बम बनाए जाने के दौरान विस्फोट हुआ था। शुरुआती जांच में सामने आया था कि कारखाने में एक बार में केवल 15 किलोग्राम बारूद रखने की मंजूरी थी, लेकिन वहां काफी मात्रा में बारूद था। कारखाने का संचालक मोहम्मद शाकिर खान फरार था जिसे इंदौर से 17 अप्रैल को पकड़ा गया था।

लोगों का धन अपने खास में बांटने की कांग्रेस ने रची साजिश : मोदी

दलितों, पिछड़ों व आदिवासियों का आरक्षण खत्म नहीं होने दिया जाएगा

जयपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के आरक्षण को मुसलमानों को देना चाहती थी। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में लोगों का धन अपने 'खास' लोगों में बांटने की गहरी साजिश रची है। मोदी ने कहा कि देश में दलितों, पिछड़ों व आदिवासियों का आरक्षण न खत्म होगा न ही उसे धर्म के नाम पर बांटने दिया जाएगा। कांग्रेस के राज में हनुमान चालीसा सुनना भी गुनाह है। मोदी ने कांग्रेस पर यह टिप्पणी उस दिन की जबकि देश भर में हनुमान जयंती मनाई जा रही है।

मोदी ने टोंक के उनियारा में चुनावी सभा में कहा कि 2004 में जैसे ही कांग्रेस केंद्र में आई तो उसके सबसे पहले आंध्र प्रदेश में अनुसूचित जाति-जनजाति के आरक्षण को कम कर मुसलमानों को देने का प्रयास था। 'संपत्ति के पुनर्वितरण' संबंधी टिप्पणी पर प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने लोगों का धन अपने 'खास' लोगों को बांटने की गहरी साजिश रची है। मोदी ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन ने भाषण दिया था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। ये संयोग नहीं था। ये अकेला बयान नहीं था। 2004 से 2010 के बीच कांग्रेस ने चार बार आंध्र प्रदेश में मुस्लिम आरक्षण लागू करने की कोशिश की लेकिन सुप्रीम कोर्ट की जागरूकता से वो ऐसा नहीं कर पाए। जब कर्नाटक में भाजपा आई तो उसने मुस्लिमों को दिये आरक्षण को खत्म किया।

उन्होंने कहा कि दो दिन पहले बांसवाड़ा में दिए 90 सेकंड के भाषण में वोट बैंक और तुष्टीकरण की राजनीति उजागर होने के बाद कांग्रेस व गठबंधन में भगदड़ मच गई है। मैंने देश के सामने सत्य रखा। दो-तीन दिन पहले मैंने कांग्रेस की इस वोटबैंक और तुष्टिकरण की राजनीति का पर्दाफाश किया था। इससे कांग्रेस को इतनी मिर्ची लगी है कि वे हर तरफ मुझे गालियां देने में जुटे हैं।

कांग्रेस उम्मीदवार की टिप्पणी पर पीएम बोले- देश तोड़ने की चाल है

सक्ती (छत्तीसगढ़)। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर उसके गोवा के उम्मीदवार की उस टिप्पणी पर निशाना साधा जिसमें कहा गया है कि तटीय राज्य पर भारतीय संविधान थोपा गया है। मोदी ने इसे देश को तोड़ने की चाल करार दिया। छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में चुनावी रैली में मोदी ने आरोप लगाया कि धर्म के नाम पर देश को बांटने वाली कांग्रेस आजादी के बाद से ही तुष्टिकरण में लगी है। मोदी ने दक्षिण गोवा के कांग्रेस उम्मीदवार विरीएटो फर्नांडिस के बयान पर कहा कि कांग्रेस को देश के बड़े हिस्से ने नकार दिया है इसलिए वह देश में अपने लिए ऐसे टापू बनाना चाहती है। प्रधानमंत्री जांजगीर-चांपा क्षेत्र के सक्ती कस्बे के चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

मेरी मां का मंगलसूत्र देश के लिए कुर्बान हुआ : प्रियंका गांधी

बेंगलुरु। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मंगलसूत्र संबंधी प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कहा कि उनकी मां सोनिया गांधी का मंगलूत्र देश के लिए कुर्बान हुआ है।

प्रियंका ने बेंगलुरु की चुनावी सभा में कहा कि अगर प्रधानमंत्री मंगलसूत्र का महत्व समझते को ऐसी बातें नहीं करते। राजस्थान में रविवार को रैली में मोदी ने कहा था कि कांग्रेस की योजना लोगों की गाढ़ी कमाई और संपत्ति 'घुसपैठियों' तथा ज्यादा बच्चे पैदा करने वाले लोगों को देने की है। ये अर्बन नक्सल वाली सोच.... मेरी माताओ- बहनों ये आपका मंगलसूत्र भी बचने नहीं देंगे। प्रियंका ने कहा कि क्या कांग्रेस ने किसी का सोना या मंगलसूत्र छीना? जब देश युद्ध लड़ रहा था, इंदिरा जी ने गहने दे दिए थे। जब मेरी बहनों को नोटबंदी के चलते मंगलसूत्र गिरवी रखने पड़ते तब प्रधानमंत्री कहां थे।

उच्चतम न्यायालय ने निलंबित की कांग्रेस विधायक की सजा

नई दिल्ली, एजेंसी

भ्रष्टाचार का मामला

- विधायक की अपील पर ओडिशा सरकार को जारी किया नोटिस
- तीन साल कारावास और 50 हजार जुर्माने की हुई थी सजा

उच्चतम न्यायालय ने भ्रष्टाचार के मामले में कांग्रेस विधायक मोहम्मद मुकीम की सजा मंगलवार को निलंबित कर दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कटक-बाराबती के विधायक की अपील पर ओडिशा सरकार को नोटिस जारी किया। विधायक ने हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी है।

पीठ ने कहा कि नोटिस जारी करें। पक्षों को सुनने और सभी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, याचिकाकर्ता की सजा को निलंबित करने का आदेश दिया जाता है। मुकीम को एक सतर्कता अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में तीन साल के कठोर कारावास की सज़ा सुनाई थी और उन पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया था। उनकी अपील को हाईकोर्ट ने 10 अप्रैल को रद किया था। भुवनेश्वर में सतर्कता मामलों के विशेष न्यायाधीश ने उन्हें 29 सितंबर 2022 को दोषी ठहराया था। सतर्कता विभाग ने कहा कि मेट्रो बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मुकीम ने अधिकारी संग मिलीभगत करके राज्य संचालित ओडिशा ग्रामीण आवास एवं विकास निगम लिमिटेड (ओआरएचडीसी) से ऋण की आड़ में रियल एस्टेट कंपनी को आर्थिक लाभ पहुंचाया।

कांग्रेस विधायक पर कार्रवाई के लिए आयोग को लिखा पत्र

नई दिल्ली/बेंगलुरु। ईडी ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा कि विस चुनाव के दौरान रिश्वत देने सहित गैरकानूनी लेन-देन के लिए 42 करोड़ रुपये जुटाने के मामले में कर्नाटक से कांग्रेस विधायक नारा भरत रेड्डी पर कार्रवाई की जाए। कर्नाटक लोकायुक्त को लिखे पत्र में बेल्लारी शहर सीट से विधायक के खिलाफ सबूतों पर गौर करने और मामला दर्ज करने का अनुरोध किया गया है।

ड्रेस कोड के खिलाफ हिजाब की अनुमति होनी चाहिए: कुलपति

नई दिल्ली, एजेंसी

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की कुलपति शांतिश्री डी पंडित ने कहा है कि भारत में धर्म, भाषा और ड्रेस कोड में एकरूपता कारगर नहीं है और अगर कोई छात्रा हिजाब पहनना चाहती है, तो यह उसकी पसंद है और उसे इसकी अनुमति मिलनी चाहिए।

पंडित ने कहा कि शिक्षण संस्थानों को वैयक्तिक पसंदों का सम्मान करना चाहिए और जो छात्राएं हिजाब पहनना चाहती हैं, उन्हें इसकी अनुमति देनी चाहिए। शिक्षण संस्थानों में ड्रेस कोड पर उनके विचार पूछे जाने पर कुलपति ने कहा कि यह एक व्यक्तिगत पसंद होनी चाहिए। मैं ड्रेस कोड के खिलाफ हूं। मुझे लगता है कि खुलापन होना चाहिए। अगर कोई हिजाब पहनना चाहता है, तो यह उसकी पसंद है और अगर कोई इसे नहीं पहनना चाहता है, तो उसे मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। पंडित ने कहा कि जेएनयू में लोग शॉर्ट्स पहनते हैं तो कुछ लोग पारंपरिक परिधान। ये उनकी पसंद का मामला है। जब तक वे मुझे ऐसा करने के लिए मजबूर नहीं करते, मुझे कोई समस्या नहीं है।

- जेएनयू की कुलपति शांतिश्री डी पंडित ने कहा- मैं ड्रेस कोड के खिलाफ हूं

कर्नाटक में 2022 में हिजाब विवाद सामने आया था जब उडुपी के एक सरकारी स्नातकोत्तर कॉलेज की छह छात्राओं ने निर्धारित परिधान से हटकर हिजाब पहनकर कक्षा में भाग लिया था और उन्हें कॉलेज से निकाल दिया गया था। कर्नाटक की तत्कालीन भाजपा सरकार ने शिक्षण संस्थानों के तय वेशभूषा संबंधी नियमों का पुरजोर समर्थन किया था और हिजाब को धार्मिक प्रतीक करार दिया था, वहीं उस समय कांग्रेस ने मुस्लिम छात्राओं का समर्थन किया था। कुलपति ने कहा कि खानपान और पहनावा निजी पंसद के मुद्दे हैं। संस्थानों को इन पर कोई नियम बनाना चाहिए। मैं धर्म, जाति या भाषा में एकरूपता पर सहमत नहीं हूं। एक भाषा नहीं थोपी जानी चाहिए।

भोजशाला: एएसआई ने सर्वे पूरा करने को मांगा और समय

इंदौर। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के आदेश पर धार के भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर में महीने भर से वैज्ञानिक छानबीन कर रहे एएसआई ने यह कवायद पूरी करने के लिए अदालत से आठ सप्ताह की मोहलत मांगी है। एएसआई ने इंदौर पीठ में दायर अर्जी में कहा कि परिसर की संरचनाओं के उजागर भागों की प्रकृति को समझने के लिए उसे कुछ और समय की दरकार है। कोर्ट ने इस पर अगली सुनवाई के लिए 29 अप्रैल की तारीख पहले ही तय कर रखी है। इस तारीख को एएसआई की ताजा अर्जी पर भी सुनवाई हो सकती है। कोर्ट ने 11 मार्च को एएसआई को छह सप्ताह में सर्वे करने का आदेश दिया था।

श्रीराम के चित्र वाली प्लेट में बिरयानी बेचने की शिकायत पर दुकानदार हिरासत में

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली पुलिस ने शिकायत के बाद एक व्यक्ति को कुछ समय के लिए हिरासत में लिया कि उसने उत्तर पश्चिमी दिल्ली के जहांगीरपुरी में एक बार इस्तेमाल होने वाली (डिस्पोजेबल) प्लेटों में बिरयानी बेची थी जिन पर कथित तौर पर भगवान श्रीराम की तस्वीर थी। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि दुकानदार ने एक कारखाने से 1000 प्लेट खरीदी थीं और उनमें से केवल चार पर भगवान श्रीराम का चित्र था। उसे प्लेटों पर भगवान श्रीराम के चित्र की जानकारी नहीं थी और कारखाना मालिकों ने भी इस बात की पुष्टि की है। दिल्ली पुलिस को शनिवार शाम को जहांगीरपुरी इलाके से किसी का फोन आया था कि एक व्यक्ति भगवान श्रीराम के चित्र वाली प्लेटों में बिरयानी बेच रहा है। टीम वहां पहुंची तो कुछ लोग दुकान के बाहर दिखे। उन्हें जांच का आश्वासन देकर शांत कराया गया। दुकान को पहले हिरासत में लिया गया और बाद में छोड़ दिया गया। प्लेट भी जब्त कर ली गई है। अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है और जांच जारी है।

भाजपा विधायक नीतेश राणे, गीता जैन पर भड़काऊ भाषण देने का मामला दर्ज

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र पुलिस ने मंगलवार को बंबई हाईकोर्ट को सूचित किया कि जनवरी में ठाणे जिले में सांप्रदायिक हिंसा के दौरान भड़काऊ भाषण देने के मामले में उन्होंने भाजपा विधायकों नीतेश राणे और गीता जैन के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति मंजुषा देशपांडे की खंडपीठ ने पिछले सप्ताह संबंधित पुलिस आयुक्तों से इस बारे में व्यक्तिगत रूप से सत्यापन करने को कहा था कि क्या दोनों नेताओं के भाषण अपमानजनक और भड़काऊ थे। सरकारी अभियोजक हितेन वेंगांवकर ने मंगलवार को कोर्ट से कहा कि पड़ताल से पता चलता है कि इस साल जनवरी में ठाणे के मीरा भायंदर इलाके में सांप्रदायिक हिंसा के बीच राणे और जैन द्वारा दिए गए भाषण अपमानजनक थे। वेंगांवकर ने कहा कि राणे पर मुंबई के मालवानी, मानखुर्द और घाटकोपर इलाकों में अपनी रैलियों में नफरत भरे भाषण देने का आरोप है।

कोर्ट का पूर्व विशेष डीजीपी की सजा निलंबित करने से इनकार

यौन उत्पीड़न का मामला

चेन्नई। मद्रास हाईकोर्ट ने यौन उत्पीड़न के मामले में तमिलनाडु के पूर्व विशेष पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजेश दास को सुनाई गई तीन साल की सजा निलंबित करने से मंगलवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति एम दंडपाणि ने दास को निचली अदालत में आत्मसमर्पण करने से छूट देने से भी मनाकर दिया। 2021 में महिला अधिकारी का यौन उत्पीड़न के मामले में विल्लुपुरम कोर्ट ने दास को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई थी।

नोवाक साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी स्पेन की टीम को भी लॉरियस पुरस्कार

मैड्रिड। पिछले साल पहली बार महिला फुटबॉल विश्व कप जीतने वाली स्पेन की टीम को सोमवार को लॉरियस विश्व खेल पुरस्कारों में दो और पुरस्कार मिले। स्पेन की महिला फुटबॉल टीम को 2023 के लिए दुनिया की साल की सर्वश्रेष्ठ टीम चुना गया जबकि मिडफील्डर एताना बोनमाती को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। समारोह का आकर्षण नोवाक जोकोविच रहे जिन्हें साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। अमेरिका की जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स को वापसी करने वाली सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। रीयाल मैड्रिड के फॉरवर्ड ज्यूड बेलिंगहैम को 'ब्रेकथ्रू पुरस्कार' मिला जबकि दुनिया के पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी रफेल नडाल को उनके फाउंडेशन की बदौलत स्पोर्ट फोर गुड अवार्ड से नवाजा गया। जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन, फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन में खिताब जीतने के साथ रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए पांचवीं बार लॉरियस पुरस्कार जीता। लॉरियस के अनुसार नडाल के फाउंडेशन को स्पेन और भारत में 1,000 से अधिक कमजोर युवाओं की मदद करने के लिए पुरस्कृत किया गया।

> 2012 को याद करता हूं, जब मैंने 24 साल की उम्र में पहली बार इसे जीता था। 12 साल बाद यहां आकर बहुत गर्व महसूस हो रहा है। मैं अपने पीछे एक अविश्वसनीय टीम और प्रेरणादायक प्रतिद्वंद्वियों के बिना ये सफलता हासिल नहीं कर पाता।
>
> **- नोवाक जोकोविच**

भारतीय ट्रैप निशानेबाजों को ड्रॉ में मिली हार

दोहा, एजेंसी

आईएसएसएफ ओलंपिक शॉटगन क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा कर रहे छह भारतीय ट्रैप निशानेबाजों में से कोई भी फाइनल में जगह बनाने में कामयाब नहीं हुआ। कतर के दोहा में आयोजित चैंपियनशिप की पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में तीन भारतीय निशानेबाज विवान कपूर, जोरावर सिंह संधू और पृथ्वीराज टोंडिमन में से कोई भी क्वालीफाइंग राउंड से आगे नहीं बढ़ पाए। इसके अलावा मनीषा कीर, नीरू और श्रेयसी सिंह का महिला टीम भी अपने स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने में असफल रही।

पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में, पृथ्वीराज टोंडिमान 119 के स्कोर के साथ

क्वालिफिकेशन राउंड में 23वें स्थान पर रहते हुए बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले भारतीय रहे। विवान कपूर 116 स्कोर के साथ 56वें स्थान पर रहे, जबकि जोरावर सिंह संधू 114 के स्कोर के साथ 140 में 82वें स्थान पर रहे। इस दौरान केवल शीर्ष छह निशानेबाजों ने फाइनल में जगह बनाई। मनीषा कीर 111 के स्कोर के साथ 37वें स्थान पर रहते हुए महिलाओं के ट्रैप क्वालीफायर में शीर्ष स्थान पर रहीं।

दिल्ली कैपिटल्स को गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ उतरेगी तो उसे अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जबकि ऋषभ पंत की कप्तानी पर भी नजरें रहेंगी। पंत के लिए घरेलू मैदान पर वापसी उम्मीद के मुताबिक नहीं रही और दिल्ली को लगातार दो जीत दर्ज करने के बाद शनिवार को घरेलू मैदान पर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 67 रन की बड़ी हार का सामना करना पड़ा।

टीम अच्छी तरह से जानती है कि अगर उसे प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को जीवंत रखना है तो जीत की राह पर लौटना होगा। सनराइजर्स ने दिल्ली के गेंदबाजों के खिलाफ आसानी से रन बटोरे। तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ नोर्किया बिलकुल भी लय में नजर नहीं हैं। वहीं, पीठ में जकड़न से बाहर चल रहे इशांत शर्मा के वापसी की उम्मीद होगी।

मुकाबला आज

दिल्ली कैपिटल्स बनाम गुजरात टाइटंस

समय : शाम 7:30 बजे

वहीं, नए कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में टाइटंस के प्रदर्शन में भी निरंतरता की कमी दिखी है लेकिन पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में तीन विकेट की जीत की बदौलत यह पूर्व चैंपियन टीम आठ मैच में चार जीत और इतनी ही हार से आठ अंक के साथ छठे स्थान पर है। टाइटंस की नजरें भी लय को बरकार रखने पर टिकी होंगी।

खेल डायरी

चमारी अटापट्टू महिला बल्लेबाजी वनडे रैंकिंग के शीर्ष पर पहुंची

दुबई। पिछले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 195 रनों रिकार्डो वाली पारी खेलने वाली श्रीलंका महिला टीम की कप्तान चमारी अटापट्टू आईसीसी की महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई है। चमारी की इस पारी ने महिला क्रिकेट के कई रिकॉर्ड ध्वस्त किए थे, जिसमें एकदिवसीय में सफल लक्ष्य हासिल के दौरान सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर भी शामिल था।

भारतीय एथलीट एशियाई अंडर 20 प्रतियोगिता के लिए तैयार

दुबई। प्रतिभाशाली एथलीट सिद्धार्थ चौधरी और मध्यम दूरी की धाविका लक्षिता सैंडिलिया बुधवार से शुरू हो रही एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में क्रमश: पुरुष और महिला वर्ग में अपने गोला फेंक और 1500 मीटर खिताब का बचाव करने की कोशिश करेंगे। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने एशियाई अंडर-20 प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 31 पुरुषों सहित 60 सदस्यीय टीम का चयन किया है।

आशी और स्वप्निल को थ्रीपी ट्रायल में शीर्ष स्थान

नई दिल्ली। आशी चौकसी और स्वप्निल कुसाले मंगलवार को राइफल/पिस्टल के लिए ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) के क्वालीफिकेशन में क्रमश: महिलाओं और पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में पहले स्थान पर रहे। आशी ने महिलाओं की थ्रीपी ओएसटी में विश्व स्तरीय 590 का स्कोर बनाया और विश्व रिकॉर्ड धारक सिफ्ट कौर समरा (583) को दूसरे स्थान पर धकेल दिया। तोक्यो ओलंपियन अंजुम मोदगिल 581 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

भारत की नंबर एक टेबल टेनिस खिलाड़ी बनीं श्रीजा

नई दिल्ली। राष्ट्रमंडल खेलों की मिश्रित युगल चैंपियन श्रीजा अकुला मंगलवार को नवीनतम आईटीटीएफ रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 38वें स्थान पर पहुंची और मनिका बत्रा को पछाड़कर शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बन गईं। नवीनतम रैंकिंग में श्रीजा को एक स्थान का फायदा हुआ जबकि पिछले कुछ समय से भारत की नंबर एक टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका दो स्थान के नुकसान से 39वें पायदान पर खिसक गईं।

अदब से भेदा चेन्नई का किला

मार्कस स्टोइनिस ने खेली नाबाद 124 रनों की पारी, लखनऊ छह विकेट से जीता

चेन्नई, एजेंसी

मार्कस स्टोइनिस नाबाद (124) और निकोलस पूरन (34) रनों की शानदार पारियों की मदद से लखनऊ सुपर जायंट्स ने मंगलवार को चेन्नई सुपर किंग्स का अभेद किला कहे जाने वाले चेपोक स्टेडियम को भेद कर चेन्नई सुपर किंग्स को छह विकेट से हरा दिया।

211 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरुआत खराब रही और उसने सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक (शून्य) को विकेट गवां दिया। उन्हें दीपक चाहर ने बोल्ड आउट किया। उसके बाद कप्तान के एल राहुल 14 गेंदों में (16) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। देवदत्त पड़िक्कल (13) रन बनाकर आउट हुये। मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन ने पारी को संभाला और दोनों बल्लेबाजों के बीच 70 रनों की साझेदारी हुई। निकोलस 15 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए (34) रन बनाए। मार्कस स्टॉयनिस ने 63 गेंदों में 13 चौके और छह छक्कों की मदद से नाबाद (124) रनों की पारी खेली। दीपक हुड्डा छह गेंदों में 17 रन बनाकर नाबाद रहे। लखनऊ ने 19.3 ओवर में चार विकेट पर 213 रन बनाकर कर मुकाबला छह विकेट से जीत लिया। चेन्नई की ओर से मथीशा पथिराना को दो विकेट मिले। दीपक चाहर और मुस्तफिजुर रहमान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले ऋतुराज गायकवाड़ नाबाद (108) की शतकीय और शिवम दुबे (66) रनों की अर्धशतकीय आतिशी पारियों के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को जीत के लिए 211 रनों का लक्ष्य दिया।



शतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते मार्कस स्टोइनिस। ● एजेंसी

शतक के बाद दर्शकों का अभिवादन करते ऋतुराज

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	08	379
ऋतुराज गायकवाड़ (सीएसके)	08	349
ट्रेविस हेड (हैदाराबाद)	06	324

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	08	13
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	08	13
हर्षल पटेल (पंजाब)	08	13

> ये हार को पचा पाना मुश्किल है। मैच 13वें ओवर तक हमारी पकड़ में था लेकिन लखनऊ ने आखिर में अच्छी वापसी की इसका श्रेय स्टोइनिस को देना होगा। इस हार में ओस की बड़ी भूमिका रही। इसने हम स्पिनरों का इस्तेमाल नहीं कर सके, लेकिन ये खेल का हिस्सा है इस पर किसी का नियंत्रण नहीं होता।
>
> **- ऋतुराज गायकवाड़, कप्तान, सीएसके**

एम ए चिदंबरम स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान के एल राहुल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे (1) का विकेट गवां दिया। उसके बाद डैरिल मिचेल ने ऋतुराज के साथ पारी संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिये 45 रन जोड़े। छठें ओवर में यश ठाकुर ने हुड्डा के हाथों कैच आउट कराकर मिचेल (11) को पवेलियन भेज दिया। 12वें ओवर में रवींद्र जडेजा (16) रन बनाकर आउट हुए। हालांकि दूसरे छोर से ऋतुराज लगातार रन बनाते रहे। उन्होंने नाबाद (108) रनों की पारी खेली। शिवम दुबे ने ऋतुराज चौथे विकेट लिए 104 रनों की साझेदारी की। महेन्द्र सिंह धोनी ने मैच की आखिरी गेंद पर चौका लगाकर टीम का स्कोर चार विकेट पर 210 रन पहुंचा दिया।

चेन्नई 210/4 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 03

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
अजिंक्या रहाणे का राहुल बो हेनरी	1	3	0/0
ऋतुराज गायकवाड़ नाबाद	108	60	12/3
डेरिल मिचेल का हुड्डा बो यश ठाकुर	11	10	1/0
रविंद्र जडेजा का राहुल बो मोहसिन	16	19	2/0
शिवम दुबे रन आउट	66	27	3/7
महेंद्र सिंह धोनी नाबाद	4	1	1/0

गेंदबाजी : हेनरी 4-0-28-1, मोहसिन 4-0-50-1, बिश्नोई 2-0-19-0, यश ठाकुर 4-0-47-1, स्टोइनिस 4-0-49-0, कृणाल 2-0-15-0

लखनऊ 213/4 — 19 .3 ओवर, अतिरिक्त : 09

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
क्विंटन डिकॉक बो चाहर	0	3	0/0
लोकेश राहुल का गायकवाड़ बो रहमान	16	14	1/1
मार्कस स्टोइनिस नाबाद	124	63	13/6
देवदत्त पडिक्कल बो पथिराना	13	19	0/0
निकोल्स पूरन का शारदुल बो पथिराना	34	15	3/2
दीपक हुड्डा नाबाद	17	6	2/1

गेंदबाजी : चाहर 2-0-11-1, देशपांडे 3-0-34-0, रहमान 3 .3-0-51-1, शारदुल 3-0-42-0, मोईन 2-0-21-0, जडेजा 2-0-16-0, पथिराना 4-0-35-2

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
राजस्थान	8	7	1	14	+0.698
कोलकाता	7	5	2	10	+1.206
हैदराबाद	7	5	2	10	+0.941
लखनऊ	8	5	3	10	+0.148
चेन्नई	8	4	4	8	+0.415
गुजरात	8	4	4	8	-1.055
मुंबई	8	3	5	6	-0.227
दिल्ली	8	3	5	6	-0.477
पंजाब	8	2	6	4	-0.292
बेंगलुरु	8	1	7	2	-1.046

टी-20 विश्वकप में खेलने की संभावनाओं को सुनील नारायण ने किया खारिज

कोलकाता, एजेंसी

वेस्टइंडीज ऑलराउंडर स्पिनर सुनील नारायण ने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्वकप में खेलने की किसी भी संभावना को खारिज करते हुए कहा कि 'अब दरवाजे बंद' हो चुके है।

बुधवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के नारायण ने कहा कि मुझे इस बात से खुशी है और मैं आभारी भी हूं कि मेरे फॉर्म के कारण लोग चाहते हैं कि मैं संन्यास से वापसी करूं और आगामी टी-20 विश्व कप खेलूं, लेकिन मैंने संन्यास के निर्णय के साथ शांति चुनी थी और अब वे दरवाजे बंद हो चुके हैं। मैं वेस्टइंडीज के लिए खेल रहे लड़कों का समर्थन करूंगा, जिन्होंने टीम में आने के लिए पिछले कुछ महीनों में कड़ी मेहनत की है। ये खिलाड़ी एक और टी-20 विश्वकप खिताब जीतने की काबिलियत रखते हैं। नारायण के इस फॉर्म के कारण वेस्टइंडीज के टी-20 कप्तान रोवमन पॉवेल ने कहा था कि वह पिछले 12 माह से नारायण से संन्यास से वापसी के बारे में बोल रहे हैं।

धीमी होंगी पिचें, बड़े स्कोर की उम्मीद नहीं

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के मध्यक्रम के बल्लेबाज डेविड मिलर को कैरेबिया और अमेरिका में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप में ज्यादा स्कोर वाले मैचों की उम्मीद नहीं है क्योंकि उन्हें लगता है कि वहां की पिचें धीमी होंगी। अनुकूल परिस्थितियों और बहुचर्चित इंपेक्ट प्लेयर नियम ने मौजूदा आईपीएल में बल्लेबाजों को दबदबा बनाने में मदद की है। मिलर ने कहा यह कहना मुश्किल होगा कि विश्व कप में अधिक स्कोर वाले मुकाबले होंगे या नहीं क्योंकि परिस्थितियां बहुत अलग होंगी। भारतीय विकेटों की तुलना में कैरेबियाई विकेट धीमे हो सकते हैं। यह उस दिन की परिस्थितियों का आकलन करने और उसके अनुसार खेलने से जुड़ा है।

दिल्ली में आने के बाद परिपक्व हो गया हूं : कुलदीप

नई दिल्ली। भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव जब कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का हिस्सा थे तब उनके प्रदर्शन में काफी गिरावट आई थी लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जुड़ने के बाद इस गेंदबाज ने आईपीएल के साथ राष्ट्रीय टीम के लिए भी शानदार प्रदर्शन किया। दिल्ली की टीम से जुड़ने के बाद कुलदीप ने 33 मैचों में 41 विकेट चटकाए है। कुलदीप बताया कि 2020 में घुटने की ऑपरेशन के बाद कोच कपिल पांडे की देखरेख में अभ्यास करते हुए उन्होंने नए कौशल विकसित किए जिसका फायदा मिला। मैं जब केकेआर में था तब मुझे मार्गदर्शन की जरूरत थी लेकिन अब ऐसी स्थिति नहीं है। अब मैं अपनी समझ से चीजें नियंत्रित करता हूं। माही भाई ने 2019 के बाद राष्ट्रीय टीम के लिए खेलना छोड़ दिया था और उसके बाद मुझे मार्गदर्शन की जरूरत महसूस हुई।

टोरंटो में भारतीय भूचाल, गुकेश की जीत से आएगा बदलाव : कास्परोव

नई दिल्ली, एजेंसी

रूस के महान शतरंज खिलाड़ी गैरी कास्परोव ने विश्व चैंपियनशिप के लिए चुनौती पेश करने वाला सबसे युवा खिलाड़ी बनने के लिए भारत के किशोर ग्रैंडमास्टर डी गुकेश की सराहना करते हुए कहा कि 'टोरंटो में भारतीय भूचाल' आया और यह जीत विश्व शतरंज में बड़े बदलाव का संकेत है।

17 साल के गुकेश ने 40 साल पहले कास्परोव के बनाए रिकॉर्ड को तोड़ा। रूस का यह खिलाड़ी जब 22 वर्ष का था तब उन्होंने 1984 में विश्व खिताब के लिए हमवतन अनातोली कारपोव से भिड़ने के लिए क्वालीफाई किया था और वह उस समय के सबसे कम उम्र के चैलेंजर बन गए थे। कास्परोव ने 'एक्स' पर लिखा, बधाई हो! टोरंटो में भारतीय भूचाल शतरंज की दुनिया में बदलाव का संकेत है क्योंकि 17 वर्षीय डी गुकेश सर्वोच्च खिताब के लिए चीन के चैंपियन डिंग लिरेन का सामना करेंगे।

गुकेश ने विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर का फैसला करने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के 14वें और अंतिम दौर में अमेरिका के हिकारू नाकामुरा के साथ आसान ड्रॉ खेला और संभावित 14 में से नौ अंक जुटाकर शीर्ष स्थान हासिल किया।

विश्व में छाए हुए हैं विशी आनंद के बच्चे

कास्परोव ने भारतीय शतरंज में आनंद के योगदान को स्वीकार करते हुए कहा विशी आनंद के बच्चे छाए हुए हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में कास्परोव ने शतरंज के शक्ति केंद्र में बदलाव पर प्रकाश डालते हुए कहा, अमेरिका और इंग्लैंड के कई शीर्ष जूनियर खिलाड़ियों के नाम देखें, यह देखने के लिए कि चीन और भारत के प्रवासी शतरंज में उपलब्धि हासिल करने के लिए उतने ही जुनूनी हैं। वर्ष 1985 से 1993 तक निर्विवाद विश्व चैंपियन रहे कास्परोव ने लिखा, कास्परोव शतरंज फाउंडेशन ने इस लहर को बढ़ते देखा है और गुकेश की सफलता इसे और ऊपर उठाएगी।

लीग चरण में बेहतर रैंकिंग वाली टीम के घर में होगा फाइनल मैच

मुंबई, एजेंसी

इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) ने कहा कि चार मई को होने वाला 2023-24 सत्र का फाइनल खिताबी मुकाबले में पहुंचने वाली दोनों टीम में से उस टीम के घरेलू मैदान पर खेला जाएगा जो लीग चरण में बेहतर रैंकिंग वाली टीम थी।

मोहन बागान ने 15 अप्रैल को मुंबई सिटी एफसी को रोमांचक मुकाबले में हराकर लीग शील्ड जीती जबकि एफसी गोवा की टीम तीसरे स्थान पर रही। अब कोलकाता, मुंबई और गोवा आईएसएल फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल की मेजबानी की दौड़ में हैं। ओडिशा एफसी और एफसी गोवा ने क्रमशः केरला ब्लास्टर्स एफसी और चेन्नईयिन एफसी के खिलाफ अपने नॉकआउट मैच जीते और सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल मुकाबलों की शुरुआत 23 अप्रैल को भुवनेश्वर में मोहन बागान सुपर जाइंट और ओडिशा के बीच होगी। अगले दिन 24 अप्रैल को मुंबई सिटी गोवा में एफसी गोवा के खिलाफ सेमीफाइनल का पहला चरण खेलेगी।

स्पेनिश लीग: बढ़ी मालोर्का की मुश्किलें

सेविले (स्पेन)। सेविला के खिलाफ स्पेनिश लीग में सोमवार को 1-2 की हार के बाद मालोर्का की मुश्किलें बढ़ गई हैं और टीम पर निचली लीग में खिसकने का खतरा (रेलीगेशन) मंडरा रहा है। लीग तालिका की निचली तीन टीम रेलीगेशन का सामना करेंगी और मालोर्का अभी सेल्टा विगो के साथ संयुक्त रूप से निचली चौथी टीम है। दोनों टीमों के नीचे से तीसरे स्थान पर चल रहे केडिज से छह अंक अधिक हैं जबकि चार दौर खेले जाने बाकी हैं। मालोर्का को रविवार को केडिज का सामना करना है। मालोर्का की टीम सेविला के खिलाफ पहले हाफ में हावी रही लेकिन मेजबान टीम ने दूसरे हाफ में यूसेफ एन नेसरी के हेडर से दागे गोल से बढ़त बनाई और 15 मिनट बाद इसाक रोमेरो ने स्कोर 2-0 कर दिया।

बॉलीवुड हलचल

सलमान की फिल्म सिकंदर में नजर आएंगी कियारा आडवाणी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी, दबंग स्टार सलमान खान की आने वाली फिल्म सिकंदर में काम करती नजर आ सकती है। सलमन खान ने इस साल ईद के अवसर पर अपनी नई एक्शन-थ्रिलर फिल्म सिकंदर अनाउंस की थी। कहा जा रहा है कि सलमान खान एक्शन-थ्रिलर फिल्म सिकंदर का पहला शेड्यूल मई में शुरू करेंगे। इस फिल्म का निर्देशन मुरुगादॉस करेंगे। चर्चा है कि सलमान खान की फिल्म सिकंदर में कियारा आडवाणी नजर आ सकती हैं। सिकंदर के एलान के कुछ दिनों बाद ही उन्हें साजिद नाडियाडवाला के ऑफिस के बाहर स्पॉट किया गया। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं, कि सिकंदर में कियारा आडवाणी की एंट्री हो गई है। सलमान खान की फिल्म सिकंदर का प्रोडक्शन साजिद नाडियाडवाला कर रहे हैं। सिकंदर अगले साल ईद 2025 के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



फिल्म दे दे प्यार दे 2 में काम करेगे अनिल कपूर

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर, अजय देवगन की फिल्म दे दे प्यार दे के सीक्वल में काम करते नजर आ सकते हैं। वर्ष 2019 में प्रदर्शित फिल्म ''दे दे प्यार दे'' अजय देवगन, तब्बू और रकुल प्रीत सिंह ने अहम भूमिका निभाई थी। दे दे प्यार दे बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी। अब इस फिल्म के सेकंड पार्ट में रकुल प्रीत सिंह की फैमिली का इंट्रोडोक्शन हो सकता है। कहा जा रहा है कि दे दे प्यार दे 2 में अनिल कपूर काम करते नजर आ सकते हैं। वह इस फिल्म में रकुल प्रीत सिंह के पिता का रोल कर सकते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।

संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

सैन्य खर्च करने वाला भारत विश्व का चौथा सबसे बड़ा देश

भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश बन चुका है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) की ओर से जारी रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। भारत ने बीते पांच साल में दुनिया में सबसे ज्यादा हथियार खरीदे हैं। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि यूरोप का हथियार आयात 2014-18 की तुलना में 2019-23 में लगभग दोगुना बढ़ोतरी के साथ 83.6 अरब डॉलर सैन्य पर खर्च हुआ है, जिसके पीछे रूस-यूक्रेन युद्ध बड़ा कारण माना जा रहा है।

83.6 अरब डॉलर सैन्य खर्च के साथ अमेरिका, चीन और रूस के बाद रहा भारत

- पिछले पांच वर्षों में सबसे ज्यादा हथियार एशियाई देशों ने खरीदे हैं। इस लिस्ट में रूस-यूक्रेन का युद्ध देश के रक्षा निर्यात को काफी प्रभावित किया है। इस कारण से पहली बार रूस हथियार निर्यात में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। तो वहीं, अमेरिका पहले और फ्रांस दूसरे नंबर पर है।

भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक

भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक है। साल 2014-18 और 2019-23 के बीच भारत का हथियार आयात 4.7 फीसदी बढ़ा है। भारत 9.8 फीसदी हथियार आयात के साथ दुनिया में पहले नंबर पर है। भारत ने रूस से सबसे ज्यादा हथियार खरीदे हैं। भारत के कुल हथियार आयात का यह 36 फीसदी रहा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 1960-64 के सोवियत समय के बाद यह पहली बार है जब भारत के हथियार आयात में रूस की हिस्सेदारी 50 फीसदी से कम है।

अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता

पिछले 25 सालों में पहली बार, संयुक्त राज्य अमेरिका एशिया और ओशिनिया का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता रहा। हथियारों के आयात में संयुक्त राज्य अमेरिका का हिस्सा 34 प्रतिशत है, जबकि रूस का 19 प्रतिशत और चीन का 13 प्रतिशत है।

ये देश हैं सबसे बड़े खरीदार

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के रिपोर्ट के मुताबिक भारत के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा हथियार सऊदी अरब (8.4%) हथियारों का आयात करता है। वहीं, कतर (7.6%), यूक्रेन (4.9%), पाकिस्तान (4.3%), जापान (4.1%), मिस्र (4.0%), ऑस्ट्रेलिया (3.7%), दक्षिण कोरिया (3.1%) और चीन (2.9%) ने खरीदा है।

रूस-यूक्रेन युद्ध प्रमुख कारण

सैन्य खर्चों के बढ़ने के मुख्य कारकों में से एक तो रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध है। यूक्रेन सैन्य खर्च के आठवां देश रहा है। उसका खर्च 51 फीसदी बढ़कर 64.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

डीआरडीओ ने विकसित की सबसे हल्की बुलेटप्रूफ जैकेट

नई दिल्ली। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) की एक इकाई ने देश की सबसे हल्की बुलेटप्रूफ जैकेट विकसित की है। जैकेट उच्चतम खतरे के स्तर 6 से सुरक्षा प्रदान करेगी। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि जैकेट में नई प्रक्रियाओं के साथ नवीन सामग्री का उपयोग किया गया है।

डीआरडीओ के रक्षा सामाग्री और भंडार अनुसंधान ने आर एपीआई गोला बारूद के खिलाफ सुरक्षा के लिए देश में सबसे हल्का बुलेटप्रूफ जैकेट सफलतापूर्वक विकसित किया है। हाल ही में टीबीआरएल, चंडीगढ़ में बुलेटप्रूफ जैकेट का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया था। ऑपरेशन के दौरान यह पहनने की क्षमता और आराम को बढ़ाती है।

अमेरिका में 2 भारतीय छात्रों की सड़क हादसे में मौत

वाशिंगटन, एजेंसी

संयुक्त राज्य अमेरिका के एरिजोना में लेक प्लेजेंट के पास आमने-सामने की टक्कर में दो भारतीय छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया है कि, मृतकों की पहचान 19 वर्षीय निवेश मुक्का और 19 वर्षीय गौतम पारसी के रूप में की गई है। दोनों ही छात्र भारत के थे। वे अमेरिका में अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के तौर पर पंजीकृत थे।

पेरिया पुलिस के अनुसार, 'स्टेट रूट- 74' के ठीक उत्तर में कैसल हॉट स्प्रिंग्स रोड पर 20 अप्रैल को शाम करीब छह बजकर 18 मिनट दो कारों के बीच टक्कर हो गई। पुलिस ने एक बयान में कहा, यह पता लगाया जा रहा है

कि वाहनों में टक्कर कैसे हुई। उसने बताया कि सड़क हादसे में दोनों कारों के चालक घायल हुए हैं जिन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है जबकि हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया की मृतकों की पहचान 19 वर्षीय निवेश मुक्का और 19 वर्षीय गौतम पारसी के रूप में की गई है। उसने बताया कि दोनों भारतीय थे।

राजस्थान में हल्दी की रस्म के दौरान दूल्हे की करंट से मौत

कोटा। राजस्थान के कोटा में शादी के कुछ घंटे पहले दूल्हे की मौत हो गई। कोटा शहर के एक होटल में शादी की रस्में चल रही थीं, परिवार के लोग हल्दी के बाद दूल्हे को नहलाने ले जा रहे थे। इस दौरान दूल्हे का हाथ पोल पर लग गया और दूल्हा अचेत होकर गिर गया। परिजन तुरंत अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

हादसा नांता थाना क्षेत्र के बूंदी रोड स्थित होटल मेनाल रेजीडेंसी का है। पुलिस ने बताया कि कोटा के केशवपुरा निवासी सूरज सक्सेना की मंगलवार शाम को शादी होनी थी, जिसकी रस्में होटल में की जा रही थीं। एसएचओ ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार को सौंप दिया है। उन्होंने कहा- होटल मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एक नजर



सालासर बालाजी ने जन्मदिन पर पहना 21 तोला सोने का नया चोला

सुजानगढ़। हनुमान जन्मोत्सव पर मंगलवार को सिद्धपीठ सालासर बालाजी धाम में तीन दिवसीय लक्खी मेले का मुख्य मेला मंगलवार शुरू हुआ है। बालाजी साल में पांच बार वस्त्र पहनते हैं। मंगलवार को अपने जन्मदिन पर 21 तोले सोने का नया चोला पहना। सोने से बना बालाजी का चोला विशेष है। चोले पर राम नाम के शब्द उकेरे गए हैं। चोले में डायमंड, नग-नगीने, चांदी व मोतियों का भी उपयोग लिया गया है।

ओडिशा में एक करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त, दो लोग गिरफ्तार

भुवनेश्वर। ओडिशा में 1 करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत की ब्राउन शुगर ड्रग्स जब्त की गई है। इस मामले में ओडिशा के अंगुल जिले से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार एक खबरी से यह जानकारी मिली थी, जिसके बाद स्पेशल टास्क फोर्स और ओडिशा पुलिस द्वारा एक संयुक्त अभियान चलाया गया। मौके से 1.1 किलोग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गई। गिरफ्तार किए गए तस्करों का नाम रकीबुल इस्लाम और बिजय बिरबर्मा बताया गया है। रकीबुल पश्चिम बंगाल का रहने वाला है, जबकि बिजय बिरबर्मा अंगुल जिले का ही रहने वाला है।

सिंगापुर में भारतीय मूल के व्यक्ति को 20 साल की सजा

सिंगापुर। भारतीय मूल के एक विवाहित व्यक्ति को गैर इरादतन हत्या का दोषी ठहराने के बाद सोमवार को 20 साल की सजा सुनाई गई। व्यक्ति ने अपनी प्रेमिका को अन्य पुरुषों से संबंध होने के चलते मौत के घाट उतार दिया था। एम कृष्णन ने मल्लिका बेगम राहतांसा अब्दुल रहमान (40) की 17 जनवरी 2019 को मृत्यु हो गई थी। 40 वर्षीय कृष्णन ने पिछले सप्ताह उच्च न्यायालय में अपना दोष स्वीकार कर लिया। जिसके बाद कोर्ट युवक को 20 साल की सजा सुनाई।

80 भूकंप के झटकों से कांपा ताइवान, कई इमारतें हिलीं

ताइपे। ताइवान में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबित, सोमवार देर रात आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.1 आंकी गई है। सोमवार रात से लेकर मंगलवार तड़के तक 80 से अधिक भूकंप आए, जिसमें 6.3 तीव्रता सबसे शक्तिशाली था। कुछ भूकंपों के कारण राजधानी ताइपे की कुछ इमारतें भी हिल गई हैं। भूकंप बड़े पैमाने पर ग्रामीण पूर्वी काउंटी हुलिएन पर केंद्रित थे।

मलेशिया: प्रशिक्षण के दौरान 2 सैन्य हेलीकॉप्टर टकराए, 10 क्रू की मौत

नौसेना की 90वीं वर्षगांठ के लिए कर रहे थे अभ्यास, मृतकों में तीन महिलाएं भी शामिल

कुआलालंपुर, एजेंसी

मलेशियाई नौसेना के दो हेलीकॉप्टर बीच हवा में टकराने से 10 लोगों की मौत हो गई है। नौसेना ने एक बयान में कहा कि यह घटना मंगलवार को रॉयल मलेशियाई नौसेना के अभ्यास के दौरान घटी है। कई हेलीकॉप्टरों ने एक साथ उड़ान भरी थी, जिसमें से दो अचानक बहुत करीब आकर आपस में टकरा गए, हादसे में सवार चालक दल के 10 सदस्यों मौत हो गई।

मीडिया के अनुसार, नौसेना ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि हेलीकॉप्टर अगले महीने नौसेना की 90वीं वर्षगांठ के जश्न के लिए उत्तरी पेराक राज्य में एक नौसैनिक अड्डे पर प्रशिक्षण ले रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। सभी सवार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत की पुष्टि हो गई। उन्होंने कहा कि अवशेषों को पहचान के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में कई हेलीकॉप्टरों को एक संरचना में नीचे उड़ते हुए दिखाया गया है। एक विमान किनारे की ओर मुड़ गया और दूसरे हेलीकॉप्टर के रोटर से टकरा गया, जिससे दोनों नीचे गिर गए और दुर्घटनाग्रस्त हो गए। एक स्थानीय पुलिस

पेराक राज्य में दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर के मलबे से क्रू सदस्यों को निकालते सैनिक।

अधिकारी ने खुद को मीडिया को बताया है कि, हेलिकॉप्टरों इतने क्षतिग्रस्त हो गए थे कि उन्हें पहचाना नहीं जा सका। बचावकर्मियों ने शवों को ढूंढने के लिए मलबे की तलाशी ली। पुलिस ने बताया कि पीड़ितों में तीन महिलाएं और सात पुरुष शामिल हैं।

मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने देश के दिल और आत्मा को झकझोर देने वाली त्रासदी पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नौसेना तुरंत यह पता लगाने के लिए जांच करेगी कि दुर्घटना का कारण क्या था। नौसेना ने कहा कि एडब्ल्यू 139 समुद्री ऑपरेशन हेलीकॉप्टर में चालक दल के सात सदस्य सवार थे। उस विमान का निर्माण अगस्ता वेस्टलैंड द्वारा किया गया है, जो इटेलियन डिफेंस कॉन्ट्रैक्टर लियोनार्डो की सहायक कंपनी है। चालक दल के तीन अन्य सदस्य यूरोपीय बहुराष्ट्रीय रक्षा समूह एयरबस द्वारा निर्मित फेनेक हल्के हेलीकॉप्टर पर थे। स्थानीय मीडिया ने बताया कि एडब्ल्यू139 नौसैनिक अड्डे के एक खेल परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जबकि फेनेक पास के स्विमिंग पूल से टकरा गया।

झामुमो संपत्तियों की जांच पर 10 मई तक कोर्ट ने लगाई रोक

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के अध्यक्ष शिबू सोरेन से जुड़ी दो संपत्तियों की जांच पर भारत के लोकपाल को 10 मई तक कोई भी कदम उठाने पर रोक लगाई है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने लोकपाल के समक्ष शिकायत दायर करने वाले भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को झामुमो की याचिका पर नोटिस जारी किया है।

याचिका में लोकपाल के चार मार्च के आदेश को चुनौती दी गई है। लोकपाल ने अपने आदेश में झामुमो के स्वामित्व वाली दो संपत्तियों की जांच करने के लिए सीबीआई को निर्देश दिया था। दिल्ली उच्च न्यायालय में 10 मई को आगे की सुनवाई होगी। उच्च न्यायालय ने कहा कि सीबीआई को अपनी रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में लोकपाल को देने की अनुमति है। हालांकि, सुनवाई की अगली तारीख यानी 10 मई तक लोकपाल द्वारा कोई और कदम नहीं उठाया जाएगा। उधर दिल्ली हाईकोर्ट में झामुमो की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और अरुणाभ चौधरी पेश हुए। उन्होंने कहा कि दोनों संपत्तियां राजनीतिक दल की हैं, सोरेन की नहीं।

ब्रिटेन की संसद ने दी रवांडा निर्वासन विधेयक को मंजूरी

- अवैध रूप से ब्रिटेन पहुंचने वाले शरणार्थियों को भेजा जाएगा रवांडा

लंदन, एजेंसी

ब्रिटिश संसद ने दो महीने की कशमकश के बाद आखिरकार रवांडा निर्वासन विधेयक को मंजूरी दे दी। इससे आम चुनाव से पहले प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को काफी राहत मिली है।

पीएम सुनक ने उम्मीद जताई कि जुलाई तक रवांडा के लिए उड़ानें शुरू हो जाएंगी। रवांडा विधेयक को अवैध रूप से ब्रिटेन पहुंचने वाले शरणार्थियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से लाया गया है। इसके तहत अवैध शरणार्थियों को रवांडा भेजा जाएगा, इसके लिए वहां की सरकार के साथ संधि की गई है।

ब्रिटेन सरकार इसके लिए रवांडा को कुछ अग्रिम भुगतान भी कर चुकी है। प्रस्ताव के तहत रवांडा भेजे जाने के बाद शरणार्थी ब्रिटेन की नागरिकता के लिए आवेदन कर सकेंगे। जिन्हें मंजूरी मिल जाएगी वे लोग ब्रिटेन में बस जाएंगे, लेकिन जिनका आवेदन खारिज होगा उन्हें वापस अपने देश भेज दिया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022 में ब्रिटेन में छोटी नौकाओं से इंग्लिश चैनल पार कर 45,744 अवैध शरणार्थी पहुंचे थे। ब्रिटेन के उच्च सदन लार्ड सभा में यह विधेयक अटका हुआ था। आखिर उसने

विधेयक को मंजूरी मिलने के बाद विमान में पत्रकारों से बात करते ऋषि सुनक।

मंगलवार तड़के निर्वाचित सदन कामंस सभा की प्रधानता स्वीकार कर ली। इससे पहले सोमवार सुबह पीएम सुनक ने आश्चर्यजनक रूप से प्रेसवार्ता आयोजित कर लार्ड सभा से रवांडा विधेयक को न रोकने की अपील की। सुप्रीम कोर्ट ने भी रवांडा विधेयक को मानवाधिकारों के विरुद्ध मानते हुए रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, जब ब्रिटेन खुद अफ्रीकी देश रवांडा को असुरक्षित मानता रहा है तो ऐसे में वह शरणार्थियों को वहां कैसे भेज सकता है।

पहली बार 4 लाख पर्यटक पहुंचे

श्रीनगर : ट्यूलिप गार्डन में मार्च 23 से अब तक 3,99, 138 पर्यटक पहुंच चुके हैं। इनमें 2,738 विदेशी भी हैं। अकेले ईद के अगले दिन यहां 30,600 पर्यटक पहुंचे। अभी पर्यटन का एक हफ्ता अभी और बच्चा है। यह पहली बार है जब ट्यूलिप गार्डन में 4 लाख पर्यटक पहुंचे। ● एजेंसी

सीमा पार बैठे आकाओं के इशारे पर हत्याएं करने वाला गिरफ्तार

- आतंकी मॉड्यूल का एक सदस्य पंजाब से गिरफ्तार, हथियार जब्त

चंडीगढ़, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर में टारगेट किलिंग करने वाले आतंकी मॉड्यूल के एक सदस्य को पंजाब से गिरफ्तार किया गया है। आतंकी पाकिस्तान में बैठे आकाओं के इशारे पर घटनाओं को अंजाम देता था। उसके पास से एक चीनी पिस्तौल और कारतूस बरामद किए हैं।

पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि आरोपी को जम्मू-कश्मीर में भय, अशांति पैदा करना और टारगेट किलिंग का काम सौंपा था। उन्होंने बताया है कि पाकिस्तान में बैठे उसके आका निर्देश देते थे। डीजीपी ने कहा- पंजाब पुलिस ने आतंकियों की साजिश को नाकाम कर दी है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अमृतसर के उधो नंगल गांव के लवप्रीत सिंह उर्फ पिचो के रूप में हुई है।

राजौरी हत्याकांड में आतंकी अबू हमजा का हाथ

जम्मू। पुलिस ने मंगलवार को दावा किया कि प्रतिबंधित संगठन लश्कर-ए-तैयबा का अबू हमजा नाम वाला एक विदेशी आतंकी जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सरकारी कर्मचारी की हत्या में शामिल था। पुलिस ने इसके बारे में जानकारी देने वाले को 10 लाख ईनाम की घोषणा की है। बता दें, थानामंडी क्षेत्र के कुंडा टॉप गांव में सोमवार को मोहम्मद रज्जाक की आतंकियों ने हत्या कर दी गई थी। पुलिस प्रवक्ता ने कहा, आतंकवादी कृत्य का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा-हमलावरों में से एक की पहचान अबू हमजा छद्म नाम वाले विदेशी आतंकवादी के रूप में हुई है।

250 किमी तक दुश्मन को निशाना बनाएगी ये नई बैलिस्टिक मिसाइल

- ओडिशा के अब्दुल कलाम केंद्र के द्वीप से किया मिसाइल का सफल परीक्षण

बालासोर। भारत लगातार अपनी मिसाइली ताकत को बढ़ाते हुए नए-नए किस्म के मिसाइलों का परीक्षण करता चला आ रहा है। इसी के तहत मंगलवार को रात करीब 7:30 बजे मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल के एक नए संस्करण का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया गया। यह मिसाइल अपने सभी मानकों पर खरी उतरी। इस प्रक्षेपण को स्ट्रैटेजिक फोर्स कमांड के तत्वाधान में किया गया। प्रक्षेपण के दौरान कमांड की परिचालन क्षमता एकदम सटीक रही, यह नई प्रौद्योगिक किए के सभी मानकों पर खरी उतरी मिसाइल का परीक्षण ओडिशा के तटवर्तीय प्रक्षेपण केंद्र अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया।

- जल्द ही और कई अत्याधुनिक और नए किस्म के बैलिस्टिक और क्रूज सीरीज की मिसाइल का परीक्षण भारत का डीआरडीओ यानी रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन करने वाला है। यहां उल्लेखनीय है कि सुबह और दोपहर के समय मिसाइलों के सफल परीक्षण के बाद भारत मुख्यत: रात के समय बैलिस्टिक और क्रूज सीरीज की मिसाइल का परीक्षण करने में लगा है।

पहले भी किया गया कई अत्याधुनिक मिसाइलों का सफल परीक्षण

इससे पहले भी भारत कई प्रकार के अत्याधुनिक मिसाइलों का परीक्षण किया है, चाहे नए किस्म के मिसाइल हो तो उनको समय की मांग के अनुसार नई-नई किस्म की एवं अत्याधुनिक साजो समान से लैस किया जाता है। यदि पुरानी मिसाइल हो चाहे वह बैलिस्टिक सीरीज की हो या फिर क्रूज सीरीज की, इन सभी मिसाइल को भी अत्याधुनिक बनाया जा रहा है।

कर्नाटक सरकार का हुक्का बार प्रतिबंध का फैसला सही

- कर्नाटक हाईकोर्ट ने कहा- हुक्का सिगरेट से कम खतरनाक नहीं इससे फैलती हैं कई बीमारियां

बेंगलुरू, एजेंसी

कर्नाटक हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के हुक्का बार पर प्रतिबंध जारी रखने के फैसले को सही ठहराते हुए कहा कि हुक्का भी सिगरेट जितना ही खतरनाक है। सिगरेट पर तो दुनिया भर में किसी न किसी तरह का प्रतिबंध है, लेकिन हुक्का पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

जहां सिगरेट-शराब पर चेतावनी लिखी होती है, वहीं हुक्के पर कोई चेतावनी तक नहीं होती। यह मान्यता है कि हुक्का ज्यादा नुकसान नहीं करता। कोर्ट ने कहा- यही वजह है कि हुक्का बार धड़ल्ले से चल रहे हैं। कोर्ट ने कहा- हुक्का में भी वहीं हानिकारक तत्व हैं, जो सिगरेट में हैं। दोनों में तंबाकू होता है। कई अध्ययनों में यह साफ है कि हुक्का से भी फेफड़ों का कैंसर

हो सकता है। यहां तक कि हुक्का सिगरेट से ज्यादा खतरनाक है क्योंकि हुक्के का एक सत्र करीब 1 घंटे का चलता है, जिसमें 200 पफ लेते हैं। यह 100 सिगरेट पीने जैसा है। कोर्ट ने कहा कि हुक्का पीने से हेपेटा इटिस और अल्सर जैसी बीमारियां हो रही हैं, क्योंकि हुक्का समूह में पीते हैं और एक-दूसरे को देते जाते हैं। ऐसा करने से सफाई का ध्यान नहीं रखा जा पाता और बीमारियां एक से दूसरे में फैलती हैं।

समुद्री चुनौतियों से निपटने को सहयोग बढ़ाएंगे भारत-ओमान

नई दिल्ली। भारत और ओमान ने समुद्री चुनौतियों से निपटने के लिए एक दूसरे के साथ सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है इससे क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) और रॉयल ओमान पुलिस तटरक्षक (आरओपीसीजी) के बीच मंगलवार को पांचवीं वार्षिक उच्च-स्तरीय बैठक में यह सहमति बनी। इस बैठक को समुद्री क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय अवैध गतिविधियों से निपटने और क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के प्रयासों में मील का पत्थर माना जा रहा है। रॉयल ओमान पुलिस कोस्ट गार्ड के सहायक कमांडिंग अधिकारी कर्नल अब्दुल अजीज मोहम्मद अली अल जाबरी ने बैठक में अपने देश के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। बैठक भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक राकेश पाल की अध्यक्षता में हुई।

विज्ञान वैज्ञानिकों ने नए शोध में किया खुलासा, सौर मंडल के गठन के तुरंत बाद शुरू हुआ विशाल ग्रह का प्रवासन

ग्रहों को ऑर्बिट में स्थापित होने में लगे 60 से 100 मिलियन वर्ष

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : हमारे सौर मंडल के पृथ्वी समेत अन्य ग्रहों को अपनी ऑर्बिट बनाने में 60-100 मिलियन वर्षों का समय लगा। इन्हें एक स्थान में स्थापित करने में बड़ी भूमिका विशाल ग्रहों की रही। नए शोध के बाद यह रोचक जानकारी सामने आई है।

वैज्ञानिकों के लिए यह जानना बेहद जरूरी है कि हमारे सौर मंडल में प्राकृतिक स्थिरता कैसे आई। यह हम जानते हैं कि ग्रहों के निर्माण के साथ सौर मंडल कैसे अस्तित्व में आया। मगर इनको अपनी ऑर्बिट में स्थापित होने के बारे में हमारी जानकारी आज भी अधूरी है। जिसे लेकर वैज्ञानिकों ने हाल ही में शोधकर,



हमारे सौर मंडल के गठन की प्रतीकात्मक तस्वीर।

इस रहस्य से पर्दा उठाया है। शोधकर्ता वैज्ञानिकों का कहना है कि हमारे सौर मंडल में करोड़ों वर्ष पहले जो कुछ हुआ, उसे सुलझाना चुनौतीपूर्ण है। मगर इतना जरूर है कि ग्रहों को प्राकृतिक स्थिरता की तलाश में बेतहाशा अलग-अलग द्रव्यमान वाली लाखों वस्तुएं, अरबों वर्षों तक परस्पर क्रिया करती रहीं। विशाल ग्रहों का प्रवास भी इस प्रक्रिया में शामिल रहा है।

शोध से पता चलता है कि विशाल ग्रह का प्रवासन सौर मंडल के गठन के तुरंत बाद शुरू हुआ।

ग्रहों का प्रवास एक सुस्थापित विचार है। ग्रैंड-टैक परिकल्पना के अनुसार बृहस्पति पहले 3.5 खगोलीय इकाई एयू की दूरी मे स्थापित हुआ। इसके बाद 1.5 एयू तक अंदर की ओर चला गया।

और फिर से 5.2 एयू पर वापस चला गया और यहीं पर प्राकृतिक अवस्था में स्थिर हो गया। शनि ग्रह भी इसी तरह से एक स्थान पर स्थापित होकर, अपनी कक्षा में चक्कर लगाने लगा। लीसेस्टर विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फिजिक्स एंड एस्ट्रोनॉमी के वैज्ञानिकों ने यह शोध किया है। शोध डॉ. क्रिसा एवडेलिडौ के नेतृत्व में किया गया। डॉ. एवडेलिडौ के अनुसार हमारे ग्रहों की कक्षाएँ गतिशील प्रक्रियाओं के कारण अस्थिर हो गईं और फिर उन्होंने अपनी अंतिम स्थिति ले ली। जैसा कि हम आज देखते हैं।

जटिल सुंदर पहेली है सौर मंडल का अतीत

शोधकर्ता वैज्ञानिक कहते हैं कि सौर मंडल का इतिहास एक जटिल सुंदर पहेली है। जिसे समझ पाना आसान नही है। नए शोध से इस बारे में तथ्यात्मक जानकारी मिलती है। पृथ्वी पर जीवन का उद्भव कैसे हुआ, यह बेहद रोचक है। मगर इस ग्रह पर जीवन के अस्तित्व को बनाए रखना भी बड़ी चुनौती है। इस चुनौती को हम सबको स्वीकार कर पृथ्वी के वातावरण को शुद्ध रखना होगा।